पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)

34 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2019-2020

(1अप्रैल 2019 से 31मार्च 2020 तक)

आर. वेंकटरामन् नगर
कालापेट
पुदुच्चेरी- 605 014

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय

कुलपति की ओर से

पांडिचेरी विश्वविद्यालय, 1985 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जिसका लक्ष्य अध्ययन की सर्वाधिक उचित शाखाओं में निर्देशात्मक और अनुसंधानात्मक सुविधाएँ प्रदान करना तथा विशेष रूप से फ्रांसीसी-अध्ययन, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी विषयों में एकीकृत पाठ्यक्रमों के अध्ययन हेतु विशेष प्रावधान दिलाना है। अंतर्विषयी अध्ययन और अनुसंधान को प्रोत्साहन देना विश्वविद्यालय का उद्देश्य रहा है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय- भारत के रैंकिंग 2020 ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढ़ांचे (एन.आई.आर.एफ.) के माध्यम से रैंकिंग प्रक्रिया द्वारा विश्वविद्यालयों की सूची में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 58वाँ स्थान और समग्र सूची में 81वाँ स्थान दिया है। विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इमर्जिंग इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2020 में 201-250 श्रेणी में रखा गया है। विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इमर्जिंग एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 251-300 श्रेणी में रखा गया है।

विश्वविद्यालय में 15 विद्यापीठ, 38 विभाग, 12 केंद्र तथा 1 अध्ययन पीठ हैं और 132 से अधिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एकीकृत स्नानकोत्तर कार्यक्रम, स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट और अनुसंधान कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। छात्रों का चयन ऑनलाइन पद्धति में अखिल भारतीय सामान्य प्रवेश परीक्षा के साथ साथ सीएटी परीक्षा में स्कोर के आधार पर किया जाता है। विश्वविद्यालय को अपने विभिन्न कार्यक्रमों के लिए साल-दर-साल 41,000 से अधिक आवेदन प्राप्त होते रहे हैं। विश्वविद्यालय में 6500 से अधिक विद्यार्थी (जिनमें 48% छात्र महिला विद्यार्थी हैं) अध्ययनरत हैं और इनमें 40 विदेशी छात्र शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने विभिन्न स्कूलों/ विभागों/ केंद्रों के अंतर्गत डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए 42% छात्राओं सहित लगभग 933 छात्रों को नामांकित किया है। विश्वविद्यालय में चलनेवाले सायं-कार्यक्रम, नियमित विद्यार्थियों के लिए भी खुले हैं और विद्यार्थी, विदेशी भाषाओं सहित 17 स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में से अपना चुनिंदा विषय ग्रहण कर सकते हैं, जिससे उनकी मुख्य स्नातकोत्तर उपाधि का मूल्यवर्धन होगा। इसके 92 संबद्ध कॉलेजों में 51,515 से अधिक छात्र हैं।

विश्वविद्यालय में देश भर से 322 संकाय हैं। विश्वविद्यालय सक्रिय अनुसंधान में भाग लेने के लिए संकाय को प्रोत्साहित करता है, जिससे कक्षा में अध्ययन व शिक्षण के विशाल प्रयोजन से छात्र लाभान्वित हो सकते हैं। संप्रति हमारे पास विभिन्न निधीयन अभिकरणों- यथा- UGC, DST, ICSSR, ICMR, DBT, MHRD-SPARC, AYUSH, NCW, NHRC और NCESS के द्वारा 34 वित्तपोषित परियोजनाएँ उपलब्ध करायी गयी हैं।

इस पूरे वर्ष के दौरान सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, परिसंवादों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विविध त्योहारों के लगातार आयोजन के कारण विश्वविद्यालय का परिसर खूब जीवंत रहा है। विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों और भारतीय संस्थानों के साथ 76 समझौता-ज्ञापन (39 अंतर्राष्ट्रीय और 37 राष्ट्रीय) किये गये हैं, जो कि विश्वविद्यालय के अकादमिक प्रगति के सूचक हैं।

विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में 4,40,874 पुस्तकों और 30,815 शोध-पत्रिकाओं/जर्नलों (मुद्रित: 13,292 और इलेक्ट्रॉनिक 24,719) तथा 2,17,623 से अधिक ई-संसाधनों, 1,98.102 ई-पुस्तकों, 17,705 ई-पत्रिकाओं, 11 ई-डेटाबेस और 1805 ई- शोध-प्रबंधों से युक्त एक समृद्ध संग्रह उपलब्ध है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान ई-संसाधन उपयोग की कुल संख्या 5,62,733 रही। पुस्तकालय आरएफआईडी और सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के साथ पूरी तरह से स्वचालित है, जिसमें सुगम तरीके से सूचना प्राप्त करने के लिए रिमोट लॉगिन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ भी हैं। इनके अलावा पुस्तकालय में संसाधनों की पहुँच हेतु दृष्टि-बाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष सॉफ्टवेयर(ब्रेल लैब) की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। पुस्तकालय में एक वातानुकूलित वाचनालय है जो आधी रात में 12 बजे तक खुला रहता है।

विश्वविद्यालय में 4466 की छात्र-क्षमता (महिला विद्यार्थियों के लिए 45% आरक्षण) के साथ 24 छात्रावास (जिनमें 9 महिला विद्यार्थियों के लिए हैं) मौजूद हैं। छात्रावासों के लिए सौर ऊर्जा हीटर, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के साथ-साथ अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरण, विश्वविद्यालय के परिसर के अंदर और बाहर मुफ्त परिवहन तथा उत्कृष्ट खेल सुविधाएँ, डे-केयर सेंटर आदि उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय सभी महिला विद्यार्थियों को मुफ्त-किराए पर आवास प्रदान करता है और सभी दिव्यांग छात्रों को पूरी तरह से मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। परिसर में विश्वविद्यालय के सभी विभागों और छात्रावासों के लिए 100% बिजली बैक-अप मौजूद है। सभी सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस के साथ 24 घंटे सेवाएँ देने वाला औषधालय परिसर में उपलब्ध एक और सुविधा है। विश्वविद्यालय के औषधालय में सिद्ध चिकित्सा की एक इकाई भी कार्यरत है।

पुदुच्चेरी और माहे में उपस्थित विश्वविद्यालय के कम्यूनिटी कॉलेज, सामुदायिक रेडियो स्टेशन, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय और मानव संसाधन विकास केंद्र सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय में रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध करायी गयी हैं :

1. विश्वविद्यालय का सत्ताईसवां दीक्षांत समारोह 23 दिसंबर 2019 को आयोजित किया गया, भारत के माननीय राष्ट्रपति और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष श्री रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि थे।
2. विश्वविद्यालय का अट्ठाईसवें दीक्षांत समारोह 26 फरवरी, 2020 को आयोजित किया गया जिसमें भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री. एम. वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि थे।
3. वेतन और आयकर से संबंधित दस्तावेजों का संपूर्ण स्वचालन ।
4. विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए संप्रति प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान 11 समझौता ज्ञापनों (अंतर्राष्ट्रीय 4 और राष्ट्रीय 7) पर हस्ताक्षर किए गए।
5. ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स वाले इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का निर्माण - 2500 बैठने की क्षमता के साथ किया गया।
6. महिलाओं के लिए बहुमंजिला छात्रावास ब्लॉक - जी+5 तल - महिलाओं के लिए नर्मदा छात्रावास का उद्घाटन दिनांक 23.12.2019 को 27वें दीक्षांत समारोह के दौरान भारत के माननीय राष्ट्रपति और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष श्री रामनाथ कोविंद द्वारा किया गया।
7. प्रशासनिक और शैक्षणिक ब्लॉकों में महत्वपूर्ण स्थानों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएँ जोड़ी गयीं।

सुदूर दक्षिण में उपस्थित होते हुए भी, 16 अक्टूबर 1985 से- यानी स्थापना के समय से लेकर आज तक विश्वविद्यालय अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए देश भर में प्रसिद्ध है और फलस्वरूप पूरे देश व विदेशों की अकादमिक श्रेणियों के मध्य अपने लिए एक विशिष्ट स्थान बनाये रखते हुए सफलता का शिखर छूने की दिशा में अग्रसर है।

कुलपति

*****

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय

आर. वेंकटरामन् नगर, कालापेट, पुदुच्चेरी- 605 014

अभिस्वीकृति

विश्वविद्यालय की 34 वें वार्षिक प्रतिवेदन को समेकित और अंतिम रूप देने के लिए सुब्रमणिय भारती तमिल भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ के अध्यक्ष (प्रभारी) प्रो. जी. चंद्रिका, बैंकिंग प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. वी. मारियप्पन, और भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. वी.वी. रविकांत कुमार विशेषरूप से सराहनीय हैं। समिति के सभी सदस्यों के प्रयास बधाई के पात्र हैं और मैं उनकी भागीदारी और समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं विश्वविद्यालय के सांविधिक अधिकारियों, विद्यापीठों और विभागों के अध्यक्षों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इस वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने में उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूँ।

कुलपति

विषयसूची

		पृष्ठ संख्या
1.	कार्य-निष्पादन सार	1
2.	शैक्षिक गतिविधियाँ	15
3.	विकास गतिविधियाँ	55
4.	संकाय/कर्मचारियों का विवरण	57
5.	विद्यापीठ/ विभाग/ केंद्र	69
6.	छात्र-सुविधाएँ एवं गतिविधियाँ	195
7.	छात्रों को वित्तीय सहायता	199
8.	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजातियों & महिला कर्मचारियों तथा छात्रों के लिए विशेष प्रावधान	201
9.	केंद्रीय सुविधाएँ	205
10.	विश्वविद्यालय वित्त	229
11.	शैक्षिक विशेष-योग्यताएँ	237
12.	अकादमिक आउटरीच	243
13.	सम्मेलनों में प्रपत्र एवं व्याख्यान	273
14.	शोध-प्रकाशन	315
15.	अनुसंधान परियोजनाएँ	395
16.	संबद्ध संस्थान	401
विश्वविद्यालय प्राधिकरण-निकाय		583

कुलाध्यक्ष	
	माननीय श्री रामनाथ कोविंद
	भारत के राष्ट्रपति
कुलाधिपति	
	माननीय श्री मुप्पवरपु वेंकय्या नायुडु
	भारत के उपराष्ट्रपति
मुख्य कुलदेशिक	
	माननीया डॉ. किरण बेदी, आई.पी.एस.(सेवा निवृत्त)
	उप राज्यपाल, पुदुच्चेरी
कुलपति	
	प्रो. गुरुमीत सिंह
निदेशक- अध्ययन, शैक्षिक नवाचार ?? ग्रामीण पुनर्निर्माण	
	प्रो. ??. बालकृष्णन्
निदेशक- संस्कृति ? ? सांस्कृतिक संबं?	
	प्रो. राजीव जैन
कुलसचिव	
	डॉ. बि. चित्रा
वित्त अधिकारी	
	श्री ए.के. प्रकाश
	(31.05.2019 तक)
	डॉ. अमरेश सामन्तराया
	(प्रभारी) (01.06.2019 से)
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी)	
	डॉ. बि. चित्रा
	(01.05.2019 तक)
	प्रो. डी. लाजर
	(02.05.2019 से)
पुस्तकालयाध्यक्ष	
	डॉ. आर. संयुक्ता

विद्यापीठों के अध्यक्ष

सुब्रमणिय भारती तमिल भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ	डॉ. के. इलमति जानकीरामन्
प्रबंधन विद्यापीठ	प्रो. जि. आंजनेयस्वामी (27.12.2019 तक) प्रो.के. चंद्रशेखरन (28.12.2019 से)
रामानुजम् गणितीय विज्ञान विद्यापीठ	प्रो. पि. धन्वंतन्
भौतिकी, रसायनिकी एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ	प्रो. जि. गोविंदराज (31.07.2019 तक) प्रो. एम.एस. पाण्डियन (01.08.2019 से)
जीवविज्ञान विद्यापीठ	प्रो. पीपी. माथुर
मानविकी विद्यापीठ	प्रो. के. श्रीनिवास (25.12.2019 तक) प्रो. पी.के. सुब्रमणियन् (07.02.2020 से)
सामाजिक विज्ञान & अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यापीठ	प्रो. वेंकट रघोत्तम् (31.05.2019 तक) प्रो. पी. मूर्ति (01.10.2019 से)
अभियांत्रिकी & प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	प्रो. पि. धन्वंतन् (प्र.)
शिक्षा विद्यापीठ	प्रो. मुंताज बेगम्
चिकित्सा विज्ञान विद्यापीठ	डॉ. गोपाल कृष्ण पाल (प्र.) फिजियोलजी में आचार्य जिपमेर
प्रदर्शन कला विद्यापीठ	प्रो. सी.के. रामैया (प्र.)
मीडिया & संचार विद्यापीठ	प्रो. सी.के. रामैया
मदनजीत सिंह हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	प्रो. के. अन्बलगन् (प्र.)
विधि विद्यापीठ	प्रो. शिबनाथ देब (प्र.) (25.08.2019 तक) प्रो. मोहनन् भास्करन पिल्लै (26.08.2019 से)

विविध विभागों एवं केंद्रों के अध्यक्ष

प्रबंधन विद्यापीठ	
प्रबंध-अध्ययन विभाग	डॉ. आर. चित्रा शिवसुब्रमणियन्
प्रबंध-अध्ययन विभाग (कारैकाल परिसर)	डॉ. एस. ए. सेंथिल कुमार
वाणिज्य विभाग	डॉ. डि. लाजर
वाणिज्य विभाग (कारैकाल परिसर)	डॉ. एस. अमिलन्
अर्थशास्त्र विभाग	डॉ. अमरेश सामंतराय
पर्यटन अध्ययन विभाग	डॉ. संपद कुमार स्वाइन
बैंकिंग प्रौद्योगिकी विभाग	डॉ. एस. सुडलै मुत्तु
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग	डॉ. भूषण डि. सुधाकर
रामानुजम् गणितीय विज्ञान विद्यापीठ	
गणित विभाग	डॉ. टि. दुरैवेल् (22.03.2020 तक) डॉ. राजेश्वरी शेषाद्रि (23.03.2020 से)
सांख्यिकी विभाग	डॉ. पि. धन्वंतन्
भौतिकी, रसायनिकी एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ	
भौतिकी विभाग	डॉ.विवि. रविकांत कुमार
रसायन विज्ञन विभाग	डॉ. आर. वेंकट रामन्
पृथ्वी विज्ञान विभाग	डॉ. डी. सेंथिल नाथन्
अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विज्ञान	डॉ. सुरेंद्र कुमार सिया
आपदा प्रबंधन विभाग	डॉ. के. धरणीराजन् (प्र.)
जैव विज्ञान विद्यापीठ	
जैव रसायन विज्ञान और आण्विक जीव विज्ञान विभाग	डॉ. पी.पी. माथुर
सूक्ष्म जैविकी विभाग	डॉ. जोसफ सेल्विन संयोजक
जैव रसायन विज्ञान और आण्विक जीव विज्ञान विभाग	डॉ. वि. अरुल (16.10.2019 तक) डॉ. ए. हन्ना रेचेल वासन्ती (21.10.2019 से)
खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	डॉ. एस. जॉन डानबास्को

पारिस्थितिकी & पर्यावरण विज्ञान विभाग	डॉ. एस. जयकुमार
महासागर अध्ययन & समुद्री जैवविज्ञान विभाग	डॉ. आर. मोहनराजु
जैव सूचनाविज्ञान केंद्र	डॉ. ए. दिनकर राव
मानविकी विद्यापीठ	
अंग्रेजी विभाग	डॉ. एच. कल्पना
फ्रांसीसी भाषा विभाग डॉ. एस. पन्नीरसेल्वमे	डॉ. एस. पन्नीरसेल्वमे
हिंदी विभाग	डॉ. सी.जयशंकर बाबू (प्र.)
संस्कृत विभाग	डॉ. चक्रधर बेहरा
दर्शनशास्त्र विभाग	डॉ. एस. इंदिरा (30.11.2019 तक) डॉ. बी.आर. शान्तकुमारी (30.11.2019 से)
खेल निदेशालय	डॉ. डि. सुल्ताना
विदेशी भाषा केंद्र	डॉ. एस. पन्नीरसेल्वमे
फिजिकल एजुकेशन एवं खेल विभाग	डॉ. पी.के.सुब्रमनीयम्
एस्केण्डे एशियन क्रिस्चियन अध्ययन पीठ	डॉ. एन. जोनास
सामाजिक विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यापीठ	
नृविज्ञान विभाग	डॉ. ए. चेल्ला पेरुमाल्
समाजशास्त्र विभाग	डॉ. बी.बी. मोहन्ती
इतिहास विभाग	डॉ. के. वेणुगोपाल रेड्डी (25.08.2019 तक) डॉ. जि. चंद्रिका (26.08.2019 से 02.09.2019 तक) डॉ. एन. चंद्रमौली (from 03.09.2019)
राजनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग	डॉ. मोहनन् बि. पिल्लै
सामाजिक कार्य विभाग	डॉ. आर. नलिनी
दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र/ युनेस्को – मदनजीत सिंह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संस्थान	डॉ. ए. सुब्रह्मण्यम् राजु (05.04.2019 तक) डॉ. डि. पुरुषोत्तमन् (22.04.2019 से)
महिला अध्ययन केंद्र	डॉ. सि. अरुणा (प्र.)

सामाजिक बहिष्कार एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र	डॉ. एम. तनूजा (प्र.)
यूरोपीय अध्ययन केंद्र	डॉ. जि. चंद्रिका
वि.अ.आ. महासागरीय अध्ययन केंद्र	डॉ. ए. सुब्रह्मण्यम् राजु
अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	
कंप्यूटर विज्ञान विभाग	डॉ. टि. चित्रलेखा (प्र.)
कंप्यूटर विज्ञान विभाग (कारैकाल परिसर)	डॉ. जि. कुमरवेलन् (प्र.)
इलैक्ट्रानिक इंजीनियरिंग विभाग	डॉ. आर.नक्कीरन् (प्र.)
प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी केंद्र	डॉ. एस. गजलक्ष्मी (प्र.)
शिक्षा विद्यापीठ	
वयस्क और सतत शिक्षा केंद्र	डॉ. के. देवन्
प्रदर्शन कला विद्यापीठ	
प्रदर्शन कला विभाग	के.आर.राजा रविवर्मा (प्र.) (16.09.2019 से)
मीडिया एवं संचार विद्यापीठ	
इलैक्ट्रानिक मीडिया एवं जन संचार विभाग	डॉ. एम. शोयब मुहम्मद हनीफ (प्र.) डॉ.
पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग	डॉ. आर. सेवुकन (13.09.2019 तक) डॉ. रेखा रानी वर्गीस (16.09.2019 से)
मदनजीत हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विद्यापीठ	
हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग	डॉ. बि. मुहम्मद जाफर अली (14.11.2019 तक) डॉ. पि. एलुमलै (30.11.2019 से)
नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र	डॉ. वडिवेल् मुरुगन्
शैक्षिक मल्टी मीडिया अनुसंधान केंद्र विद्यापीठ	डॉ. एस. अरुलसेल्वन (28.11.2019 तक) डॉ. राधिका खन्ना
विद्यापीठाध्यक्ष (महाविद्यालय विकास परिषद)	डॉ. के. चंद्रशेखर राव
विद्यापीठाध्यक्ष (अंतर्राष्ट्रीय संबंध)	डॉ. उमा चंद्रशेखरन् (02.07.2019 तक)
विद्यापीठाध्यक्ष (अनुसंधान)	डॉ. एच. प्रताप कुमार शेट्टी (02.07.2019 तक)

निदेशक, वि.अ.आ.-मानव संसाधन विकास केंद्र	प्रो. वेंकट रघोत्तम्
कम्यूनिटी कॉलेज, पुदुच्चेरी प्राचार्य	श्री जि. चंद्रशेखरन्
कम्यूनिटी कॉलेज, माहेन	डॉ.एम.पी.राजन्
केंद्राध्यक्ष	
निदेशक- दूरस्थ शिक्षा	प्रो. शिबनाथ देब (29.06.2019 तक) प्रो. सी.के. रामैय्या (30.06.2019 तक)

प्रशासनिक अधिकारी

(31.03.2020 तक)

उपकुलपति सचिवालय		
उपकुलपति	:	**श्रीमति एस. अलमेलु**
कुलसचिव का सचिवालय		
सहायक कुलसचिव	:	**श्री एम.पी.टी. सहायराज**
कुलसचिव का कार्यालय		
उप कुलसचिव (प्रशासन)	:	**डॉ. पि. मुरलीदासन्**
उप कुलसचिव (विशेष आरक्षण प्रकोष्ठ)	:	**डॉ. पि. मुरलीदासन्**
सहायक कुलसचिव (विशेष आरक्षण प्रकोष्ठ)	:	**श्री एन.रवि**
सहायक कुलसचिव (विधि प्रकोष्ठ)	:	**श्री एल.आर. फ्रांक्लिन थामस** (30.09.2019 तक)
		श्री जि. वेंगुडेश्वरने (30.10.2019 तक)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)	:	**श्री एन. गिरिधरन्**
सहायक कुलसचिव (स्थापना)	:	**श्री बि. रौत्तिरमूर्ति** (30.06.2019 से)
		श्री के. महेश (18.10.2019 से)
सहायक कुलसचिव (पी&डी) पीसीआर प्रकोष्ठ	:	**श्री जि. वेंगुडेश्वरने** (30.10.2019 तक)
		श्री एन.गिरिधरन् (30.10.2019 से)
सहायक कुलसचिव (पर्चेज एंड स्टोर्स)	:	**श्री पि. वैत्तियनाथन**
सहायक कुलसचिव (अका- प्रवेश)	:	**श्री पि. राजशेखरन्**
सहायक कुलसचिव (अका- सामान्य)	:	**श्री एन. देव नारायणन्** (30.06.2019 तक)
सहायक कुलसचिव (परियोजना प्रकोष्ठ)	:	**श्री के. महेश**
उप कुलसचिव (नियुक्ति प्रकोष्ठ)		**डॉ. पि. मुरलीदासन्**

सहायक कुलसचिव (लोक संपर्क)	:	**श्री के. महेश**
सहायक कुलसचिव (परियोजना प्रकोष्ठ)	:	**श्री एम.वेलायुधम्** (31.12.2019 तक)
विशेष कार्य अधिकारी (सतर्कता एवं सुरक्षा)	:	**श्री आर. सुभाष** (31.10.2019 तक)
		डॉ. एस.आई. हुमायून (15.11.2019 से)
सहायक कुलसचिव (आईक्यूएसी)	:	**श्री वि. ज्योतिमुरुगैय्यन** (31.08.2019 तक)
सहायक कुलसचिव (आईपीआर प्रकोष्ठ)	:	**श्री एम. शन्दिरनै**

वित्त अधिकारी कार्यालय

उप कुलसचिव (वि. & ले.)	:	**श्री आर. सेगर**
सहायक कुलसचिव (वि.)	:	**श्री एम.वेलायुधम्** (31.12.2019 तक)
सहायक कुलसचिव (ले.)	:	**श्री एन.पिच्चै पाण्डि** (30.04.2019 तक)
		श्री वि. पार्थसारथी (01.06.2019 तक)

परीक्षा नियंत्रक कार्यालय

सहायक कुलसचिव (प.)	:	**श्री एल.आर. फ्रांक्लिन थामस** (30.09.2019 तक)
	:	**श्री एस. मुरुगैय्यन्**
	:	**श्रीमति रामन गीता**

जन शिकायत प्रकोष्ठ

जन शिकायत अधिकारी	:	**डॉ. के. देवन्**

केंद्रीय पुस्तकालय

उप पुस्तकालयाध्यक्ष	:	**डॉ. यू.नागलिंगम्**
सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	:	**श्री एस. दुरै**
		डॉ. आर. हेमा
		डॉ. एम. भास्कर
		श्री जि. शिवसुब्रह्मणियन्
		श्री शिबु के.एम.
		डॉ. पि. विजयकुमार

कंप्यूटर व सूचना वैज्ञानिक	:	**श्री जेड.ओलिरवेल्**
कंप्यूटर केंद्र		
सिस्टम्स मैनेजर	:	**श्री मेरी स्टेनिलास अशोक**
सिस्टम्स एनलिस्ट	:	**श्री के. पलनिवेल्**
प्रोग्रामर	:	**श्री डब्ल्यू.जे. कालेषा**
अभियांत्रिकी स्कंध		
एक्सेक्यूटिव इंजीनियर	:	**श्री एन. शंकरमूर्ति**
सहायक इंजीनियर (सिविल)-I	:	**श्री जि. रघुपति**
सहायक इंजीनियर (सिविल)-I	:	**श्री एस. वेंकटेशन**
सहायक इंजीनियर (इलैक्ट्रिकल)	:	**श्री के. मोरोगवेलो**
बागवानी स्कंध		
बागवानी विशेषज्ञ	:	**डॉ. आर. मणिवण्णन्**
स्वास्थ्य केंद्र केंद्रीय सुविधा केंद्र		
मुख्य चिकित्सा अधिकारी	:	**डॉ. श्रीमति शीला दास**
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	:	**डॉ. एस. महालक्ष्मी**
केंद्रीय इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा		
केंद्राध्यक्ष	:	**डॉ. बालमणिमारन्**
केंद्रीय रखरखाव कार्यशाला		
तकनीकी अधिकारी श्रेणी - - II	:	**श्री पि. काशीराजन्**
वयस्क एवं सतत शिक्षा केंद्र		
केंद्राध्यक्ष	:	**डॉ. के. देवन**
कम्यूनिटी कॉलेज		
सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	:	**श्री एन. शंकर सुब्रमणियन** (31.12.2019 तक)
सहायक कुल सचिव	:	**डि. बाबू** (31.01.2020 तक)
युनेस्को मदनजीत सिंह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संस्थान		
सहायक कुल सचिव	:	**श्री के. नल्लपेरुमाल पिल्लै**
जैवसूचना केंद्र		
सूचना अधिकारी	:	श्री एम. सुंदरमोहन
विश्वविद्यालय छात्रावास		
सहायक कुलसचिव	:	**श्री जि. वेंगुडेश्वरने** (30.10.2019 तक)

अध्याय 1

कार्यनिष्पादन-सार

1.1 प्रस्तावना

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना संसद के अधिनियम (1985 की सं. 53) द्वारा 16 अक्टूबर 1985 को एक शिक्षण एवं संबद्ध संस्थान के रूप में की गयी है। यह विश्वविद्यालय कोरोमंडल तट से सटे ईस्ट कोस्ट रोड पर 780 एकड़ के हरेभरे और विशाल परिसर में स्थित है। यह पांडिच्चेरी शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूरी पर और चेन्नई से 160 किलोमीटर दक्षिण में है अतः यहाँ पहुंचना आसान है। इस विश्वविद्यालय के विशाल क्षेत्राधिकार में पुदुच्चेरी एवं कारैकाल (तमिलनाडु में), माहे (केरल में) और यानाम् (आंध्रप्रदेश में) से युक्त पुदुच्चेरी केंद्र शासित प्रदेश ही नहीं, बल्कि अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीप समूह भी शामिल हैं, जिससे राष्ट्र की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता का एक अनोखा चित्र देखने को मिलता है। इन सभी क्षेत्रों में कुल 95 कॉलेज पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, जिससे यह दक्षिण भारत में उच्च शिक्षा से संबद्ध सबसे बड़े संस्थानों में से एक है। चिकित्सा, नर्सिंग, दंत विज्ञान, पैरामेडिकल विज्ञान, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, विधि, विज्ञान, मानविकी और शिक्षा क्षेत्रों के व्यापक अध्ययन के लिए स्नातकपूर्व और स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं।

विजन

अत्याधुनिक उच्च शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के एक प्रवर्तक के रूप में सेवा करना, जो पहुंच, संसाधन और अवसर प्रदान करके वैश्विक प्रमाणों के समकक्ष हो। समाज और उद्योगों की लगातार बदलती आवश्यकताओं को अपनाते हुए वैश्विक प्रतिष्ठा की संस्था बनना विश्वविद्यालय का विजन है।

मिशन

प्रशिक्षित मानव संसाधनों के विकास के माध्यम से जनों, आधारभूत संरचना और भागीदारों के संदर्भ में विश्व स्तर पर सक्षम संसाधनों को तैनात करना, जो प्रौद्योगिकी-सहायता प्राप्त शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक एकीकरण से समृद्ध जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में मूल्य आधारित सामाजिक परिवर्तन के एजेंट के रूप में कार्य करेंगे।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य :

1. निर्देशात्मक और अनुसंधानपरक सुविधाएँ प्रदान कर, उच्च श्रेणी के ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना
2. फ्रेंच भाषाई अध्ययन के लिए विशेष प्रावधान की परिकल्पना करना
3. शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान में एकीकृत पाठ्यक्रम संचालित करना
4. अंतर-विद्यावर्ती अध्ययन और अनुसंधान को प्रोत्साहन और बढ़ावा देना।
5. उद्योग-शैक्षणिक इंटरफेस संबंधी पहल को प्रोत्साहिन और बढ़ावा देना

1.2 शैक्षणिक पाठ्यक्रम

संकाय, विभाग एवं केंद्र

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में 15 संकाय, 38 विभाग, 12 केंद्र और एक पीठ उपस्थित हैं। इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अभिनव और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों का परिचय इसमें प्रवेश लेनेवाले विद्यार्थियों की संख्या में प्रतिवर्ष हो रही बढ़ोतरी से परिलक्षित होता है। यह विश्वविद्यालय पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के साथ-साथ कारैकाल, पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) और माहे में स्थित परिसरों में कुल मिलाकर 52 विषयों में पीएच.डी. पाठ्यक्रम, 8 विषयों में एम.टेक., 60 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, 3 विषयों में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और 17 विषयों में एड-ऑन डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कोर्स संचालित कर रहा है।

शैक्षणिक पाठ्यक्रम

पीएच.डी.	* स्नातक	स्नातकोत्तर	*बी.वॉक	* डिप्लोमा / एडवान्सड डिप्लोमा	स्नातकोत्तर डिप्लोमा	एड-ऑन पाठ्यक्रम
52	04	60	10	49	03	17

* पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कम्यूनिटी कॉलेज

प्रवेश

वर्ष 2019-20 के दौरान 2994 छात्रों ने प्रवेश लिया, जिनमें से 27% ओबीसी के एवं 17% छात्र अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के हैं अर्थात् उनकी संख्या विश्वविद्यालय में प्रवेशप्राप्त छात्रों में से क्रमशः 817 और 502 है।

नामांकन

इस वर्ष के दौरान कुल 6588 छात्रों का नामांकन किया गया, जबकि पिछले वर्ष (2018-19) में यह संख्या 6521 थी। इनमें 933 पीएच.डी. अध्येता और 5426 स्नातकोत्तर छात्र, जिनमें क्रमशः 289 एम.टेक और 1001 एकीकृत एम.एससी के छात्र उपस्थित हैं।

विद्यार्थियों की संख्या (2019-20 के लिए प्रवेश-प्राप्त)

पाठ्यक्रम	प्रवेश-प्राप्त विद्यार्थी						
	सामान्य	**ओबीसी**	**अ. जा.**	**अ.ज. जा.**	**दि. छा.**	**वि. छा.**	**कुल**
पीएच.डी/एम.टेक/एम.ए./एम.एस.सी./एम.एस.सी.(एकीकृत)/एम.बी.ए./एम.सी.ए./अन्य	1451	817	338	164	45	23	2994

विद्यार्थियों की संख्या (2019-20 नामावली के अनुसार)

पाठ्यक्रम	प्रवेश-प्राप्त विद्यार्थी						
	सामान्य	**ओबीसी**	**अ.जा.**	**अ.ज. जा.**	**पी.एच.**	**वि. छा.**	**कुल**
पीएच.डी/एम.टेक/एम.ए./एम.एस.सी./एम.एस.सी.(एकीकृत)/एम.बी.ए./एम.सी.ए./अन्य	3480	1849	819	365	113	40	6588

विद्यार्थियों के छात्रावास

छात्रावास में छात्रों की संख्या 4466 (2455 पुरुष और 2011 महिलाएँ) हैं, जिनमें 985 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्र हैं।

क्र.सं.	**छात्रावास का नाम**	**स्थापना वर्ष**	**आवास का प्रकार**	**कमरों की संख्या**	**निवासियों की कुल संख्या**	**अ.जा**	**अ.ज.जा**
	पुरुष छात्रावास						
1	पवेंदर भारतीदासन छात्रावास	1990-91	एकल	62	54	23	0
2	सुब्रमण्य भारती छात्रावास	1990-91	एकल	62	46	18	6
3	कंबन छात्रावास	1994-95	डबल	66	147	14	10
4	टैगोर छात्रावास	2001-02	डबल	66	179	17	21
5	कालिदास छात्रावास	2002-03	डबल	44	101	28	4
6	इलंगो अडिगल छात्रावास	2006-07	डबल	74	144	23	10
7	कण्णदासन् छात्रावास	2007-08	डबल	80	226	32	15
8	कबीरदास छात्रावास	2008-09	डबल	81	226	24	21
9	एएमके आज़ाद छात्रावास	2010-11	डबल	80	226	36	19
10	सर्वेपल्ली राधाकृष्णन छात्रावास	2010-11	डबल	81	228	30	28
11	सी वी रामन छात्रावास	2011-12	एकल & डबल	176	176	30	16
12	विदेशी विद्यार्थियों का छात्रावास		एकल	40	16	0	0
13	पोर्ट ब्लेयर छात्रावास	2011-12	डबल	81	153	23	14

14	श्री अरबिंदो छात्रावास	2016-17	डबल	182	533	79	34
	कुल (ए)			**1175**	**2455**	**377**	**198**

क्र.सं.	महिला छात्रावास का नाम	स्थापना वर्ष	आवास का प्रकार	कमरों की संख्या	निवासियों की कुल संख्या	अ.जा	अ.ज.जा
1	कावेरी छात्रावास	1994-95	3 सीटर	76	209	34	28
2	गंगा छात्रावास	2006-07	3 सीटर	72	221	23	12
3	सरस्वती छात्रावास	1999-00	3 सीटर	33	87	12	5
4	यमुना छात्रावास	2002-03	3 सीटर	41	127	15	11
5	महिला अध्ययन-छात्रावास	1988-89	3 सीटर	18	0	0	0
6	कल्पना चावला छात्रावास	2010-11	3 सीटर	73	229	22	16
7	मैडम क्यूरी छात्रावास	2011-12	एकल & डबल	226	279	31	5
8	नर्मदा छात्रावास	2016-17	3 सीटर	182	534	62	59
9	मैडम क्यूरी-एनेक्स छात्रावास	2016-17	2 सीटर	67	102	20	11
10	वाल्मीकि छात्रावास	2007-08	3 सीटर	80	223	31	13
			कुल (बी)	**868**	**2011**	**250**	**160**
			कुल योग (ए + बी)	**2043**	**4466**	**627**	**358**

पांडिच्चेरी से दूर रहनेवाले छात्रों को 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर वरीयता दी जाती है।

संकाय पद

प्रतिवेदन अवधि के दौरान, 67 आचार्यों, 144 सह आचार्यों और 278 सहायक आचार्यों की स्वीकृत-संख्या की तुलना में, विभिन्न विद्यापीठों, विभागों और केंद्रों में 118 आचार्य, 49 सह आचार्य और 155 सहायक आचार्य नामांकन पर कार्यरत हैं।

संकाय का प्रोफाइल

श्रेणी	कुल	अ.जा.	अ.ज.जा	महिला
आचार्य	118	24	-	27
रीडर/ सह आचार्य	49	10	-	11
सहायक आचार्य	155	22	17	58
कुल	**322**	**56**	**17**	**96**

गैर–शैक्षणिक संकाय का प्रोफाइल

श्रेणी	सामान्य	ओबीसी	अ.जा.	अ.ज.जा	पी.एच.	कुल
सांविधिक अधिकारी / समूह क और ख अधिकारी / समूह ग और समूह घ कर्मचारी	22	341	84	23	11	470

संगोष्ठियों / विचार-गोष्ठियों / कार्यशालाओं /स्वल्पकालीन पाठ्यक्रमों का आयोजन

वर्ष 2019-20 के दौरान, विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्यापीठों के तहत विभागों और केंद्रों द्वारा 107 संगोष्ठियों, विचार-गोष्ठियों और कार्यशालाओं / स्वल्पकालीन पाठ्यक्रम और 156 व्याख्यान आयोजित किए गए थे। विश्वविद्यालय के संकाय ने कई संगोष्ठियों, विचार-गोष्ठियों आदि में भाग लिया। वर्ष 2019-20 के दौरान संकाय ने भारत और विदेशों में अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों में आयोजित कुल 507 संगोष्ठियों, विचारगोष्ठियों, कार्यशालाओं आदि में भाग लिया।

आमंत्रित व्याख्यान

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के संकाय ने शैक्षणिक परिसंवाद के लिए भारत और विदेशों में विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों का दौरा किया। प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान संकाय ने विभिन्न संस्थानों में 423 आमंत्रित व्याख्यान दिये।

1.3 अनुसंधान कार्यक्रम

डॉक्टोरल पाठ्यक्रम

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान विभिन्न पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में 256 अध्येताओं ने पंजीकरण करवाया। इस प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान 933 अध्येता पाठ्यक्रम की नामावली में पंजीकृत हैं।

अनुसंधान परियोजनाएँ

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, विभिन्न बाहरी एजेंसियों से अतिरिक्त वित्तपोषण के रूप में लगभग 1069.74 लाख रूपये जुटाते हुए विश्वविद्यालय के विद्यापीठों और विभागों के लिए 34 प्रायोजित अनुसंधान-परियोजनाओं को अतिरिक्त रूप से स्वीकृति दी गयी थी।

अनुसंधान क्रियाकलाप

स्वीकृत परियोजना

एजेन्सी	परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत राशि (रूपये लाखों में)
डीएसटी- एसईआरबी	7	268.45
डीएसटी- एसईआरबी सीआरजी	1	38.83
डीएसटी- एमईसीएसपी	1	83.00
डीएसटी- डब्ल्यूओएस	1	22.33
डीएसटी- टीएमडी	1	18.98
आईसीएसएसआर	3	24.80
आईसीएमआर	1	24.13
आईसीएसएसआर-इंप्रेस	2	15.00
डीबीटी	1	51.79
एमएचआरडी-स्पार्क	6	413.88
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	2	4.46
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-एफआरपी	1	10.00
विअआ-डीएई-सीएसआर	1	3.99
आयुष-ईएमआर	1	58.27
एनसीडब्ल्यू	2	8.94
एनएचआरसी	1	7.15
एनसीईएसएस	2	15.74
कुल	**34**	**1069.74**

अनुसंधान सुविधाएँ

केंद्रीय उपकरणीकरण केंद्र में सभी शोध छात्रों को नि:शुल्क विश्लेषणात्मक सुविधा प्रदान की गयी। प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान विभागों / केंद्रों में अधिक विश्लेषणात्मक सुविधाओं का सृजन किया गया।

प्रकाशन

फैकल्टी ने वर्ष के दौरान 122 पुस्तकों के साथ-साथ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 841 शोध पत्र प्रकाशित / संपादित किए।

प्रकाशनों की कुल संख्या 7067 है, उद्धरण सूचकांक 10.29 और हमारे संकाय द्वारा 72,719 उद्धरणों के प्रकाशनों के साथ एच-सूचकांक 94 है, जो कि देश के कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से कहीं अधिक है।

ठीक से पंजीकृत सोसाइटियों के तत्वावधान में, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट साइंसेज, 'विश्व भारती' और 'यात्रा' जैसी पत्रिकाएं पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की ओर से नियमित रूप से गुणात्मक शोध लेख प्रकाशित कर रही हैं। विश्वविद्यालय के द्वारा नियमित रूप से 'प्रेरणा' शीर्षक एक छात्र-पत्रिका भी प्रकाशित है, जो विश्वविद्यालय का समाचार पत्र है।

1.4 पुस्तकालय

आनंद रंगा पिल्लै केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तकों का विशाल संग्रह है, जिसमें आवश्यक ज्ञान के सभी क्षेत्रों से संबंधित विविध पुस्तकें मौजूद हैं। प्रगतिशील शिक्षा-विषयक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक सूचना संसाधनों को धीरे-धीरे इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों द्वारा पूरक बनाया जा रहा है।

पुस्तकालय के सराहनीय संग्रह में 4,40,874 पुस्तकें (मुद्रित: 2,22,251 और इलेक्ट्रॉनिक: 2,17,623 सहित), ई-पुस्तकों की एक डिजिटल लाइब्रेरी, ई-जर्नल, ई-डेटाबेस, ई-थीसेस आदि शामिल हैं जो पुस्तकालय पोर्टल के माध्यम से सभी के लिए सुलभ उपलब्ध हैं। इसमें 30,815 पत्रिकाएँ (मुद्रित: 13,110 और इलेक्ट्रॉनिक 17,705) हैं। वर्ष के दौरान ई-संसाधन का उपयोग करनेवालों की कुल संख्या 5,62,733 थी।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का केंद्रीय पुस्तकालय नेत्रहीनों को पढ़ने के लिए विशेष इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रावधान करनेवाले देश के बहुत कम एवं अग्रणी पुस्तकालयों में से एक है।

1.5. वित्त

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से वार्षिक आबंटन के तहत 19,609.92 लाख रूपये, विशेष योजनाओं के तहत 227.13 लाख रूपये, निर्दिष्ट विशेष फंड के तहत 2,107.84 लाख रूपये और ऋण, जमा और अग्रिम के तहत 3,967.02 लाख रूपये प्राप्त हुए।

निधीकरण एजेन्सियों के द्वारा प्राप्त अनुदान

राशि लाख रु.			
वर्ष	**विशेष योजना स्कीम**	**वार्षिक आबंटन**	**निर्दिष्ट विशिष्ट फंड**
2019-20	227.13	19609.92	2107.84

1.6. आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी) :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के कामकाज के सभी पहलुओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए वर्ष 1996 में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी) की स्थापना की गयी थी। वर्षों से इसने शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों के कुशल, प्रभावी और प्रगतिशील प्रदर्शन सुनिश्चित करने और शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रासंगिकता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तंत्र और प्रक्रियाएं विकसित की है।

आई.क्यू.ए.सी. शिक्षण, अधिगम, मूल्यांकन, अनुसंधान, विस्तार और परामर्श के अवसरों की गुणवत्ता बढ़ाने पर केंद्रित है। आई.क्यू.ए.सी विश्वविद्यालय की प्रगति और राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एन.ए.ए.सी.) द्वारा सुझाए गए मानदंडों के आधार पर उसकी गुणवत्ता में वृद्धि की समीक्षा करने के लिए समय-समय पर बैठकों का आयोजन करता है और गुणवत्ता को और मजबूत करने तथा बनाए रखने के लिए सुझाव देता है। आई.क्यू.ए.सी. द्वारा निरंतर निगरानी के माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है।

विश्वविद्यालय ने आंतरिक गुणवत्ता जांच के लिए निम्नोक्त तंत्र / प्रक्रियाओं को अपनाया है :

- प्रतिवर्ष शिक्षकों द्वारा स्व-मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाते हैं।
- कार्यक्रम के परिणाम, कार्यक्रम के विशिष्ट परिणाम और पाठ्यक्रम के परिणाम प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अद्यतन किए जाते हैं।
- प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में छात्रों द्वारा शिक्षकों का ऑनलाइन मूल्यांकन किया जाता है और डेटा का विश्लेषण कर शिक्षकों को सूचित किया जाता है।
- इन मुद्दों पर संकाय को संवेदनशील बनाने के लिए नियमित अंतराल पर गुणवत्ता आश्वासन और प्रबंधन की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।
- छात्र शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली (पीयूएसएएमएस) के माध्यम से विश्वविद्यालय विभागों में संचालित सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का ऑनलाइन प्रशासन किया जाता है।
- छात्र शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली (पीयूएसएएमएस) के माध्यम से विश्वविद्यालय विभागों में संचालित सभी पीएच.डी पाठ्यक्रमों का ऑनलाइन प्रशासन किया जाता है।
- एन.ए.ए.सी. द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (एक्यूएआर) प्रस्तुत की जाती है।

- स्पार्क प्रस्ताव और एएसईएमडीयूओ- भारत फैलोशिप आई.क्यू.ए.सी. के माध्यम से प्रस्तुत किये जाते हैं।
- एन.ए.ए.सी. पीयर टीम ने 18.09.2018 से 20.09.2018 तक पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के मूल्यांकन और प्रत्यायन (चतुर्थ चक्र) हेतु पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का दौरा किया।
- एन.ए.ए.सी. ने विश्वविद्यालय को "ए" ग्रेड (सीजीपीए 3.10) प्रदान किया है।
- परिष्कृत लेखापरीक्षा समिति आयोजित की गयी है।
- अनुसंधान आचार समिति आयोजित की गयी है।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय- शोधछात्र शैक्षणिक गतिविधि-प्रबंधन प्रणाली (पीयू-आरएएमएस)

पीयू-आरएएमएस एक ऑनलाइन-प्लेटफ़ॉर्म है जो पीएचडी शोधछात्रों की शोध अकादमिक गतिविधियों के संपूर्ण संचालन का प्रबंधन करने के लिए उद्देशित है। इसमें पीएचडी के अनंतिम पंजीकरण, अनुसंधान पर्यवेक्षक आवंटन, डॉक्टोरल समिति के सदस्यों के नियोजन और अनुमोदन, पाठ्यक्रम कार्य, डॉक्टोरल समिति की बैठक, पुष्टि, पूर्व पीएचडी शोध-प्रबंध सार का प्रस्तुतीकरण, शोध प्रबंध समीक्षक-चयन, शोध प्रबंध का प्रस्तुतीकरण, शोध-प्रबंध समीक्षा स्थिति और मौखिक परीक्षा (वाइवा) के संचालन से संबंधित दस्तावेज जमा करना इत्यादि सभी काम ऑनलाइन पर करने की सुविधा उपलब्ध की गयी है। इसके चलते पीएच.डी शोधकार्य से संबंधित सभी भुगतान आरएएमएस के माध्यम से ऑनलाइन किये जा सकते हैं। इससे संबंधित सॉफ्टवेयर डिफरेंशियल एक्सेस और नीड-टू-नो के आधार पर काम करता है।

पीयू-आरएएमएस की विशेषताओं में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के विनियमन का पूर्ण कार्यान्वयन शामिल है जो यूजीसी पीएचडी दिशानिर्देशों पर आधारित है। अकादमिक और अनुसंधान प्रगति की समय पर प्रगति, सभी शोध दस्तावेजों का अपलोड, आवेदन प्रस्तुतियाँ (पंजीकरण, शोध-प्रबंध सार, शोध प्रबंध), पर्यवेक्षक / सह-पर्यवेक्षकों / डॉक्टोरल समिति के सदस्यों / शोध प्रबंध के समीक्षकों और मौखिक परीक्षा (वाइवा वॉयस) परीक्षक का चयन, ऑटो-जनरेटेड पत्र / नोट शीट / आवेदन फॉर्म, प्रगति की तारीख और समय को कैप्चर करना, इलेक्ट्रॉनिक डेटा और अनुकूलित आउटपुट, यूजर इंटरफेस तक पहुंचने में आसान, शुल्क भुगतान और सत्यापन, रिपोर्ट जनरेशन और समीक्षा इत्यादि पीयू-आरएएमएस की प्रमुख विशेषताएं हैं।

पीयूआरएएमएस पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में शोध एवं अनुसंधानपरक कार्य का पर्यवेक्षण आसानी से करने के लिए अनुसंधान विद्वानों, संकाय, विभागाध्यक्षों, विद्यापीठाध्यक्षों, प्रशासन और कुलपति सहित सभी हितधारकों की मदद कर रहा है।

इसके अलावा, पीएचडी प्रवेशों से संबंधित सभी प्रक्रिया आरएमएस के माध्यम से ऑनलाइन की जाती है। इस प्रक्रिया में उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग प्रवेश परीक्षा के अंकों व स्वीकृत प्रवेश के मुताबिक होगी। साक्षात्कार के अंकों की प्रविष्टि, प्रवेश और साक्षात्कार के अंकों के आधार पर चयन सूची और प्रतीक्षा सूची की तैयारी, रैंकिंग और श्रेणी के आधार पर स्वचालित स्लाइडिंग और ऑनलाइन शुल्क भुगतान सहित सभी ऑनलाइन हैं जिनके आधार शोधछात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

आई.क्यू.ए.सी के जरिये निम्नोक्त क्रियाकलाप आयोजित किये गये :

<u>एसएएमएस/ आरएएमएस अभिविन्यास कार्यक्रम</u>

26.03.2019	-	जैवसूचनाकेंद्र के कार्यालय-कर्मचारियों के लिए
23.01.2020	-	जैवसूचनाकेंद्र के कार्यालय-कर्मचारियों के लिए

विश्वविद्यालय रैंकिंग मूल्यांकन से संबंधित निम्नलिखित कार्य आई.क्यू.ए.सी. के माध्यम से आयोजित किये जाते हैं:

राष्ट्रीय रैंकिंग

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क(एनआईआरएफ) - शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार)

एनआईआरएफ 5 मानदंडों- यथा शिक्षण, अधिगम एवं संसाधन, अनुसंधान एवं व्यावसायिक आचरण, स्नातक परिणाम, सहकर्मी अवधारणा इत्यादि के आधार पर विश्वविद्यालयों की रैंकिंग का विश्लेषण करता है, अतः प्रत्येक मानदण्ड को वरीयता दी गयी है। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय रैंकिंग व्यवस्था के स्थापनाकाल 2016 से ही रैंकिंग प्रक्रिया में भाग ले रहा है।

प्रतिवेदनाधीन अवधि 2020 के दौरान, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय श्रेणी के तहत 45.82 के स्कोर के साथ 58 वें स्थान पर रखा गया है। समग्र श्रेणी में देखा जाये विश्वविद्यालय ने 44.48 के स्कोर के साथ 81वां स्थान प्राप्त किया है।

निजी रैंकिंग

आउटलुक - आईकेयर भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग

'आउटलुक - आईकेयर' भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग भारत में निजी अग्रणी रैंकिंग फ्रेमवर्क में से एक है। यह संकाय-छात्र अनुपात, पीएचडी के साथ संकाय, प्रति संकाय पत्र, प्रति पेपर उद्धरण और समावेशन व विविधता इत्यादि मानकों के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन करता है।

'आउटलुक - आईकेयर इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2020' में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 1000 में से 647.63 स्कोर के साथ केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 9वाँ और कुल मिलाकर सभी विश्वविद्यालयों और संस्थानों की श्रेणी में 45वाँ स्थान दिया गया है। यह परिणाम पिछले वर्षों के प्रदर्शन में अवश्य एक महत्वपूर्ण सुधार को चिह्नित करनेवाला है और पहली बार देश के शीर्षस्थ10 केंद्रीय विश्वविद्यालयों स्थान प्राप्त हुआ है।

अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग

टाइम्स हायर एजुकेशन वाल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग

टाइम्स हायर एजुकेशन विश्वविद्यालय रैंकिंग की स्थापना 2004 में हुई थी और यह वैश्विक मंच पर विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन का आकलन करती है तथा अपने पाठकों को उच्च शिक्षा संस्थानों के विभिन्न मिशनों और सफलताओं को समझने के लिए एक संसाधन प्रदान करती है।

इस रैंकिंग के तहत प्रदर्शन संकेतकों को पांच क्षेत्रों में बांटा गया है: शिक्षण (अधिगम का माहौल); अनुसंधान (मात्रा, आय और प्रतिष्ठा); उद्धरण (अनुसंधान प्रभाव); अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण (संकाय, छात्र और अनुसंधान); और उद्योग आय (ज्ञान हस्तांतरण)।

हमारा विश्वविद्यालय इस रैंकिंग प्रक्रिया में 2018 से भाग ले रहा है, और उक्त प्रतिवेदनावधि के दौरान पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) उभरते अर्थशास्त्रीय विश्वविद्यालयों की रैंकिंग-2020 में 201-250 श्रेणी के तहत रैंक किया गया है, टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) एशियाई विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में 251-300 श्रेणी में स्थान दिया गया है और विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय रैंकिंग 2020.ए में 801-1000 स्थान पर रखा गया है।

टाइम्स हायर एजुकेशन इंपैक्ट यूनिवर्सिटी रैंकिंग

टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग एकमात्र वैश्विक प्रदर्शन तालिका है जो संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) का अनुसरण करते हुए विश्वविद्यालयों का आकलन करती है। यह चार व्यापक क्षेत्रों में व्यापक संतुलन प्रदान करने के लिए समायोजित संकेतकों का भी उपयोग करता है: यथा- अनुसंधान, आउटरीच, प्रबंधन और शिक्षण।

इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय 68.2-75.3 के समग्र स्कोर के साथ 201-300 के तहत रैंक किया गया है। विश्वविद्यालय ने उपर्युक्त 17 एसडीजी में से 13 एसडीजी में भाग लिया और इसे चार श्रेणियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर मिला, यथा (1) जल के नीचे जीवन की श्रेणी में 70.3 स्कोर के साथ 47 वाँ स्थान (2) लक्ष्यहेतु साझेदारी की श्रेणी में 70.7-80.6 स्कोर (3) जिम्मेदारीयुक्त खपत और उत्पादन की श्रेणी में 48.4-64.3 स्कोर (4) सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा की श्रेणी में 48.4-62.3 स्कोर के साथ 101-200 के तहत रैंक प्राप्त है।

क्वाक्वेरेल्ली साइमण्ड्स (क्यूएस) वाल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग

क्यूएस रैंकिंग अकादमिक रैंकिंग ऑफ वाल्ड यूनिवर्सिटीज़ और टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के साथ दुनिया में तीन सबसे व्यापक रूप से पढ़ी जाने वाली विश्वविद्यालय रैंकिंग में से एक है। यह 6 मानकों के आधार पर विश्वविद्यालय का मूल्यांकन करता है यथा: शैक्षणिक सहकर्मी समीक्षा, संकाय/छात्र अनुपात, प्रति संकाय उद्धरण, नियोक्ता प्रतिष्ठा, अंतर्राष्ट्रीय छात्र अनुपात और अंतर्राष्ट्रीय कर्मचारी अनुपात।

2019 के बाद से, दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रकाश डालने के लिए क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय लोकेशन को लॉन्च किया गया है, जिसे क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग क्षेत्र द्वारा प्रदर्शित किया जाना है। और 2009 के बाद से, क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग हर साल एशिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों पर प्रकाश डालती आ रही है। रैंकिंग बनाने के लिए उपयोग

की जाने वाली कार्यप्रणाली कुछ अतिरिक्त संकेतकों और गृहीत वरीयताओं को छोड़क्र क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में प्रयुक्त की जाने वाली पद्धति के लगभग समान है।

इस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को क्यूएस इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2020 में भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच 51-55 श्रेणी में और क्षेत्र (एशिया) 2020 द्वारा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 301-350 के तहत स्थान दिया गया है।

1.7. रोजगार

विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को कैम्पस साक्षात्कार के लिए प्रेरित करना, प्रशिक्षित करना और तैयार करना प्लेसमेंट सेल का मुख्य दायित्व है।

यह विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को उनके सफल कैरियर प्लेसमेंट के लिए परामर्श और मार्गदर्शन देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो कि छात्रों के लिए पढ़ाई के शैक्षणिक कार्यक्रम के पूरा होने और उपयुक्त रोजगार में प्रवेश करने के बीच महत्वपूर्ण कडी है।

विश्वविद्यालय परिसर से रोजगार प्राप्त छात्रों की कुल संख्या : 496

1.8. सामान्य जानकारी

दीक्षांत समारोह

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का सत्ताईसवाँ दीक्षांत समारोह 23 दिसंबर 2019 को आयोजित किया गया है। भारत के माननीय राष्ट्रपति और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष परम आदरणीय श्री. रामनाथ कोविंद ने इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु अपनी कृपापूर्वक सहमति प्रदान की तथा पुदुच्चेरी के माननीय उपराज्यपाल एवं पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की मुख्य कुलदेशिक, माननीया डॉ. किरण बेदी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री वी. नारायणसामी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय राजस्व मंत्री श्री. एम.ओ.एच.एफ. शाहजहाँ, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री. आर कमलाकण्णन्, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) श्री. एन. गोकुलकृष्णन्, और माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) श्री. वी. वैत्तिलिंगम् की उपस्थिति में अपना दीक्षांत भाषण दिया। इस अवसर पर प्रदान की गयी उपाधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
1.	पीएच.डी.,	335
2.	एम.फिल.	26
3.	स्नातकोत्तर	3963
4.	स्नातकपूर्व	10583
5.	डिप्लोमा / सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	113
6.	दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा	4269
	कुल	**19289**

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का अट्ठाईसवाँ दीक्षांत समारोह 26 फरवरी 2020 को आयोजित किया गया है। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति एवं पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति परम आदरणीय श्री. एम. वेंकय्या नायुडु ने इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु अपनी कृपापूर्वक सहमति प्रदान की तथा पुदुच्चेरी के माननीय उपराज्यपाल एवं पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की मुख्य कुलदेशिक माननीया डॉ किरण बेदी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री वी. नारायणसामी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय राजस्व मंत्री श्री. एम.ओ.एच.एफ. शाहजहाँ, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री. आर कमलाकण्णन्, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) श्री. एन. गोकुलकृष्णन्, और माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) श्री. वी. वैत्तिलिंगम् की उपस्थिति में दीक्षांत भाषण दिया है। इस अवसर पर प्रदान की गयी उपाधियों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
1.	पीएच.डी.,	227
2.	एम.फिल.,	40
3.	स्नातकोत्तर	3907
4.	स्नातकपूर्व	10822

5.	डिप्लोमा / सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	148
6.	दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा	2820
	कुल	**17964**

विश्वविद्यालय के वैधानिक निकाय-सदस्यों की बैठकें

विश्वविद्यालय के अधिनियमों में निर्धारित नियमों के अनुसार रिपोर्ट अधीन अवधि के दौरान न्यायालय, कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद, वित्त समिति और योजना मंडल की बैठकें विश्वविद्यालय के अधिनियमों में लिखित शर्तों के अनुरूप नियमित रूप से आयोजित की गयी हैं। बैठकों का विवरण इस प्रकार है :

न्यायालय : 24.02.2020

कार्यकारी परिषद : 17.05.2019 10.10.2019 24.02.2020

शैक्षणिक परिषद : 14.11.2019 24.02.2020

वित्त समिति : 05.02.2020

समझौता ज्ञापन

मौजूदा 65 समझौता ज्ञापनों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमता में संवर्धन हेतु प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान 11 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

अंतरराष्ट्रीय :

1. यूनिवर्सिटिए पैरिस I,- पैंथियोन्- सोरबोन्ने, पैरिस, फ्रांस (डबल डिग्री की उपाधि प्रदान करने के उपलक्ष्य में)
2. पूर्वी पेरिस (यूनिवर्सिटी पैरिस-एस्ट क्रेतेइल वैल डी मार्ने-यूपीईसी), फ्रांस (छात्र विनिमय)
3. एशिया-ओरिएंट-संस्थान, त्यूबिंगेन विश्वविद्यालय, जर्मनी
4. होचस्चुले कोब्लेंज़, राइन अहरकैम्पस, रेमेगेन, एप्लाइड साइंसेज विश्वविद्यालय, जर्मनी

राष्ट्रीय :

1. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय, पुदुच्चेरी / मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नयी दिल्ली के बीच त्रि-पक्षीय समझौता ज्ञापन
2. भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बंगलूरु
3. राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन (एनएमएफ), नयी दिल्ली
4. यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई), नई दिल्ली
5. भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ), मुंबई
6. बैंकिंग प्रौद्योगिकी-विकास और अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी), हैदराबाद
7. भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), नई दिल्ली

पावर का बैक-अप

छात्रों के छात्रावास सहित आवश्यक भार के लिए 7085 केवीए की कुल क्षमता वाले 31 जेनसेटों के माध्यम से 100% पावर बैक-अप आपूर्ति के साथ चौबीस घंटे बिजली की रखरखाव सेवाएँ प्रदान की गयी हैं। परिसर में कम से कम बिजली व्यवधान और हरियाली के लिए अधिक जगह सुनिश्चित करने के लिए एलटी/ एचटी रिंग मुख्य प्रणाली हेतु 100% भूमिगत केबल नेटवर्क से युक्त हाईटेंशन फीडर के साथ पांच स्थानों पर हाई-मास्ट बत्तियाँ, 45.5 केडब्ल्यू रूफटॉप सोलर पैनल और 164 सोलर स्ट्रीट लाइटिंग, 30 यात्री लिफ्ट, 300 स्ट्रीट लाइट, ऑनलाइन सेवा अनुरोध पंजीकरण इत्यादि सेवाएँ प्रस्तुत की गयी हैं।

महत्वपूर्ण कार्यक्रम

1. वर्ष 2020 के लिए विश्वविद्यालय श्रेणी के तहत मानव संसाधन विकास मंत्रालय-एनआईआरएफ रैंकिंग में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 45.82 के स्कोर के साथ 58 वें स्थान पर रखा गया है। समग्र श्रेणी में, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने 44.48 के स्कोर के साथ 81 वां स्थान प्राप्त किया है।
2. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इमर्जिंग इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2020 में 201-250 श्रेणी में है और टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) एशियाई यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2020 में 251-300 श्रेणी में है।

3. टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड इम्पैक्ट रैंकिंग 2020 में, विश्वविद्यालय को 201-300 के तहत स्थान दिया गया है और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को चार श्रेणियों के तहत सर्वश्रेष्ठ स्कोर मिला, यथा (1) जल के नीचे जीवन की श्रेणी में 70.3 स्कोर के साथ 47 वाँ स्थान (2) लक्ष्यहेतु साझेदारी की श्रेणी में 70.7-80.6 स्कोर (3) जिम्मेदारीयुक्त खपत और उत्पादन की श्रेणी में 48.4-64.3 स्कोर (4) सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा की श्रेणी में 48.4-62.3 स्कोर के साथ 101-200 के तहत रैंक प्राप्त है। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त किया गया कुल स्कोर 68.2-75.3 है।
4. 22.10.2019 को जारी प्रतिष्ठित क्यूएस रीजनल रैंकिंग इंडिया 2020 में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच 51-55 श्रेणी में स्थान दिया गया है।
5. आउटलुक- आईसीएआरई इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2020, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के बीच 9 वाँ स्थान और विश्वविद्यालयों और संस्थानों की श्रेणी में 1000 अंकों में से 647.63 के समग्र स्कोर के साथ 45 वाँ स्थान प्राप्त किया।
6. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का सत्ताईसवाँ दीक्षांत समारोह 23 दिसंबर 2019 को आयोजित किया गया है। भारत के माननीय राष्ट्रपति और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष परम आदरणीय श्री. रामनाथ कोविंद ने इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु अपनी कृपापूर्वक सहमति प्रदान की तथा पुदुच्चेरी के माननीय उपराज्यपाल एवं पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की मुख्य कुलदेशिक, माननीया डॉ. किरण बेदी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री वी. नारायणसामी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय राजस्व मंत्री श्री. एम.ओ.एच.एफ. शाहजहाँ, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री. आर कमलाकण्णन्, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) श्री. एन. गोकुलकृष्णन्, और माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) श्री. वी. वैत्तिलिंगम् की उपस्थिति में दीक्षांत भाषण दिया।
7. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का अट्ठाईसवाँ दीक्षांत समारोह 26 फरवरी 2020 को आयोजित किया गया है। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति परम आदरणीय श्री. एम. वेंकय्या नायुडु ने इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु अपनी कृपापूर्वक सहमति प्रदान की तथा पुदुच्चेरी के माननीय उपराज्यपाल एवं पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की मुख्य कुलदेशिक, माननीया डॉ किरण बेदी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री वी. नारायणसामी, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय राजस्व मंत्री श्री. एम.ओ.एच.एफ. शाहजहाँ, पुदुच्चेरी सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री श्री. आर कमलाकण्णन्, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) श्री. एन. गोकुलकृष्णन्, और माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) श्री. वी. वैत्तिलिंगम् की उपस्थिति में अपना दीक्षांत भाषण दिया।
8. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो. गुरमीत सिंह ने कोरकोन 2019 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो, सिडको प्रदर्शनी केंद्र, नवी, मुंबई में 24.09.2019 को आयोजित 27वें जंग जागरूकता पुरस्कार समारोह-2019 में एनएसीई गेटवे इंडिया सेक्शन द्वारा प्रस्तुत 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्राप्त किया।
9. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के प्रो. शिबनाथ देब ने स्वास्थ्य मनोविज्ञान-विशेष रूप से शिशु संरक्षण और नैदानिक मनोविज्ञान में अपने शोधकार्य हेतु भारत के माननीय राष्ट्रपति से वर्ष 2019 के लिए मानविकी, कला और सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान का विजिटर पुरस्कार प्राप्त किया।
10. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए सितंबर 2019 माह से 'ऑनलाइन वेतन पर्ची' का कार्यान्वयन किया गया।
11. इंदिरागांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नयी दिल्ली और इतिहास विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा 11.04.2019 और 12.04.2019 को 'प्रायद्वीपीय भारत में अंतर्देशीय और समुद्री व्यापार' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी और प्रायद्वीपीय भारत की प्रारंभिक ऐतिहासिक समुद्री विरासत पर छायाचित्र-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
12. प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण अभियांत्रिकी केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के द्वारा 22.07.2019 से 24.07.2019 तक डीएसटी-एसईआरबी के द्वारा प्रायोजित 'कचरे से ऊर्जा रूपांतरण और संसाधन भरपाई हेतु जैवविद्युतरासायनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

13. महिला अध्ययन केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 18.09.2019 को 'दैनिक जीवन में लिंग संवेदनशीलता' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
14. 25.09.2019 से 27.09.2019 तक सूक्ष्मजैविकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय और नेशनल एकेडमी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज (एनएबीएस), चेन्नई द्वारा 'भारतीय जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन संचालित चुनौतियाँ: सतत विकास के लिए अभिनव समाधान' पर 11 वां एनएबीएस-राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।
15. दिनांक 04.12.2019 को जिंगा सरोबा (दक्षिण भारत के एक कॉपोवेरा समूह) के सहयोग से महिला अध्ययन केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा 'कॉपोवेरा' (500 वर्षीय ब्राजीलियाई मार्शल आर्ट) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
16. राजनीतिशास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग, गांधीवादी अध्ययन केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 'महात्मा गांधी और उनके सिद्धांतों पर विशेष व्याख्यान श्रृंखला' का आयोजन 11.02.2019 को किया गया।
17. जैवसूचनाकेंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने 12.04.2019 को 'औषधि खोज और संभावित एंटीवायरल की पहचान के लिए अन्य कम्प्यूटेशनल रणनीतियाँ' शीर्षक विषय पर प्रो. संजीव कुमार सिंह, जैव सूचना विज्ञान विभाग, अलगप्पा विश्वविद्यालय, कारैकुडि, तमिलनाडु के द्वारा आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया।
18. विदेशी यूरोपीय अध्ययन केंद्र और फ्रेंच विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा पैरिस विश्वविद्यालय 13, सोरबोन पेरिस साइट, फ्रांस के विधि- सामाजिक और राजनीतिक विज्ञान विद्यापीठ के अंग्रेजी- अनुसंधान मान्यता प्राप्त सह आचार्य एवं विदेशी सह प्रधान शोधकर्ता डॉ गीता गणपति-डोरे द्वारा 'पिछले दशक में भारत-फ्रांसीसी संबंध' विषय पर स्पार्क व्याख्यान 09.08.2019 को आयोजित किया गया।
19. 25.11.2019 को दर्शनशास्त्र विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय से 'महात्मा गांधी और बच्चों के भागीदारी अधिकार' विषय पर डॉ. ए.डी. रेवती, प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, पचैयप्पा कॉलेज, चेन्नई द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।
20. 11.12.2019 को प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण अभियांत्रिकी केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के रासायन अभियांत्रिकी विभाग के प्रो. कौस्तुभ मोहंती द्वारा 'अपशिष्ट जल उपचार और माइक्रोएल्गल बायोरिफाइनरी दृष्टिकोण का उपयोग करके जैवऊर्जा उत्पादन' पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।
21. 13.02.2020 को 100 साल के अंतर्राष्ट्रीय संबंध अध्ययन के अवसर पर व्याख्यान श्रृंखला के तहत प्रो. ए.पी.एस. चौहान, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के द्वारा 'अंडरस्टैंडिंग गांधी' शीर्षक से अतिथि व्याख्यान का आयोजन राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में किया गया।
22. 01.03.2019 को केंद्रशासित प्रदेश पुदुच्चेरी विधि-सेवा प्राधिकरण के सहयोग से महिला अध्ययन केंद्र एवं विधि विद्यापीठ के द्वारा आयोजित 'कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' संपन्न हुआ।
23. दिनांक 15.07.2019 को सामाजिक कार्य विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की ओर से सुश्री शालिनी अरविंदन, श्री अरबिंदो सोसाइटी, पुदुच्चेरी द्वारा 'लिंग-संवेदनशील सामाजिक कार्य अभ्यास' पर कौशल प्रयोगशाला का प्रशिक्षण कार्य आयोजित किया गया।
24. दि. 10.08.2019 को 'क्लाइमेट लॉन्चपैड - ग्रीन बिजनेस आइडियाज पिच एंड बूट कैंप' का आयोजन एसोसिएशन फॉर प्रोमोटिंग सस्टेनेबिलिटी इन कैंपस एंड कम्युनिटीज (एपीएससीसी) द्वारा 'पुश'- पांडिच्चेरी यूनिवर्सिटी स्टेप-अप हब, क्लाइमेट कलेक्टिव फाउंडेशन-इंडिया और क्लाइमेट-केआईसी के साथ यूरोपीय संघ की साझेदारी में किया गया।
25. दिनांक 03.09.2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) यूनिट - III और विनायक मिशन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कारैकाल द्वारा कारैकाल परिसर में 'स्वास्थ्य शिविर-2019' आयोजित किया गया।

26. पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा 14.09.2019 को 'समुद्र तट सफाई कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।
27. 20.09.2019 को सामाजिक कार्य विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा पुदुच्चेरी सरकार- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान संस्थान के सहयोग से 'आत्महत्या रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित है।
28. 10.10.2019 को सामाजिक कार्य विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा 'वेलिच्चम् 2k19' ग्रामीण शिविर का आयोजन किया गया ।
29. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय और पांडिच्चेरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) द्वारा 15.11.2019 और 16.11.2019 को 'छात्रावास के छात्रों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर' आयोजित हुआ।
30. 06.12.2019 को पुडुचेरी पुलिस के सहयोग से पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा 'महिलाओं के लिए साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।
31. 06.12. 2019 को पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज के द्वारा रक्तदान, नेत्र और सामान्य स्वास्थ्य जांच, नशीली दवाओं की लत पर जागरूकता शिविर, विकलांगता, स्तन कैंसर, स्त्री रोग समस्या, अंग दान नामांकन, सार्वजनिक और सामाजिक भलाई और साइबर सुरक्षा - इत्यादि गतिविधियों के साथ सामुदायिक गतिविधि दिवस आयोजित किया गया है।
32. महिला अध्ययन केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा 17.02.2020 को पीढ़ी-समानता संबंधी जागरूकता लाने व महिलाओं के अधिकारों का एहसास दिलाने हेतु 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया है।
33. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय स्टेपअप हब (पुश), पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की एक स्टार्टअप पहल को, अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा पूरे भारत में 24 एसीआईसी में से एक के रूप में अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर (एसीआईसी) की स्थापना के लिए नीति आयोग के द्वारा रू. 2.5 करोड़ अनुदान और फंडिंग पार्टनर से रू. 2.5 करोड़ मैचिंग ग्रांट के साथ शार्ट लिस्ट किया गया है।
विभाग के पास आधुनिक सुविधाओं यथा- कोल्ड रूम, फोटो डॉक्यूमेंटेशन रूम और प्लांट टिशू कल्चर, एनिमल सेल कल्चर और बायोसेफ्टी (बीएसएल- II) स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित विशाल प्रयोगशालाएँ हैं। विभाग के पास विश्लेषणात्मक, जैव रासायनिक और आण्विक अध्ययन के लिए एक सामान्य परिष्कृत उपकरण सुविधा भी है। उच्च गति वाले रेफ्रिजेरेटेड सेंट्रीफ्यूज, यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, बायोरिएक्टर सिस्टम, किण्वक, सीओ 2 इनक्यूबेटर, जेल उपकरण, जेल प्रलेखन प्रणाली, एलिसा रीडर, मल्टीमोड डिटेक्टर, पीसीआर, रीयल-टाइम पीसीआर, फ्लैश क्रोमैटोग्राफी, एचपीएलसी, जीसी, एलसीएमएस, वैक्यूम कंसंटेटर , डीजीजीई, टीजी और आईईएफ वैद्युतकणसंचलन, फ्लो साइटोमीटर, लियोफिलाइजर और फेज कंट्रास्ट, फ्लोरेसेंस और इनवर्टेड माइक्रोस्कोप, ल्यूमिनोमीटर, स्पेक्ट्रोफ्लोरिमीटर, डीप फ्रीजर (-20, -40, -80 सी) और बायोसेफ्टी कैबिनेट इत्यादि उपकरण उपलब्ध हैं।

विभाग को प्राप्त विशेष अनुसंधान अनुदान

विभाग को विभिन्न अनुदान संगठनों जैसे डीबीटी, डीएसटी, यूजीसी, सीएसआईआर, आईसीएमआर, बीआरएनएस, आयुष और पुडुचेरी सरकार से अनुसंधान अनुदान प्राप्त होते हैं। विभाग डीबीटी (शिक्षण कार्यक्रम) डीएसटी एफआईएस टी और यूजीसी- विशेष सहायता कार्यक्रम (I और II) द्वारा समर्थित है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र:

माइक्रोब्स और प्लांट्स द्वारा ड्रगडिस्कवरी, न्यूक्लिक एसिड और इम्म्युनोडैग्नोसिस ऑफ प्लांट पथोजेन्स और फिश पथोजेन्स, इम्म्युनोस्टिम्युलेंट और मछली में प्रोबियोटिक्स रोग नियंत्रण, श्रिंप और पौलट्री, प्लांट जेनोमिक्स और क्रॉप प्लांट्स के जेनेटिक इंजिनियरिंग, बेक्टेरियल पॉथगेन्स में क्वोरम सेंसिंग, स्टेम सेल बयोलॉजी और नानोजैव प्रौद्योगिकी, इपिजेनेटिक्स और प्रोटीन इंजीनियरिंग, बयोलॉजिकल नानोमेटीरियल्स व आयुष ड्रग्स का मानकीकरण और वैधता।

विभागाध्यक्ष : आचार्य वी. अरुल् (16.10.2019 तक)

आचार्य ए. हन्ना रेचेल वासन्ती (21.10.2019 से)

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ एन शक्तिवेल	आचार्य	सूक्ष्म जैव विज्ञान, प्लांट बयोटेनालॉजी बयोनानोमेटीरियल्स
2.	डॉ वी अरुल	आचार्य	समुद्री एंड भोजन जैव प्रौद्योगिकी
3.	डॉ एन आरुमुगम	आचार्य	जैव रसायन एंड मोलेक्यूलर प्लांट ब्रीडिंग
4.	डॉ ए हन्ना रेचेल वासंती	आचार्य	जैव रसायन शास्त्र, बयोकेमिकल फार्माकॉलाजी एंड टॉक्सीकोलॉजी, हेर्बल ड्रग विकास
5.	डॉ बी सुधाकर	आचार्य	स्टेम सेल बयोलॉजी & नैनो जैव प्रौद्योगिकी
6.	डॉ लता शुक्ला	सहायक आचार्य	प्लांट मोलेक्यूलर बयोलॉजी & फ्री रेडिकल रिसर्च
7.	डॉ प्रशांत. के	सहायक आचार्य	चिकित्सा सूक्ष्म जैविकी & इम्म्युनोलॉजी
8.	डॉ वी वेंकटेश्वर शर्मा	सहायक आचार्य	माइक्रोबियल जैव प्रौद्योगिकी
9.	डॉ अरुणकुमार धयालन	सहायक आचार्य	इपिजेनेटिक्स, प्रोटीन इंजीनियरिंग

विद्यार्थियों की संख्या

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/ डॉक्टरेट)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	10	14	24
	II	3	10	13
पी एचडी	I	6	4	10
	II	1	1	2
	III	-	2	2
		3	3	6
		2	2	4
		7	3	10
स्नातकोत्तर डिप्लोमा	I	2	6	8
कुल		**34**	**45**	**79**

सम्मेलन/कार्यशाला/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. 07.11.2019 से 09.11.2019 तक 1. "जैव विविधता में हालिया प्रगति, जीव विज्ञान और कवक की जैव प्रौद्योगिकी" पर राष्ट्रीय सम्मेलन

विशेष व्याख्यान माला

1. 05.04.2019 को डॉ. विजय कुमार कुटाला, पीएचडी, एमएएमएस, अतिरिक्त आचार्य (बायोकेमिस्ट्री), क्लिनिकल फार्माकोलॉजी एंड थेरेप्यूटिक्स विभाग, निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज पुंजागुट्टा, हैदराबाद द्वारा 'सिंथेसिस, कैरेक्टराइजेशन एंड इवैल्यूएशन ऑफ एंटीकैंसर एंड एंटीबायोटिक प्रॉपर्टीज ऑफ माइटोकॉन्ड्रियल टार्गेटेड करक्यूमिन' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन
2. 05.08.2019 को डॉ. एस हेमैश्वर्या, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईआईटी (मद्रास), चेन्नै द्वारा 'सिनर्जिज्म एंड मल्टीटार्गेटिंग इन फाइटोमेडिसिन'विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

3. 05.08.2019 को डॉ. रत्तिनम् राजा, सहायक अन्वेषक, खाद्य विज्ञान प्रयोगशाला, भूमध्यसागरीय जैवसंसाधन और खाद्य केंद्र, विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय, अल्गार्वे विश्वविद्यालय, गैम्बेलस, पुर्तगाल द्वारा 'सूक्ष्म शैवाल की व्यावसायिक खेती की प्रक्रिया' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन
4. 30.10.2019 को डॉ. श्रीधरन नटेसन, पीएचडी, हेड, आर एंड डी स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स सैनोफी, बोस्टन, एमए, यूएसए द्वारा 'जीव विज्ञान में उभरते नवाचार - वे भविष्य में मानव स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करेंगे' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	डीबीटी अध्येतावृत्ति	22
पीएच.डी	यूजीसी-बीएसआर (एसआरएफ)	3
	सीएसआईआर(एसआरएफ)	3
	सीएसआईआर(जेआरएफ)	5
	यूजीसी-आरजीएनएफ	2
	एमएएनएफ	1
	एनएफएसटी	1
	यूजीसी-एनएफओबीसी	1
	आईसीएमआर-एसआरएफ	1
पोस्ट डॉक्टोरल	डीएस कोठारी अध्येतावृत्ति	2

मंजूर एसएपी/एफआईएसटी/नवीकरण कार्यक्रम आदि का विवरण

1. 114.0 लाख रुपए के साथ यूजीसी-एसएपी-डी आर एस फेज-II (अप्रैल 2015-16 के दौरान स्वीकृत और वर्ष 2019-20 तक जारी है)
2. आईएसएम दवाओं के विष विज्ञान अध्ययन के लिए राष्ट्रीय सुविधा (498.2 लाख रुपये स्वीकृत) 2019-2020

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 22

प्रतिष्ठित आगंतुक

1. 05.08.2019 को डॉ. रत्नम् राजा, सहायक अन्वेषक, खाद्य विज्ञान प्रयोगशाला, भूमध्यसागरीय जैव संसाधन और खाद्य केंद्र, विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय, अल्गार्वे विश्वविद्यालय, गैम्बेलस, पुर्तगाल
2. 30.10.2019 को डॉ. श्रीधरन् नटेशन, प्रमुख, अनुसंधान एवं विकास सामरिक पहल, एसएएनओएफआई, बोस्टन, एमए- यूएसए

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली

कौशल विकास कार्यक्रम, मानवीय मूल्यों और नैतिकता और उद्यमिता और स्टार्टअप गतिविधियों के तहत अनुसंधान कौशल के लिए प्रशिक्षण पर अधिक जोर देने के साथ डीबीटी के तहत विभाग के लिए स्वीकृत एम. एससी शिक्षण कार्यक्रम का कार्यान्वयन हुआ है। राष्ट्रीय मिशन को पूरा करने वाले उद्यमिता विकास कार्यक्रम के हिस्से के रूप में संकाय से कई और अनुसंधान परामर्श गतिविधियों को पूरा करने का आग्रह किया जाएगा।

5.5.4 खाद्य विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग

खाद्य प्रौद्योगिकी विज्ञान की एक ऐसी शाखा है, जिसमें खाद्य-उत्पादों की तैयारी और संरक्षण में खाद्य-विज्ञान का अनुप्रयोग किया जाता है। खाद्य विज्ञान (खाद्य प्रौद्योगिकी) उत्पादन, प्रक्रिया, वितरण, तैयारी और खाद्य के मूल्यांकन हेतु विज्ञान एवं अभियांत्रिकी की अनुप्रयुक्ति है।

खाद्य विज्ञान का चरम उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण के सिद्धांतों को समझना और आम जनता के लिए भोजन की गुणवत्ता में सुधार करना है। किसी भी सुपरमार्केट (या खुदरा स्टोर) में आपको जो खाद्य पदार्थ (विशेष रूप से पैक किए गए) मिलते हैं, उनमें खाद्य वैज्ञानिक, खाद्य प्रौद्योगिकीविद् या खाद्य इंजीनियर का कुछ योगदान होता है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और विभिन्न उद्योगों में रोजगार के कई अवसर उपलब्ध हैं। भारत सरकार अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है और प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में फूड पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया में है। यह खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास और गति को बढ़ावा देगा और इस तरह रोजगार की एक बड़ी संभावना पैदा करेगा। जैव विज्ञान विद्यापीठ के तहत खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना वर्ष 2007 में की गयी और खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा खाद्य विज्ञान और पोषण में स्नातकोत्तर और पीएच.डी कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जा रही है।

स्नातकोत्तर कार्यक्रम छात्रों को एक अभिनव पाठ्यक्रम प्रदान करके मूल्यवान वास्तविक दुनिया की अनुभूति कराकर अनुसंधान प्रयोगशाला के अवसर; और पेशेवर और उद्योग संपर्क व अनुभव और नेतृत्व कौशल प्रदान करता है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: हमारा विभाग एक अंतर्विद्यावर्ती विभाग है जिसमें विभिन्न पृष्ठभूमि और विशेषज्ञता वाले संकाय-सदस्य हैं, यथा- खाद्य इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, पोषण के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा और सूक्ष्म जैविकी विभाग। हमारे शोध कार्यक्रम खाद्य और पेय पदार्थों के भौतिक, जैविक, रासायनिक, संवेदी, पोषण और इंजीनियरिंग गुणों की समझ का विस्तार करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। हमारे पास उद्योग, पेशेवर संगठनों, शिक्षा जगत और सरकार में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्लेसमेंट का एक मजबूत रिकॉर्ड है। हमारे संकाय ने दुनिया भर के संस्थानों में प्रशिक्षित किया है; वे अपने शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार प्रयासों में व्यापक रूप से सफल रहे हैं।

विभागाध्यक्ष : डॉ. एस. जॉन डान बास्को

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ एस जॉन डान बास्को	आचार्य	खाद्य प्रोसेस इंजीनियरिंग
2.	डॉ एच प्रताप कुमार शेट्टी	आचार्य	खाद्य सूक्ष्म जैव विज्ञान, खाद्य सेफ्टी
3.	डॉ एस हरिप्रिया	सह आचार्य	न्यूट्रास्यूटिकल्स एंड फाइटोकेमिकल्स
4.	डॉ नारायणस्वामी संगीता	सहायक आचार्य	खाद्य उत्पाद विकास
5.	डॉ के वी सुनूज	सहायक आचार्य	मीट प्रोसेसिंग
6.	डॉ सेघल किरन	सहायक आचार्य	खाद्य जैव प्रौद्योगिकी & माइक्रोबयोमि बयोलॉजी

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/ पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
एम.एससी. खाद्य विज्ञान & पोषण	I	6	37	43
	II	4	32	36
एस एससी खाद्य विज्ञान & प्रौद्योगिकी	I	6	13	19
	II	7	8	15
पी एचडी खाद्य विज्ञान & पोषण	I	0	1	1
	II	0	6	6
	III	0	1	1
	IV	0	2	2
	V	2	4	6
पीएच डी खाद्य विज्ञान & प्रौद्योगिकी	I	3	4	7
	II	2	3	5
	IV	1	1	2
	V	1	2	3
कुल		**32**	**114**	**146**

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	प्रतिभा/साधन-सह-योग्यता और निःशुल्क	41
पीएच.डी	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	21
	यूजीसी जेआरएफ	10
पोस्ट डॉक्टरेट	पीडीएफडब्ल्यूएम	01

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/
अन्य किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 10

5.5.5. पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग

परिचय

पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान विभाग, जिसे पहले "सलीम अली पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ" नाम से जाना जाता था, की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी। यूजीसी की उभरती क्षेत्र योजना के तहत उत्कृष्ट विशेष विद्यापीठ के रूप में पुष्प एवं जैव विविधता का संरक्षण, पर्यावरणीय प्रदूषण, अनुश्रवण, संसाधन का पुनर्चक्रण, व्यवहार पारिस्थितिकी, वन्य जीवन पारिस्थितिकी, पारिस्थितिकीतंत्र का प्रबंधन और मानव पारिस्थितिकी जैसे विविध प्रमुख क्षेत्रों में गहन शिक्षण और शोध करने की दिशा में भारत के मुख्य भूभाग से ही नहीं, अपितु अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के विद्यार्थियों को भी अध्ययन के अवसर प्रदान करने के आशय से इसका गठन किया गया। ईएपी के तहत वर्ष 1994 में यूजीसी से विशेष सहायता प्राप्त करनेवाले विश्वविद्यालय का प्रथम विभाग यही है।

विभाग द्वारा पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर और पीएच.डी शोध कार्यक्रम चलाये जाते हैं। वर्तमान में विभाग में सात स्थाई संकाय सदस्य यथा– तीन आचार्य, तीन सह आचार्य, एक सहायक आचार्य हैं। यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई और वर्ष 2002, वर्ष 2005 और वर्ष 2009 में अध्ययन मंडल के सदस्यों से प्राप्त अनुदेशों के अनुसार आवधिक तौर पर संशोधित किया गया। वर्ष 2019 के दौरान पाठ्यक्रम का अद्यतन संशोधन किया गया। विभाग चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) का अनुपालन करता है, जिससे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अन्य विभागों से भी पाठ्यक्रम चुनकर अध्ययन करने का व्यापक विकल्प दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को अन्य विभागों के विद्यार्थी द्वारा चयन किये जानेवाले जैवप्रौद्योगिकी, आणविक जीव विज्ञान, नृविज्ञान, समाज शास्त्र और दर्शनशास्त्र जैसे उपयुक्त सॉफ्ट कोर पाठ्यक्रम का चयन करने हेतु प्रोत्साहन दिया जाता है । विभाग अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को आकृष्ट करते हुए प्रवेश दे रहा है। विद्यार्थियों को संगोष्ठियाँ, ट्युटोरियल और अन्य पाठ्यक्रम की गतिविधियों में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जाता है । विगत पाँच वर्षों में विद्यार्थियों की सफलता दर 95 प्रतिशत से अधिक है ।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: आबादी और सामुदायिक पारिस्थितिकी, गीलीभूमि की पारिस्थिरिकी, अनुप्रयुक्त पारिस्थितिकी, जैवीसांख्यिकी, संरक्षण जीव विज्ञान, पौधे-पशु में पारस्परिकता, क्षेत्र ऑर्निथालॉजी, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन, सैद्धांतिक पारिस्थितिकी , स्वास्थ्य व पर्यावरण, संसाधन प्रबंधन, पर्यावरणीय महामारी विज्ञान, औद्योगिक पारिस्थितिकी, मानव पारिस्थितिकी, वन पारिस्थितिकी, जैव-विविधता और संरक्षर्ण, कृषि पारिस्थितिकी तंत्र, परिदृश्य पारिस्थितिकी, जीव पदार्थ विद्या, सैद्धांतिक अध्ययन, पर्यावरणीय कानून और नीति, पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन, पारिस्थितिकी तंत्र का प्रबंधन, समुद्री पारिस्थितिकी, जलीय पारिस्थितिकी तंत्र, समुद्री जीववैविध्य और संरक्षण, जीआईएस और रिमोट सेंसिंग, पर्यावरणीय रेशम जैव-प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय आणविक जीवविज्ञान, जैव-उद्योग, संरचना जैव-विज्ञान, फोटोकेटलिसिस, जल गुणवत्ता और जल उपचार प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय जैव-प्रौद्योगिकी, ठोस अपशिष्ट उपचार और जलवायु परिवर्तन

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: डॉ. एस. जयकुमार

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ एस जयकुमार	आचार्य	रिमोट सेंसिंग & जीआईएस, जैव-विविधता, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन & पर्यावरणीय सूचना विज्ञान
2.	डॉ एन पार्थसारथी	आचार्य	जैव-विविधता&संरक्षण, वन पारिस्थितिकी, विविधता व लियानास, फंगी और लिचेंस की पारिस्थितिकी & वन पौधा समुदाय का कार्यकारी पारिस्थितिकी
3.	डॉ के वी देवीप्रसाद	आचार्य	सैद्धांतिक अध्ययन, पर्यावरणीय कानून व नीति, जलवायु परिवर्तन & जी आई एस
4.	डॉ डी रमणमूर्ती	सह आचार्य	पारिस्थितिकी व पर्यावरण विज्ञान के सिद्धांत, कृषि और पर्यावरण, कृषि पारिस्थितिकी तंत्र, वीड पारिस्थितिकी & बागवानी फसलों की पारिस्थितिकी
5.	श्री एस एस सुंदरवेल	सह आचार्य	पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन, भूमि पारिस्थितिकी और वैश्विक परिवर्तन
6.	डॉ एस एम सुंदरपाडियन	सह आचार्य	वन पारिस्थितिकी, जैव-विविधता और संरक्षण, संयंत्र आक्रमण, आबादी व सामुदायिक पारिस्थितिकी & जैव सांख्यिकी
7	डॉ सुजा पी देवीप्रिया (07.11.2019 से 06.11.2020 तक ईओएल पर)	सहायक आचार्य (स्तर III)	फोटो केटालसिस, जल गुणवत्ता और जल उपचार प्रौद्योगिकियाँ, पर्यावरणीय जैव-प्रौद्योगिकी, ठोस अपशिष्ट उपचार

विद्यार्थियों की संख्या

पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/ पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	20	47	67
	II	16	30	46
पी एचडी	I	0	6	6
	II	6	2	8
	III	1	1	2
	IV	3	1	4
	V	3	3	6
कुल		**49**	**90**	**139**

रोजगार की गतिविधियाँ

क्र.सं	अभिकरण का नाम	चयनित छात्रों की संख्या
1.	शोधकर्ता (स्वतंत्र)	1
2.	डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय	1
3.	तमिलनाडु वन विभाग	1
4.	डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय	1
5.	द जर्नल ऑफ एशियन बायोडाइवर्सिटि	1
6.	जेकेके मुनिराजा कॉलेज ऑफ अग्रिकल्चरल साइंसेस	1
7.	भारतीय वन अनुसंधान और शिक्षा परिषद	1

विशेष व्याख्यान-माला

1. 9.08.2019 को मिन अमीन, ऑरोविले द्वारा "विलुप्त जलवायु परिवर्तन की ओर..." व्याख्यान का आयोजन
2. 01.10.2019 को डॉ. बालचंदर, बीएनएचएस द्वारा "पक्षी और प्रवासन" और "जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता" व्याख्यान का आयोजन
3. 01.10.2019 को डॉ. शेषाद्री के.एस. (अनुसंधान निदेशक, असुम्बे वर्षा वन) द्वारा "एवोल्यूशन ऑफ पेरेण्टल केयर फ्रागस" विषयक व्याख्यान
4. 01.10.2019 को विदिशा कुलकर्णी, संरक्षणवादी द्वारा "पतले वन परियोजना का शहरी संरक्षण" विषय पर व्याख्यान का आयोजन
5. 11.03.2020 को प्रो. फ्रेडरिक लैंडी निदेशक, फ्रेंच इंस्टीट्यूट ऑफ पांडिच्चेरी द्वारा "राष्ट्रीय उद्यान - इन-सीटू संरक्षण का महत्व" और "एक मेगासिटी के बीच में एक राष्ट्रीय उद्यान को बनाए रखना कैसे संभव है? मुंबई, नैरोबी, रियो डी जनेरियो और केप के मामले " विषयों पर व्याख्यान

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	प्रतिभा छात्रवृत्ति	06
पीएच.डी	वि.अ.आ. छात्रवृत्ति	02

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 06

5.5.6 महासागर अध्ययन व & समुद्री जीव विज्ञान विभाग

वर्ष 2000 में महासागर और द्वीप अध्ययन केंद्र की स्थापना की गयी और वर्ष 2004 में इसे पूर्णतः महासागर अध्ययन व समुद्री जीव विज्ञान के नाम से अभिहित किया जा रहा है। यह विभाग अंडमान और निकोबार समूह के द्वीपों के सुरम्य राजधानी पोर्ट ब्लेयर में 12.5 एकड़ विशाल भूभाग में आकर्षक परिसर में विद्यामान है। विभाग में दोनों यानी शैक्षणिक और शोध गतिविधियों के आयोजन हेतु यूजीसी, डीएसटी तथा एमओईएस द्वारा बाह्य वित्तीय सहायता से सुव्यवस्थित आधारभूत संरचनागत सुविधा से युक्त प्रयोगशालाएँ और उपस्कर हैं। यह विभाग पोर्ट ब्लेयर में कोरल, मग्रोव और द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र सहित निर्दिष्ट अनुपम समुद्री पर्यावरण के समीप स्थित है, जिससे इन कार्यक्रमों में शिक्षण के लिए प्रवेश प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों को समुद्री जीव विज्ञान के क्षेत्र से संबंधित गहरा ज्ञान प्रदान किया जाता है। विभाग पूरे देश में विभिन्न केंद्रों पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से समुद्री जीव विज्ञान में एमएससी और पीएच.डी. दोनों कार्यक्रम प्रदान करता है। परास्नातक कार्यक्रम के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त रैंक के आधार पर प्रवेश दिया जाता है और नामांकित सभी छात्रों को प्रति माह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति की प्रस्तुति की जाती है, जो 70% उपस्थिति रखते हैं। पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा में छात्रों को प्राप्त रैंक और साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन के आधार पर पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।

- समुद्री मछलियों का वर्गीकरण और बारकोडिंग।
- प्रवाल भित्ति पर्यावरण निगरानी और कार्बन पृथक्करण।
- तटीय जैव विविधता आकलन और उनका संरक्षण।
- मत्स्य जीव विज्ञान, पारिस्थितिकी आकारिकी और स्टॉक आकलन।
- समुद्री माइक्रोबियल प्रक्रियाएं और समुद्री प्राकृतिक उत्पाद।
- समुद्री बैंथिक पारिस्थितिकी और वर्गीकरण।
- प्लवक की विविधता और वितरण।

विभागाध्यक्ष : आचार्य आर. मोहनराजु

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ पी एम मोहन	आचार्य	कोरल रीफ पर्यावरणीय अनुश्रवण और कॉर्बन सेक्युस्ट्रेशन, मियोबेंथिक अध्ययन, तटीय क्षेत्र का अनुश्रवण
2	डॉ जयंत कुमार मिश्रा	आचार्य	समुद्री जैव-प्रौद्योगिकी, समुद्री जैव-सक्रिय मिश्र का निरूपण और समुद्री जीवों से गौण चयापचय, इनड्यूस्ड ब्रीडिंग और समुद्री इनवेर्टेब्रेट्स पेरोमोने (रसायन) संचार
3	डॉ आर मोहनराजु	आचार्य	समुद्री जीव विज्ञान, माइक्रोबियल पारिस्थितिकी समुद्री माइक्रोबियल प्रक्रियाएँ, सिंबायोटिक बैक्टीरिया से प्रधान व गौण चयापचय, पाथोजेनिक सूक्ष्म जीव
4	डॉ गादि पद्मावती	सहायक आचार्य	समुद्री जीव विज्ञान, समुद्री प्लान्क्टोन, मछलियाँ और मछली पालन
5	डॉ एस वेणु	सहायक आचार्य	समुद्री जीव विज्ञान, मत्स्य विज्ञान, गहरा समुद्र और तटीय मछली वर्गीकरण, मत्स्य पालन
6	डॉ टी गणेश	सहायक आचार्य र	समुद्री जीव विज्ञान और स्थूल बेंथिक समुदाय अध्ययन
7	डॉ के ए जयराज	सहायक आचार्य	बेंथिक पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अध्ययन

विद्यार्थियों की संख्या

पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	17	31	48
	II	24	22	46
पीएच.डी	I	3	3	6
	II	8	2	10
	III	1	1	2
	IV	6	2	8
	V	5	1	6
कुल		**64**	**62**	**126**

विशेष व्याख्यान

1. दि.15.10.2019 को भारतीय नौसेना के कमांडर संजय केस्टीवाल द्वारा 'हाइड्रोग्राफी का परिचय' विशेष व्याख्यान।

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	कुल
स्नातकोत्तर	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय मासिक छात्रवृत्ति	94
पीएच.डी	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति	15
	राजीवगांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	2
	उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति	1
	परियोजना सहायक	3
पोस्ट डॉक्टोरल		1

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 01

प्रतिष्ठित आगंतुक

1. दि. 26.09.2019 को प्रो. डी. आर. स्वामी जेएसएस तकनीकी शिक्षा अकादमी, बैंगलोर द्वारा "दक्षिणी क्षेत्र के लिए डीएसटी-एफआईएसटी कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन"

5.5.7 जैव सूचना विज्ञान केंद्र

वर्ष 1991 में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), भारत सरकर के उप वितरित सूचना केंद्र (सब-डी आई सी) के रूप में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में जैव सूचना विज्ञान केंद्र का आरंभ किया गया था। जैव सूचना विज्ञान के विविध क्षेत्रों में मानव शक्ति को प्रशिक्षित करना और शोधकार्य करना इस केंद्र का आशय है। इस केंद्र के द्वारा की गई प्रगति को मान्यता देते हुए इस केंद्र को वर्ष 2002 में पूर्णतः केंद्र स्तर पर उन्नत किया गया। यह केंद्र वर्ष 2007 में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी), भारत सरकार द्वारा जैव सूचना विज्ञान क्षेत्र में शोध व प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्ट केंद्र के रूप में पहचान गया। इस केंद्र से संबंधित विवरण www.bicpu.edu.in में उपलब्ध है।

विभाग में 11 संकाय सदस्य, 1 सूचना अधिकारी, तीन वरिष्ठ तकनीकी सहायक और एक सहायक हैं। केंद्र में 50 से अधिक शोधार्थी और 100 छात्र नामांकित हैं। संकाय-सदस्यों की विशेषज्ञता के क्षेत्र काफी विविध हैं जो विभाग की अंतर्विद्यावर्ती प्रकृति को दर्शाते हैं। यह जैविक प्रणालियों के गणितीय मॉडलिंग, अनुक्रम विश्लेषण, बायोफिज़िक्स, संरचनात्मक जीव विज्ञान, द्वि-आणविक क्रिस्टल संरचनाओं और कंप्यूटर विज्ञान इत्यादि से संबंधित है।

वर्ष 2007 से इस केंद्र में जैव सूचना विज्ञान में एम.एससी. कार्यक्रम विश्विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा "नवीकरण कार्यक्रम – अंतः विषय और उभरते क्षेत्र में शिक्षा और शोध" की योजना के तहत समर्थित है। वर्ष 2009 में इस केंद्र में पीएच डी कार्यक्रम शुरू हुआ। केंद्र में वर्ष 2010 में डीबीटी द्वारा पूर्णतः निधियों के समर्थन से मदुरै कामराज विश्वविद्यालय, मदुरै और अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नै के साथ मिलकर कंप्युटेशनल जीविविज्ञान में नेटवर्क एम.एससी. कार्यक्रम का आरंभ किया गया। भारत में पहली बार यह इस प्रकार का पाठ्यक्रम था और अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नै के सहयोग से वर्ष 2014 में कंप्युटेशनल जीव विज्ञान में एम.टेक कार्यक्रम तक इसका प्रवर्धन किया गया। इस केंद्र के अपने आरंभिक दौर में (1991-2010) जैव सूचना विज्ञान में मॉड्युलर पाठ्यक्रम एवं उन्नत स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी चलाए गए ।

वर्ष 2012 में, यूजीसी विशेष सहायता कार्यक्रम डीआरएस- I कार्यक्रम (2012-2017) के तहत विशेष निधियों के आबंटन हेतु यूजीसी ने इस केंद्र को मान्यता दी। इस केंद्र को 2015-2020 की अवधि के लिए डीएसटी एफआईएसटी का समर्थन प्राप्त हुआ। इस केंद्र को 2008-2014 की अवधि के लिए डीईआईटीवाई, भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट केंद्र पुरस्कार भी प्रदत्त है।

केंद्र ने जैव सूचना विज्ञान (आईओबी), बंगलूरू और यूनिवर्सिटी ऑफ साइन्ना, इटली के साथ संयुक्त शोध और पीएच.डी मार्गदर्शन हेतु समझौता ज्ञापन किया। इस समझौता ज्ञापन के तहत इस केंद्र के पीएच.डी शोधार्थी संयुक्त शोध के लिए इन प्रयोगशालाओं का दौरा कर सकते हैं ।

सभी छात्रों, शोधार्थियों और आचार्यों को चौबीसों घंटे कंप्यूटिंग सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। केंद्र ने परिष्कृत उपकरणों के साथ एक अलग वेट लैब सुविधा स्थापित की है। पिछले अधिकांश छात्रों को विभिन्न प्रमुख शोध संस्थानों और उद्योगों में रोजगारी प्राप्त है। उनमें से कई विदेश में उच्च अध्ययन कर रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, केंद्र ने अनुक्रम विश्लेषण, आण्विक मॉडलिंग, संरचनात्मक जीव विज्ञान, डेटाबेस विकास आदि के क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों को शुरू किया है, और कई पत्र सहकर्मी-समीक्षित अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। संकाय और छात्रों को विभिन्न वित्त पोषण एजेंसियों जैसे जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-जेआरएफ / एसआरएफ, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, जैव सूचना विज्ञान राष्ट्रीय प्रमाणपत्र (बीआईएनसी) डीएसटी- इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च (इंस्पायर) और राजीव गांधी नेशनल फेलोशिप इत्यादि से परियोजनाएं / अध्येतावृत्ति प्राप्त हुई हैं।

विश्वविद्यालय ने सभी कमरों के लिए पूर्ण यूपीएस पावर बैक अप के साथ लगभग 35000 वर्गफुट की एक अलग अत्याधुनिक इमारत के साथ केंद्र का समर्थन किया। भवन में 3 कंप्यूटर लैब, 13 संकाय कक्ष, संकाय-सदस्यों के लिए 13 अलग-अलग अनुसंधान प्रयोगशालाएँ, कॉमन वेट लैब, कॉमन इंस्ट्रूमेंट रूम, लाइब्रेरी, क्लास रूम और एक सेमिनार हॉल है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: आण्विक जीव विज्ञान, सिस्टम्स बायोलोजी, डीएनए-प्रोटीन इंटरेक्शन्स, जीनोमी सीक्वेंस विश्लेषण, प्रोटीन स्ट्रक्चर नमूना, आण्विक नमूना, एक्स-रे क्रिस्टालग्रफी, ड्रग डिजाइन,

मेटाबोलिक पाथवेस एंड पुनःनिर्माण, कण संकेत, सिंगल पार्टिकल विश्लेषण, चिकित्सीय रसायनिकी

विभागाध्यक्ष : डॉ.ए.दिनकर राव

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ बसंत के तिवारी	आचार्य	आण्विक मूल्यांकन व प्रणाली जीव विज्ञान
2.	डॉ दिनकर राव	आचार्य	कण संकेत, मालिक्युलर एंटोमोलॉजी और जैव रसायन
3.	डॉ पी टी वी लक्ष्मी	आचार्य	फिटोमेटिक्स, जीनोमिक्स और प्रोटोमिक्स, सैनोबैक्टीरिया से जैव इंधन
4.	डॉ आर कृष्णा	सह आचार्य	एक्स-रे क्रिस्टाल्लोग्रफी (प्रोटींस), मालिक्युलर नमूना (प्रोटीन व डी एन ए)
5.	डॉ एम सुरेश कुमार	सहायक आचार्य	वायरल प्रोटीन पर संरचनात्मक अध्ययन, प्रोमोसक्यूटी ऑफ एंटीबॉडीस, वायरल प्रोटीसेस के लिए इनहिबिटर्स
6.	डॉ अर्चना पान	सहायक आचार्य	तुलनात्मक जीनोमिक्स, ऑणवीय मूल्यांकन, ड्रग डिजाइन
7.	डॉ आर अमृता	सहायक आचार्य	कंप्युटेशनल जीव विज्ञान, ऑणवीय डायनमिक्स, सिम्युलेशन्स, ड्रग डिजाइन
8.	डॉ सय्यद इब्रहीम	सहायक आचार्य	मेक्रोमालिक्यूल क्रिस्टल्लोग्रफी, प्रोटीन-प्रोटीन इंटराक्शन विश्लेषण, वेनोम प्रोटीन अध्ययन
9.	डॉ ए मुरली	सहायक आचार्य	संरचनागत जीव विज्ञान, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रोन माइक्रोस्कोपी, एकल अभ्यास विश्लेषण, नानो-जैव प्रौद्योगिकी
10.	डॉ मोहने कौमर	सहायक आचार्य	ड्रग डिजाइन और चिकित्सीय रसायन विकास
11.	डॉ वी अमौदा	सहायक आचार्य	डाटाबेस प्रबंधन प्रणाली, अल्गोरिथम्स

विद्यार्थियों की संख्या

पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/ पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर (एम.एससी. जैवसूचना विज्ञान)	I	9	22	31
	II	9	23	32
स्नातकोत्तर (एम.टेक कंप्युटेशनल जीव विज्ञान)	I	5	4	9
	II	3	10	13
पीएच डी	I	4	7	11
	II	5	9	14
	III	2	2	4
	IV	5	4	9
	V	1	0	1
कुल		**43**	**81**	**124**

रोगजार संबंधी गतिविधियाँ

क्र सं	अभिकरण का नाम	चयनित विद्यार्थियों की संख्या
1.	इल्ल्यूम जेन्न इंडिया एलएलपी, बंगलूरु	3

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. दि.18.12.2019 को "माइक्रोमॉलिक्युलर क्रिस्टलोग्राफी" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
2. दि.12.12.2019 से दि.13.12.2019 तक "नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग : एनजीएस, मिथ ऑर मिराकिल" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

विशेष व्याख्यान-माला

1. दि.11.03. 2020 को डॉ. चल्ला सुरेश, वैज्ञानिक एफ और वरिष्ठ उप निदेशक, कण और आण्विक जीवविज्ञान विभाग, आईसीएमआर, भारत सरकार, हैदराबाद द्वारा "मानव मस्तिष्क कोशिकाओं में लीड (पीबी 2+) और एमिलॉयड पेप्टाइड्स और उनके विषाक्त तंत्र का हानिकारक प्रभाव: ईजीसीजी द्वारा संभावित संरक्षण" विशेष व्याख्यान।
2. 14.02.2020 को डॉ जोसेफ सेल्विन, आचार्य, सूक्ष्मजैविकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा "डिजाइन और सिंथेटिक जीनोम का निर्माण" विशेष व्याख्यान।
3. 07.02.2020 को डॉ राजकुमार ईरप्पा, एसोसिएट प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद द्वारा "यूएचआरएफ1-एसआरए डुप्लेक्स डीएनए से 5 मिथाइल साइटोसिन में से बिना किसी फ्लिप और दोहरी फ्लिप के असममित और सममित गैर सीजी-मिथाइलेटेड डीएनए को पहचानता है। 5-मिथाइल साइटोसिन को फ्लिप करने या न फ्लिप करने का निर्णय कौन करता है? " विषयक व्याख्यान ।
4. 06.09.2019 को डॉ. आर. वेंकटेशन, आचार्य, रसायन विज्ञान विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा "रसायन विज्ञान और सूचना विज्ञान"।
5. 08.08.2019 को डॉ रिचर्ड कुमरन कंदसामी, सह आचार्य, क्लिनिक और आणविक चिकित्सा विभाग, नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक, नॉर्वे द्वारा "इनेट इम्युनिटी के उपन्यास नियामकों की पहचान करने के लिए सिस्टम दृष्टिकोण" विषयक व्याख्यान।
6. 01.07.2019 को डॉ कामेश्वर राव बद्री, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ फार्माकोलॉजी एंड टॉक्सिकोलॉजी, अटलांटा यूएसए द्वारा "स्वास्थ्य और रोगों और उपचारों में एडिपोजेनेसिस" विषयक व्याख्यान ।
7. 12.04.2019 को डॉ. पूनम सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीएसआईआर- सेंट्रल इलेक्ट्रोकेमिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, कारैकुडि, तमिलनाडु द्वारा "एक उपन्यास वैज्ञानिक उपकरण का परिचय: फोल्डस्कोप" व्याख्यान।
8. 12.04.2019 को प्रो. संजीव कुमार सिंह, जैव सूचना विज्ञान विभाग, अलगप्पा विश्वविद्यालय, कारैकुडि द्वारा "संभावित एंटीवायरल की पहचान करने के लिए ड्रग डिस्कवरी और अन्य कम्प्यूटेशनल रणनीतियाँ" विषय पर व्याख्यान।

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य कोई वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्यतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	डीबीटी विद्यार्थीवृत्ति	1
	डीबीटी छात्रवृत्ति	22
पीएच डी	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	11
	इनस्पेयर	1
	कोई अन्य (बीआईएनसी)	3

मंजूर किये गए एसएपी/एफआईएसटी/नवीनतम कार्यक्रमों का विवरण

डीएसटी-एफआईएसटी कार्यक्रम वर्ष 2015 से जारी है ।

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 03

प्रतिष्ठित आगंतुक

श्री प्रभु दैवशिखामणि - डिलिजेंस बायो प्राइवेट लिमिटेड, तूत्तुपेट, पुदुच्चेरी, डॉ त्यागराजु, प्राचार्य एवं संकायाध्यक्ष, एस वी विश्वविद्यालय, तिरुपति, डॉ अमुदा संथानम -आचार्य, राष्ट्रीय नैनोविज्ञान एवं नैनो प्रौद्योगिकी केंद्र, मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नै, आचार्य एस.बीबी बब्बर, वनस्पति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, आचार्य अप्पा राव पोदिले - कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय, आचार्य. के. कण्णन् - हरियाणा, आचार्य सुख महेंद्र सिंह - जैवप्रौद्योगिकी विद्यापीठ,

बीएचयू, वाराणसी, के. अनीश, जिफो आर एंड डी सॉल्यूशंस, चेन्नै, डॉ. रूपेश देशमुख, राष्ट्रीय कृषि, खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएबीआई) मोहलुई, पंजाब, डॉ. भाबातोष दास - टीएचएसटीआई - एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद, डॉ दिव्या चंद्रन - आरसीबी एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद, श्रीनिवासदा आर चिन्नी, वेन स्टेट यूनिवर्सिटी, डेट्रॉइट, एमआई, आचार्य डी. वेलमुरुगन - एमर्टिटस प्रोफेसर, क्रिस्टलोग्राफी और बायोफिज़िक्स में सीएएस, मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नै, आचार्य एएन मिश्रा, कुलपति - खलीकोट विश्वविद्यालय, ओडिशा, आचार्य एनआर जगन्नाथन- चेट्टीनाड अस्पताल, एस.चंद्रशेखरन् - जोह्स हॉपकी आईएनएस विश्वविद्यालय, सौरभ कुमार, राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान, आईआईएससी परिसर, आचार्य के.आर.एस. संबाशिव राव - कुलपति, मिजोरम विश्वविद्यालय, मिजोरम, आचार्य एडाथिल- आईसीएमआर-यूजीएस अतिथि आचार्य, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, कोच्चिन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, डॉ. चल्ला सुरेश, एनआईएन, हैदराबाद।

आधारभूत संरचना का विकास

1. लब जल शोधन प्रणाली
2. आर्बिटल शेकिंग इनक्यूबेटर
3. टेल्सा सर्वर 2 नंबर (एसएएमएस/रैम्स)
4. डिस्कवरी स्टूडियो सॉफ्टवेयर, श्रोडिंगर सॉफ्टवेयर

ए. कंप्यूटर्स और संचार सुविधा

टेस्ला जी पी यू सर्वर(3), जियोन क्वाड कोर सर्वर्स (4), जियोन क्लस्टर सर्वर (3), इटानियम सर्वर, ए एम डी ओप्टेरन सर्वर, विप्रो जियोन सर्वर, एच पी वर्क स्टेशन (5), सिलिकॉन ग्राफिक्स फ्यूयल मशीन, एपिल आईमॉक (2), एच सी एल/एच पी इंटेल कोर आई2/कोर 2 डुयो वर्क स्टेशन (145)-विंडोज और लाइनक्स ऑपरेटिंग प्रणालियों में कार्य की सुविधा हैं।

विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक और शोध संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आधुनिक कंप्यूटिंग सुविधाएँ और दिन भर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हैं।

बी. वेट लैब

केंद्र द्वारा अलग से वेट लैब सुविधा का विकास किया गया। इस प्रयोगशाला में उच्च निष्पादन का द्रव क्रोमटोग्रफी (ए के टी ए-एच पी सी एल), यू वी-दृश्यमान स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, ई एल आई एस ए रीडर, गेल प्रलेखीकरण प्रणाली, पी सी आर तापीय साइक्लेर, -80°सेंटीग्रेड डीप फ्रीजर्स, -20°सेंटीग्रेड फ्रीजर, रिफ्रिजिरेटड टेबुल टॉप सेंट्रिफ्यूज, क्वाट्र्ज डिस्टिल्लेशन इकाई, जल शुद्धीकरण प्रणाली, बेंच से फ्रीज ड्रैयर, सीधे गेल उपस्कर, क्षितिज गेल उपस्कर, पश्चिमी ब्लॉट उपस्कर, यू वी इल्युमिनेटर और पीएच मीटर आदि उपस्करों का प्रावधान हैं। इस केंद्र में कण संस्कृति सुविधा की स्थापना कार्य जारी है।

सी. वैज्ञानिक सॉफ्टवेयर पैकेज

डिस्कवरी स्टूडियो 3.1, अंबेर 11, ऑटोडॉक, डोक, मोडेल्लर, ग्रोमोस 96, वी-लाइफ, वाटिफ, ईएमबीओएसएस, बयोइडिट, फ्रेड, कोन्सेड, गेनेस्केन, सांख्यिकी, मेगा, आर

डी. शोध & सेवा

आंतरिक संसाधनों से विकसित और वेब सर्वर में प्रदर्शित www.bicpu.edu. में उपलब्ध एक विशेष वेबसाइट का रखरखाव केंद्र द्वारा किया जाता है। पाठ्यक्रमों, प्रवेश, पाठ्य विवरण, संगोष्ठी संबंधी अधिसूचनाएँ व प्रशिक्षणशिप/स्टूडेंटशिप/जेआरएफ के लिए विविध अवसर से संबंधित जानकारी आवधिक रूप से अद्यतन किया जाता है। इस साइट से जैव सूचनाविज्ञान से संबंधित विषयों को डाउनलोड कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त केंद्र में डोमाइन नेम सर्वर (डीएनएस), डाटाबेस सर्वर, ई-बुक इंट्रानेट सर्वर, प्रोक्सी सर्वर और क्लस्टर कंप्यूटिंग सर्वर भी हैं।

कार्यप्रणाली - 2020-2021

- प्रस्ताव की प्रस्तुति एफआईएसटी/एसएपी चरण-द्वितीय-आरंभ
- मौजूदा कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाना और डीबीटी से उत्कृष्टता केंद्र प्राप्त करने का प्रयास करना।

- हम एक एड ऑन सायं पाठ्यक्रम के रूप में जैव सूचना विज्ञान में डिप्लोमा कोर्स आरंभ करना चाहते हैं जो विश्वविद्यालय में अन्य विज्ञान विषयों के छात्रों के लिए प्रयोजनकारी सिद्ध होगा।
- केंद्र जैवसूचना विज्ञान और कम्प्यूटेशनल जीवविज्ञान में विशेष व्याख्यान, प्रशिक्षण और लघु अवधि के पाठ्यक्रम आयोजित करनेवाला है।
- वेट लैब को सुदृढ़ बनाना
- स्ट्रक्चरल बायोलॉजी, जीनोमिक्स और प्रोटिओमिक्स, मॉलिक्यूलर मॉडलिंग, ड्रग डिजाइन, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी, ट्रांसलेशनल रिसर्च जैसे विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा अनुसंधान कार्यक्रम को सुदृढ़ करना और दृतगति से अनुसंधान कार्य में प्रवर्तन करना

अतिरिक्त समाचार

अमौदा वि.

1. 27 फरवरी, 2020 को भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन और पांडिच्चेरी विज्ञान मंच के संयुक्त तत्त्वावधान में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, क्षेत्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया।
2. प्लेसमेंट समन्वयक के रूप में तीन छात्रों को केंद्र में अंतिम परीक्षाएँ आयोजित कराकर एक कंपनी में रोजगार दिलाने में सफल।
3. 15 जून, 2020 को एक पूर्व छात्र समन्वयक के रूप में ऑनलाइन पूर्व छात्र बैठक : ई-कनेक्ट का आयोजन किया।

5.6 मानविकी विद्यापीठ

विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग व केंद्रों का संयोजन हैं ,

1. अंग्रेजी विभाग
2. फ्रांसीसी-भाषा विभाग
3. हिंदी विभाग
4. संस्कृत विभाग
5. दर्शन विभाग
6. फिजिकल एजुकेशन व खेल विभाग
7. विदेशी भाषा केंद्र
8. एस्कांडे ऐशियायी ईसाई अध्ययन केंद्र

विद्यापीठाध्यक्ष : **आचार्य के. श्रीनिवास** (25.12.2019 तक)

आचार्य के. श्रीनिवास (07.02.2020 से)

5.6.1 अंग्रेजी विभाग

दि.1 दिसंबर, 1986 को स्थापित विश्वविद्यालय के अत्यंत पुराने विभागों में अंग्रेजी विभाग एक है और प्रारंभ से देश के सभी क्षेत्रों से विद्यार्थियों तथा शोधार्थी को आकृष्ट करनेवाला शिक्षा केंद्र और अनुसंधान का कार्यक्षेत्र रहा है। आरंभ से ही तुलनात्मक साहित्य को प्राथमिकता देते हुए तुलनात्मक साहित्यिक सिद्धांत और अंग्रेजी एवं अन्य साहित्यों के बीच तुलनात्मक साहित्यिक अध्ययन को बढ़ावा देता रहा। हाल ही में, अनुवाद अध्ययन, सांस्कृतिक अध्ययन, पारिस्थितिकी अध्ययन, दलित अध्ययन एवं दिव्यांग अध्ययन इत्यादि कई क्षेत्र प्रमुख अध्ययन के क्षेत्रों के रूप में उभरकर सामने आये हैं जिनके प्रति संकाय व विद्यार्थियों में बडी जिज्ञासा है और यह विषय-विविधता अपनी अंतर-विद्यावर्ती और अंतर-विभागीय अंतर्दृष्टि संकाय-सदस्य और छात्रों के बीच समान रूप से प्रेरक है। ।

हमारे एमए पाठ्यक्रम की विशेषता अनुसंधान परियोजना है जो छात्रों की ओर से व्यक्तिगत पहल और स्व-अध्ययन को प्रोत्साहित करती है। एमए पाठ्यक्रम के लिए अध्ययन के उभरते क्षेत्र- जैसे मीडिया अध्ययन, पोस्टकोलोनियल स्टडीज, और जेंडर स्टडीज के साथ-साथ विशेष ऐच्छिक की सरणी पारंपरिक और आधुनिकता का एक आदर्श मिश्रण बनाती है। अंग्रेजी में व्यावसायिक संचार पर स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (पीजीडीपीसीई) को एक एड-ऑन सायं पाठ्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया गया है ताकि अन्य विभाग के छात्रों, परिसर में रहनेवालों और बाहर नौकरी करने वालों की मांगों को पूरा किया जा सके।दक्षता के साथ भाषा-प्रयोग करने में कुशलता हासिल करने के लिए लगन तथा प्रतिबद्धता के साथ यह कार्यक्रम किया जाता है । अभी

हाल ही में विभाग ने रजत जयंती समारोह मनाया है और इस अवसर पर प्रण लिया कि शैक्षणिक मानकों को बढावा देकर पथ प्रदर्शक बने तथा समाज एवं राष्ट्र की सेवा प्रतिबद्धता से करे। अंग्रेजी विभाग के संकाय-सदस्य विविध अन्य सह विषयों में तेजी से उभरनेवाले पाठ्यक्रमों के लिए प्रयोजनमूलक अंग्रेजी कक्षाओं का संचालन भी करते हैं। इस विभाग को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्नातक कार्यक्रम, सामर्थ्यपूर्ण रोजगार अवसर प्रदान करने में एक उत्कृष्ट विभाग के रूप में गौरव प्राप्त है ।

विभागाध्यक्ष : डॉ. एच. कल्पना

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ सुजाता विजयराघवन	आचार्य	अंग्रेजी में भारतीय लेखन, अनुवाद अध्ययन, पोस्टोकोलोनिकल अध्ययन, लोकगीत का अध्ययन व मौखिक साहित्य
2.	डॉ एच कल्पना	आचार्य	कनडियन साहित्य, कॉमनवेल्त साहित्य, नरीवादी सिद्धांत एवं महिला साहित्य
3.	डॉ क्लेमेंट एस लॉर्डेस	आचार्य	अंग्रेजी में भारतीय लेखन तथा अनुवाद अध्ययन
4.	डॉ टी मार्क्स	आचार्य	तुलनात्मक साहित्य, नाटक, मातहत अध्ययन व अनुवाद
5.	डॉ बिनु जकरैया	सह आचार्य	तुलनात्मक साहित्य, उपन्यास तथा अंग्रेजी भाषा शिक्षण
6.	डॉ के रेश्मी	सह आचार्य	नारीवाद लेखन, पारिस्थितिकी तुलनात्मक साहित्य, कनडियन साहित्य
7.	डॉ उज्ज्वल जाना	सह आचार्य	भारतीय सौंदर्यशास्त्र, भारतीय साहित्य, अंग्रेजी में भारतीय लेखन
8.	डॉ लखिमय मिलि	सह आचार्य	अंग्रेजी में भारतीय लेखन, क्रियाशील लेखन और अंग्रेजी भाषा शिक्षण
9.	डॉ एस विशाखा देवी	सह आचार्य	तुलनात्मक साहित्य, काव्य और अनुवाद अध्ययन

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/ पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	19	75	94
	II	23	68	91
पी एचडी	I	1	1	2
	II	1	4	5
	III	1	4	5
	IV	5	6	11
	V	1	2	3
एड ऑन पाठ्यक्रम	I	8	5	13
कुल		**59**	**165**	**224**

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	प्रतिभा छात्रवृत्ति	06
	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में इंटर्नशिप	02

स्वीकृत एसएपी/ एफआईएसटी/ नवीनतम कार्यक्रमों आदि का विवरण :

1. रू. 92 लाख की राशि के लिए 'भाषा, साहित्य, संस्कृति और समाज के शिक्षण के माध्यम से जिम्मेदार वैश्विक नागरिकता का विकास'।
2. रू. 75 लाख की राशि के लिए 'भारतीय रिम में डिजिटल मानविकी'।

प्रतिष्ठित आगंतुक

1. हरीश त्रिवेदी, आचार्य (सेवा निवृत्त) अंग्रेजी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
2. जुडित मोलनार, सह आचार्य, मानविकी विद्यापीठ, डेब्रेकॉन विश्वविद्यालय, हंगरी
3. प्रभज्योत परमार, सह आचार्य, फ्रेजर वैली विश्वविद्यालय, अबोट्सफोर्ड परिसर, केनडा

5.6.2 फ्रांसीसी भाषा विभाग

वर्ष 1987 में स्थापित फ्रांसीसी भाषा विभाग शिक्षा और शोध में उच्च मानकों को बनए रखने के लिए प्रयासरत है । एम.ए. फ्रांसीसी-भाषा (अनुवाद एवं तर्जुमा) एवं फ्रांसीसी भाषा में पीएच.डी के पाठ्यक्रम विभाग के द्वारा संचालित हैं। संकाय सदस्यों को फ्रांसीसी भाषा और साहित्य में प्रशिक्षित किया जाता है। फ्रांसीसी अनुवाद और व्याख्या में दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री छात्रों को अनुवादक, शिक्षक, सहायक प्रोफेसर और कार्यकारी जैसे सफल नौकरियों के लिए तैयार करती है। विभाग में 100% प्लेसमेंट है; इसके पूर्व छात्र ज्यादातर शिक्षण पेशे में, या रेनॉल्ट - निसान, कॉग्निजेंट, टीसीएस, इंफोसिस, अर्न्स्ट एंड यंग, या एचएसबीसी, सोसाइटी जेनरेल और ड्यूश बैंक जैसे कॉर्पोरेट जगत की प्रतिष्ठित कंपनियों में भाषा विशेषज्ञों के रूप में भलीभांति प्रतिष्ठित हैं।

प्रमुख अध्ययन-क्षेत्र: फ्रांसीसी भाषा, भाषा विज्ञान, सभ्यता, अनुवाद व तर्जुमा, फ्रांस व फ्राकोफोन साहित्य, एक विदेशी भाषा के रूप में फ्रांसीसी का शिक्षण

विभागाध्यक्ष : डॉ. एस. पन्नीरसेल्वमे

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ एस पन्नीरसेल्वमे	आचार्य	फ्रांसीसी भाषा, भाषा विज्ञान, अनुवाद और एफएलई
2.	डॉ. नलिनी जे. थंपी	आचार्य	फ्रांसीसी और फ्रांकोफोन साहित्य, तुलनात्मक साहित्य तथा नारी लेखन
3.	डॉ सी. तिरुमुरुगन	सह आचार्य	फ्रांसीसी साहित्य और तुलनात्मक साहित्य
4.	सुश्री शर्मिला अचरीफ	सहायक आचार्य	फ्रांसीसी साहित्य और तुलनात्मक साहित्य
5.	डॉ जयपाल शर्मिलि	सहायक आचार्य	फ्रांसीसी और फ्रांकोफोन साहित्य
6.	डॉ रितु त्यागी	सहायक आचार्य	फ्रांसीसी और फ्रांकोफोन साहित्य तथा नारी लेखन

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	15	41	56
	II	13	35	48
डॉक्टरेट	I	0	4	4
	II	1	3	4
	IV	3	4	7
	V	0	5	5
कुल		**32**	**92**	**124**

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ

क्र.सं	अभिकरण का नाम	चयनित छात्रों की संख्या
1.	डाटामार्क	4
2.	अमेजोन	10
3.	कोल्ट टेक्नालोजीस	1
4.	ग्लोबल विस्टा प्वाइंट & एलियंस फ्रांकाइस, पांडिच्चेरी	1
5.	टाटा कन्सल्टेंसी सर्वीसेज़	6
6.	अकाडेमी ऑफ लिली, फ्रांस	1

7.	अकाडेमी ऑफ रूइन, फ्रांस	1
8.	अकाडेमी ऑफ अमीन्स, फ्रांस	1
9.	महर्षि विद्यामंदिर, पांडिच्चेरी	1

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. दि. 26.02.2020 & 27.02.2020 को "कालापन्नी क्रासिंग्स #2 : डायास्पोरा एंड जेंडर" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त समाचार (यदि कोई हो तो)

नलिनी जे. थम्पी

1. 15.09.2019 और 16.09.2019 को विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन में विदेशी भाषाओं में आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए जांच समिति के विशेषज्ञ ।
2. 13.01.2020 को फ्रेंच, बैंगलोर विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में सीएएस के लिए चयन समिति के विशेषज्ञ।
3. पीयर-रिव्यू किए गए इंटरनेशनल जर्नल, 'कैरेवेती' (बीएचयू, वाराणसी द्वारा प्रकाशित), और इंडियन जर्नल्स, 'रिफ्लेक्सियंस' और 'ऑप्टिक' (ईएफएलयू, हैदराबाद द्वारा प्रकाशित) की संपादकीय गण में विशेषज्ञ।
4. फ्रांसीसी भाषा में पीएच.डी. के लिए परीक्षक : पंजाब विश्वविद्यालय, गोवा विश्वविद्यालय, बैंगलोर विश्वविद्यालय और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय की पीएच.डी शोधप्रबंध की परीक्षक ।
5. सदस्य, भाषा अध्ययन बोर्ड, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय। सदस्य, विदेशी भाषा अध्ययन बोर्ड, अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद और मणिपाल विश्वविद्यालय।
6. 2019-20 के दौरान, एमओयू समन्वय के तहत, छात्र विनिमय कार्यक्रम के अनुसार, फ्रांसीसी सरकार से चारपाक छात्रवृत्ति के साथ समझौता ज्ञापन विनिमय कार्यक्रम के तहत एमए (फ्रेंच) के 4 छात्रों ने लियोन लूमियर 2 (फ्रांस) विश्वविद्यालय में अपना तीसरा सत्र पूरा किया और 1 छात्र ने बोर्डोक्स(3)विश्वविद्यालय में अपना तृतीय सत्र पूरा किया।

5.6.3 हिंदी विभाग

वर्ष 1993 में हिंदी विभाग की स्थापना हुई। विभाग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है और हिंदी भाषा और साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों और हिंदी के अनुप्रयुक्त एवं कार्यात्मक पहलुओं जैसे अनुवाद, मीडिया, तुलनात्मक अध्ययन, भाषा प्रौद्योगिकी, विभिन्न समकालीन पाठ्य आदि में गहन अध्ययन और अनुसंधान की सुविधा प्रदान कर रहा है। हिंदी विभाग की पाठ्यप्रणाली की संरचना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नमूने पाठ्यक्रम पर आधारित है और समय-समय पर अकादमिक निकायों के उचित अनुमोदन के साथ विशेषज्ञों के परामर्श से पाठ्यप्रणाली को अद्यतन किया जाता है। विभाग के संकाय सदस्यों ने समकालीन प्रासंगिक और उभरते क्षेत्रों पर पाठ्यक्रम तैयार करके अध्यापन भी आरंभ किया है जिन्हें वैकल्पिक और सॉफ्टकोर पाठ्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इनमें से कुछ पाठ्यक्रम अंतर्विद्यावर्ती प्रकृति के हैं और इसका उद्देश्य छात्रों के करियर के विकास के लिए उनके कौशल का पोषण करना है। कुछ पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम में भी पेश किए जाते हैं। विभाग भारतीय भाषाओं में कंप्यूटिंग के क्षेत्र में ई-साक्षरता फैलाने और शिक्षण, अधिगम तथा मूल्यांकन प्रक्रिया में नवीन प्रथाओं को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से परिपुष्ट शिक्षण, बहुभाषाई कंप्यूटिंग, सेमिनार, इंटरैक्टिव कक्षाएं, समूह चर्चा, आंतरिक और बाहरी मूल्यांकन, अभ्यास आदि से शिक्षण और अधिगम को समृद्ध किया जा रहा है। विभाग एमओओसी पाठ विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो विश्वविद्यालय के छात्रों को खुले ऑनलाइन-अधिगम और मिश्रित शिक्षानुभव के कई अवसर प्रदान करता है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र : काव्य, काल्पनिक साहित्य, तुलनात्मक साहित्य, नाटक, प्रयोजनमूलक हिंदी और अनुवाद, भाषा विज्ञान, पत्रकारिता & नवीन मीडिया अध्ययन, सिनिमा & मीडिया अध्ययम, भाषा प्रौद्योगिकी, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, साइबर डिस्कोर्स, नारीवाद, सिनेमा-अध्ययन एवं सबआल्टेर्न डिस्कोर्स

विभागाध्यक्ष (प्रभारी) : डॉ. सी. जय शंकर बाबू

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	एस. पद्मप्रिया	सह आचार्य	आधुनिक काव्य, नाटक, प्रयोजनमूलक हिंदी और अनुवाद, नारीवाद और सिनेमा अध्ययन
2.	सी.जय शंकर बाबू	सहायक आचार्य	पत्रकारिता & नवीन मीडिया अध्ययन, प्रयोजनमूलक हिंदी और अनुवाद, तुलनात्मक साहित्य, भाषा प्रौद्योगिकी, बहुभाषाई कंप्यूटिंग और साइबर डिस्कोर्स

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/डॉक्टरेट)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	3	18	21
	II	2	8	10
पीएच डी	IV	1	0	0
	V	3	1	0
कुल		**9**	**27**	**31**

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ

क्र.सं	अभिकरण का नाम	चयनित छात्रों की संख्या
1.	अमेजोन इंडिया	1
2.	श्रीराम ग्रुप इंटर नेशनल स्कूल	4

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि का आयोजन

1. 02.05.2019 को 'हिंदी में रोजगार एवं केरियर विकास' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला
2. 05.08.2019 से 06.08.2019 तक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'बुद्धिजीवियों के लिए योग'
3. 29.08.2019 से 30.08.2019 तक 'दर्शन, भाषा, साहित्य, संगीत, विज्ञान और अर्थशास्त्र में श्री श्री आनंदमूर्तिजी के योगदान' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी
4. 04.09.2019 से 06.09.2019 तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'छायावाद: शताब्दी के बाद- इतिहास की पुनर्यात्रा'
5. 26.12.2019 से 30.12.2019 तक पंच दिवसीय द्वितीय दक्षिण भारतीय हिंदी साहित्य कांग्रेस -2019 सह अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी
6. 25.02.2020 को मातृभाषा काव्य गोष्ठी
7. 11.03.2020 से 15.03.2020 तक मानव संसाधन विकास मंत्रालय-एसपीएआरसी द्वारा प्रायोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सह संकाय-विकास कार्यक्रम - "हिंदी भाषा की उत्पत्ति और विकास पर भाषाई प्रवचन: एक शोध परिप्रेक्ष्य (अपभ्रंश, अवधी और ब्रज के विशेष संदर्भ में) "

विशेष व्याख्यान सत्र

1. 03.05.2019 को इंडिया टुडे-मलयालम के पूर्व सहायक संपादक, राष्ट्रीय पत्रकार संगठन-भारत के आयोजन सचिव तथा मुख्य संपादक, एपीएन न्यूज और प्रेस नेटवर्क ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री सुरेश उन्नितन द्वारा अतिथि व्याख्या सह संवादात्मक सत्र 'लोकतंत्र में पत्रकार की भूमिका'।
2. 03.05.2019 को प्रेस नेटवर्क ऑफ इंडिया के सदस्य, श्री अब्दुल लतीफ द्वारा अतिथि व्याख्यान सह संवादात्मक सत्र 'लोकतंत्र में पत्रकार की भूमिका'।

3. 08.08.2019 को आचार्य अभिराज राजेंद्र मिश्रा, कुलपति (पूर्व), संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा 'हिंदी साहित्य समीक्षा'।
4. 08.08.2019 को प्रो. राम नाथ झा, विशेष संस्कृत अध्ययन केंद्र, जेएनयू, नई दिल्ली द्वारा 'भारतीय चिंतन परम्परा'।
5. 20.08.2019 को डॉ. अपर्णा रॉय, नई दिल्ली द्वारा 'मानव के आध्यात्मिक विकास में सदामय का योगदान'।
6. 27.09.2019 को पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के डिजिटल मानविकी के सह आचार्य डॉ. राहेल केंडी द्वारा 'डिजिटल मानविकी'।
7. 21.10.2019 को 'ब्रह्मचक्र - ब्रह्मांडीय चक्र - निर्माण और विकास - पश्चिमी विज्ञान और योग के माध्यम से' डॉ स्टीवन एडवर्ड लैंडौ, प्रबंध निदेशक एफएएएफपी, ई-आरवाईटी (यूएसए) द्वारा (आनंद मार्ग योग सोसाइटी मिशन के तहत उन्हें आचार्य पशुपति के रूप में जाना जाता है)।

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य कोई वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	मेट्रिक पश्चात छात्रवृत्ति (एस सी/एस टी)	13
	राज्यवार अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी छात्रवृत्ति	05
पीएच.डी	एमएएनएफ	03
	विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति	02

स्वीकृत एसएपी/ एफआईएसटी/ नवीनतम कार्यक्रमों आदि का विवरण :

1. स्पार्क-मानव विकास संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार की परियोजना: "हिंदी का इतिहास: अपभ्रंश से प्रारंभिक आधुनिक स्थानीय भाषा तक"

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/अन्य कोई राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में

उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 02

प्रतिष्ठित आगंतुक

1. इंडिया टुडे-मलयालम के पूर्व सहायक संपादक, राष्ट्रीय पत्रकार संगठन-भारत के आयोजन सचिव तथा मुख्य संपादक, एपीएन न्यूज और प्रेस नेटवर्क ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री सुरेश उन्नितन- 03.05.2019
2. श्री अब्दुल लतीफ सदस्य, प्रेस नेटवर्क ऑफ इंडिया- दिनांक 03.05.2019
3. आचार्य अभिराज राजेंद्र मिश्रा, कुलपति (पूर्व), संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी- दिनांक 08.08.2019
4. आचार्य राम नाथ झा, संस्कृत अध्ययन के लिए विशेष केंद्र, जेएनयू, नई दिल्ली- दिनांक 08.08.2019
5. डॉ. राचेल केन्डरी, डिजिटल मानविकी विभाग के सह आचार्य, पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया -27.09.2019 को
6. डॉ. स्टीवन एडवर्ड लैंडौ, एमडी, एफएएएफपी, ई-आरवाईटी (यूएसए) (आनंद मार्ग योग सोसाइटी मिशन के तहत उन्हें आचार्य पशुपति के नाम से जाना जाता है)- 21.10.2019 को
7. आचार्य रामनाथ झा, विशेष संस्कृत अध्ययन केंद्र, जेएनयू- दिनांक 29.08.2019
8. आचार्य महावीर शरण जैन, पूर्व निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा- दिनांक 11.03.2020
9. आचार्य राजेश सचदेवा, पूर्व निदेशक, द सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन लैंग्वेजेज, मैसूर- 11.03.2020 को
10. आचार्य पीयूषकांत दीक्षित, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली- दिनांक 14.03.2020
11. आचार्य उत्तमपति, पूर्व डीन, जैव प्रौद्योगिकी विद्यापीठ, जेएनयू- 29.08.2019 को
12. डॉ. विश्वजीत भौमिक, उप निदेशक [इग्नू], कोलकाता- दिनांक 29.08.2019
13. आचार्य टी. रामश्री, निदेशक, वि.अ.आ.-मानव संसाधन विकास केंद्र, एस.वी विश्वविद्यालय, तिरुपति- दिनांक 30.08.2019

सहायक पाठ्यक्रम और पाठ्येतर कार्यक्रम

15.10.2019 को हिंदी माह प्रतियोगिताओं में आठ पुरस्कार प्राप्त।

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली:

1. सितंबर/अक्टूबर, 2020 के दौरान हिंदी में पाठ्यनिर्माण समिति की बैठक आयोजित करना, एम.ए. हिंदी, पीएच.डी.-हिंदी, प्रयोजनमूलक हिंदी और अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, बहुभाषी कंप्यूटिंग तथा भाषा प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए अद्यतन पाठ्यक्रम की समीक्षा और अनुमोदन।
2. दो एमओओसी पाठचर्या का निर्माण और 'स्वयं' पोर्टल में लॉन्चिंग
   - भाषा प्रोद्योगिकी का परिचय
   - प्रयोजनमूलक हिन्दी
3. एमए हिंदी कक्षाओं के लिए स्मार्ट क्लास रूम का विकास
4. पूर्वछात्र संघ-मिलन का आयोजन
5. वेबिनार/सेमिनार का आयोजन
6. ई-सामग्री का निर्माण
7. संगोष्ठी की कार्यवाही का प्रकाशन
8. स्पार्क परियोजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था करना
9. हिंदी प्रकोष्ठ के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन।

5.6.4 संस्कृत विभाग

दि.7 अगस्त, 1988 से संस्कृत विभाग चालू है और इस विभाग को वेदांत, न्याय, योग, व्याकरण, साहित्य और साहित्यिक विमर्श के साथ समकालीन तथा पाश्चात्य दोनों विचार धाराओं से संबंधित क्षेत्रों में उत्सुक छात्रों के लिए उन्नत शिक्षण व शोध कार्य में मार्गदर्शन देने के आशय से शुरू किया गया। दर्शन, भाषा विज्ञान, साहित्यिक-आलोचना आदि भारतीय पारंपरिक विचारधारा से युक्त ज्ञान के क्षेत्रों में शोध कार्य की दिशा में विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, साथ ही पांडुलिपि-विज्ञान और प्राचीन शिलालेख- अध्ययन पर स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी चला रहा है। भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन ज्ञान गरिमा की रक्षा के लिए विभाग कटिबद्ध है तथा बहुमूल्य पांडुलिपियों एवं हस्तलेखों का संरक्षण, **ग्रंथ** आदि प्राचीन लिपियों का प्रचार-कार्य भी विभाग की देख-रेख में संपन्न हो रहा है। प्रशिक्षण और शोधार्थियों को शिक्षण में उत्कृष्ट अभ्यासों के माध्यम से, अधिगम एवं मूल्यांकन प्रक्रियाओं तथा सप्ताह की समाप्ति पर संगोष्ठियों, समूह-चर्चाओं एवं शिक्षण में समाचार सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग आदि के माध्यम से विभाग अपने शैक्षिक उद्देश्य पूरा कर रहा है। प्रतिस्पर्द्धात्मक परीक्षाओं के लिए सामान्य अध्ययन और नेट/जेआरएफ के लिए प्रशिक्षण का भी प्रावधान है ।

विभागाध्यक्ष : डॉ चक्रधर बेहरा

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ चक्रधर बेहरा	आचार्य	सांख्य-योग, भारतीय दर्शन और संस्कृत साहित्य
2	डॉ के ई धरणीधरन	आचार्य	न्याय, मीमांसा, अद्वैत तथा विशिष्टाद्वैत
3.	डॉ. जे. कृष्णन्	आचार्य	अद्वैत वेदान्त और न्याय
4.	डॉ अनील प्रताप गिरि (25.09.2019 से ईओएल पर हैं)	सहायक आचार्य	भारतीय काव्यशास्त्र, व्याकरण, नव्य न्याय भाषा & शोध प्रविधि तथा भाषा विज्ञान

विद्यार्थियों की संख्या

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	4	10	14

	II	6	8	14
पीएच डी	I	6	0	6
	II	6	2	8
	III	0	0	0
	IV	4	4	8
	V	5	2	7
कुल		**31**	**26**	**57**

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ

क्र सं	अभिकरण का नाम	चयनित विद्यार्थियों की संख्या
1.	जीएम विश्वविद्यालय	2
2.	ओडिशा सेवा बोर्ड	3

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/अन्य किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 09

5.6.5 दर्शन विभाग

वर्ष 1989 में दर्शन विभाग की स्थापना की गई और वर्तमान में मानविकी विद्यापीठ के अंतर्गत है। विभाग में स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी विद्यार्थियों और विदेशी विद्यार्थियों को कुछ वर्षों के पूर्व पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा भारत-अध्ययन कार्यक्रम (एसआईपी) के तहत पूर्वी और पश्चिमी दर्शन विचारधाराओं के संबंध में प्रशिक्षण देने के लिए अपेक्षित सारी सुविधाएँ मौजूद हैं।

ध्यान केंद्रित क्षेत्र: भारतीय व पश्चिमी दर्शन व चैतन्य अध्ययन

विभागाध्यक्ष : डॉ. एस. इंदिरा (30.11.2019 तक)
डॉ. बी.आर. शांतकुमारी (30.11.2019 से)

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ के श्रीनिवास	आचार्य	विश्लेषणात्मक दर्शन, ज्ञान मीमांसा (भारतीय व पाश्चात्य), दर्शन विज्ञान व आधुनिक तर्क
2	डॉ बी आर शांत कुमारी	सह आचार्य	अद्वैता, सौंदर्य शास्त्र और भारतीय शास्त्रीय दर्शन
3	डॉ एस इंदिरा	सह आचार्य	समकालीन भारतीय दर्शन, गाँधियन व योग दर्शन

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	12	11	23
	II	5	7	12
पीएच.डी.	I	2	1	3
	II	3	1	4
	III	0	0	0
	IV	3	2	5
कुल		**25**	**22**	**47**

रोजगार संबंधी विवरण:

क्र.सं.	अभिकरण का नाम	चयनित छात्रों की संख्या
1.	ओडिशा सरकार	5
2.	मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज	1

विशेष व्याख्यान सत्र

1. 06.08.2019 को डॉ. एस. रंगनाथ, निदेशक (सेवा निवृत्त) आर.वी. संस्कृत अध्ययन संस्था-बंगलूरु द्वारा "भारतीय दर्शन के परिदृश्य में विविधा गीताएँ" पर व्याख्यान
2. 30.09.2020 को प्रो. डेनियल रावे, आचार्य, दर्शन विभाग, टेल अवीव विश्वविद्यालय, इज़्रायेल द्वारा "दयाकृष्ण तथा बीसवीं सदी का भारतीय दर्शन शास्त्र" पर व्याख्यान
3. 25.11.2019 को प्रो. ए.डी. रेवती, आचार्य, पञ्चय्यप्पा कॉलेन, चेन्नै द्वारा "महात्मा गांधी और बाल- सहभागी अधिकार" पर व्याख्यान

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
पीएच डी	वि.अ.आ. अध्येतावृत्ति	3

5.6.6 फिजिकल एजुकेशन & खेल विभाग

शैक्षणिक वर्ष 1987-1988 में फिजिकल एजुकेशन विभाग का आरंभ किया गया। दि. 08 अगस्त, 1988 को बी.एससी में फिजिकल एजुकेशन और खेल पाठ्यक्रम प्रारंभ हुए। बी.एससी स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम नियमित तौर पर आयोजित है और इस पाठ्यक्रम की अवधि तीन वर्ष है। इस पाठ्याक्रम के लिए वर्ष 1988-1989 से तीन सत्रों के विद्यार्थी दाखिल हुए और शैक्षणिक वर्ष 1990-1991 तक जारी रहा ।

नियमित पाठ्यक्रम के रूप में वर्ष 1993-1994 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के रूप में फिजिकल एजुकेशन और खेल (एम पी ई एस) प्रारंभ किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2001-2002 तक एमपीईएस पाठ्यक्रम चलाया गया। वि.अ.आ. की सिफारिशों के अनुसार, एमपीईएस का एमपीईडी के रूप में नाम परिवर्तित किया गया और वर्ष 2002-2003 से फिजिकल एजुकेशन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस पाठ्यक्रम में लिए जानेवाले विद्यार्थियों की संख्या 45 थी। विभाग में एनसीटीई नियमावली का अनुसरण किया जाता है और हमारा एम.पी.एड. पाठ्यक्रम भी एनसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त है।

शैक्षणिक वर्ष 2001-2002 से (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक तौर पर) पीएच.डी कार्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की गई ।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: एक्सरसाइज फिजियॉलोजी, खेल प्रशिक्षण पद्धतियाँ, खेल प्रबंधन, योग एवं खेल मनोविज्ञान।

विभागाध्यक्ष : डॉ. पी.के. सुब्रमणियम्

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ जी वासंती	आचार्य	वॉलीबाल
2	डॉ पी के सुब्रहम्ण्यम	आचार्य	कबड्डी
3	डॉ डी सुल्ताना	आचार्य	बास्केटबाल
4	डॉ जी विनोद कुमार	आचार्य	खो-खो
5	डॉ एम इलयराजा	आचार्य	टेन्निस
6	श्री के तिरौमौरौगने	सह आचार्य	हॉकी
7	डॉ आर राम मोहन सिंह	सहायक आचार्य	क्रिकेट
8	डॉ ए प्रवीण	सहायक आचार्य	फुटबाल
9	डॉ. एस. जगदीश्वरी	सहायक आचार्य	हैंडबॉल

छात्रों की संख्या

पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	35	4	39
	II	35	9	44
पीएच.डी	I	17	3	20

कुल		87	16	103

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ

क्र.सं.	अभिकरण का नाम	चयनित छात्र संख्या
1.	पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय	2
2.	हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय	1
3.	विश्वभारती विश्वविद्यालय	1

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि का आयोजन :

1. 11.03.2020 & 12.03.2020 को 'खेल प्रबंधन एवं महिला उद्यमिता' विषय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन।
2. 09.04.2029 से 11.04.2019 तक 'हैंडबॉल की नियमावली' विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर		23
पीएच डी		20
पोस्ट डॉक्टोरल	डॉ. पी. लक्ष्मण नायक	01

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली

- बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बी.पी.एड.,) कार्यक्रम शुरू करना।
- यूजीसी-एसएपी कार्यक्रम प्राप्त करना।
- राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन।
- अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय और संगठनों के साथ छात्रों का आदान-प्रदान कार्यक्रम।
- विभिन्न खेल विज्ञान योगिक कार्यक्रमों का संचालन।

अन्य कोई समाचार

तिरुमुरुगने के.

मेडविन पब्लिशर्स 2019, 2(1):000107 द्वारा प्रकाशित ऑनलाइन ओपन एक्सेस जर्नल, 'अल्जाइमर रिसर्च एंड थेरेपी ओपन एक्सेस, 'इट्स इन योर हैंड्स: रिफ्लेक्सोलॉजी रेमेडीज फॉर अल्जाइमर डिजीज' में एक 'शॉर्ट कम्युनिकेशन' शोध प्रपत्र प्रकाशित किया।

सुब्रमण्यम पी के

1. फिजिकल एजुकेशन में सीएएस के लिए चयन समिति के विशेषज्ञ, भारतीयार विश्वविद्यालय कोयंबत्तूर
2. परीक्षक- फिजिकल एजुकेशन के पीएच.डी शोध-प्रबंध, भारतीयार विश्वविद्यालय एवं द्रविड़ विश्वविद्यालय ।

5.6.7 विदेशी भाषा-केंद्र

जून 2009 में एक अभिनव परियोजना के रूप में पल्लवित यह केंद्र वर्तमान युग में तेजी से आगे बढ़ने वाली दुनिया के बहु-भाषाई संपर्कता की सम्मोहक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्य कर रहा है। वैश्वीकरण और वाणिज्यिक गठजोड़ के इस युग में, एक विदेशी भाषा जानना हमेशा एक संपत्ति होती है, जो किसी को आवश्यक बढ़त देती है और नौकरी की संभावनाओं को बढ़ाती है। व्यापारिक आदान-प्रदान के अलावा, वैज्ञानिक और तकनीकी दस्तावेजों, और निश्चित रूप से, विदेशी भाषाओं से प्रसिद्ध साहित्यिक कार्यों का अनुवाद करने की भी आवश्यकता बढ़ रही है। संगीत की दुनिया में भी कई गानों के शब्दों को समझने की ललक है, खासकर अरबी और लैटिन अमेरिकी पक्ष से। फिल्मों को भी अक्सर डब करने की आवश्यकता होती है।

अध्ययन के प्रमुख क्षेत्र : अरबी, फ्रांसीसी, जर्मन एवं कोरियन भाषाओं में सर्टिफिकेटा पाठ्यक्रम

विभागाध्यक्ष : डॉ. एस. पन्नीरसेल्वमे

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ. एस. पन्नीरसेल्वमे	फ्रांसीसी भाषा के आचार्य	फ्रांसीसी भाषा, भाषा विज्ञान एवं एफएलई
2	आरती कुमारी	अतिथि संकाय	जर्मन
3	मियेरिना एंड्रियेन्सेहेनोहरिनाला	फ्रांसीसी भाषा ट्यूटर	फ्रांसीसी भाषा
4	मीहोंग ली	कोरियन में अतिथि संकाय	कोरियन
5	जहीर खान	अरबी के अतिथि संकाय	अरबी

छात्रों की संख्या :

संचालित पाठ्यक्रम	विद्यार्थियों की संख्या		
	पुरुष	महिला	कुल
अरबी में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	14	8	22
फ्रेंच में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	24	16	40
जर्मन में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	28	16	44
कोरियन में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	18	05	23
कुल	**84**	**45**	**129**

5.6.8. एशियायी ईसाई अध्ययन में एस्कांडे पीठ

वर्ष 2004 में एक धर्मदाय केंद्र के रूप में एशियायी ईसाई अध्ययन में एस्कांडे पीठ की स्थापना हुई। एशिया में अन्य धार्मिक, सांस्कृतिक और दाशर्निक विचारों के संबंध में ईशाई धर्म के अध्ययन में अनुसंधाताओं को मार्गदर्शन करना इस अध्ययन केंद्र का मुख्य उद्देश्य है। भारत एक बहुल-धार्मिक राष्ट्र होने के कारण, ईसाई धर्म के विश्वासों और अन्य प्रमुख धर्मों से संबंध रखनेवाले उनके दार्शानिक विचारों का अध्य्यन इस राष्ट की और बृहद रुप में एशिया की जनता के बीच एक मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाये रखता है। इस दिशा में एक व्यवस्थित रूप में शोध हेतु यह विभाग मार्गदर्शन दिलाता है। अतः इस केंद्र द्वारा दर्शन विभाग के सहयोग से पीएच.डी कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: वैश्विक भाईचारे को बढ़ावा देने और अन्य सभी धर्मों और उनकी शिक्षाओं के सम्मान हेतु एशियाई क्रम में अन्य धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक विचारों के संबंध में ईसाई धर्म और उसके सिद्धांतों का व्यवस्थित ऐतिहासिक अध्ययन।

विभागाध्यक्ष: **डॉ. एन. जोनास**

संकाय-सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ एन जोनास	सहायक आचार्य	अस्तित्ववाद, फेनोमेनोलोजी यहूदीवाद व ईसाईयत

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
पीएच डी	I	1	–	1
	II	-	1	1
कुल		**1**	**1**	**2**

विद्यार्थियों को प्राप्त छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
पीएच डी	वि.अ.आ. अध्येतावृत्ति	1

5.7 सामाजिक विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यापीठ

इस विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग व केंद्र शामिल हैं।

1. नृविज्ञान विभाग
2. समाज शास्त्र विभाग
3. इतिहास विभाग
4. राजनीति & अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग
5. समाजकार्य विभाग
6. दक्षिण एशियाई अध्ययन के लिए यूएमआईएसएआरसी केंद्र
7. महिला अध्ययन केंद्र
8. सामाजिक बहिष्कार और समावेश नीति-अध्ययन केंद्र
9. यूरोपीय अध्ययन केंद्र
10. दक्षिण एशियाई अध्ययन के लिए यूजीसी केंद्र
11. समुद्री अध्ययन केंद्र के लिए यूजीसी केंद्र

विद्यापीठाध्यक्ष : **आचार्य वेंकट रघोत्तम्** (31.05.2019 तक)

आचार्य पी. मूर्ति (01.10.2019 से)

5.7.1 नृविज्ञान विभाग

वर्ष 1999 में नृविज्ञान विभाग की स्थापना हुई । यह विभाग स्नातकोत्तर (एम.ए.) और पीएच.डी कार्यक्रमों के लिए समर्पित है। यह नृविज्ञान से संबंधित सामाजिक, भौतिक, प्रागैतिहासिक और भाषावैज्ञानिक मानवशास्त्र जैसे क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त करने में इच्छुक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के साथ आदिवासी, ग्रामीण जातियों व शहरीय समुदायों से संबंधित सास्कृतिक, जैविक, आर्थिक और विकासशील मामलों में शोध करनेवालों और व्यापक कार्यकलाप आयोजित करनेवालों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। इस विभाग को भारत की विलुप्त होनेवाली आदिवासी आबादी की जीवन गति के संबंध में प्रलेखन के लिए अनुपम सम्मान मिला ।

विभागाध्यक्ष : डॉ. ए. चेल्ला पेरुमाल्

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ डी जेसुरत्नम देवरपल्ली	सह आचार्य	सामाजिक-सांस्कृतिक नृविज्ञान
2	डॉ चेल्लपेरुमाल	आचार्य	सामाजिक-सांस्कृतिक नृविज्ञान
3	डॉ वलेरी दखर	सहायक आचार्य	सांस्कृतिक नृविज्ञान
4	डॉ अजीत जयस्वाल	सहायक आचार्य	भौतिक/जैविक नृविज्ञान
5	डॉ राजेश कुंदर्गी	सहायक आचार्य	सामाजिक-सांस्कृतिक नृविज्ञान

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	13	17	30
	II	16	14	30
पीएच.डी	I	02	02	04
	III	05	02	07
कुल		**36**	**35**	**71**

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. 01.08.2019 से 02.08.2019 तक “संक्रमण के दौर में जनजातीय संस्कृतियां: पहचान, स्थिरता और विकास के मुद्दे” पर संगोष्ठी

5.7.2 समाज शास्त्र विभाग

जनवरी, 1993 में समाज शास्त्र विभाग की स्थापना हुई और वर्ष 1993-94 से एमए और पीएच डी पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ। शैक्षणिक वर्ष 2012-2013 से पाँच वर्षों का एकीकृत एमए पाठ्यक्रम शुरू किया गया। प्रारंभ से यह विभाग समकालीन समाज की चुनौतियों के समाधान में अनुशासन की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में सैद्धांतिक शोध तथा अन्य शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को अधिक महत्व देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहा है।

प्रमुख अध्ययन- क्षेत्र: सामाजिक सिद्धांत, शोध प्रविधि, जेंडर-अध्ययन, आर्थिक सामाजिक विज्ञान, अग्रारियन सामाजिक ढांचा, समाज पूँजी और नेटवर्क, आपदा प्रबंधन, समाज डेमोग्रफी, ग्रामीण व शहरी समाज विज्ञान, औद्योगिक समाज विज्ञान, भारतीय समाज विज्ञान, धर्म का समाजशास्त्र, संस्कृति एवं जाति का समाजशास्त्र, प्रवास का समाजशास्त्र, मीडिया का समाजशास्त्र, स्थास्थ्य का समाजशास्त्र , सामाजिक समस्याएँ और वैश्वीकरण तथा समाज

विभागाध्यक्ष (प्रभारी): प्रो.बी.बी. मोहन्ती

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	प्रो. बी बी महंती	आचार्य	अग्रेरियन परिवर्तन और आर्थिक समाज विज्ञान
2.	प्रो. के गुलाम दस्तगिर	आचार्य	समाजशास्त्र का विकास, लिंग और विकास एवं सिंचाई का समाज विज्ञान
3.	प्रो. सुधा सीतारामन	आचार्य	धर्म का समाजशास्त्र और धार्मिक समुदाय, जाति का समाजशास्त्र
4.	डॉ सी अरुणा	सह आचार्य	प्रौढ़ समाजशास्त्र, समाज पूँजी और सामाजिक नेटवर्क
5.	डॉ प्रदीप कुमार परिडा	सह आचार्य	विकास का समाजशास्त्र, आपदा का समाजशास्त्र
6.	डॉ. मानसी एम.	सहायक आचार्य	प्रवासी अध्ययन और स्वास्थ्य का समाजशास्त्र
7.	डॉ इमतिरेन्ला लांगकुमेर	सहायक आचार्य	सामग्री संस्कृति, खपत अध्ययन और लिंग अध्ययन

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	18	19	37
	II	14	16	30
स्नातकोत्तर (एकीकृत)	I	12	08	20
	II	13	06	19
	III	11	09	20
	IV	9	07	16
	V	10	09	19
पीएच डी	I	02	00	02
	II	02	01	03
	III	02	03	05
	IV	03	02	05
	V	04	00	04
कुल		**100**	**80**	**180**

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	1. एकमात्र बालिका संतान छात्रवृत्ति	1
	2. मत्स्यकार-समाज छात्रवृत्ति	4

	3. विविध राज्य सरकारों के द्वारा अ.जा/अ.ज.जा अध्येतावृत्ति	9
स्नातकोत्तर (एकीकृत)	1. मत्स्यकार-समाज छात्रवृत्ति 2. विविध राज्य सरकारों के द्वारा अ.जा/अ.ज.जा अध्येतावृत्ति	3 9

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य कोई राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 44

खेल गतिविधियाँ और पुरस्कार/उपलब्धियाँ

1. मदन कुमार- तमिलनाडु राज्य शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयी भारोत्तोलन (वेइट लिफ्टिंग) प्रतियोगिता में चैंपियन
2. पद्मनाथन- तमिलनाडु राज्य शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयी कबड्डी चैंपियनशिप में चैंपियन।
3. अजित कुमार- राज्य शारीरिक शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कबड्डी शिविर में उपविजेता

5.7.3 इतिहास विभाग

वर्ष 1987 में भारतीय सामाजिक व्यवस्था, अर्थ-व्यवस्था और संस्कृति से संबंधित इतिहास तथा विश्व एवं पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के आशयों को दृष्टि में रखते हुए भारत-फ्रांस देशों के संबंधों का महत्व समझने से संबंधित अध्ययन एवं शोध के लिए इतिहास विभाग प्रारंभ किया गया। इसके प्रारंभ से, विभाग द्वारा एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रम चलाए गए। क्रेडित प्रणाली आधारित विकल्प के तहत वर्ष 1992 में एम.ए. पाठ्यक्रम शुरू किया गया। वर्तमान में विभाग द्वारा पीएच डी (पूर्णकालिक), एमए और पाँच वर्षों का एकीकृत एमए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विभाग में भारतीय इतिहास, प्राचीन, मध्यकाल और आधुनिक काल के विविध पहलुओं पर प्रमुख रूपेण शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य जारी है। यह विभाग विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष सहायता कार्यक्रम (यूजीसी-एसएपीडीआरएस II) में शामिल हुआ तथा संप्रति "भारत और भारतीय समुद्र विश्व" शीर्षक विषय पर गंभीर शोध-कार्य जारी है ।

अध्ययन के प्रमुख क्षेत्र: वैश्विक इतिहास/विश्व इतिहास, राज्यों का गठन और भारत उप-द्वीप संबंधी सामाजिक परिवर्तन, दक्षिण भारत के शहरी समुदाय के गठन में लौह का प्रभाव, धार्मिक संस्थाएँ और दक्षिण भारत में राजनीतिक वैधीकरण, चोल राज्य तथा अग्रारियन आदेश- देहाती वर्ग, लैंडेड समूह और जल अधिकार, विजयनगर राज्य, समाज, कला व वास्तुकला, समुद्री क्षेत्र के रूप में दक्षिण भारत और हिंद महासागर का क्षेत्र, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं आधुनिक भारत में औषध, आधुनिक भारत में महिला, उपनिवेशी दक्षिण भारत में सामाजिक परिवर्तन, पूँजीवाद का विकास, श्रम, स्वतंत्रता के पश्चात भारत में राज्य और समाज तथा फ्रांस का उपनिवेशी इतिहास

विभागाध्यक्ष : आचार्य के वेणुगोपाल रेड्डी (25.08.2019 तक)
डॉ. जी. चंद्रिका (26.08.2019 से 02.09.2019 तक)
डॉ. एन. चंद्रमौली (03.09.2019 से)

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	आचार्य जी चंद्रिका	आचार्य	आधुनिक इतिहास, आधुनिक भारतीय बौद्धिक इतिहास, इतिहास संबंधी विद्या और महिला इतिहास
2.	आचार्य एन. चंद्रमौली	आचार्य	प्राचीन भारतीय इतिहास, क्षेत्र पुरातत्त्व शास्त्र, दक्षिण भारत का पुरातत्व शास्त्र, भारत की प्रस्तर कला,भारतीय मुद्रा और भारतीय पुरालेख

3.	आचार्य के. वेणुगोपाल रेड्डी	आचार्य	आधुनिक इतिहास, भारतीय आर्थिक इतिहास, भारत में राष्ट्रीयतावाद का समय और श्रमिक इतिहास
4	डॉ पयोखोलाल हौकिप	सहायक आचार्य	आधुनिक इतिहास, विदेशी गुलाम परंपरा, प्रवासी अध्ययन, उत्तर पूर्व भारत के उपनिवेशी इतिहास और उत्तर पश्चिम बर्मा और नरसंहार संबंधी अध्ययन

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	II	19	18	**37**
स्नातकोत्तर (एकीकृत)	II	11	7	18
	III	12	6	18
	IV	11	7	18
	V	4	9	13
पीएच डी	I	2	2	4
	III	2	2	4
	IV	1	2	3
	V	3	1	4
कुल		**65**	**54**	**119**

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. 02.03.2020 & 03.03.2020 को “समुद्री व्यापार एवं प्रौद्योगिकी" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी ।

5.7.4 राजनीति & अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग

अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विद्यापीठ की स्थापना वर्ष 1988 में हुई और वर्ष 2004-05 में राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग के रूप में इसका नाम परिवर्तन किया गया। विभाग के रूप में नाम परिवर्तन के पश्चात, इसे सामाजिक विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के तहत शामिल किया गया । वैश्वीकरण से आधुनिक विश्व में, जहाँ अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, यह विभाग उभरनेवाले जटिल मामलों को प्रचार करने और सार को समझाने में अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता आया है। प्रतिष्ठात्मक विदेशी व भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ विनिमय कार्यक्रम, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और पुनश्चरण पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रतिष्ठित भारतीय और विदेशी शोधार्थियों के साथ परस्पर चर्चाओं का आयोजन इस विभाग की उल्लेखनीय विशिष्टताएँ हैं । इन उपायों के परिणामस्वरूप बृहद मात्रा में शांति एवं मानव विकासके लिए वैकल्पिक नमूनों के विकास द्वारा अंतराष्ट्रीय संबंधों को अत्यंत गहन सैद्धांतिक रूप से समझने का प्रयास किया गया है ।

अध्ययन के प्रमुख क्षेत्र: भारत की विदेशी नीति और अन्य प्रमुख शक्तियाँ, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति अर्थव्यवस्था से संबंधित मामले, वैश्वीकरण, विश्व गतिविधियों में दक्षिण एशिया, दक्षिण और पश्चिम एशिया अध्ययन, विवाद सुलझाव, शांति और निरस्त्रीकरण अध्ययन, भारत-संयुक्त राज्य संबंध, अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद, भारतीय संविधान, राजनैतिक प्रणाली और राजनैतिक सिद्धांत

विभागाध्यक्ष : आचार्य मोहनन् बि. पिल्लै

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ मोहनन् बी पिल्लै	आचार्य	भारतीय विदेशी नीति, दक्षिण एशियायी अध्ययन, राजनीति सिद्धांत, विकास अध्ययन
2	डॉ पी मूर्ती	आचार्य	शांति व निरस्त्रीकरण अध्ययन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, राष्ट्र निर्माण
3	डॉ पी लाजारुस समराज	आचार्य	भारत-संयुक्त राज्य संबंध, आतंकवाद, भारतीय सरकार व राजनीति
4	डॉ एन के कुमारेशन राज	सह आचार्य	अभिशासन भूमि अवधि प्रणालियाँ व कृषि संबंधी अध्ययन
5	श्री जी रोजी	सहायक आचार्य	अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धांतों का अंतर्राष्ट्रीय संगठन
6	डॉ प्रमोद कुमार	सहायक आचार्य	केंद्रीय ऐशियन और रूसी अध्ययन, ऊर्जा संरक्षा और स्थाई विकास

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर (एकीकृत)	I	11	6	17
	II	14	5	19
	III	17	03	20
	IV	10	09	19
	V	04	04	08
स्नातकोत्तर	I	44	37	81
	II	42	32	74
पीएच डी	I	02	04	06
	II	--	01	01
	III	04	03	07
	IV	05	01	06
	V	08	05	13
कुल		**161**	**110**	**271**

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ :

क्र.सं.	अभिकरण का नाम	चयनित छात्र संख्या
1.	राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग	1
2.	गांधी अध्येतावृत्ति	1
3.	एनवाइरॉन्मेंटलिस्ट फाउण्डेशन ऑफ इंडिया	1
4.	केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय	1

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. 04.03.2020 और 05.03.2020 को 'राजनीति, मीडिया और पर्यावरण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन: भारतीय और यूरोपीय अनुभव'
2. 09.03.2020 से 11.03.2020 तक 'भारत शक्ति पर राष्ट्रीय सम्मेलन: भारत की निहित ऊर्जा'

प्रतिष्ठित आगंतुक :

1. प्रो. गोपकुमार, वीसी, सीयूके 05.11.2019
2. प्रो.ए.पी.एस. चौहान, सीसीएस विश्वविद्यालय, ग्वालियर 13.02.2020
3. प्रो. मनीष, गुजरात विश्वविद्यालय 09.03.2020

विद्यार्थियों को प्राप्त छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	प्रतिभा/साधन-सह-योग्यता	21
स्नातकोत्तर (एकीकृत)	प्रतिभा/साधन-सह-योग्यता	26
पीएच डी	जे आर एफ/एस आर एफ/आर जी एन आई एफ (यूजीसी)	3+2
पोस्ट डॉक्टोरल	आईसीएसएसआर अध्येतावृत्ति	01
		13

स्वीकृत एसएपी/ एफआईएसटी/ स्पार्क/ नवीनतम कार्यक्रमों आदि का विवरण :

एस ए पी डीआरएस II, सं.F-5-14/डीआरएसII(2018(एसएपी-III)

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य कोई राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 15

अतिरिक्त समाचार

प्रमोद कुमार

- पांडिच्चेरी इंजीनियरिंग कॉलेज, पांडिच्चेरी अप्रैल 2019 में पाठ्यनिर्माण समिति में सामाजिक विज्ञान में विषय विशेषज्ञ।
- 13-19 मार्च 2019 तक राजनीति विज्ञान विभाग रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान पद्धति" पर पीएमएमएमएनएमटीटी मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक सप्ताह की कार्यशाला में भाग लिया।

5.7.5 समाजकार्य विभाग

अक्तूबर, 2007 में इसकी स्थपाना की गयी । नवीकरण, समाजकार्य पेशेवार और शोधार्थियों को शिक्षण द्वारा विविध विषयों में पहुँच बढ़ाने, शोध करने और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में सेवा प्रदान करने की दिशा में विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के आशय से इसकी स्थापना की गई। एमएसडब्ल्यू कार्यक्रम द्वारा सामुदायिक विकास, मानव संसाधन प्रबंधन और चिकित्सा व मनो चिकित्सा संबंधी सामाजिक कार्य आदि विषयों में विशेषज्ञता हेतु शिक्षण प्रदान किया जाता है। एमएसडब्ल्यू विद्यार्थी विविध सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, उद्योगों एवं अस्पतालों में समवर्ती व ब्लॉक फील्डवर्क के तहत कार्य करेंगे। शोध व शिक्षण में सामुदायिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार व बच्चे, आपदा प्रबंधन, प्रौढ़ सेवा, लिंग संबंधी अध्ययन, मानव संसाधन प्रबंधन, निगमित सामाजिक दायित्व, व्यवसायी सामाजिक कार्य आदि पर ध्यानकेंद्रित किया जाता हैं।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: सामुदायिक विकास, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार व बच्चे, युवा कल्याण, आपदा प्रबंधन, प्रौढ़ सेवा, लिंग संबंधी अध्ययन, मानव संसाधन प्रबंधन, निगमित सामाजिक दायित्व, व्यवसायी सामाजिक कार्य

विभागाध्यक्ष : डॉ. आर. नलिनी

संकाय सदस्य

क्र.सं.	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ आर नलिनी	आचार्य	मानव संसाधन प्रबंधन
2.	डॉ ए शहीन सुल्ताना	आचार्य	चिकित्सा व मनोचिकित्सा संबंधी सामाजिक कार्य
3.	डॉ के अंबु	सह आचार्य	मानव संसाधन प्रबंधन
4.	डॉ सी सतीश कुमार	सहायक आचार्य	सामुदायिक विकास

5.	डॉ पी बी शंकर नारायण	सहायक आचार्य	मानव संसाधन प्रबंधन
6.	डॉ इफ्तेकर आलम	सहायक आचार्य	सामुदायिक विकास

विद्यार्थियों की संख्या

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/डॉक्टरेट)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	22	26	48
	II	27	19	46
पीएच डी	I	3	1	4
	II	1	1	2
	III	4	1	5
	V	1	1	2
कुल		**58**	**49**	**107**

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ :

Sl. No.	Name of the Agency	No. of selection
1.	विप्रो टेक्नोलोजीस चेन्नै	1
2.	कोश इन्नोवेशन्स चेंगल्पट्टु	1

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. 05.07.2020 को 'सामाजिक कार्य अभ्यास के लिए परामर्श कौशल'
2. 25.07.2019 को 'हितधारकों के लिए दिव्यांगता पर संवेदना और जागरूकता पर एक कार्यशाला'
3. 04.10.2019 को द्वितीय वर्ष एमएसडब्ल्यू छात्रों के लिए "आपदा प्रबंधन में मानसिक सामाजिक दायित्व"
4. 28.03.2019 और 29.03.2019 को 'सामाजिक कार्य विद्वानों के लिए गुणात्मक अनुसंधान'
5. 10.12.2019 से 13.12.2019 तक एमएसडब्ल्यू छात्रों के लिए शोध-प्रविधि पर उर्सुला मेमोरियल कार्यशाला

विशेष व्याख्यान-माला:

1. 27.06.2019 को सुश्री अंजलि शियाविना, संस्थापक, मंडला अपेरल्स, पुदुच्चेरी द्वारा 'रिडिफाइनिंग सक्सेस'।
2. 28.06.2019 को डॉ. आर. मंगलेश्वरन, प्रमुख, सामाजिक कार्य विभाग, भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली द्वारा 'सामाजिक कार्य अनुसंधान में मिश्रित पद्धति'।
3. 12.07.2019 को 'पर्यावरण स्थिरता के लिए प्रेरक साक्षात्कार: क्षेत्र से अनुभव' डॉ. मोहन, ए.के., प्रमुख, सामाजिक कार्य विभाग, केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा
4. 15.07.2019 को सुश्री शालिनी अरविंदन, श्री अरबिंदो सोसाइटी, पुडुचेरी द्वारा 'लिंग-संवेदनशील सामाजिक कार्य अभ्यास'
5. 31.07.2019 को मैथिली, थ्राइव एकेडमी ऑफ कैम्ब्रिज इंग्लिश, पुदुच्चेरी द्वारा 'समाज कार्य पेशेवरों के लिए भाषा कौशल'
6. 02.08.2019 को सत्य स्पेशल स्कूल, पुदुच्चेरी, यूथ4जॉब्स, हैदराबाद, श्री अरबिंदो सोसाइटी, पुदुच्चेरी द्वारा 'दिव्यांगो को एक समावेशी समाज के लिए सहयोगात्मक कार्रवाई'।
7. 02.08.2019 को डॉ. ए. तिरुमूर्ति, आचार्य एवं अध्यक्ष, मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग, निमहंस, बेंगलुरु द्वारा 'मनोचिकित्सा सामाजिक कार्य अभ्यास: अवसर और चुनौतियाँ"'।
8. 12.02.2020 को श्री श्रीराम सुब्रमण्यम, प्रबंधक- योजना और विकास, स्वामी विवेकानंद ग्रामीण सामुदायिक कॉलेज, पुदुच्चेरी द्वारा 'कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यावसायिक सामाजिक कार्य'।
9. 24.02.2020 को डॉ. हेलेन क्लीक, विजिटिंग फेलो, सामाजिक कार्य, सामुदायिक और नैदानिक स्वास्थ्य विभाग ला ट्रोब विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया द्वारा 'ऑस्ट्रेलिया में स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक कार्य अनुसंधान'।

विद्यार्थियों को प्राप्त छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय प्रतिभा छात्रवृत्ति	29
पीएच डी	यूजीसी जे.आर.एफ.	19

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य कोई राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 08

सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ

1. 20 सितंबर, 2019 को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) आईजीएमआरसी पुदुच्चेरी सरकार के सहयोग से एसएसएसआईएस के सेमिनार हॉल 2 में 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' का स्मरणोत्सव।
2. अक्टूबर, 2019 को सरकार द्वारा संचालित वृद्ध एवं दुर्बल शरणगृह में "द जर्नी टू एज इक्वलिटी" विषय के साथ वृद्ध व्यक्तियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस का आयोजन।
3. अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 2019 के अवसर पर 15 अक्टूबर 2019 को जलवायु परिवर्तन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

5.7.6 युनेस्को – मदनजीत सिंह इनिस्टिट्यूट ऑफ साउथ एशिया रीजनल कोपरेशन (यूएमआईएसएआरसी) & दक्षिण एशियायी अध्ययन केंद्र

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में मदनजीत सिंह इनिस्टिट्यूट ऑफ साउथ एशिया रीजनल कोपरेशन (एम आई एस ए आर सी) के द्वारा दक्षिण एशियाई अध्ययन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.ए.) का आरंभ 2008-2009 में XI योजना के तहत हुआ। 2008 से, दक्षिण एशिया फाउंडेशन (एसएएफ) इस पाठ्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए 16 मदनजीत सिंह समूह (एमएसजी) - छात्रों को छात्रवृत्ति (प्रत्येक सार्क देश से दो एक पुरुष, एक महिला) के साथ केंद्र का समर्थन कर रहा है। दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संस्थान (एमआईएसएआरसी) की स्थापना के लिए 20 जून, 2009 को पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय और एसएएफ के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के साथ केंद्र में दक्षिण एशियाई अध्ययन में शिक्षण और अनुसंधान को प्रमुख प्रोत्साहन मिला। वर्ष 2010 में, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के एमआईएसएआरसी सहित एसएएफ द्वारा स्थापित सभी उत्कृष्ट संस्थानों के साथ जुड़ने के लिए सहमत हुआ। इसलिए, एमआईएसएआरसी का नाम बदलकर यूएमआईएसएआरसी (यू का अर्थ यूनेस्को) कर दिया गया। इस प्रकार संस्थान वास्तव में वैश्विक बन गया है।

भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने सार्क देशों के बीच शांति और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 29 जून 2012 को संस्थान का उद्घाटन किया। दक्षिण एशियाई अध्ययन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के पाठ्यक्रम को एक अंतर्विद्यावर्ती दृष्टिकोण से दक्षिण एशियाई इतिहास, समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था, शासन और राजनीति आदि का अत्याधुनिक ज्ञान प्रदान करने के लिए विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया है। छात्रों से न केवल दक्षिण एशिया से संबंधित विवादास्पद मुद्दों को गंभीर रूप से समझने के लिए व्यापक ज्ञान आधार विकसित करने की अपेक्षा की जाती है, बल्कि उन्हें संबोधित करने और क्षेत्र में शांति और सहयोग को बढ़ावा देने में योगदान करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण भी प्रदान किया जाता है। दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र के माध्यम से संस्थान विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा प्रतिष्ठित विद्वानों, राजनीतिज्ञों और नीति निर्माताओं आदि द्वारा नियमित व्याख्यान-माला के साथ अकादमिक संबोधन के लिए एक व्यापक शोध मंच प्रदान करता है। केंद्र शैक्षणिक वर्ष 2010-11 से पीएच.डी. कार्यक्रम की प्रस्तुति कर रहा है।

संचालित पाठ्यक्रम :

दक्षिण एशियाई अध्ययन में एम. ए.

दक्षिण एशियाई अध्ययन में पीएच.डी

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: राजनीति विचार, अंतर्राष्ट्रीय संबंध सिद्धांत, समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंध, दक्षिण एशिया में सरकार और राजनीति, दक्षिण एशियाई देशों में विदेशी नीति, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग,

दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा, विश्व गतिविविधियों के साथ आर्थिक विकास में दक्षिण एशिया, दक्षिण एशिया के समाज, संस्कृति और इतिहास आदि

लक्ष्य और उद्देश्य

- लैंगिक समानता के आधार पर भारतीय छात्रों सहित दक्षिण एशियाई छात्रों को यात्रा, आवास और शिक्षण शुल्क सहित 16 पूर्ण भुगतान एमएसजी छात्रवृत्तियाँ प्रदान करना।
- धन की उपलब्धता के अधीन, पीएच.डी. में कई अतिथि शोधकर्ता अध्येतावृत्ति प्रदान करना।
- प्रतिष्ठित विदेशी और भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग और विनिमय कार्यक्रम।
- संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और व्याख्यान-श्रृंखला के माध्यम से प्रतिष्ठित भारतीय और विदेशी विद्वानों के साथ संवाद स्थापित करना।
- दक्षिण एशियाई अध्ययन के साथ-साथ कला और साहित्य के सांस्कृतिक विषयों में विशेषज्ञता से एक प्रमुख पुस्तकालय का निर्माण करना।
- देश और विदेशों में अन्य दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्रों के साथ नेटवर्किंग के माध्यम से दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग पर अनुसंधान के लिए एक केंद्र बनाना।
- प्रतिभाशाली लेखकों, संगीतकारों, नर्तकियों और अन्य कला व्यवसायियों के अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक अभिसरण को बढ़ावा देना।
- शांति, क्षेत्रीय सहयोग और विकास को बढ़ावा देने के लिए सामान्य रूप से दक्षिण एशियाई देशों और विशेष रूप से भारत के नीति निर्माताओं को नीतिगत सुझाव देना।

विभागाध्यक्ष : डॉ. ए. सुब्रमण्यम् राजु (05.04.2019 तक)
डॉ. डी. पुरुषोत्तमन् (22.04.2019 से)

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ डी पुरुषोत्तमन	सह आचार्य	विदेश नीति व दक्षिण एशिया में सुरक्षा मामले, भारत-नेपाल संबंध,दक्षिण एशिया में जल कूटनीति दक्षिण एशिया में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय प्रभाव।
2.	डॉ ए सुब्रमण्यम राजु	आचार्य	दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग, समुद्री सुरक्षा मामले, ऊर्जा सुरक्षा, गैर पारंपरिक सुरक्षा, भारत-श्रीलंका, अमेरिका-भारत, भारत-दक्षिण पूर्व एशिया
3.	डॉ एस आई हमायून	सहायक आचार्य	दक्षिण एशिया सुरक्षा, समुद्री संरक्षण कार्यकलाप
4.	डॉ संतोष मैथ्यू	सहायक आचार्य	अंतर्राष्ट्रीय संगठन सहयोग राजनीति

विद्यार्थियों की संख्या

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/डॉक्टरेट)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	24	24	48
पीएच डी	I	**7**	**2**	**9**
कुल		**31**	**26**	**57**

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. 20.02.2020 & 21.02.2020 को " क्षिण एशिया में नदी जल बंटवारे से संबंधित मुद्दे" पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

विशेष व्याख्यान-माला

1. 05.08.2019 को पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग के प्रोफेसर लाजर सामराज द्वारा "दक्षिण एशिया में रणनीतिक परिदृश्य का बदलाव"।
2. 06.09.2019 को सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात में पूर्व भारतीय राजदूत श्री तल्मिज़ अहमद द्वारा "दक्षिण एशिया में सहयोग को आकार देना: अवसर और चुनौतियां"।
3. 30.10.2019 को डॉ. के.एम.परिवेलन, अध्यक्ष एवं सह आचार्य, नोडल सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर ह्यूमन राइट्स एजुकेशन एंड सेंटर फॉर स्टेटलेसनेस एंड रिफ्यूजी स्टडीज, स्कूल ऑफ लॉ द्वारा "कंटूर ऑफ मैनिटेरियनिज्म, सिक्योरिटी एंड कोऑपरेशन इन साउथ एशिया: केस ऑफ श्रीलंकाई रिफ्यूजी", अधिकार और संवैधानिक शासन, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई
4. 13.12.2019 को डॉ लॉरेंस प्रभाकर विलियम्स, अतिथि आचार्य, नेवल वॉर कॉलेज, आईएनएस मांडोवी, भारतीय नौसेना, गोवा और सलाहकार, लोकनीति एवं अनुसंधान केंद्र, कोच्चि द्वारा "शांति और विश्वास निर्माण रणनीतियाँ: हिंद महासागर"।
5. 13.12.2019 को डॉ लॉरेंस प्रभाकर विलियम्स, अतिथि आचार्य, नेवल वॉर कॉलेज, आईएनएस मांडोवी, भारतीय नौसेना, गोवा और सलाहकार, लोकनीति एवं अनुसंधान केंद्र, कोच्चि द्वारा "क्षेत्र में सद्भाव: दक्षिण एशिया में परमाणु जोखिम और समुद्री जोखिम न्यूनीकरण उपाय: एक पुनरीक्षण"
6. 21.01.2020 को प्रो.वी.के.पद्मनाभन, पूर्व आचार्य और निदेशक, दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र, मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नै द्वारा "समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंध सिद्धांत"
7. 03.03.2020 को प्रो. सच्चिदानन्द मोहंती, पूर्व कुलपति, उड़ीसा केंद्रीय विश्वविद्यालय, सदस्य, गवर्निंग बोर्ड, ऑरोविले फाउंडेशन, एमएचआरडी, भारत सरकार द्वारा "डीलिंग विद साउथ एशिया: कल्चर शोज़ द वे"।

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	क्रम संख्या10 में सूचित एसएएफ छात्र	24
पीएच डी	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	09
पोस्ट डॉक्टोरल	डॉ. सुमित कुमार- आईसीएसएसआर, नयी दिल्ली पोस्ट डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति	01

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/

अन्य कोई राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 03

प्रतिष्ठित आगंतुक:

1. 20.08.2019 को प्रो. यांग वेनवु, और (अन्य आठ सदस्य) उप निदेशक, दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान, सिचुआन विश्वविद्यालय, चेंगदू, चीन द्वारा "चीन में अनुसंधान, शिक्षण और अन्य शैक्षणिक विनिमय कार्यक्रम में अंतर-कॉलेजिएट सहयोग" .
2. 05.09.2019 को सऊदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात में पूर्व भारतीय राजदूत श्री तल्मिज़ अहमद द्वारा "पश्चिम एशिया में अशांति और आतंक: भारत की सुरक्षा के लिए निहितार्थ"।
3. 07.02.2020 को श्री एरिक, निदेशक, यूनेस्को नई दिल्ली कार्यालय द्वारा "शिक्षा का भविष्य"

सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ

जेआईएमपीईआर द्वारा 15.10.2019 को रक्तनिधि शिविर (ब्लड बैंक कैंप)- यूएमआईएसएआरसी

2020-2021 के लिए कार्यप्रणाली

1. एम.ए. (दक्षिण एशियाई अध्ययन) पाठ्यक्रम का संशोधन
2. अकादमिक विकास हेतु एशियन फाउंडेशन, नयी दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन

5.7.7 महिला अध्ययन केंद्र

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र 1999 में स्थापित किया गया था और केंद्र में शैक्षणिक पाठ्यक्रम प्रदान किया जाता है, महिला अध्ययन में अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाता है और केंद्र, विस्तार गतिविधियों में संलग्न है। इस केंद्र में महिला अध्ययन का समग्र दृष्टिकोण बहुविषयक है। केंद्र का मुख्य उद्देश्य हर क्षेत्र में महिलाओं के मुद्दों के प्रति महत्वपूर्ण जागरूकता और संवेदनशीलता लाना है। महिलाओं के शैक्षणिक विकास और सशक्तिकरण पर केंद्र ध्यान केंद्रित करता है - जिसका प्रमुख उद्देश्य विभिन्न शिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रमों में महिलाओं के अध्ययन के परिप्रेक्ष्य को शामिल करना, महिलाओं के मुद्दों की दृश्यता बनाकर उनको समझने और उनका समाधान करने के लिए एक अंतर्विद्यावर्ती नेटवर्क विकसित करना है। केंद्र महिला अध्ययन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम और पीएच.डी प्रस्तुत करता है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र : जेंडर मेनस्ट्रीमिंग, महिला और स्वास्थ्य, महिला-केंद्रित पहल, महिलाओं का सशक्तिकरण, महिलाओं का अनादर, महिलाओं के/ के लिए कानूनी अधिकार, जेंडर स्टीरियोटाइपिंग, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, महिला और कार्य, महिला और राजनीति, पारिस्थितिकी-नारीवादी दृष्टिकोण और महिला और दिव्यांगता

विभागाध्यक्ष (प्रभारी) : डॉ. सी. अरुणा

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ आशिता	सहायक आचार्य	महिला अध्ययन एवं तृतीय जगत का नारीवाद

छात्रों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	2	6	8
पीएच.डी	I	1	-	1
कुल		**3**	**6**	**9**

सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम:

1. 18.09.2019 को दैनिक जीवन में लिंग संवेदनशीलता पर एक दिवसीय कार्यशाला Works
2. 04.12.2019 को कैपोइरा (500 साल पुरानी ब्राजीलियाई मार्शल आर्ट) पर कार्यशाला
3. 17.02.2020 से 27.02.2020 तक लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम
4. 7.02.2020 से 03.03.2020 तक महिलाओं के लिए योग 1
5. 02.03.2020 से 03.03.2020 तक मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर दो दिवसीय कार्यशाला और पैनल चर्चा
6. 04.03.2020 से 05.03.2020 तक "महिला एवं मीडिया"
7. 06.03.2020 को कार्य-पारिवारिक संतुलन पर गोलमेज चर्चा
8. 06.03.2020 को महिला उद्यमियों के उदय पर सत्र - "रसोई से कॉर्पोरेट तक"
9. 03.09.2019 को महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तीकरण एवं कौशल विकास पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
10. 09.12.2019 को बालिकाओं के लिए "जेंडर सेंसिटाइजेशन"

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्त सहायता :

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	कुल
स्नातकोत्तर	साधना छात्रवृत्ति/ अ.जा./अ.ज.जा. छात्रवृत्ति	2
पीएच.डी	जे आर एफ	1

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली

- पांडिच्चेरी के क्षेत्र के अन्य संस्थानों के साथ व्यापक नेटवर्क रखना
- संबद्ध महाविद्यालयों में पाठ्यक्रम के रूप में महिला अध्ययन को बढ़ावा देना।
- महिला केंद्र को एक क्षेत्रीय केंद्र के रूप में विकसित करना।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समझौता ज्ञापन करना
- ग्राम गोद लेने के कार्यक्रम लागू करना

5.7.8 सामाजिक बहिष्कार एवं समावेश नीति अध्ययन केंद्र

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में अपने स्थापन-वर्ष 2009 से लेकर सामाजिक बहिष्कार एवं समावेश नीति केंद्र उक्त शिक्षण, शोध और विस्तारण गतिविधियों में सक्रिय रूप से कार्यरत है। केंद्र की अवधारणा और स्थापना स्वयमेव शिक्षण और अनुसंधान के माध्यम से व्यवस्था को ठीक करने के लिए की गयी है, भेदभाव और अभाव के माध्यम से पैदा की गई असमानताओं को वर्चस्ववादी संरचनाओं द्वारा बढ़ावा दिया गया है। सिद्धांत और नीतिगत योगदान के माध्यम से सामाजिक बहिष्कार के निर्माण की जाँच करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योगदान देना केंद्र का लक्ष्य है। शैक्षणिक वर्ष 2019-20 से, केंद्र ने मानवाधिकार और समावेशी नीति में एक नये अंतर्विद्यावर्ती सामाजिक विज्ञान स्नातकोत्तर कार्यक्रम की शुरुआत के माध्यम से अपने लक्ष्य को और आगे बढ़ाया है। अपने अनुसंधान उत्पादन को मजबूत करने के लिए केंद्र ने बाहरी वित्त पोषण के अवसर खोलने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए कदम बढाया है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र : मानवाधिकार, समावेशी नीति तैयार करना और सामाजिक रूप से बहिष्कृत समूहों और हाशिए के समुदायों के भेदभाव का आकलन करना।

विभागाध्यक्ष : आचार्य एम. तनूजा

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ तनूजा एम	सहायक आचार्य	नृविज्ञान
2.	डॉ ए चिदंबरम	सहायक आचार्य	सामाजिक कार्य

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	5	3	8
	II	0	0	0
पीएच डी	II	1	0	1
	III	2	1	3
	V	1	0	1
कुल		**9**	**4**	**13**

विशेष व्याख्यान-माला :

1. 10.12.2019 को श्री मीनार पिंपल, पूर्व वरिष्ठ निदेशक, वैश्विक संचालन, एमनेस्टी इंटरनेशनल और क्षेत्रीय निदेशक, संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम अभियान, यूएनडीपी द्वारा संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार दिवस व्याख्यान (संविधान और मौलिक कर्तव्यों पर राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा)

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	कुल
स्नातकोत्तर	मोहम्मद शकीर	1
पीएच डी	शक्ति अनंत/ पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय पीएच.डी अध्येतावृत्ति	1

	विष्णुप्रिया आर.वाई./जेआरएफ	1
	गोकुल एस./ जे आर एफ	1
	मोहम्मद रफी/ जे आर एफ	1
	अखिल एम.एम./ जे आर एफ	1

प्रतिष्ठित आगंतुक

1. दिसंबर 2019 के दौरान आचार्य गेब्रियेल एलेक्स, सामाजिक नृवैज्ञानिक, निदेशक-सामाजिक एवं सांस्कृतिक नृविज्ञान विभाग, एशियाई एवं ओरियेंटल अध्ययन, ट्युबिंजन विश्वविद्यालय, ट्युबिंजन, जर्मनी

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली

- सरकारी विभागों/आईजीओ/एनजीओ के साथ छात्रों के लिए पाठ्यक्रम को नियमित रूप से अद्यतन करना और इंटर्नशिप और अनुसंधान परियोजनाओं का आयोजन करके एमए कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाना। इससे सामाजिक रूप से बहिष्कृत समूहों पर शोध परिधि में वृद्धि होगी।
- विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ छात्रों के आदान-प्रदान के लिए बाहरी वित्त पोषण और साझेदारी के माध्यम से सहयोगी अनुसंधान को मजबूत करना,
- सरकारी व्यक्तिगत के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना और अनुसंधान, विस्तार गतिविधि के लिए सहयोग बनाना और सामाजिक रूप से बहिष्कृत समूहों पर डेटाबेस बनाना
- शिक्षण एवं गैर शिक्षण पदों के रिक्त पदों को स्वीकृति आदेश के अनुसार भरना। यह सामाजिक बहिष्करण के विभिन्न विषयों पर अधिक व्यक्तिगत शोध के लिए अवसर देगा जिससे शोध उत्पादन में गति देखने को मिल रही है।

अतिरिक्त समाचार :

तनूजा एम.

- इम्प्रेस् योजना के तहत अनुसंधान परियोजना के लिए वित्त पोषण प्रदान किया गया। हालाँकि, मैंने परियोजना को स्वीकार नहीं किया क्योंकि स्वीकृत धन प्रस्तावित बजट का केवल एक तिहाई था।
- यूजीसी-डीएएडी योजना के लिए फरवरी 2020 में ट्युबिंगन विश्वविद्यालय, जर्मनी के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के आधार पर प्रस्तुत वित्त पोषण प्रस्ताव

चिदम्बरम् ए.

- तमिलनाडु राज्य में राज्य एजेंसियों द्वारा लागू किये जा रहे ग्रामीण विकास, कृषि और पशुपालन, समाज कल्याण, विकलांग विभाग, विकलांग व्यक्ति के लिए आवास योजनाओं में विकलांगता आरक्षण और गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम इत्यादि के संबंध में राज्य आयुक्त और जिला प्रशासकों के प्रमुख सचिवों को समझाने के लिए प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नीति की टिप्पणी प्रस्तुत की गयी। साथ ही बैकलॉग आवंटन की वकालत की।

5.7.9 यूरोपीय अध्ययन केंद्र :

परिचय:

यूरोपीय अध्ययन केंद्र (सीईएस) की स्थापना 2012 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वित्त पोषण के साथ की गयी थी। केंद्र 2014 से यूरोपीय अध्ययन में पीएचडी कार्यक्रम संचालित कर रहा है। यूरोपीय अध्ययन पीएच.डी. कार्यक्रम शोधेच्छुओं को यूरोप के किसी विशेष विषय पर अपने शोध को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। पीएचडी कार्यक्रम के अलावा केंद्र में स्नातकोत्तर और पांच वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सॉफ्ट कोर पाठ्यक्रम भी प्रदान किये जाते हैं यथा- नीतियाँ, कार्यक्रम और संस्थान, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में यूरोपीय संघ और यूरोप और मानवाधिकार इत्यादि। यूरोपीय अध्ययन केंद्र सॉफ्ट कोर पाठ्यक्रमों के माध्यम से, यूरोपीय संघ की विशिष्टता और यूरोप और अंतरराष्ट्रीय राजनीति में इसकी उपलब्धियों और विफलताओं के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने में सफल रहा है। अपने शिक्षण, अनुसंधान और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों जैसे अतिथि/विशेष व्याख्यान, अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों और प्रकाशन के माध्यम से, यह केंद्र

विश्वविद्यालय समुदाय के संकाय और छात्रों के बीच यूरोप की समग्र समझ को बढ़ावा देने और यूरोपीय अध्ययन संबंधित गतिविधियों के लिए एक गंतव्य प्रदान करने में सफल रहा है।

अध्ययन के प्रमुख क्षेत्र:

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के यूरोपीय अध्ययन केंद्र के पास स्पार्क (शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के संवर्धन के लिए योजना) द्वारा वित्त पोषित एक सतत अनुसंधान परियोजना है, जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल है, जो शीर्षस्थ रैंक वाले भारतीय संस्थानों और विश्व स्तरीय विदेशी संस्थानों के मध्य शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग की सुविधा प्रदान करती है लॉज़ेन विश्वविद्यालय, स्विट्जरलैंड और पेरिस विश्वविद्यालय, फ्रांस के सहयोग से "विकास लक्ष्य, कार्य योजना और रणनीतियाँ: भारत और यूरोप के बीच संवाद" पर एक संयुक्त अनुसंधान परियोजना विभाग के द्वारा आरब्ध है। निम्नलिखित विषय भारत से तुलनात्मक बिंदुओं सहित यूरोपीय संघ के चुनिंदा देशों के साथ सहयोगी अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्र हैं-

- लिंग और सतत विकास
- लिंग और सुशासन प्रथाएँ
- सार्वजनिक नीति पहल
- विदेश नीति पहल
- संवैधानिक और कानूनी ढांचा
- ट्रांसलेशनल लिंग और मानवाधिकार

विभागाध्यक्ष : प्रो.जी. चंद्रिका

संकाय सदस्य :

क्र.सं	संकाय का नाम	पद नाम	विशेषज्ञता
1	डॉ. प्रखोलल हाओकिप	सहायक आचार्य, इतिहास विभाग	वैश्विक इतिहास, समुद्री गुलाम-व्यापार, डयास्पोरा अध्ययन & नरसंहार अध्ययन.

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
पीएच डी	III	1	0	1
	V	2	0	2
कुल		**3**	**0**	**3**

विशेष व्याखान-माला

1. 09.08.2019 को डॉ. गीता गणपति डोरे, सह आचार्य, विधि-सामाजिक एवं राजनैतिक विज्ञान विद्यापीठ, पैरिस विश्वविद्यालय13 द्वारा "विगत दशक में भारत और फ्रांस के संबंध"

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	कुल संख्या
पीएच डी	1.मनोज बाबु बूरग - यूजीसी/आरजीएनएफ 2.रमीज रजा मीर- यूजीसी/एमआरएनएफ 3. अविजीत कुमार विश्वास- विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति	3

विशेष सहायता कार्यक्रम/फिस्ट/स्पार्क/कार्यक्रम इत्यादि :

1. स्पार्क परियोजना- शीर्षक : 'विकास लक्ष्य, कार्य योजनाएँ और रणनीतियाँ: भारत और यूरोप के बीच संवाद' में रू. 70,53,700/- की राशि स्वीकृत की गयी है।

प्रतिष्ठित आगन्तुक:

1. 07.03.2019 को प्रो. हार्टमुट एलसेनहैंस, एमेरिटस प्रोफेसर, इंस्टिट्यूट ऑफ़ पॉलिटिकल साइंस, लीपज़िग यूनिवर्सिटी, जर्मनी
2. 26.03.2019 को प्रभजोत परमार, एसोसिएट प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ द फ्रेजर वैली, ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा
3. 13 01.07.2019 से 25.08.2019 तक डॉ. गीता गणपति डोरे, सह आचार्य, विधि, सामाजिक और राजनीतिक विज्ञान विद्यापीठ, पैरिस विश्वविद्यालय

5.7.10 समुद्री अध्ययन केंद्र

परिचय:

विश्वविद्यालय अनुदास आयोग द्वारा क्षेत्र अध्ययन कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2014-15 के दौरान यूजीसी समुद्री अध्ययन केंद्र (सीएमएस) की स्थापना की गई । शीतयुद्ध की समाप्ति और इसके अलग-अलग प्रभावों के साथ वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने भारत को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति और भूमिका को फिर से परिभाषित करने के लिए मजबूर किया है। भारत की वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक उपस्थिति आज काफी स्पष्ट है। दुनिया में अपनी बढ़ती आर्थिक स्थिति के साथ सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते, भारत भविष्य के एक प्रमुख आर्थिक चालक के रूप में उभरेगा। भारत अपने निकटतम पड़ोसियों और दूर के सहयोगियों के साथ राजनीतिक-रणनीतिक, समुद्री, आर्थिक और तकनीकी वार्ता का तेजी से विस्तार कर रहा है। एक प्रायद्वीपीय देश के रूप में भारत भी दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी पारंपरिक भूमिका और राजनीतिक प्रभाव पर जोर देता रहा है। वास्तव में, नयी दिल्ली 'फारस की खाड़ी से लेकर दक्षिण पूर्व एशिया और उससे आगे तक भारत के समुद्री हितों' पर जोर देकर अपने समुद्री भूगोल-स्वरूप की संरचना फिर से कर रही है। राष्ट्रीय समुद्री हितों के ऐसे विस्तारित संस्करण के अनुरूप, नयी नीति तैयार की जा रही है। सीएमएस भारत के नये समुद्री उद्देश्यों को पूरा करने के उद्देश्य से प्रासंगिक नीतियों और तंत्रों की जांच करेगा।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र:

समुद्री सुरक्षा मामले, ऊर्जा सुरक्षा; गैर-पारंपरिक सुरक्षा, दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग, भारत-श्रीलंका; भारत-दक्षिण पूर्व एशिया

विभागाध्यक्ष : डॉ ए सुब्रमण्यम राजु

छात्रों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
पीएच.डी	I	4	1	5
कुल		**4**	**1**	**5**

सम्मेलन/कार्यशाला/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/कार्यक्रम

1. 11.02.2020 & 12.02.2020 को बीआईएमएसटीईसी पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी
2. 28.11.2020 से.30.11.2020 तक "अतिवादी विचारधारा" पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

विशेष व्याख्यन माला

1. 28.11.2020 को डॉ. शैलाश नायक, निदेशक, एनआईएएस, बंगलूरु द्वारा "भारतीय नील-अर्थ व्यवस्था" पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला
2. 27.11.2019 और 28.11.2019 को आचार्य डी. शुभा चंद्रन, विद्यापीठाध्यक्ष एनआईएएस, बैंगलोर द्वारा 'समकालीन वैश्विक मामले: एक परिचय', 'प्रभावी शोध लेखन पर कार्यशाला- I: प्रस्तुति, संरचना और भाषा' 'प्रभावी शोध लेखन- II पर कार्यशाला' और 'एक साथ काम करना: छात्रों और शोधार्थियों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत'।
3. 14.02.2020 को प्रो. डी. शुभा चंद्रन, विद्यापीठाध्यक्ष, एनआईएएस, बैंगलोर द्वारा 'रिपोर्ट राइटिंग'।

प्रतिष्ठित आगन्तुक :

1. राजीव भाटिया, पूर्व राजदूत-म्यान्मार

2. डॉ. शैलाश नायक, निदेशक, एनआईएएस, बंगलूरु
3. डॉ. पुरुषोत्तम ओझा, पूर्व वाणिज्य सचिव, नेपाल सरकार, काठमण्डू

5.8 अभियांत्रिकी व प्रौद्योगिकी विद्यापीठ

इस विद्यापीठ में निम्नलिखित विभाग व केंद्र समाविष्ट हैं :

1. कंप्यूटर विज्ञान विभाग
2. इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी विभाग
3. प्रदूषण नियंत्रण & पर्यावरणीय अभियांत्रिकी केंद्र

विद्यापीठाध्यक्ष (प्रभारी) : आचार्य पी धनवंतन

5.8.1 कंप्यूटर विज्ञान विभाग

विभाग का उद्देश्य विभिन्न स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के माध्यम से कंप्यूटर विज्ञान & इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। यह कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न उन्नत क्षेत्रों में शोध करने हेतु पधारनेवाले शोधार्थियों के लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। संकाय सदस्य सक्रिय रूप से अनुसंधान में लगे हुए हैं और कई पेटेंट और शोध प्रकाशन उनके नाम हैं। हाल ही में, विभाग को आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित उन्नत अनुसंधान और उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए चुना गया है। विभाग के पास स्पार्क (शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए योजना) द्वारा वित्त पोषित एक सतत अनुसंधान परियोजना भी है, जो मानवसंसाधन विकास मंत्रालय की एक पहल है, जो शीर्ष रैंक वाले भारतीय संस्थानों और विश्व स्तरीय विदेशी संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग की सुविधा प्रदान करती है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र : सॉफ्टवेयर अभियांत्रिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वेब सेवा, डाटा विज्ञान, सूचना सुरक्षा/नेटवर्क सुरक्षा, छवि प्रक्रिया, सॉफ्ट कंप्यूटिंग/एवल्यूशनल आल्गरिदम्स व बिग डाटा विश्लेषण

विभागाध्यक्ष (प्र) : डॉ. टी चित्रकला

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ आर सुब्रमणियन	आचार्य	रोबोटिक्स, क्लॉउड कंप्यूटिंग
2.	डॉ टी चित्रलेखा	आचार्य	साइबर सुरक्षा, मशीन लर्निंग
3.	डॉ एस शिवसत्या	आचार्य	एवल्यूशनल आल्गरिदम्स, वा नेट, डाटा मायनिंग
4.	डॉ एस के वी जयकुमार	सह आचार्य	ई-लर्निंग, ई-गवर्नेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग
5.	डॉ के सुरेश जोसफ	सह आचार्य	सॉफ्ट कंप्यूटिंग
6.	डॉ एस रवि	सह आचार्य	डिजिटल इमेजिंग प्रक्रिया
7.	डॉ एम नंदिनी	सह आचार्य	कृत्रिम बुद्धिमता, सॉफ्टवेयर अभियांत्रिकी, कांबिनटोरियल ऑप्टिमाइजेशन
8.	श्री आर पी सीनिवासन	सहायक आचार्य	सॉफ्टवेयर अभियांत्रिकी
9.	डॉ. के. विजयानंद	सहायक आचार्य	नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग
10.	श्री टी शिवकुमार	सहायक आचार्य	नेटवर्क सुरक्षा, नेटवर्क प्रबंधन, एडहॉक नेटवर्क
11.	डॉ आर सुनीता	सहायक आचार्य	ई लर्निंग, नालेज बेस्ड सिस्टम्स
12.	डॉ पी सुजाता	सहायक आचार्य	इन्फर्मेशन सिस्टम्स
13.	डॉ. एम सत्या	सहायक आचार्य	नेचर इनस्पाइर्ड अल्गोरिथम्स, क्लाउड कंप्यूटिंग
14.	डॉ के एस कुप्पुसामी	सहायक आचार्य	ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन
15.	डॉ वी उमा	सहायक आचार्य	मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, कृतिम बुद्धिमता
16.	डॉ पी शांती बाला	सहायक आचार्य	वितरित कंप्यूटिंग प्रणालियाँ, ज्ञान अभियांत्रिकी नेटवर्क
17.	डॉ टी वेंगट्टारामन्	सहायक आचार्य	वितरित कंप्यूटिंग, नैचुरल इंस्पाइर्ड एल्गोरिथम्स

विद्यार्थियों की संख्या

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर (एम एससी)	I	18	41	59
	II	25	25	50
स्नातकोत्तर (एम.टेक. सीएसई.)	I	4	16	20
	II	10	6	16
स्नातकोत्तर एम टेक (एनआईएस)	I	3	16	19
	II	9	6	15
स्नातकोत्तर (एमसीए)	I	37	26	63
	II	36	18	54
	III	37	16	53
स्नातकोत्तर (एकीकृत)	I	23	5	28
	II	10	11	21
	III	8	14	22
	IV	12	8	20
	V	9	9	18
पीएच डी	I	8	2	10
	II	5	1	6
	III	2	2	4
	IV	3	9	12
	V	6	4	10
कुल		**265**	**235**	**500**

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ

क्र सं	अभिकरण का नाम	चयनित विद्यार्थियों की संख्या
1.	टाटा कन्सल्टेंसी सर्वीसेज़, चेन्नै	7
2.	ओराकिल को. बंगलूरु	1
3.	सॉफ्टस्क्वेयर, चेन्नै	4
4.	सिस्क्लाउड, चेन्नै	3
5.	करूर वैश्या बैंक, करूर	3

विशेष व्याख्यान-माला

1. 01.07.2019 को श्री राधा श्रीनिवासन, बंगलूरु द्वारा 'नेटवर्क स्थिरता'।
2. 02.07.2019 को श्री एल श्रीनिवासन, बंगलूरु द्वारा 'हालिया वेब प्रौद्योगिकी'।
3. 06.07.2019 को डॉ जी कुमारवेलन, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कारैकाल केंद्र, कारैकाल द्वारा 'साइबर सुरक्षा'।

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	कुल संख्या
पीएच डी	मौलाना आज़ाद अल्पसंख्यक छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप, अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राजीव गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप, सीएसआईआर-सीनियर रिसर्च फैलोशिप, यूजीसी-जूनियर रिसर्च फैलोशिप, ओबीसी के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप	5

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/अन्य किसी राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में

उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 03

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली

1. कंप्यूटर विज्ञान विभाग में विशिष्ट डोमेन विशिष्ट प्रयोगशालाओं की स्थापना

2. एम.टेक और एम.सी.ए. के लिए एआईसीटीई अनुमोदन प्राप्त करना।
3. आईसीएमआर अनुसंधान अनुदान के हिस्से के रूप में जिपमर के सहयोग से ए1 आधारित स्वास्थ्य देखभाल वितरण में सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड एक्सीलेंस (केयर) की स्थापना।
4. पाठ्यक्रमों और इंटर्नशिप के लिए सी-डैक के साथ समझौता ज्ञापन
5. उद्यमिता विकास में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

5.8.2 इलेक्ट्रानिक अभियांत्रिकी विभाग

परिचय:

शैक्षणिक वर्ष 2010-2011 में शिक्षण एवं शोध सुविधाओं को उपलब्ध कराने के आशय से XI योजना के तहत इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी विभाग का आरंभ किया गया। इसमें इलेक्ट्रानिक्स, संप्रेषण और वीएलएसआई डिजाइन में स्नातकोत्तर और डॉक्टोरल स्तर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध हेतु एम.टेक (इलेक्ट्रानिक्स और संप्रेषण अभियांत्रिकी) और पीएच.डी (इलेक्ट्रानिक्स और कंम्यूनिकेशन अभियांत्रिकी-पूर्णकाल/अंश काल) कार्यक्रम परिकल्पित किये गए। विद्यार्थियों को प्रत्ययात्मक परिणाम प्राप्त करने की दिशा में अभिप्रेरित करने एवं विद्यार्थियों को क्रमशः इलेक्ट्रानिक्स और संप्रेषण अभियांत्रिकी के क्षेत्र में आधुनिक प्रौद्योगिकियों में सक्षम बनाना इस विभाग का लक्ष्य है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र : एंटीन्नास, डिजिटल संकेत और इमेज प्रोसेसिंग, एमईएमएस/ एनईएमएस, माइक्रोवेव और मिल्लीमीटर-वेव इंजीनियरिंग, सूचना और नेटवर्क सुरक्षा, ऑप्टिकल कम्यूनिकेशन और वीएल एसआई डिजाइन, वायरलेस कम्यूनिकेशन एंड नेटवर्क्स

विभागाध्यक्ष : आचार्य आर. नक्कीरन्

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1.	डॉ आर नक्कीरन	सह आचार्य	संप्रेषण अभियांत्रिकी
2.	डॉ पी चामुंडीश्वरी	सहायक आचार्य	संप्रेषण अभियांत्रिकी
3.	डॉ टी षण्मुगानंदम्	सहायक आचार्य	आर एफ व माइक्रोवेव संप्रेषण
4.	डॉ के अनुसुधा	सहायक आचार्य	इमेज प्रोसेसिंग

विद्यार्थियों की संख्या

प्रवेश के लिए चालू पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातकोत्तर	I	11	15	26
	II	12	18	30
पीएच डी	I	03	02	05
	IV	03	02	05
	V	07	01	08
कुल		**36**	**38**	**74**

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ

क्र सं	अभिकरण का नाम	चयनित विद्यार्थियों की संख्या
1.	टेक सोलार टेक्नोलोजीस, अरियनकुप्पम्, पुदुच्चेरी	4
2.	पीकेआईईटी, कारैकाल	2
3.	क्वाड जेन वाइरलेस सोल्यूशन्स प्रा.लि.	2
4.	अमेजोन प्रा.लि.	1
5.	आईएफईटी	1
6.	इंजीनियरिंग कॉलेज, पोर्ट ब्लेयर	1

सम्मेलन/कार्यशाला/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/कार्यक्रम

1. 07.03.2020 को एंटीना इंजीनियरिंग में महिलाओं पर आईईई एपी-एस द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यशाला

2. 09.09.2019 को स्मार्ट डिवाइस डिजाइन के लिए इंटेलिजेंट लर्निंग एल्गोरिदम पर कार्यशाला

छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति और अन्य कोई वित्तीय सहायता

पाठ्यक्रम	छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति का नाम	विद्यार्थियों की संख्या
स्नातकोत्तर	विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति	9
पीएच डी	विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति	3

यूजीसी/सीएसआईआर/नेट/गेट/स्लेट/अन्य कोई राष्ट्रीय स्तर परीक्षा में

उत्तीर्ण स्नातकोत्तर विद्यार्थी : 07

सह पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ

1. 09.09.2019 को आई ई (आई), पुदुच्चेरी राज्य केंद्र के सहयोग से इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा "तकनीकी मिलन 2019" आयोजित

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली :

एम.टेक (कम्यूनिकेशन एवं इनफर्मेशन सिस्टम) नामक एक अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का आरंभ करने की योजना बनायी गयी है।

अतिरिक्त समाचार

नक्कीरन् आर.

- अकादमिक विशेषज्ञ सदस्य, स्थायी सुनवाई समिति (एसएचसी), स्थायी अपीलीय समिति (एसएसी) एआईसीटीई, नई दिल्ली
- अकादमिक सदस्य, विशेषज्ञ यात्रा समिति, एआईसीटीई, एसआरओ, चेन्नै
- अध्यक्ष, बीओएस, ईसीई विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में पीजी कार्यक्रम
- सदस्य, बीओएस, इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख विश्वविद्यालय और संस्थान
- राज्य समिति सदस्य, अभियंता संस्थान (भारत), पुदुच्चेरी राज्य केंद्र

5.8.3 प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरणीय अभियांत्रिकी केंद्र :

परिचय:

वर्ष 1991 में स्थापित इस केंद्र ने अनुप्रयुक्त पर्यावरणीय शोध, शिक्षण और औद्योगिक परामर्श संस्कृति का जोरदार विकास किया। यह केंद्र बाहरी रूप से वित्त पोषित परियोजनाओं के माध्यम से पहले 15 वर्षों के दौरान काफी हद तक स्व-समर्थित था; यूजीसी ने केंद्र को तब से दसवीं और ग्यारहवीं योजनाओं में विशिष्ट अनुदान दिए हैं। भारत और विदेशों में अग्रणी अनुसंधान क्षेत्रों में प्रशिक्षित कई गतिशील पीएचडी और एमटेक के शीर्षस्थ विद्वान, केंद्र की जनशक्ति विशेषज्ञता-गण में योगदान करते हैं; उनके द्वारा संचालित प्रयोगशालाएँ / इकाइयाँ अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास के लिए गति प्रदान करती हैं जो नये सिरे से निर्माण करने और नये विस्तारों को खोलने का प्रयास करती हैं। इस प्रयास को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कारों, प्रमुख अकादमियों/पेशेवर निकायों की अध्येतावृत्ति के लिए चयन और प्रतिष्ठित तकनीकी पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्डों पर नामांकन के रूप में विशेष मान्यता प्राप्त है। केंद्र ने अब तक 550 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित किए हैं, जिनमें से अधिकांश उच्च प्रभाव-कारक अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में से हैं। केंद्र दुनिया भर के सरकारी विभागों, उद्योग और शिक्षाविदों को विशेषज्ञ सलाह भी प्रदान करता रहा है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र: पर्यावरणीय अभियांत्रिकी, पर्यावरणीय जैव प्रौद्योगिकी, प्रक्रिया सुरक्षा

विभागाध्यक्ष (प्र) **:** डॉ. एस. गजलक्ष्मी @ सुजा

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
3. वैतेकी के, सुरेश जोसेफ के, "हाइब्रिड हैवरसाइन - एक इष्टतम वेब सेवा सिफारिश के लिए आनुवंशिक भौगोलिक मॉडलिंग', आर्थिक संगणना और आर्थिक साइबरनेटिक्स अध्ययन और अनुसंधान, अंक 4/2019; वॉल्यूम 53, पृ. 225 - 242, डीओआई: 10.24818/18423264/53.4.19.14

4. परीक्षा के लिए हॉल अधीक्षक के रूप में नियुक्ति नवंबर / दिसंबर 2019, आईजीएमसी और आरआई, पांडिच्चेरी (25.11.2019 से 03.12.2019)
5. नवंबर/दिसंबर 2019 बी.टेक/एम.टेक परीक्षा के लिए मुख्य अधीक्षक के रूप में नियुक्ति (12.12.2019 से 23.12.2019)

अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका:

1. वैतेकी के, एन.बी. अरुण कुमार, सुरेश जोसेफ के, 'ए क्यूओएस-ओरिएंटेड नॉवेल ऑप्टिमाइजेशन स्कीम्स फॉर वेब सर्विस कंपोजिशन फॉर इम्प्रूव्ड हेल्थकेयर' इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी एंड एक्सप्लोरिंग इंजीनियरिंग (आईजेआईटीईई), आईएसएसएन: 2278-3075, पृष्ठ: 3442 - 3447, खंड-8 अंक-12, अक्टूबर 2019
2. 06.09.2019 को 'प्राध्यापकों को प्रशिक्षण' विषय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित एवं मानवसंसाधन विकास केंद्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला

5.15 पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्यूनिटी कॉलेज

प्राचार्य : प्रो. जी. चन्द्रशेखरन्

परिचय:

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्यूनिटी कॉलेज – भारतीय विश्वविद्यालय प्रणाली में पहली बार इस प्रकार के महाविद्यालय की स्थापना हुई, जिसका उद्घाटन पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के दशम समरोह के दिन यानी दि. 16 अक्तूबर, 1995 को औपचारिक तौर पर हुआ। यूजीसी द्वारा इस महाविद्यालय को मान्यता प्राप्त है और यह पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के सामान्य, शैक्षणिक और प्रशासनिक पर्यवेक्षण के तहत संचालित है ।

ध्येय पथ : शिक्षा की पहुँच से वंचित लोगों तक शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उन्हें आवश्यकता-उन्मुखीकरण और मूल्य आधारित संभावित बेहतर शिक्षा और कौशल-विकास प्रदान करना ।

लक्ष्य :

महिला सहित समुदाय के अल्पाधिकार प्राप्त वर्गों के प्रति विशेष संदर्भ के साथ युवा में “क्षमता निर्माण” एक समत्र शैक्षणिक नमूना के माध्यम से करना जिससे तेजीपन के साथ बुद्धिमत्ता प्रबोधन, व्यावसायिक और जीवन कौशल विकास, सामाजिक प्रतिबद्धता, भावुकता का संतुलन और नैतिकता सामाजिक परिवर्तन संभव हो, ताकि गुणवत्तापूर्ण बेहतर जीवन सुनिश्चित हो सके।

आशय:

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्युनिटी कॉलेज का आदर्श वाक्य "कौशल निर्माण के माध्यम से रोजगार के लिए शिक्षा" है। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्युनिटी कॉलेज "समुदाय के लिए" और "समुदाय का" है। यह कॉलेज चार प्रमुख कार्य करता है, शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और विस्तार।

उद्देश्य :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्युनिटी कॉलेज का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण कार्य बल की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को मिटाने हेतु पेशेवर कुशल जनशक्ति पैदा करना है। शैक्षिक शिक्षाशास्त्र को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, क्षेत्र प्रदर्शन, बहु-कौशल प्रशिक्षण का अवसर मिलता है और यू.एस. कम्युनिटी कॉलेजों में जाकर अध्ययन का अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर पाने के लिए स्नातक स्तर पर विदेश में एक वर्ष की फुलब्राइट छात्रवृत्ति का प्रावधान भी है।

कम्यूनिटी कॉलेज में हाल ही के संपन्न नवीकरण पहल के तहत वर्टिकल मोबिलिटी और लेटरल एक्सिट और पुनःप्रवेश के प्रावधान के साथ एमएचआरडी के एनएसक्यूएफ मोडेल के अनुरूप व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गर स्नातक उपाधि का आरंभ किया गया। इन स्नातक उपाधि कार्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों की ओर से अधिक मात्रा में प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। इन पाठ्यक्रमों में प्रतिष्ठित सरकारी अस्पताल और निजी क्षेत्रों (पारामेडिकल पाठ्यक्रम के लिए) में मौजूदा क्लिनिकल प्रशिक्षण, कार्य प्रशिक्षण और उद्योग एवं व्यापार क्षेत्रों में क्षेत्र रोजगार (अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए) सहित अनुपम विशिष्टताएँ शामिल हैं ।

इस उल्लेखनीय नवीकरण पहल से पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कम्यूनिटी कॉलेज उच्चतर शिक्षा में व्यावसायीकरण द्वारा प्रणालीबद्ध परिवर्तन लाने के लिए कटिबद्ध हैं और इस दिशा में अग्रसर हैं।

संकाय सदस्य:

क्र. सं.	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम
1	डॉ. सबावत् नागराजु	सहायक आचार्य
2	डॉ. के.एस. क्रित्तिका	सहायक आचार्य
3	डॉ.ए. तंगम्	सहायक आचार्य
4	डॉ. ए. पाण्डु	सहायक आचार्य
5	डॉ. सी. अर्जुनन्	सहायक आचार्य
6	डॉ. लता पार्तीबन्	सहायक आचार्य
7	डॉ. सी. सुरेश कुमार	सहायक आचार्य
8	डॉ. एस. सुजरिता	सहायक आचार्य
9	डॉ. ए. भारती	सहायक आचार्य
10	डॉ. आर. मुरुगेशन्	सहायक आचार्य
11	डॉ. एम. सुब्बैय्या	सहायक आचार्य

आयोजित सम्मेलन/कार्यशालाएँ/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि का विवरण :

1. 04.03.2020 को 'ड्रीम्स' कार्यक्रम
2. 03.03.2020 को 'आकांक्षी उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता की भावना का विकास' कार्यक्रम
3. 03.02.2020 को 'टेक्नोफेस्ट 2020'
4. 05.03.2020 को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस'
5. 26.09.2019 & 27.09.2019 को 'विश्व पर्यटन दिवस 2019' का आयोजन

विशेष व्याख्यान-माला:

1. 24.07.2019 को श्री आर. रविचंद्रन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पुदुच्चेरी द्वारा 'गुणवत्ता प्रबंधन'
2. 17.09.2019 को श्री एस. इलंगो, एमडी, श्री जी रिटेल वेंचर्स, पुदुच्चेरी और चेन्नै द्वारा 'खुदरा प्रबंधन चुनौतियां, भविष्य और नौकरियां'
3. 12.02.2020 को डॉ.एस. सुंदरमूर्ति रेड्डी, मार्केटिंग प्रोफेशनल और सेल्स ट्रेनर द्वारा "हम कॉलेज में क्या सीखते हैं और उद्योग की अपेक्षाएं - एक विश्लेषण"
4. 04.03.2020 को श्री कर्पूरम् सुब्बरायन्, वरिष्ठ बैंक प्रबंधक, पुदुच्चेरी द्वारा 'स्टार्ट-अप्स के लिए वित्तीय सहायता'
5. 04.03.2020 को श्री आर. अरुण कुमार, प्रबंध निदेशक, एच.आई.-फोकस सुरक्षा प्रणाली द्वारा 'माई सक्सेस स्टोरी'
6. 04.03.2020 को श्री मननाथन, अध्यक्ष, मैनेटेक ग्रुप कंपनीज, पुदुच्चेरी द्वारा 'उद्यमिता: समय की आवश्यकता'
7. 04.03.2020 को इंडियन बैंक के लीड डेवलपमेंट मैनेजर, श्री उदयकुमार द्वारा 'उद्यमिता जागरूकता'
8. 03.03.2020 को श्री पी. संदीप रेड्डी, सीईओ, सीआर शूज प्रा. लिमिटेड, आम्बूर द्वारा 'उद्यमी बनने के लिए विकासशील कौशल एवं प्रेरणा'
9. 03.03.2020 को डॉ.ए.बालचंद्रन, वरिष्ठ महाप्रबंधक, वीआईटी टीबीआई, वेलूर द्वारा 'इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप - प्राइम मूवर्स ऑफ मॉडर्न इंडिया'
10. 11.03.2020 को डॉ.पी. कांतिमति, सहायक आचार्य, पेरियार शासकीय कला महाविद्यालय, कडलूर के द्वारा अतिथि व्याख्यान
11. 06.11.2019 को श्री थियो व्हिटकॉम्ब, ईटीए (यूएसए) द्वारा 'रचनात्मक लेखन' पर कार्यशाला

12. 10.03.2020 को श्री थियो व्हिटकॉम्ब, ईटीए (यूएसए) द्वारा 'क्रॉस - कल्चरल इंटरेक्शन'

प्रतिष्ठित आगन्तुक :

1. 06.12.2019 को श्री वि.पि. शिवकोलंदु, माननीय सभापति, विधान सभा, पुदुच्चेरी सरकार, श्री एम.ओ.ए.एच. शाह जहाँन, माननीय राजस्व मंत्री, पुदुच्चेरी सरकार एवं आचार्य. एम. रामदास, पूर्व सांसद, लोकसभा
2. 21.02.2020 को माननीय श्री के. लक्ष्मी नारायण, विधायक एवं संसद सचिव, पुदुच्चेरी सरकार
3. 13.03.2020 को माननीया श्रीमति चंद्र पियंका, विधायिका, पुदुच्चेरी सरकार

2019-2020 वर्ष के लिए पीयूसूसू का पुस्तकालय संबंधी विवरण

विभाग/अनुभाग : पुस्तकालय

पूयूसीसी में आज की तारीख तक पुस्तकों की संख्या : 8061

दान में प्रदत्त पुस्तकें : 952

सामाजिक एवं आदिद्रविड़र विकास मंत्रालय, पुदुच्चेरी द्वारा प्रदत्त पुस्तकें (जेईटी प्रवेश परीक्षा) : 471

कुल पुस्तकों की संख्या : 9484

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान खरीदी गयी पुस्तकों की कुल संख्या : 53

खरीदी गई पुस्तकों की कुल राशि : रू.38,289/-

जारी की गई पुस्तकों की कुल संख्या : 437

लौटाई गई पुस्तकों की कुल संख्या : 467

सब्स्क्राइब्ड मैगजीन/जर्नल्स की कुल संख्या : 30

पत्रिकाओं के लिए खर्च की गई कुल राशि : रु.33,427/-

वर्ष के दौरान आगंतुकों की कुल संख्या :10, 972

नामांकित सदस्यों की कुल संख्या: 440

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्यूनिटी कॉलेज पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण:

1. विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा सब्सक्राइब किए गए ई-संसाधनों को पीयूसीसी पुस्तकालय से एक्सेस किया जा सकता है।
2. संकाय-सदस्य, छात्र और कर्मचारियों के लिए इंटरनेट ब्राउजिंग की सुविधा उपलब्ध है।
3. SOUL 2.0 (लाइब्रेरी ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर) के माध्यम से पुस्तकालय संग्रह खोजने के लिए OPAC सुविधा उपलब्ध है।
4. लाइब्रेरी हाउसकीपिंग गतिविधियों को इनफ्लीबनेट, अहमदाबाद से प्राप्त SOUL 2.0 लाइब्रेरी सॉफ़्टवेयर के माध्यम से स्वचालित किया जाता है।
5. आईएएस, आईपीएस, मेडिसिन, इंजीनियरिंग, गेट, जीआरई, एमबीए, लॉ, बीवीएससी, बीडीएस, टोफेल के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं।
6. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय के संग्रह और सेवाओं का उपयोग करने के लिए हमारे छात्रों को संदर्भ सेवा का भी प्रावधान है।

सहपाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ :

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम

1. 26-07-2019: कम्युनिटी कॉलेज में राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाया गया और डॉ. बालन, डॉ. पोन्नुमणि, डॉ. गजलक्ष्मी और डॉ. राजन के द्वारा विशेष व्याख्यान दिए गए और उक्त कार्यक्रमों से 150 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए।
2. 06-08-2019: कॉलेज परिसर में लगभग 150 पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य, एआर, एसओ, संकाय-सदस्य और एनएसएस के छात्र-छात्राएं शामिल थे।
3. 29-08-2019: मानव संसाधन प्रबंधन, भारत सरकार के निर्देशानुसार "ऑल फिटनेस डे" मनाया गया।
4. 07-09-2019 एवं 13-09-2019 : पुदुच्चेरी के उपराज्यपाल के नेतृत्व में बहौर झील के पास वृक्षारोपण-कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारियों के साथ 150 से अधिक एनएसएस छात्रों ने भाग लिया।

5. 18-12-2019 : प्राचार्य के नेतृत्व में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने 'स्वच्छ भारत योजना' के तहत पूरे कॉलेज परिसर की सफाई की। इस अवसर पर सभी संकाय-सदस्यों, अधिकारियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया।

युवा रेडक्रास :

13.03.2020 को आम लोगों के लिए कोविड़-19 अवेयरनेस कैंप का आयोजन। इसमें पाँच छात्रों ने भाग लिया।

06.12.2020 को समुदाय गतिविधि दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया।

06.12.2020 को समुदाय गतिविधि दिवस का आयोजन:

रक्तदान, नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच, मादक द्रव्यों की लत, विकलांगता, स्तन कैंसर, स्त्री रोग समस्या, अंगदान नामांकन, सार्वजनिक और सामाजिक कल्याण और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता शिविर इत्यादि कार्यक्रमों के साथ 06-12-2019 को सुबह 10.00 बजे सामुदायिक गतिविधि दिवस का आयोजन किया गया। निम्नलिखित गणमान्य व्यक्ति इस संदर्भ में महाविद्यालय के परिसर में उपस्थित थे :

श्री वि.पि. शिवकोलंदु, माननीय सभापति, विधान सभा, पुदुच्चेरी सरकार,

श्री एम.ओ.ए.एच. शाह जहाँन, माननीय राजस्व मंत्री, पुदुच्चेरी सरकार

प्रो. गुरमीत सिंह, माननीय कुलपति, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय

खेल संबंधी गतिविधियाँ/ पुरस्कार आदि का विवरण:

1. 14-16 नवंबर 2019 के दौरान एमएस एस सुब्बलक्ष्मी ने बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित विशेष ओलंपिक एशिया पसिफिक में एकीकृत बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया।
2. श्री बी इलाम्परिति ने 27 वें वार्षिक राज्य पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2019-20 में "सब-जूनियर स्ट्रांग बाय्ज़" पुरस्कार जीता।
3. ई. रागुल ने 26-30 नवंबर 2019 को इडुक्की, केरल में पुरुषों और महिलाओं के लिए आयोजित राष्ट्रीय क्लासिक जूनियर पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में पांडिचेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
4. एम कीर्तना ने 6 -8 अक्टूबर 2019 से तमिलनाडु में तिरुनेलवेली में पुरुषों और महिलाओं (यू 23) के लिए आयोजित 6 वें युवा राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
5. के. मदन गोपाल ने 18 -20 अक्तूबर 2019 के दौरान भारतीय कंपनी खेल संगठन (आईसीएसएफ) द्वारा बीघारिया-कोलकाता, पश्चिम बंगाल में पुरुष एवं महिलाओं के लिए आयोजित छठी युवा राष्ट्रीय वॉलीबाल चैंपियनशिप-2019 में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
6. जी. मनोज ने 27 -30 जनवरी 2020 के दौरान उज्जैन, इंदोर, मध्यप्रदेश में पुरुष एवं महिलाओं के लिए आयोजित छठी युवा राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप-2020 में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
7. एस. शिवप्रिथिका ने 31 जनवरी से 2 फरवरी 2020 के दौरान अमृतसर, पंजाब में पुरुष एवं महिलाओं के लिए आयोजित सातवीं युवा राष्ट्रीय रोकिट बॉल चैंपियनशिप-2020 में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
8. एल. प्रदीपराजन् ने 13-18 फरवरी 2020 के दौरान रोहतक, हरियाणा में पुरुष एवं महिलाओं के लिए आयोजित 46वें राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप-2020 में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
9. एन. एलिल आनंद ने 7-10 फरवरी 2020 के दौरान नयी दिल्ली और पंजाब में पुरुषों के लिए आयोजित 3वें राष्ट्रीय जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप-2020 में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
10. एस. रिषिकुमार और वि. प्रकाश ने 28.11.2019 से 11.12.2019 के दौरान मैसूर विश्वविद्यालय, कर्नाटक में पुरुषों के लिए आयोजित साउथ जोन अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट टूर्नमेंट में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
11. आर. राबर्ट अरुड्को जेम्स ने 09.10.2019 से 17.10.2019 के दौरान बंगलूरु केंद्रीय विश्वविद्यालय, बंगलूरु- कर्नाटक में पुरुषों के लिए आयोजित साउथजोन अंतर विश्वविद्यालय हॉकी टूर्नमेंट में पांडिच्चेरी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया।
12. 2019-2020 वर्ष के लिए क्रिकेट असोसिएशन ऑफ पांडिच्चेरी द्वारा पुदुच्चेरी में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नमेंट में एल. रविकुमार, डि. किरुबानिधि, एस. वसंत कुमार, वि. प्रकाश, एस. सुबन, पी. पांड्यराजन, डि. कदिरेशन, वि. सुकुमार,

आर. शरण, के. गणेश, एल. प्रदीपराजन्, ह्रिषि कुमार, गणेश, आर. जॉनसन, एस. संतोष कुमारऔर आई. मुकेश ने भाग लिया।

13. एन. उदय कुमार ने 17.12.2020 से 20.12.2020 के दौरान पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा पुरुषों के लिए आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग टूर्नमेंट में भाग लिया।
14. 7-9 नवंबर 2019 के दौरान पोप जॉन पॉल II कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पुदुच्चेरी में पुरुषों के लिए आयोजित अंतर-महाविद्यालय शतरंज टूर्नामेंट में पी. अरुणकुमार, के. प्रकाश राज, पी. गौतम, और बी. जारिया रोमारिक ने भाग लिया।
15. 7-9 नवंबर 2019 के दौरान राजीव गांधी पशु चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, कुरुमांपेट, पुदुच्चेरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पांडिच्चेरी में पुरुषों के लिए आयोजित अंतर-महाविद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट में एस. रागुल और एम. संजय ने भाग लिया।
16. 10-11 नवंबर 2019 के दौरान राजीवगांधी पशु चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, कुरुमांपेट, पुदुच्चेरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पांडिच्चेरी में महिलाओं के लिए आयोजित अंतर-महाविद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट में सुश्री एस. सुब्बलक्ष्मी ने भाग लिया।
17. 26-29 सितंबर 2019 के दौरान इंदिरागांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, उप्पलम् में पुरुषों के लिए आयोजित अंतर-महाविद्यालय हॉकी टूर्नामेंट में आर रॉबर्ट अरुडको जेम्स और एन. नंदकुमार ने भाग लिया।
18. 24 सितंबर 2019 के दौरान पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय परिसर, पुदुच्चेरी में महिलाओं के लिए आयोजित अंतर-महाविद्यालय क्रास-कंट्री टूर्नमेंट में एस. शिवपृथिका ने भाग लिया और तृतीय स्थान हासिल किया।
19. 1-3 नवंबर 2019 तक एमआईटी परिसर, कालीतीर्थन कुप्पम, पुदुच्चेरी में आयोजित पुरुषों के लिए इंटर-कॉलेजिएट कबड्डी टूर्नामेंट में ए. वेलन, आर. शरण, आर. राजेशकुमार, आर. शक्तिदासन, एम. मुकेश, वी. नवीनकुमार, विनयगमूर्ति, वी. थेरेसेनाथन, ई. एहिल निलवन, ए. अरविंदन, एल. प्रदीप राजन, वी. विश्वनाथ ने भाग लिया।

रोजगार संबंधी गतिविधियाँ :

क्र.सं.	अभिकरण का नाम	चयनित छात्र-संख्या
1.	जिपमेर	7
2.	इनफोसिस	2
3.	स्वास्थ्य विभाग	118

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली :

अल्पकालिक (मूल्य वर्धित) पाठ्यक्रमों की संख्या बढ़ाना

- परिसर खी दीवार
- सिल्वर जुबली आर्क
- कक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्षों और सभागार का निर्माण
- छात्रों और कर्मचारियों दोनों के वाहनों की पार्किंग के लिए शेड
- खेल का मैदान उपलब्ध कराना
- पूर्व छात्र-संघ का मिलन

5.16 कम्यूनिटी कॉलेज – माहे

विभागाध्यक्ष : डॉ एम.पी.राजन्

यह केंद्र वर्ष 2014 से डिप्लोमा/व्यवसायिक पूर्व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चला रहा है। वर्तमान देश के सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य में कौशल शिक्षण का अर्जन अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह केंद्र कौशल आधारित उच्चतर शिक्षा के प्रसार में अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभल रहा है। इस कम्यूनिटी कॉलेज का उद्देश्य दूर-दूर की युवा आबादी तक पहुंच बनाना और आवश्यकता उन्मुख और मूल्य आधारित उच्च शिक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण में प्रासंगिक उद्योग की भागीदारी छात्र को रोजगार

के योग्य बनाती है। उद्योग के साथ उत्पादक रोजगार के लिए कौशल विकास पाठ्यक्रम प्रदान करने हेतु केंद्र में भली भांति सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। नौकरी प्रशिक्षण और विस्तार पर शिक्षण के माध्यम से माहे केंद्र ने अपने उद्योग भागीदारों के साथ पर्याप्त पारस्परिक सहयोग और भागीडारी के साथ रोजगार उन्मुख शिक्षा का एक नमूना बनाया। प्रशिक्षण के लिए केंद्र ने संबंधित उद्योगों के साथ समझौता-ज्ञापन भी प्रचुर मात्रा में मुकम्मल किये हैं।

संकाय-सदस्य :

क्र.सं.	संकाय-सदस्य का नाम	पदनाम
1	सुदीशा एन.के.	अतिथि संकाय
2	जेसली सलीम कुमार	अतिथि संकाय
3	अमृता बी.के.	अतिथि संकाय
4	जिष्णु ई.एन.	अतिथि संकाय
5	मुहम्मद इर्षाद	अतिथि संकाय
6	मुहम्मद फाजिल	अतिथि संकाय

संचालित पाठ्यक्रम

इस केंद्र द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है :

1. फॅशन टेक्नालजी में पूर्व स्नातक व्यवसाय
2. पत्रकारिता और जन संचार में पूर्व स्नातक व्यवसाय
3. डिप्लोमा इन रेडाइयोग्रॅफिक आंड इमेजिंग टेक्नालजी
4. डिप्लोमा इन टूरिसम आंड सर्विस इंडस्ट्री

विद्यार्थियों की संख्या :

संचालित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर/पीएच.डी)	वर्ष	विद्यार्थियों की संख्या		
		पुरुष	महिला	कुल
स्नातक	I	9	17	26
	II	14	10	24
	III	10	12	22
कुल		**33**	**39**	**72**

विशेष व्याख्यान-माला:

1. 05.08.2019 से 06.08.2019 तक राजेश राघवन, प्रशिक्षक/ प्रबंधन सहभागी, मंत्राक्स कंसल्टेंसी, कालीकट द्वारा 'प्रेरणा और व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास और निर्णय-निर्मिति'
2. 07.08.2019 को श्रीमती स्मिता सुकुमारन, समन्वयक- एएसएपी द्वारा 'तनाव प्रबंधन'
3. 10.10.2019 को श्री पुरुषु केटी, संवाददाता, केरल कौमुदी द्वारा 'समाचार रिपोर्टिंग'।
4. 14.10.2019 को केरल ललिता कला अकादमी की कलाकार राधिका रंजीत द्वारा 'फैब्रिक पेंटिंग'
5. 04.11.2019 से 06.11.2019 तक असांते डिजिटल, त्रिवेंद्रम के वरिष्ठ विज़ुअलाइज़र पी. मुहम्मद द्वारा 'मल्टी मीडिया प्रोडक्शन'
6. 03.12.2019 को लियोनार्ड डेज़ी मैथ्यू, वरिष्ठ सामग्री निर्माता, समयम ऑनलाइन, कोचीन द्वारा 'वेब पत्रकारिता'
7. 04.02.2020 & 05.02.2020 को असांते डिजिटल, त्रिवेंद्रम के वरिष्ठ विज़ुअलाइज़र पी. मुहम्मद द्वारा 'ग्राफ़िक डिज़ाइन'

प्रतिष्ठित आगंतुक

1. 05.08.2019 से 06.08.2019 तक राजेश राघवन, प्रशिक्षक/ प्रबंधन सहभागी, मंत्राक्स कंसल्टेंसी, कालीकट
2. 07.08.2019 को श्रीमती स्मिता सुकुमारन, समन्वयक- एएसएपी
3. 10.10.2019 को श्री पुरुषु केटी, संवाददाता, केरल कौमुदी
4. 14.10.2019 को केरल ललिता कला अकादमी की कलाकार राधिका रंजीत

5. 04.11.2019 से 06.11.2019 तक असांते डिजिटल, त्रिवेंद्रम के वरिष्ठ विज़ुअलाइज़र पी. मुहम्मद
6. 03.12.2019 को लियोनार्ड डेज़ी मैथ्यू, वरिष्ठ सामग्री निर्माता, समयम ऑनलाइन, कोचीन
7. 04.02.2020 & 05.02.2020 को असांते डिजिटल, त्रिवेंद्रम के वरिष्ठ विज़ुअलाइज़र पी. मुहम्मद

आधारभूत संरचना का विकास

1. भली भांति सुसज्जित फैशन प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला जिसमें विभिन्न प्रकार के पुतले, वस्त्र-परीक्षण मशीनें और आधुनिक सिलाई मशीनें उपलब्ध हैं।
2. एक पूर्ण जनसंचार-प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य चल रहा है।

सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ

1. ओणम उत्सव के संबंध में छात्रों की प्रतिभा को दिखाने के लिए एक फैशन शो का आयोजन किया गया। बीवीओसी फैशन टेक्नोलॉजी के प्रत्येक छात्र ने परिधानों का निर्माण व प्रस्तुतीकरण किया।
2. बीवीओसी फैशन टेक्नोलॉजी के छात्रों ने 07.02.2020 को होली क्रॉस कॉलेज, कोजीकोड द्वारा 'विमेन इन ब्लाक' विषय पर आयोजित अंतर महाविद्यालय फैशन शो में भाग लिया।
3. 27.02.2020 को फैशन टेक्नोलॉजी विभाग और पत्रकारिता& जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के भव्य फैशन शो -'फ्लोरिसन 2020' में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
4. छात्रों द्वारा 'कैम्पस क्रॉनिकल' नामक एक समाचार पत्र प्रकाशित किया गया है। यह समग्र रूप से एक समाचार पत्र प्रकाशित करने का एक व्यावहारिक अनुभव था। इस पत्रिका के प्रकाशन में सभी छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संपादन, रिपोर्टिंग और डिजाइनिंग छात्रों द्वारा की गई है।
5. पत्रकारिता और जनसंचार के प्रथम वर्ष छात्र माहे से संबंधित विषयों पर परिसर के बाहर जनसंपर्क गतिविधियों में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।
6. छात्रों को अपने कार्य प्रदर्शन के लिए एक नया ब्लॉग प्रकाशित किया गया है। ध्यान दें- यह छात्रों की एक स्वतंत्र पहल के रूप में नियोजित है न कि केंद्र की आधिकारिक साइट के रूप में।
7. पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में बीवीओसी पत्रकारिता एवं जनसंचार के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

वर्ष 2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली :

1. केंद्र के लिए एक स्वतंत्र एवं स्थाई परिसर बनाने की योजना है।
2. मोहल्ले की बेरोजगार महिलाओं और केंद्रीय कारागार, कन्नूर की महिला कैदियों के लिए फैशन डिजाइनिंग कक्षाओं का आयोजन करना
3. सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम पर जनता के लिए वृत्तचित्र फिल्म की स्क्रीनिंग
4. केंद्र की रोजगार गतिविधियों का विस्तार करना
5. सामुदायिक मांगों के आधार पर नये पाठ्यक्रमों का आरंभ करना।

5.17 भारत-अध्ययन कार्यक्रम

समन्वयक : डॉ. उमा चंद्रशेखरन्

परिचय:

अंतर्राष्ट्रीय संबंध अनुभाग भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (आईसीसीआर) जैसी एजेंसियों के साथ संपर्क करके विश्वविद्यालय में पेश किये जाने वाले पाठ्यक्रमों में विदेशी छात्रों को आकर्षित करने से संबंधित मामलों की सुविधा प्रदान करता है।

यह अनुभाग विभिन्न साझेदारियों के तहत इनबाउंड और आउटबाउंड छात्र विनिमय कार्यक्रमों के लिए छात्र वीज़ा दस्तावेज़ीकरण आवश्यकताओं और भारत और विदेश दोनों में प्रतिष्ठित भागीदार संस्थानों के साथ सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन का भी समर्थन करता है।

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान कई विदेशी संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा में भागीदार विश्वविद्यालयों के साथ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों और वेबिनार, कार्यशालाओं, छात्र आदान-प्रदान के संदर्भ में सक्रिय जुड़ाव रहा।

भारत-अध्यय्न कार्यक्रम (एसआईपी) विदेश से छात्रों के लिए विश्वविद्यालय में प्रस्तावित संपूर्ण स्नातकोत्तर, पंचवर्षीय एकीकृत कार्यक्रम और पीएचडी कार्यक्रमों का अध्ययन करने के लिए खुला है। छात्र क्रेडिट के हस्तांतरण के आधार पर सीबीसीएस के तहत विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों में से एक सेमेस्टर या दो सेमेस्टर के लिए भी अध्ययन कर सकते हैं। इस तरह के कार्यक्रम एमओयू के तहत एक्सचेंज प्रोग्राम के रूप में या किसी विदेशी उच्च शिक्षा संस्थान से खुले आवेदन के अनुरोध पर खुले हैं।

हमारे संकाय और प्रयोगशालाओं से उपलब्ध वैज्ञानिक विशेषज्ञता और एक्सपोजर को साझा करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विशिष्ट विभागों के विशेष कार्यक्रमों के लिए एक संकाय सदस्य के साथ छात्रों के समूहों को भी एसआईपी की प्रस्तुति की जाती है। वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में, महामारी की स्थिति के कारण, इस तरह के अल्पकालिक कार्यक्रमों को तब तक के लिए स्थगित कर दिया गया जब तक कि भौतिक व साधारण कक्षाओं के लिए परिसर नहीं खुल जाता।

विदेशी छात्रों का प्रवेश-विवरण :

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान विदेशी छात्रों को विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर, पंचवर्षीय एकीकृत कार्यक्रमों और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश दिया गया। एम.टेक (हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी) और एम.ए. (दक्षिण एशियाई अध्ययन) के छात्रों को दक्षिण एशिया फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित किया गया था, जिसने विश्वविद्यालय में यूएमआईएसएआरसी यूनेस्को मदनजीत सिंह इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशियन रीजनल कोऑपरेशन और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी केंद्र को वित्त पोषित किया है।

I. भारत-अध्ययन कार्यक्रम के तहत 2019-2020 के दौरान विदेशी छात्रों का प्रवेश विवरण :

क्र.सं	पाठ्यक्रम का विवरण	विभाग	छात्र संख्या
1.	एम.टेक. (हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी)	हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग	6
2.	एम.ए. (नृविज्ञान)	नृविज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग	1
3.	एम.ए. (दक्षिण एशियाई अध्ययन)	यूमिसार्क- दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र	20
4.	एम.एससी. (इलैक्ट्रानिक मीडीया)	इलैक्ट्रानिक मीडिया & जन संचार विभाग	1
5.	एम.टेक. (हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी)	हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग	6
6.	एम.पी.ए. (रंगमंच कला)	प्रदर्शन कला विभाग	1
7.	एम.ए. फ्रांसीसी भाषा (अनुवाद & व्याख्यान	फ्रांसीसी भाषा विभाग	1
8.	एम.ए. (राजनीति शास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंध)	राजनीति शास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग	1
9.	एम.ए. संस्कृत	संस्कृत विभाग	2
10.	एम.बी.ए. (व्यवसाय प्रशासन)	प्रबंध अध्ययन विभाग	1
		कुल	40

II. समझौता ज्ञापन विनिमय कार्यक्रम के तहत आगत एवं निर्गत छात्रों का विनिमय विवरण:

विदेशी सहभागी संस्थान & देश	छात्र-संख्या
ल्यूमिएर लियोन 2 विश्वविद्यालय, फ्रांस	34
रेनेस 1 विश्वविद्यालय, फ्रांस	16

फ्रेडेरिच-अलेक्सेंडर यूनिवर्सिटाट एर्लांगेन-नमबेर्ग (एफएयू), व्यवसाय एवं अर्थशास्त्र विद्यापीठ,नमबेर्ग, जर्मनी	4
बोर्डियाक्स विश्वविद्यालय 3, फ्रांस	13
ईस्ट पैरिस विश्वविद्यालय(पैरिस-एस्ट क्रेटील वाल डी मामे- यूपीईसी), फ्रांस	3
यूनिवर्सिटे पैरिस1-पेंथियोन-सोर्बोन्ने, पैरिस, फ्रांस - (डबल डिग्री प्रदान करने जा रहा है)	19
होशुल कोब्लेंज, रीन्हेर परिसर, रेमागेन, यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज़, जर्मनी	4

III. हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापनों का विवरण जो 2019-2020 वर्ष के तहत सक्रिय हैं:

क्र.सं	विदेशी	हस्ताक्षरित दिनांक
1.	यूनिवर्सिटे पैरिस1-पेंथियोन-सोर्बोन्ने, पैरिस, फ्रांस - (डबल डिग्री प्रदान करने जा रहा है)	01.04.2019
2.	ईस्ट पैरिस विश्वविद्यालय(पैरिस-एस्ट क्रेटील वाल डी मामे- यूपीईसी), फ्रांस (छात्र-विनिमय)	12.07.2019
3.	एशिया ओरियंट इन्स्टिट्यूट, यूनिरर्सिटी ऑफ ट्युबिंगेन, जर्मनी	06.02.2020
4.	होशुल कोब्लेंज, रीन्हेर परिसर, रेमागेन, यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज़, जर्मनी	19.02.2020
क्र.सं	**भारतीय**	**हस्ताक्षरित दिनांक**
1.	इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया, हैदराबाद (ईएससीआई)	13.2.2019
2.	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय, पुदुच्चेरी / मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नयी दिल्ली के बीच त्रि-पक्षीय समझौता ज्ञापन।	मई 2019
3.	इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आस्ट्रोफिजिस्क, बंगलूरु इंडियन	25.4.2019
4.	नेशनल मेरिटाइम फाउंडेशन (एनएमएफ), नयी दिल्ली	09.07.2019
5.	युनाइटेड सर्वीस इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (यूएसआई), नयी दिल्ली	15.07.2019
6.	इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग & फाइनेंस (आईआईबीएफ) मुंबई	05.08.2019
7.	बैंकिंग प्रौद्योगिकी में विकास और अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी),	27.12.2019
8.	हैदराबाद कान्फेडरेशन ऑफ इंडिया इंडस्ट्री (सीआईआई), नयी दिल्ली	19.02.2020

5.18 विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के लिए उच्चतर शिक्षा केंद्र (हेप्सन) की सक्षम इकाई :

समन्वयक **डॉ ए चिदंबरम**

परामर्शदाता-सह-पी ओ **डॉ के एस कुप्पुस्वामी**

संपर्क अधिकारी **डॉ बिनू जकरैया**

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय समाज के दिव्यांगों की सेवा में अपने अथक प्रयासों के माध्यम से उनके सामाजिक समावेशन की प्राप्ति के हेतु कटिबद्ध है। विभिन्न रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए विश्वविद्यालय की पहल को सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण (एमएसजेई) मंत्रालय के मुख्य आयुक्त से प्रशंसा प्राप्त हुई। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा करने और सभी दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए उच्चतर शिक्षा सुनिश्चित करने के क्रम में उन्हें पूर्णतः सभी प्रकार के शैक्षणिक शुल्क की छूट देते हुए निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान प्रदान कर रहा है। उन्हें निःशुल्क छात्रावास की सुविधा प्रदान की जा रही है और वर्ष 2011 से छात्रावास भोजनालय में सौ प्रतिशत सब्सिडी का भी प्रावधान दे रहा है ।

विश्वविद्यालय प्रत्येक विषय में विशेष श्रेणी में स्वर्ण पदक प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर रहा है, जिसे प्रति वर्ष दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किया जाता है। प्रति वर्ष अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस और वाइट केन डे आयोजित किया जाता है।

इस इकाई को निरंतर प्रोत्साहित करने हेतु रेलिंग के साथ रैंप, एलिवेटर की सुविधायुक्त शौचालय जैसी सुविधाएँ उपलब्ध करते हुए नए भवन का निर्माण किया गया।

इस परिसर में दिव्यांगों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में दि. 5 जुलाई, 2011 को विश्वविद्यालय ने एचईपीएसएन-एनेबुलिंग सेल की स्थापना की। यह सेल माननीय कुलपति महोदय के द्वारा नामित विलक्षण रूप से सक्षम दो संकाय-सदस्यों के साथ गठित है। वे समन्वयक और परामर्शदाता-सह-रोजगार अधिकारी के रूप में कार्य निर्वहण करते हैं। वे बराबर विलक्षण रूप से सक्षम लोगों (सभी स्तर के – संकाय, स्टॉफ व विद्यार्थियों) के साथ मुलाकात करते रहते हैं, ताकि विनिर्दिष्ट जरूरतों की पहचान, आवश्यक सहायता और शिकायत (यदि हों तो) और उन पर विशेष रूप से विचार करने हेतु विश्वविद्यालय के प्रशासन का ध्यान केंद्रित किया जाय। अभियांत्रिकी अनुभाग विश्वविद्यालय परिसर में सभी भवनों (मौजूदा व नए दोनों) में दिव्यांग-अनुकूल एक्सिस को सुनिश्चित करता है।

अभियांत्रिकी प्रभाग के साथ सभी भवनों को मिलाकर 63 भवनों की तुलना में केवल आठ भवनों में एनेबुलिंग इकाई की सुविधा नहीं है। इस कार्य से जुड़े हुए अधिकारी अभियांत्रिकी विभाग के साथ लगातार संपर्क करते हुए परिसरमें 100% पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। इस संबंध में, संकाय-सदस्यों के विचारों को जानने के लिए अक्टूबर, 2020 में एक ऑनलाइन विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया था ताकि एक्सेसिबिलिटी इंडिया पहल के अनुरूप विकलांग व्यक्तियों के लिए आसानी से पहुंच प्रदान की जा सके। इस सत्र के दौरान, सदस्यों ने कई सुझाव दिए जो पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय परिसर को बाधा मुक्त और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ बनाने में मदद करेंगे।

नीतिगत ढांचे के संबंध में सुझाव देने और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए मौजूदा सेवाओं को बढ़ाने के लिए माननीय कुलपति, प्रो गुरमीत सिंह की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति का गठन इस वर्ष किया गया था। इस सलाहकार समिति की एक ऑनलाइन बैठक दिनांक 14.07.2020 को आयोजित की गई थी। कई महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे दिव्यांग-अध्ययन के लिए एक नया केंद्र स्थापित करना, दिव्यांगता केंद्रित अनुसंधान को प्रोत्साहित करना, प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में दिव्यांग छात्रों के लिए मुफ्त प्रशिक्षण की सुविधा, पूरे परिसर को 100% बाधा मुक्त और सुलभ बनाना, खेल, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम शुरू करना, प्रशिक्षण प्रवेश प्रक्रिया के दौरान बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए भारत सरकार की आरक्षण नीति का पालन करते हुए और दिव्यांग-अधिकार अधिनियम, 2016 में उल्लिखित नियमों का पालन करते हुए, दिव्यांग छात्रों के लिए प्रभावशाली ढंग से ई-सामग्री का प्रसार करने के लिए दिव्यांग शिक्षण-संकाय और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती पर चर्चा की गई और इसे अंतिम रूप दिया गया।

सभी शारीरिक दिव्यांग विद्यार्थियों और स्टॉफ के लिए पर्याप्त पठन उपकरण का प्रावधान और व्हील कुर्सियों की सुविधा का प्रावधान है।

प्रमुख अध्ययन क्षेत्र :

विश्वविद्यालय परिसर में और बाहर जागरूकता लाना, समुदाय विद्यार्थियों के बीच सूचना का प्रसार, परामर्श और वृत्ति संबंधी मार्गदर्शन जैसी कल्याण सेवा प्रदान करना, दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण की व्यवस्था व आपूर्ति की व्यवस्था करना, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समग्र नीति की तैयारी, प्राधिकरण के साथ समर्थनीय पहल, कौशल के उन्नयन के द्वारा दिव्यांग छात्रों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना।

संकाय-सदस्य:

क्र.सं.	दिव्यांगता का प्रकार	पुरुष	महिला	कुल
1	चलन अक्षमता	7	2	9
2	नेत्र हीनता	4	0	4

विद्यार्थियों की संख्या :

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	पुरुष	महिला	कुल
1	स्नातकोत्तर	31	10	41
2	पीएच.डी	5	0	5
	कुल	**36**	**10**	**46**

5.19 दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

निदेशक : **आचार्य शिबनाथ देब** (29.06.2019 तक)

आचार्य सी.के. रामैय्या (30.06.2019 से)

औपचारिक तौर पर कैंपस विधान में उच्चतर शिक्षा प्राप्त न कर सकनेवालों की आवश्यकताओं की पूर्ति के क्रम में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने वर्ष 1995-96 में व्यावसायिक/रोजगार आधारित शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा दूरस्थ शिक्षा क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रबुद्ध निर्णय लिया। फिलहाल, निदेशालय द्वारा पाँच एमबीए, चार स्नातकोत्तर कार्यक्रम और दो स्नातक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

प्रवेश प्रक्रिया आमतौर पर शैक्षणिक वर्ष के लिए जून में और कैलेंडर वर्ष के लिए जनवरी में शुरू होती है। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय चरित्र और शैक्षणिक गुणवत्ता को देखते हुए निदेशालय द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से पेशेवर डिग्री प्राप्त करने और अपने सपने साकार करने के लिए देश भर से सभी प्रकार के छात्र पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का चयन करते हैं। इस प्रकार, वर्षों से, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों ने गुणवत्ता के संबंध में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का दूरस्थ शिक्षा निदेशालय अपने अभिनव **ट्विनिंग कार्यक्रम** की संकल्पना के लिए भी प्रख्यात है, जिसमें पूरे भारत की प्रमुख संस्थाओं की सहभागिता के साथ पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों से संबंधित कार्यकलाप आयोजित किये जाते हैं । इन प्रमुख संस्थाओं के पास अद्भुत मानव संसाधन, मूलभूत संरचना और अधिगम कीब सुविधाएँ उपलब्ध हैं। **'ट्विनिंग'** एक नवीन शैक्षिक अवधारणा है जो शैक्षिक अवसर के दायरे को विस्तृत करती है और छात्र के दूरस्थ स्थानों से लेकर कक्षा-प्रशिक्षण तक पहुंच को विस्तृत करती है। यह ट्विन्निंग अवधारणा दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, पांडिचेरी विश्वविद्यालय और ट्विनिंग संस्थानों के बीच एक गठजोड़ की परिकल्पना करती है। पारंपरिक दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों और इस अभिनव ट्विनिंग कार्यक्रम के बीच उल्लेखनीय अंतर यह है कि छात्रों को सामान्य 8 दिनों के व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम के बजाय शैक्षणिक वर्ष के दौरान सभी शनिवार और रविवार को एक कठोर विस्तारित कक्षा सत्र से गुजरना पडता है।

ट्विनिंग संस्थान/ स्पाट प्रवेश केंद्र -2020 :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की ओर से देश भर में विविध प्रदेशों में संप्रति 26 स्पाट प्रवेश केंद्र, 23- परीक्षा केंद्र तथा 5- ट्विनिंग संस्थान सेवारत हैं।

ट्विनिंग कार्यक्रम के संस्थान:

1. लोयोला कॉलेज, चेन्नै
2. सेंट जोसफ सायं महाविद्यालय (स्वायत्त शासी) बंगलूरु
3. सेंट जेवियर्स महाविद्यालय (स्वायत्त शासी) कोलकता
4. सेंट जोसफ महाविद्यालय (स्वायत्त शासी) तिरुच्चिरापल्लि
5. गुरुनानक महाविद्यालय (स्वायत्त शासी) चेन्नै

आयोजित बृहद् कार्यक्रम/बैठक :

- दूरस्थ शिक्षा निदेशालय ने 23-08-2019 (शुक्रवार) को अपने सेवा केंद्रों के समन्वयकों/सहायकों/संपर्क व्यक्तियों के लिए मौजूदा समस्याओं को सुलझाने और अगले शैक्षणिक वर्ष की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करने के लिए एक वार्षिक बैठक का आयोजन किया है।

- दूरस्थ शिक्षा निदेशालय ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन से संबंधित विभिन्न मुद्दों में सुधार लाने हेतु एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना की है और इसकी एक बैठक 21.10.2019 को अपराह्न 3:00 बजे आयोजित की गयी है।
- दूरस्थ शिक्षा निदेशालय ने नियमित विभागों के 21 वरिष्ठ आचार्यों को दूरस्थ शिक्षा के छात्रों के शिक्षण और अधिगम की गुणवत्ता में सुधार के लिए दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रस्तावित प्रत्येक डिग्री कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक के रूप में नियुक्त किया। इस संबंध में दिनांक 11-12-2019 को अपराह्न 03.00 बजे कार्यक्रम समन्वयकों की बैठक आयोजित की गयी।

प्रथम रोजगार मेला - 25 जुलाई 2019 -

वि.अ.आ. के निर्देशानुसार, भारत में दूरस्थ शिक्षा के छात्रों के लिए प्रथम रोजगार मेला दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा जे.एन. सभागार में आयोजित किया गया है। इस रोजगार मेले का प्रमुख उद्देश्य रोजगार योग्य स्नातकों और नियोक्ताओं के बीच की खाई को पाटना है। इस रोजगार मेले ने अंतिम वर्ष के एमबीए, एम.कॉम, एमए (अंग्रेजी), एमए (समाजशास्त्र) और एमए (हिंदी) के दूरस्थ शिक्षार्थियों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रमुख संगठनों में उपलब्ध करियर विकल्पों तक पहुंचने का अवसर प्रदान किया है। रोजगार मेले ने छात्रों को आत्मनिरीक्षण करने और अपने कौशल और रोजगार क्षमता का मूल्यांकन करने का भी मौका दिया।

यूरेका फोर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस, लुमिना डेटामैटिक्स, फार्म लाइफ प्राइवेट लिमिटेड और याहा लाइफ प्राइवेट लिमिटेड नामक विविध कंपनियों के समूह ने दूरस्थ शिक्षा निदेशालय रोजगार मेले में भाग लिया। रोजगार मेले ने संभावित दूरस्थ शिक्षा के छात्रों को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराकर रोजगार और रोजगार की समस्याओं का समाधान करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है। इस रोजगार मेले ने नियोक्ताओं को सीधे विश्वविद्यालय परिसर से उपयुक्त उम्मीदवारों की भर्ती करने का अवसर भी दिया है। नौकरी के अवसरों के अलावा, उम्मीदवारों को नौकरी के साक्षात्कार के लिए कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श जैसी कई अन्य सेवाएँ भी प्रदान की गयी हैं। इस रोजगार मेले के लिए 2017-19 बैच (कैलेंडर वर्ष और शैक्षणिक वर्ष दोनों) के छात्रों को बुलाया गया था। छात्रों को एसएमएस और ईमेल के माध्यम से सूचित किया गया था, और सभी इच्छुक छात्रों को ईमेल के माध्यम से अपना नाम दर्ज करने के लिए कहा गया था और इसके लिए देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 170 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था।

- पंजीकृत छात्रों की संख्या: 170
- भाग लेने वाले छात्रों की संख्या: 42
- नौकरियों के लिए चुने गए छात्रों की संख्या: 22
- प्रस्ताव-पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या: 2

द्वितीय रोजगार मेला - 15 सितम्बर 2019 -

विद्यार्थियों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक-सह-सम्मेलन परिसर में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय द्वारा 15 सितंबर 2019 को द्वितीय रोजगार मेला आयोजित किया गया है। प्रथम रोजगार मेले में केवल 2017-18 बैच के अंतिम वर्ष के सभी छात्रों के लिए अवसर दिया गया था, जबकि द्वितीय रोजगार मेले में यह अवसर दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के सभी पूर्व छात्रों को सभी डिग्रीधारकों को दिया गया है। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय रोजगार मेले विश्वविद्यालय में उपलब्ध सर्वोत्तम प्रतिभाशाली छात्रों को प्रबंधन और अन्य विषयों के क्षेत्रों में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं ताकि उद्योग उपयुक्त उम्मीदवारों को चुन सकें। इस रोजगार मेले में 10-15 कंपनियों के एक विविध समूह ने भाग लिया है। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने सभी संभावित उम्मीदवारों को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराकर रोजगार और रोजगार की समस्याओं का समाधान करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है। इस रोजगार मेले में नियोक्ताओं को सीधे विश्वविद्यालय परिसर से उपयुक्त उम्मीदवारों की भर्ती करने का अवसर भी दिया जाता है।

प्रशिक्षण सत्र:

रोजगार मेले का पहला आधा-सत्र श्री आर.पी. पाल, आईएएस (सेवानिवृत्त) पांडिच्चेरी सरकार के पूर्व सचिव के साथ आरंभ हुआ और उन्होंने दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के छात्रों को बताया कि आईएएस सहित किसी भी नौकरी के लिए आवेदन करने के मामले में दूरस्थ शिक्षा और नियमित डिग्री के बीच कोई अंतर नहीं है। उन्होंने साक्षात्कार की तैयारी कैसे करें, इस बारे में एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया। उन्होंने समझाया है कि कैसे प्रतियोगी परीक्षाओं सहित साक्षात्कार के लिए व्यवस्थित रूप से तैयारी करनी है और साक्षात्कार का सामना कैसे करना है। द्वितीय वक्ता श्री. एस. अगिलानी, (निदेशक- आरएसईटीआई, इंडियन बैंक) ने आज के संदर्भ में स्वरोजगार के लिए कौशल विकास की आवश्यकताओं के बारे में बताया। तीसरे वक्ता श्री. एस. लोगनाथन, (काउंसलर, इंडियन बैंक) ने सभी को वित्तीय प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया क्योंकि आरबीआई ने छात्रों को भी पढ़ाना अनिवार्य कर दिया था। वित्तीय साक्षरता के अपर्याप्त ज्ञान के कारण, बैंकिंग क्षेत्रों में बहुत अधिक धोखाधड़ी हो रही है। चौथे वक्ता श्री नंदकुमार मणवालन् (उपाध्यक्ष, एमएएफओआई एजुकेशन एंड कंसल्टेशन सर्विसेज, चेन्नै) ने रिज्यूमे और इसके घटकों तथा नियोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उसे प्रस्तुत करने का तरीका आदि के बारे में एक दिलचस्प और सबसे उपयोगी बात की। उन्होंने सलाह दी कि सभी भर्तीकर्ताओं के लिए उम्मीदवार के दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान को समझने के लिए एक रेजूमे का प्रारूप पर्याप्त नहीं है, इसलिए लिंक्डइन प्रोफाइल और सोशल मीडिया प्रोफाइल को भी बनाये रखें।

भर्ती सत्र:

दोपहर सत्र की शुरुआत भर्ती प्रक्रिया के साथ हुई। रोजगार मेले के लिए कुल मिलाकर 210 डीडीई छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 120 छात्रों ने भाग लिया। इसकी लोकप्रियता के कारण पहले जॉब फेयर में छात्रों की संख्या 42 से बढ़कर दूसरे जॉब फेयर में 120 हो गई। इस बार यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड, एलआईसी ऑफ इंडिया, एसईए मूवमेंट, स्टार हेल्थ अलाइड इंश्योरेंस, फार्म लाइफ प्रा. लिमिटेड, याहा लाइफ प्रा. लिमिटेड, रील इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, सुओलिफियो लिनिया इटालिया और आरके डेवलपर्स ने जॉब फेयर में भाग लिया और 60 उम्मीदवारों (जो कि 50% है) को शॉर्ट लिस्ट किया, जिनमें से 13 उम्मीदवारों का चयन किया गया। दूरस्थ शिक्षा में रोजगार मेलों की बड़ी मांग है और छात्रों ने देश के अन्य हिस्सों में ऐसे मेलों का आयोजन करने का अनुरोध किया है। इस दिशा में, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय देश के उत्तर, पूर्व और पश्चिमी भागों में अपने ट्विनिंग कार्यक्रम केंद्रों में और अधिक रोजगार मेले आयोजित करने की योजना बना रहा है।

- पंजीकृत छात्रों की संख्या: 210
- भाग लेने वाले छात्रों की संख्या: 120
- नौकरियों के लिए चुने गए छात्रों की संख्या: 60
- चयनित छात्रों की संख्या: 13

भावी योजनाएँ :

जल्द ही दूरस्थ शिक्षा निदेशालय संप्रति चालू डिग्री कार्यक्रमों के अलावा ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम शुरू करने की योजना बना रहा है। वर्ष 2020-21 के दौरान, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय ने 21-डिग्री कार्यक्रमों के लिए आवेदन किया, जो मौजूदा कार्यक्रमों से लगभग दोगुना है। मांग के आधार पर, प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के प्रबंधन कर्मचारियों के लिए कुछ स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम और लघु कार्यकारी प्रशिक्षण शुरू करने की भी योजना भी प्रस्तावित है।दूरस्थ शिक्षा निदेशालय वरिष्ठ प्रोफेसरों की मदद से वेबिनार के रूप में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम व्याख्यान दे रहा है ताकि छात्रों को इन कक्षाओं में भाग लेने के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित संकायों से सीधे संपर्क करने का अवसर मिले। अब, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अलावा एक स्वतंत्र नई वेबसाइट पर काम कर रहा है ताकि कक्षा पूरी करने के तुरंत बाद छात्रों को नियमित रूप से अधिक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। यह दूरस्थ शिक्षा निदेशालय और छात्रों दोनों को शिक्षण सामग्री भेजने और इन समूहों के बीच संचार प्राप्त करने और अधिकांश छोटी समस्याओं को हल करने में मदद करेगा। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय पूर्व छात्र-संघ वेबसाइट बना रहा है और छात्रों को नेटवर्किंग और प्लेसमेंट में मदद करने के लिए नियमित बैठक आयोजित करने जा रहा है।

5.20 फिजिकल एजुकेशन व खेल निदेशालय

फिजिकल एजुकेशन खेल निदेशालय फिजिकल एजुकेशन और खेल विभाग से अलग हो गया और वर्ष 2011-2012 में इसकी स्थापना की गई। सभी खेल गतिविधियाँ अध्यक्ष के रूप में कुलपति के साथ विश्वविद्यालय खेल मंडल के पर्यवेक्षण में आयोजित किये गए। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की खेल-गतिविधियों और अभ्यास के लिए पाँच मैदान हैं यथा- 1. राजीव गाँधी क्रिकेट स्टेडियम, 2. तिरुवल्लुवर स्टेडियम, 3. फुटबाल मैदान, 4. टेनीस कोर्ट और 5. वाली बाल कोर्ट । प्रति वर्ष हम सरकार एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लाभार्थ पूरे वर्ष अंतर-महाविद्यालय टूर्नामेंट्स, चयन अभ्यास और अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे हैं। प्रति वर्ष इन खेल गतिविधियों में मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित 30,000 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। हमारे विश्वविद्यालय के परिसर में विद्यार्थियों की खेल गतिविधियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएँ हैं। विगत चार वर्ष प्रधान मंत्री आयुष योगा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम से अधिक संख्या में विद्यार्थी, कर्मचारी और संकाय-सदस्य शारीरिक व मानसिक रूप से लाभान्वित हुए। हमारे पास विद्यार्थियों, कर्मचारी और संकाय सदस्य और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य वर्धन और तनाव से मुक्त होने के लिए एक पुरुष व्यायामशाला और एक महिला व्यायामशाला का प्रावधान है।

संकाय सदस्य :

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	डॉ जी शिवरामन	सहायक निदेशक	फिजिकल एजुकेशन खेल
2	डॉ के चंद्रशेखरन	सहायक निदेशक	फिजिकल एजुकेशन खेल

5.21 यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र

निदेशक : आचार्य वेंकट रघोत्तम्

परिचय :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र इसके पहले अकादमिक स्टाफ कॉलेज के नाम से जाना जाता था। इस केंद्र की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी और तब से इसमें नियमित रूप से (ए) उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम (बी) पुनश्चरण पाठ्यक्रम और (सी) स्वल्पकालिक पाठ्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कई प्रदेशों के संकाय सदस्य बेहद रूप से लाभान्वित हुए। कौशल भारत डिजिटल इंडिया पहल के प्रारंभ से लेकर आईसीटी, यादगार कौशल, इलेक्ट्रानिक मंच का उपयोग करते हुए शिक्षण और संप्रेषण कौशल, ई-शिक्षण में और बृहदमात्रा में ऑनलाइन ओपेन पाठ्यक्रम (एमओओसीएस) का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, हमने प्रतिभागियों को ई विषय विकास, भूवैज्ञानिक जानकारी प्रणाली (जी आई एस) और शिक्षण और अधिगम में सांख्यकी का उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया। शैक्षणिक संस्थाओं से संबंधित नयी मांग के संदर्भ में एचआरडीसी की भूमिका पुनः परिभाषित की जा रही है। एमओओसीएस की इलेक्ट्रानिक ऑनलाइन अधिगम प्रक्रिया के साथ पारंपरिक कक्षा के एकीकरण से सकल उपस्थिति अनुपात की वृद्धि होगी। कौशल भारत के लिए सुशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता है और इसी लक्ष्य के लिए मानव संसाधन विकास केंद्र स्थापित हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मानव संसाधन विकास केंद्र, एमओओसीएस के समन्वयन केंद्रों के रूप में भी सेवा प्रदान कर सकते हैं।

संकाय सदस्य

क्र सं	संकाय सदस्य का नाम	पदनाम	विशेषज्ञता
1	आचार्य वेंकट रघोत्तम	निदेशक (ओएसडी) मानव संसाधन विकास केंद्र	मध्ययुगीन इतिहास, विश्व इतिहास, इतिहास संबंधी विद्या
2	पंच रामलिंगम	रीडर	शैक्षणिक मनोविज्ञान, शिक्षा व मार्गदर्शन एवं परामर्श

वर्ष 2019-2020 के दौरान आयोजित उन्मुखीकरण, पुनश्चरण और विशेष पाठ्यक्रम का विवरण

क्र सं	कार्यक्रम का नाम	उन्मुखीकरण/ पुनश्चरण/ कार्यशालाएँ	प्रतिभागियों की कुल संख्या	अवधि
1	128 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	40	22.05.2019 - 11.06.2019
2	129 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	46	25.07.2019 - 14.08.2019
3	130 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	41	20.11.2019 - 10.12.2019
4	131 उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	35	05.03.2020 - 25.03.2020
5	रासायनिक, भौतिकी & पदार्थ विज्ञान	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	39	14.06.2019 - 27.06.2019
6	फ्रांसीसी भाषा	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	16	21.08.2019 - 03.09.2019
7	व्यवसाय अध्ययन (वाणिज्य, अर्थशास्त्र, पर्यटन एवं प्रबंधन)	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	42	16.10.2019 - 29.10.2019
8	इतिहास	पुनश्चरण	39	05.03.2020 - 18.03.2020
9	एमओओसीएस और ई-सामग्री का विकास	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	44	22.05.2019 - 04.06.2019
10	पर्यावरण विज्ञान (भूविज्ञान, पारिस्थितिकी, पृथ्वी विज्ञान, भूगोलशास्त्र)	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	27	21.08.2019 - 03.09.2019
11	गणित एवं सांख्यिकी	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	42	01.08.2019 - 14.08.2019
12	जीवन विज्ञान (जैव विज्ञान, प्राणि विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, वनस्पति विज्ञान)	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	42	21.01.2020 - 03.02.2020
13	प्रभावी शिक्षण-कौशल	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	48	04.12.2019- 17.12.2019
14	सामाजिक विज्ञान (इतिहास, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान और नृविज्ञान)	पुनश्चरण पाठ्यक्रम	32	21.01.2020 - 03.02.2020
15	शोध छात्रों के लिए परिसंवाद पाठ्यक्रम	कार्यशाला	111	09.10.2019- 11.10.2019
16	महाविद्यालय के प्राचार्यों के लिए उच्च शिक्षा में नवीन दृष्टिकोण और नीतियों पर कार्यशाला	कार्यशाला	38	14.05.2019

2019-2020 वर्ष के लिए कार्य-प्रणाली :

हम स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया के मिशन के साथ शैक्षिक प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के लिए अपने पाठ्यक्रमों पर काम करने का इरादा रखते हैं और हमने ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आधारभूत संरचना का विकास किया है।

प्रतिष्ठित आगन्तुक :

1. आचार्य एस. शांता कुमार, कुलपति, गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी
2. डॉ मनप्रीत सिंह मन्ना, पूर्व निदेशक, एआईसीटीई और स्वयं परियोजना, नई दिल्ली।

3. आचार्य गीता, पेरिस विश्वविद्यालय, XII
4. आचार्य सुजाता, आईआईएएस, शिमला
5. डॉ. शंकर, इसरो
6. गीता गणपति डोरे, पेरिस
7. प्रो. मकरंद परांजपे, निदेशक, आईआईएएम, शिमला
8. इनेस जी. ज़ुपानोव, दिल्ली
9. आचार्य. अमरेंद्र नारायण मिश्रा, कुलपति, ओडिशा
10. आचार्य एच. देवराज, पूर्व उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली
11. डॉ रचना सिंह, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक (उत्तर), पुदुच्चेरी
12. आचार्य वी विजयकुमार, उप कुलपति, दि नेशनल ला इनिस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल

5.23 महाविद्यालय विकास परिषद

विद्यापीठाध्यक्ष : डॉ. के. चंद्रशेखर राव

परिचय :

महाविद्यालय विकास परिषद महाविद्यालयों को उच्चतर शिक्षा के मानकों के सुधार की दिशा में आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करनेवाला विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह परिषद (सीडीसी) वि.अ.आ., विश्वविद्यालय, मान्यता प्राप्त महाविद्यालय और सरकार के शिक्षा विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य करता है।

सीडीसी की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ इस प्रकार हैं :

- यह विश्वविद्यालय के अधीनस्थ संचालित प्रत्येक महाविद्यालय से संबंधित अद्यतन जानकारी की तैयारी व रखरखाव, कमियों की पहचान और सभी सुविधाओं का मूल्यांकन–आधारभूत संरचनात्मक एवं शैक्षणिक दोनों के दृष्टिगत सभी मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों का निरीक्षण आवधिक तौर पर करता है।
- यह नये महाविद्यालयों के विकास और आरंभ में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तद्वारा विश्वविद्यालय और राज्य के शिक्षा प्राधिकरण द्वारा महाविद्यालय से संबंधित योजना व विकास के लिए दीर्घकालिक निर्णय लिया जा सकता है।
- यह महाविद्यालयों के साथ सदा संपर्क में रहता है, जिससे उनकी पूर्णतः दक्षता के विकास का उपयोग उपयुक्त रूप से होने में, अध्यापकों के चयन में, विद्यार्थियों को सुविधाएँ प्रदान करने में, वि.अ.आ. द्वारा अनुमोदित परियोजना अनुदान का सही उपयोग और शैक्षणिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की पुनःसंरचना का कार्यान्वयन दक्षतापूर्ण करने में मदद मिले।
- यह यूजीसी द्वारा निर्धारित मानकों के मद्देनजर महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर विभागों की सुविधाओं की समीक्षा करता है, जिससे आनेवाले वर्षों में मानकों के अनुरूप क्षमता प्राप्त करने की दिशा में उन्हें सहायता प्राप्त हो।

परिषद अस्थाई/स्थाई संबद्धता की मंजूरी, अस्थाई संबद्धता की अवधि व विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और मान्यता को जारी रखने से संबंधित सभी मामलों के मद्देनजर मान्यता प्राप्त संस्थाओं का निरीक्षण करता रहता है। अब महाविद्यालय विकास परिषद के अधीन 93 मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/संस्थाएँ हैं, जो पुदुच्चेरी, माहे, कारैकाल, यानाम् और अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह में विविध जगहों में स्थापित व फैले हुए हैं।

निष्कर्षतः, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का सीडीसी कार्यालय वि.अ.आ के नियम और विनियमों की पुष्टि के लिए सभी शैक्षणिक संस्थाओं को सन्नद्ध करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। एक अनुश्रवण और पर्यवेक्षक अभिकरण के रूप में, सीडीसी कार्यालय पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के सभी मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में भौतिक रूप से आधारभूत संरचना के तहत अच्छे संकाय और उसके बराबर अच्छे शैक्षणिक माहौल को सुनिश्चित करते हुए उच्च शैक्षणिक मानकों के अनुरक्षण हेतु प्रयास करता है।

संबद्ध महाविद्यालय/संस्थाएँ

i) पुदुच्चेरी में स्थित महाविद्यालयों की संख्या : 62

ii) कारैकाल में स्थित महाविद्यालयों की संख्या : 13

iii)	महे में स्थित महाविद्यालयों की संख्या	: 6
iv)	यानाम् में स्थित महाविद्यालयों की संख्या	: 2
v)	अंडमान व निकोबार महाद्वीपों में स्थित महाविद्यालयों की संख्या	: 9
vi)	अन्य कोई (विनिर्दिष्ट नाम)	: शून्य

		92

वर्ष 2019-2020 के दौरान किये गए निरीक्षण की संख्या :

कला और विज्ञान	-	19
शिक्षा	-	18
अभियांत्रिकी	-	16
विधि	-	2
चिकित्सा	-	6
नर्सिंग/पैरा-मेडिकल	-	10
दंत चिकित्सा	-	3
पशुचिकित्सा	-	1
कृषि	-	1
कला व संस्कृति	-	1

कुल :		**77**

2019-2020 के दौरान संबद्धता से रहित महाविद्यालय :

1. डान बॉस्को कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कारैकाल
2. अव्वैयार अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महिला महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
3. आर.वी.एस. कंप्यूटर अनुप्रयोग महाविद्यालय, कारैकाल

2019-2020 के दौरान संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय :

1. श्रीवेंकटेश्वरा कॉलेज ऑफ फार्मसी, पुदुच्चेरी

स्वायत्तता स्थिति को प्राप्त महाविद्यालय : चार

1. भारतीदासन शासकीय महिला महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
2. कांची मामुनिवर स्नातकोत्तर अध्ययन केंद्र, पुदुच्चेरी
3. पांडिच्चेरी अभियांत्रिकी महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
4. श्री मनकुल विनायगर अभियांत्रिकी महाविद्यालय, पुदुच्चेरी

कॉलेज विथ पोटेंशियल फार एक्सेलेंस (सीपीई) स्थिति के महाविद्यालय :

1. कांची मामुनिवर स्नातकोत्तर अध्ययन केंद्र, पुदुच्चेरी

स्थाई संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय :

1. महात्मा गांधी शासकीय कला महाविद्यालय, माहे
2. अरैंगर अण्णा शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, कारैकाल
3. अव्वैयर शासकीय महिला महाविद्यालय, कारैकाल
4. पेरुंतलैवर कामराजर् कला महाविद्यालय, पुदुच्चेरी

5. राजीव गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
6. जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, पोर्ट-ब्लेयर
7. टैगोर शासकीय कला & विज्ञन महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
8. मदर टेरेसा स्वास्थ्य विज्ञान स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
9. वेक्टॉर कंट्रोल रिसर्च सेंटर, पुदुच्चेरी

2(एफ)-12(बी) के तहत महाविद्यालय :

यूजीसी अधिनियम 2(एफ)-12(बी) के तहत महाविद्यालय :

1. अरैंगर अण्णा शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, कारैकाल
2. अव्वैयर शासकीय महिला महाविद्यालय, कारैकाल
3. भारतीयार पालकलैईकूडम, अरियन कुप्पम्, पुदुच्चेरी.
4. भारतीदासन सरकारी महिला महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
5. डॉ बी आर अंबेड्कर शासकीय विधि महाविद्यालय, कालापेट, पुदुच्चेरी
6. डॉ एस.आर.के शासकीय कला महाविद्यालय, यानाम्
7. जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, अबेरदीन बाजार (डा.का.), पोर्ट-ब्लेयर, दक्षिण अंडमान
8. कांची मामुनिवार स्नातकोत्तर अध्ययन केंद्र, पुदुच्चेरी
9. महात्मा गांधी शासकीय कला महाविद्यालय, नया माहे
10. महात्मा गांधी दंतचिकित्सा विज्ञान स्नातकोत्तर संस्थान शासकीय संस्थान, गोरीमेडु, पुदुच्चेरी
11. मदर टेरेसा स्वास्थ्य विज्ञान स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान संस्थान गोरीमेडु, पुदुच्चेरी
12. पंडित जवाहरलाल नेहरू कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, प्रधान मार्ग, शेरुमाविलंगै गाँव, नेडुंगाडु डाक, कारैकाल
13. पेरुंतलैवर कामराजर शासकीय कला महाविद्यालय, कालीतीर्थ कुप्पम्, मडागाडिपेट, पुदुच्चेरी
14. पेरुंतलैवर कामराजर शिक्षा महाविद्यालय, कारैकाल
15. पांडिच्चेरी इंजीनियरिंग कॉलेज, पिल्लै चावडी, पुदुच्चेरी
16. पोप जॉन पॉल II कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रेड्डियार पालेम्, पुदुच्चेरी.
17. राजीव गाँधी पशुचिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी.
18. टैगोर शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, लॉसपेट, पुदुच्चेरी
19. टैगोर शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, अंडमान एंड निकोबार द्वीपसमूह

यूजीसी अधिनियम 2(एफ) के तहत महाविद्यालय :

1. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, पहरगाँव, पोर्ट ब्लेयर, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह
2. शारदा गंगाधरन महाविद्यालय, लेक रोड, वेलराम पेट, पुदुच्चेरी
3. इंदिरा गाँधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, तट्टंचावडी, पुदुच्चेरी
4. कस्तूरबा महिला महाविद्यालय, विल्लियनूर, पुदुच्चेरी
5. कृष्णासामी महिला शिक्षा महाविद्यालय, मनपेट, पुदुच्चेरी
6. राजीव गाँधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, तवलकुप्पम्, पुदुच्चेरी
7. राजीव गाँधी अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, खिरुमम्बाक्कम्, पुदुच्चेरी
8. प्रादेशिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आईसीएमआर). अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
9. शबरी शिक्षा महाविद्यालय, पुदुच्चेरी
10. श्री मनकुल विनयागर चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, मडगाडि पेट, पुदुच्चेरी
11. श्री मनकुल विनयागर अभियांत्रिकी महाविद्यालय, मडगाडि पेट, पुदुच्चेरी

12. वेक्टार कंट्रोल रिसर्च सेंटर (आईसीएमआर), इंदिरा नगर, पुदुच्चेरी
13. उषा लच्चुमणन् शिक्षा महाविद्यालय, तिरुक्कनूर, पुदुच्चेरी
14. महात्मागांधी शासकीय महाविद्यालय, मायाबंदर, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह

5.23 छात्र कल्याण केंद्र

विद्यापीठाध्यक्ष : आचार्य ए. शहीन सुल्ताना

सहायक विद्यापीठाध्यक्ष : डॉ. एस. रियासुद्दीन

2019-2020 के दौरान आयोजित कार्यक्रम :

- पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के नवागंतुक एकीकृत छात्रों के लिए छात्र-प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन 29-31 जुलाई 2019 तक विद्यापीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया।
- डीन छात्र कल्याण कार्यालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने गांधी अध्येतावृत्ति में कैरियर के अवसरों पर गांधी फैलोशिप के छात्रों के लिए छात्र परिषद के साथ एक परिसंवाद संगोष्ठी का समन्वय किया। कार्यक्रम संचालक सुश्री संचारी चक्रवर्ती ने 11 और 12 नवंबर 2019 को विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर छात्रों को संबोधित किया।
- महिलाओं के लिए साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम 6 दिसंबर, 2019 को आयोजित किया गया। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के लगभग 1000 छात्र / शोधार्थी और पड़ोस के स्कूलों के स्कूली बच्चे इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री रक्षित टंडन, निदेशक, सूचना सुरक्षा परिषद, दिल्ली ने पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का समन्वयन छात्र कल्याण विद्यापीठाध्यक्ष कार्यालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था।
- पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय ने गांधी अध्येतावृत्ति के सहयोग से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के हिस्से के रूप में 13 फरवरी, 2020 को 21वीं सदी के कौशल पर छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया।
- मातृभाषा दिवस समारोह 2020: 24 फरवरी 2020 को मातृभाषा को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस संबंध में छात्र कल्याण विद्यापीठाध्यक्ष के कार्यालय द्वारा छात्रों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 1) पेंटिंग प्रतियोगिता 2) गायन प्रतियोगिता। प्रत्येक प्रतियोगिता में छात्रों को विशेष रूप से आमंत्रित न्यायाधीशों द्वारा चुना गया और सम्मानित किया गया।

छात्रों को प्रदत्त सेवाएँ/सुविधाएँ :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का कल्याण एक महत्वपूर्ण विषय है। इसमें व्यापक रूप से भौतिक, मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भलाई शामिल हैं। निम्नलिखित सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों की जरूरतों की पूर्ति की जाती है :

- परामर्श और मार्गदर्शन
- विद्यार्थियों को स्वस्थ्य सेवा
- शिक्षणिक यात्राएँ
- विद्यार्थियों द्वारा मंच पर तत्काल प्रतियोगिताओं का आयोजन
- मनोरंजन, सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यकलाप
- विद्यार्थियों को छुट्टियों और इंटर्नशिप यात्राओं के अवसर पर रेलवे रियायत प्रपत्रों को जारी करने का प्रावधान
- साइकिल मरम्मत का अनुरक्षण –
- लिंगडो समिति की सिफारिशों के अनुपालन के क्रम में विद्यार्थी परिषद चुनाव का आयोजन

2020-2021 के लिए कार्य प्रणाली :

- अंतर-विद्यालय खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन
- विश्वविद्यालय स्तर पर व्यावसायिक और पेशेवर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन
- विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए निर्धारित अंतराल पर चिकित्सा शिविर का आयोजन
- विदेशों में उच्च शिक्षा के इच्छुक छात्रों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना
- छात्रों के कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने हेतु बाहरी एजेंसियों के साथ सहयोग

- कैरियर परामर्श के लिए विशेषज्ञों को बुलाकर विविध कैरियर विकल्पों के लिए छात्रों का मार्गदर्शन करना
- अंतर-विद्यालय/अंतर-विभागीय क्लबों का गठन करके इस विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत और मार्गदर्शन करना।

5.24 प्रशिक्षण कक्ष

अधिकारी का नाम : डॉ के देवन, प्रशिक्षण अधिकारी

वर्ष 2006 से पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण कक्ष चालू है। यह कक्ष पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के संकाय, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देता है और सभी विश्वविद्यालयों के आईएसटीएम, आईपीए, एनयूईपीए, एआईयू, आईएनएफएम, आईएमपीएसीटी, एनआईटी, सीपीआरआई, टीईडीए, यूजीसी-एएससी आदि अन्य प्रशिक्षण अभिकरणों के लिए अधिकारियों/ संकायों का नामांकन करता है। प्रशिक्षण केंद्र द्वारा शिक्षा से संबंधित उच्चतर शिक्षा और अन्य प्रशासनिक विषयों पर महिलाओं से संबंधित कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महिला संकायों की प्रतिनियुक्ति की गई। कक्ष के द्वारा पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के समूह–डी, कनिष्ठ सहायक, सभी संविदा कर्मचारी (डाटा एंट्री ऑपरेटर, केयर टेकर, वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, कनिष्ट प्रयोगशाला सहायक, तकनीकी सहायक, कनिष्ठ अभियंता, ध्वनि रिकार्डर, अनुवादक सह उद्घोषक, शूटिंग सहायक, कैमेरामैन, स्टॉफ नर्स, नर्सिंग अटेंडेंट, पूर्व-प्राथमिक अध्यापक और स्नातक प्रशिक्षणार्थी) और विश्वविद्यालय के वाहन चालकों जैसे गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए 'बोलचाल की अंग्रेजी' में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

5.25 सार्वजनिक शिकायत कक्ष

जून, 2005 से पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में सार्वजनिक शिकायत कक्ष चालू है। सार्वजनिक शिकायत कक्ष में शिकायत के साथ विद्यालय आनेवालों (अर्थात् अस्थायी प्रमाणपत्र, अंक सूची, समेकित अंक सूची, दीक्षांत स्मारोह और माइग्रेशन प्रमाणपत्र आदि अप्राप्त दीर्घ लंबित प्रमाणपत्रों के लिए) के साथ साथ ई-मेल के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा सभी शिकायत प्राप्त की जाती हैं। विद्यार्थियों को पूर्ण संतुष्टि के साथ शिकायतों का निवारण किया जाता है। संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग शिकायत समितियाँ गठित की गयीं।

5.26 शिशु संरक्षण केंद्र :

परिचय:

विश्वविद्यालय के कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थियों द्वारा उनके बच्चों के कल्याण के लिए दि.1 फरवरी, 2008 को शिशु सदन केंद्र की स्थापना की गयी। इस शिशु सदन केंद्र में 4 माह और 3 ½ वर्ष और 14 वर्षों के समूह के बीच उनके विद्यालय समय और छुट्टियों के दौरान गणमान्य सेवा प्रदान की जाती है।

चयनित समिति के माध्यम से प्रशिक्षित एवं पेशेवार अभीक्षक की भर्ती द्वारा बच्चों के संज्ञानात्मक, भावुक, सामाजिक और भौतिक विकास के संबंध में इष्टतम विकास के लिए चुनौतीपूर्ण और प्रेरणादायक माहौल उपलब्ध कराना इस केंद्र का प्रमुख आशय है। अभीक्षक उपयुक्त रूप से बच्चों के सामयिक जारूरतों की पूर्ती पर व्यक्तिगत ध्यान केंद्रित करते हैं। इसके अतिरिक्त, इस शिशु सदन केंद्र के बच्चों की देखभाल अत्यंत संयम से की जाती है, जिससे बच्चे अपनी पूर्ण दक्षता तक पुहँचने में सक्षम हों। साथ ही, इस शिशु सदन केंद्र को सुरक्षा और घर के माहौल के लिए मान्यता प्राप्त है, जो बच्चों के विकास और उन्नति में मदद देता है।

अध्यक्ष : **आचार्य गुरुमीत सिंह,** कुलपति

समन्वयक : डॉ नारायनसामी संगीता**,** सहायक आचार्य**,** खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

सुविधाएँ

- प्रेममय, सुरक्षित और स्वास्थ्य वर्धक माहौल
- सहृदयी और सेवारत सुयोग्य और अनुभवी संरक्षक, सहायक
- चार वातानुकूल कमरें (कार्यालय कक्ष सहित), एक बड़ा वातानुकूलित सभा-भवन और एक छोटा फीडिंग कक्ष। इन कमरों को हरित कक्ष (खेल कमरा), नीला कक्ष (पूर्व किंडर गार्टन कक्ष) गुलाबी कमरा (सोने का कक्ष) और फीडिंग कक्ष का नाम दिया गया।

- आयु के अनुकूल स्लाइड, झूले, मेर्री गो राउंड, सी-सा, टन्नेल, जंबो खेल स्टेशन, बच्चों का साइकिलव स्कूटर जैसे खिलौने खेलने हेतु उपलब्ध हैं।
- आयु के अनुकूल शिक्षण सहायक सामग्री, शिक्षणिक खिलौने, सी डी और पुर्व किंडर गार्डेन कक्ष के लिए लकड़ी के मेज व कुर्सियाँ
- लकड़ी के चारपाई, लकड़ी के क्राडेल्स, इस्पात के क्राडेल्स, पटेला, चटाई व सोने के गद्दे आदि सोने के कमरे में उपलब्ध हैं
- दूध और फलों के भंडारण के लिए रिफ्रिजरेटर की सुविधा
- दूध व भोजन को पुनः गरम करने हेतु ओवेन व इंडक्शन स्टोव की सुविधा
- केटेल व हीटर
- आक्वागार्ड का सुरक्षित जल
- टी वी और डी वी डी
- स्लाइड, झूले, मेर्री गो राउंड, रीवाल्विंग फ्लाटफारम और सी-सा जैसे खुल आउटडोर खेल सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- विश्रांत कमरे में गीजर

2019-2020 के दौरान शिशु संरक्षण केंद्र में बच्चों की संख्या :

श्रेणी	बच्चों की संख्या	बालिकाएँ	बालक
कनिष्ठ शिशु सदन (4 माह से 1 वर्ष तक)	-	-	-
वरिष्ठ शिशु सदन (1 वर्ष से 2 वर्षों तक)	07	05	02
पूर्व किंडर गार्टन (2 + से 3 वर्षों तक)	23	12	11
विद्यालय के शिशु			
1. विद्यालय समय के पश्चात (अपराह्न 3.45 से 5.30 तक)	24	11	13
2. गरमी की छुट्टियों के दौरान (2 माह) पूर्वाहन 9.30 से शाम 5.30 तक)	36	21	15

पूर्व किंडर गार्टन [संरक्षक और पूर्व किंडर गार्टन अध्यपाक : श्रीमती जी संगीता]

बच्चों के लिए योजित कार्यकलाप में निम्नलिखित मुद्दों पर हमारा ध्यान केंद्रित है : नेत्र-हाथ का समन्वय

- हाथ और आँख की तालमेल का कौशल
- अवलोकन और सुनने के कौशल
- शब्दावली बनावट
- वार्तालाप कौशल
- दृश्य अंतर कौशल
- जोड़ और सहयोग कौशल
- वर्णों की पहचान
- सामान्य जागरूकता
- अवयवों संबंधी जानकारी कौशल
- फाइन मोटर कौशल
- सामाजिक कौशल
- संगीत व गति

शिशु सेवा केंद्र में समरोह :

तारीख	समरोह
01.08.2019	लाल दिवस

06.09.2019	पीला दिवस
27.09.2019	फल दिवस
25.10.2019	दिवाली
14.11.2019	बाल दिवस
31.11.2019	हरित दिवस
04.12.2019	नील दिवस
31.01.2020	खेल दिवस
05.02.2020	सब्जी दिवस

आयोजित सामान्य कार्यक्रम

समिति के सदस्यों को शामिल करते हुए अत्यंत भव्य रूप से बाल दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। बच्चों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों के बच्चों को विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं और वार्षिक दिवस एवं स्नातक दिवस समारोह में बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये।

समिति के सदस्यों की भागीदारी के साथ बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया, जहाँ बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विश्वविद्यालय संकाय के बच्चों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर वार्षिक दिवस सह स्नातक दिवस समारोह में विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

31.01.2020 को तिरुवल्लुवर स्टेडियम में खेल दिवस शानदार तरीके से मनाया गया, जहाँ विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे- संस्कृति और सांस्कृतिक संबंध निदेशक आचार्य राजीव जैन। बच्चों द्वारा सामूहिक अभ्यास किया गया और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं और पुरस्कार वितरित किए गए।

5.27 पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय पूर्व प्राथमिक विद्यालय

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में माननीय पूर्व कुलपति प्रोफ्फेसर जे ए के तरीन के महत्वपूर्ण प्रयास के फलस्वरूप हमारे राष्ट्र के नागरिकों को सृजनात्मक, उत्पादनपरक और गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के आशय से विश्वविद्यालय के कैंपस में दि.1 जुलाई, 2010 को पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय पूर्व प्राथमिक विद्यालय (पीयूपीपीएस) की स्थापना की, जिसका उद्घाटन दि.06.09.2010 को महामहिम पुदुच्चेरी राज्य के उप राज्यपाल, विश्वविद्यालय के मुख्य कुलदेशिक के द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए इस विद्यालय की स्थापना हुई थी। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध महाविद्यालयों (पीआईएम एवं पीईसी) के अनुबंध कर्मचारियों, शोधार्थी व विद्यार्थियों के बच्चों के साथ-साथ यदि रिक्त सीटें हों तो विश्वविद्यालय परिसर के समीप क्षेत्रों के बच्चों को भी प्रवेश की व्यवस्था करने हेतु उक्त विद्यालय की परिकल्पना की गयी। इसमें चयन समिति द्वारा भर्ती किये गए अत्यंत योग्य, सक्षम, प्रतिबद्ध व प्रतिभाशाली कनिष्ठ नर्सरी और वरिष्ठ नर्सरी में प्रवीण अध्यापक समाविष्ठ हैं।

शैक्षणिक वर्ष 2019-2020 में, इक्कीस (21) विद्यार्थियों को कनिष्ठ नर्सरी में प्रवेश दिया गया। कनिष्ठ एवं वरिष्ठ नर्सरी में भर्ती हुए बच्चों का संबंधित विवरण नीचे प्रस्तुत है :

श्रेणी	कनिष्ठ नर्सरी के बच्चों की संख्या	वरिष्ठ नर्सरी के बच्चों की संख्या
नियमित कर्मचारी	11	19
संविदा कर्मचारी	3	4
शोधार्थी	5	-
अतिथि परिवार	2	1
आम जनता	-	1
कुल	**21**	**25**

अध्यक्ष : **आचार्य गुरुमीत सिंह, कुलपति**

समन्वयक : डॉ नारायणसामी संगीता, सहायक आचार्य, खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

पूर्व प्राथमिक विद्यालय शिक्षा

औपचारिक प्राथमिक शिक्षा प्रारंभ करने के पूर्व तीन वर्षों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा में विद्यालय के तैयारी-कौशल सिखाए जाएँगे। पूर्व प्राथमिक शिक्षा का आशय है कि साक्षरता कौशल, पूर्व-गणित कौशल, सामान्य जागरूकता कौशल, भावुक व समाजिक कौशल एवं शारीरिक अवयवों संबंधी ज्ञान कौशल सहित सुदृढ़ ज्ञान प्रदान करना। आत्मविश्वास, स्वअनुशासन, आत्म सम्मान, समूह भावना और साथी बच्चों के साथ सहयोग की भावना का विकास करते हुए तद्वारा बच्चों को विद्यालय और समाज के लिए सृजनत्मक, उत्पादनपरक और योग्य सदस्य के रूप में बनाना इन शिक्षा क्षेत्रों के चयन का आशय है ।

विद्यालय की महत्वपूर्ण विशिष्टताएँ

- व्यापक शिक्षा
- शिक्षा में नवीकरण पद्धति
- लेखन शैली का निष्कासन
- स्व-शिक्षा सामग्री का प्रावधान
- स्व-शिक्षा प्रक्रियाएँ
- बहुल बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने योग्य कार्यकलाप
- व्यक्तिगत ध्यान
- बच्चों की प्रगति पर निरंतर परख
- क्षेत्र पर्यटन
- सुयोग्य, अनुभवी, समर्पित और देखभाल करनेवाले स्टॉफ
- वातानुकूलित कक्षाएँ
- कंप्यूटर व एल सी डी प्रोजेक्टर, पुप्पेट रंगमंच आदि सहित कक्षाएँ
- नियमित तौर पर माता-पिता और अध्यापक बैठक
- आक्वा गार्ड के माध्यम से सुरक्षित पेय जल
- सुसज्जित आउटडोर खेल मैदान
- उचित भोजनशाला
- स्वच्छ शौचालय

जूनियर नर्सरी [अध्यापिका : श्रीमती एस. सगाय मेरी]

हम बच्चों को जीवन कौशल से युक्त बनाने का प्रयास करते हैं और निम्नलिखित पाठ्यक्रम के साथ अपनी गतिविधियों को डिजाइन करते हैं- जो इस प्रकार है:

- वर्गीकरण कौशल
- संवादी कौशल
- परिणामों का आकलन करना
- प्रयोग
- पैटर्न की पहचान करना
- मोटर कौशल (सकल और बढ़िया)
- सामाजिक व्यवहार/व्यक्तिगत स्वच्छता
- सामान्य ज्ञान
- अतिरिक्त पाठयक्रम गतिविधियों
- अवलोकन और मान्यता कौशल
- अवलोकन और संबंधित कौशल
- आदेश देना और अनुक्रमित करना
- छँटाई और वर्गीकरण
- मनन कौशल

- अवधारणाओं को समझना
- शब्दावली संवर्द्धन
- तर्क और समस्या समाधान कौशल

दिनांक	आयोजन-विवरणिका
29.07.2019	स्माइली डे
31.07.2019	काल्पनिक खेल दिवस
14.08.2019	स्वतंत्रता दिवस
20.08.2019	लाल दिवस
29.08.2019	खेल
01.10.2019	पीला दिवस
15.10.2019	विश्व हाथ धोने का दिवस
21.10.2019	विश्व सेब दिवस
22.10.2019	हरित दिवस
24.10.2019	विश्व खाद्य दिवस
21.10.2019 से 24.10.2019	पोषण सप्ताह
25.10.2019	दीपावली
04.11.2019 से 08.11.2019	दिखावा खेल सप्ताह
14.11.2019	बाल दिवस
19.11.2019	विश्व ब्रशिंग दिवस
28.11.2019	नीला दिवस
20.12.2019	क्रिसमस
20.01.2020	पोंगल
14.02.2020	फल दिवस
17.02.2020	क्षेत्र पर्यटन
25.02.2020	सब्जी दिवस

वरिष्ठ शिशु सदन : [अध्यापिका : श्रीमती एम. मुरुगजुरिया]

हमारे पाठ्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं:

- दिलचस्प गतिविधियों, कहानियों, तुकबंदी, खेल और खेल के माध्यम से सीखने का एक निष्पक्ष, उपयुक्त और व्यापक प्रसार कार्यक्रम प्रदान करना।
- बच्चों को सीखने, साझा करने, सहयोग करने और एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने के अवसर प्रदान करके सामाजिक कौशल विकसित करना।
- सभी बच्चों के लिए विभिन्न स्थितियों में संवाद करने, प्रतिक्रिया के अवसरों मे ध्यान देने के साथ भाषा और संचार कौशल विकसित करना।
- मजबूत आत्म-सम्मान और आत्म-विश्वास को प्रोत्साहन देना।
- बच्चों को पढ़ने और लिखने के लिए प्रशिक्षित करना।
- पूर्व-गणित अवधारणाओं, संख्याओं, मापों, पैटर्न और आकृतियों की समझ विकसित करना।

- बच्चों के ठीक और सकल शारीरिक कौशल का विकास और अभ्यास करें और शरीर के काम करने के तरीके के बारे में उनकी समझ में वृद्धि करना।
- बच्चों को सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाएं और उन्हें सुरक्षा नियमों और प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता के बारे में समझाना।
- बच्चों की रचनात्मक और तार्किक सोच कौशल को विकसित करना और विभिन्न कला और शिल्प, नाटक, संगीत और आंदोलनों के माध्यम से अपने विचारों, विचारों और भावनाओं को साझा करने के अवसर प्रदान करना।

Date	Days
29.07.2019	मित्र दिवस
29.07.2019	साझा दिवस
14.08.2019	स्वतंत्रता दिवस
29.08.2019	उन्मुखीकरण कार्यक्रम
27.09,2019	विश्व हृदय दिवस
04.10.2019	विश्व जानवर सुरक्षा दिवस
15.10.2019	विश्व हाथ धोने का दिवस
16.10.2019	विश्व आटा खेल दिवस
21.10.2019	विश्व कठपुतली दिवस
22.10.2019	उंगली खेल दिवस
24.10.2019	विश्व खाद्य दिवस
25.10.2019	दिवाली & आग सुरक्षा दिवस
14.11.2019	बाल दिवस दिवस
17.02.2020	क्षेत्र पर्यटन
2012.2019	क्रिसमस
21.01.2020	फसल कटाई त्योहार
31.01.2020	खेल दिवस

सामान्य कार्यक्रम आयोजित :

हमारे पूर्व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा 15.08.2019 को आयोजित स्वतंत्रता दिवस और 26-01-20 के गणतंत्र दिवस के संदर्भों में रंगारंग तरीके से भाग लिया। माननीय कुलपति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद बच्चों को मिठाई बांटी गयी।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय पूर्व प्राथमिक विद्यालय और डे केयर सेंटर ने संयुक्त रूप से 14-11-2019 को बाल दिवस समारोह का आयोजन किया। संयोजक ने स्वागत भाषण दिया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और गायन, भाषण और फैंसी ड्रेस जैसी प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया गया।

17 फरवरी 2020 को पांडिच्चेरी की जानकारी और माहौल का ज्ञान हासिल करने के लिए बच्चों को कृषि विभाग के वनस्पति उद्यान में मिनी चिड़ियाघर, पुदुच्चेरी के वन विभाग और एक्वेरियम में फील्ड ट्रिप पर ले जाया गया। बच्चों ने भी रेल यात्रा का भी मजा लिया।

5.28 पुदुवै वाणी

प्रभारी संकाय : डॉ डी/ निवेदिता

परिचय :

हमारे पूर्व कुलपति, प्रो. जे.ए.के. तरीन की अभिनव पहल के तहत यूजीसी, नयी दिल्ली के सहयोग से नवीकरण पहल के रूप में सामुदायिक रेडियो स्टेशन "पुदुवै वाणी" 107.8 एमएचजड का उद्घाटन किया गया। इसे संस्कृति और सांस्कृतिक संबंधों के पूर्व निदेशक प्रो. ए. बालासुब्रमण्यम द्वारा कार्यान्वित किया गया था। तकनीकी सहायता डॉ. आर. श्रीधर, पूर्व निदेशक, सीईएमसीए, कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग (सीओएल), नई दिल्ली द्वारा दी गई थी। यह एफएम 107.8 मेगाहट्र्ज आवृत्ति के तहत काम करता है, जिसे वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर में 20 कि.मी. के ग्रहण क्षेत्र तक बढ़ाया गया है।

पुदुवै वाणी का जनता की जीवनशैली के ढंग को विकसित करने की दृष्टि से आरंभ किया गया। पुदुवै वाणी महिला सशक्तीकरण, सामुदायिक सद्भावना, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों सहित जनता के सभी प्रकार के वर्गों को जगाने, सूचना देने, जागृत करने, शिक्षा प्रदान करने और मनोरंजन प्रदान करनेवाला सार्वजनिक प्रसारण माध्यम है। यह विश्वविद्यालय परिसर और समीप के छात्रों की प्रतिभा को बाहर निकालने में भी सहायता करनेवाला माध्यम है। सीआरएस में इलेक्ट्रानिक मीडिया और जन संचार विभागों के विद्यार्थियों के लिए इसकी सेवाएँ शामिल हैं।

दि.23 अगस्त, 2008 को सामुदायिक रेडियो स्टेशन हमारी पुदुवै वाणी में परीक्षा ट्रांसमिशन का शुभारंभ हुआ।

हमारे प्रोडक्शन टीम द्वारा नियमित रूप से मानक तौर पर तमिल और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में विशेष कार्यक्रम तैयार किये जाते हैं। इस समूह द्वारा बनाए गए रेडियो ट्यूटर और विषय से संबंधित वृत्त चित्रों के माध्यम से प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए अनुकूल अधिगम पद्धतियाँ उपलब्ध कराने का आशय है। ग्रामीण पुरुष और महिलाएँ, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों को अपने विचार, अनुभव और प्रत्याशाएँ बताने का अवसर दिया जाता है।

हमारे पुदुवै वाणी - सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन 27.12.2008 को श्री वी. नारायणसामी, माननीय केंद्रीय योजना और संसदीय कार्य राज्य मंत्री द्वारा श्री पी. चिदंबरम, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री और प्रो. एम. रामदास, सांसद की उपस्थिति में किया गया था। उद्घाटन समारोह सामुदायिक रेडियो स्टेशन पर लाइव में किया गया था और 1 जनवरी 2009 से पूर्णकालिक प्रसारण चल रहा है।

प्रसारण समय :

सप्ताह के दिनों में	:	पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 5 बजे तक (सभी दिन)
सप्ताह के अंतिम दिनों में	:	पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 5 बजे तक (तमिल, हिंदी और अंग्रेजी)

'सीखते हुए अर्जन" योजना के माध्यम से एम.ए. जन संचार और एम.एससी. इलेक्ट्रानिक मीडिया सहित पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ट्रांसमिशन ड्यूटी कर रहे हैं और नियमित रूप से कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं।

पुरस्कार

पुदुवै वाणी–समुदाय रेडियो स्टेशन को अपने समुदाय से संबंधित विषयों पर कार्यक्रमों की तैयारी में किये गए प्रयासों के लिए एथिमेटिक श्रेणी में कार्यक्रम 'उंगलै तेडी' को वर्ष 2013 में प्रथम पुरस्कार मिला। माननीय केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री मनीष तिवारी ने 11 फरवरी 2013 को नई दिल्ली में तीसरे राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन के अंतिम दिन पुरस्कार प्रदान किए। सम्मेलन का आयोजन सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 9 से 11 फरवरी 2013 तक विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया था और इसके लिए रु.50,000/- नकद पुरस्कार एमआईबी, नई दिल्ली से प्राप्त है। कार्यक्रम कार्यकारी डॉ. एस. सलीमा रबियाथ ने बैठक में भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किया।

विशेष दिवस कार्यक्रम

1. "मन की बात" – माह में प्रत्येक आखिरी रविवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भाषण का प्रसारण होता है और इसका तमिल अनुवाद भी 'मनत्तिल कुरल्' नाम से प्रत्येक आखिरी सोमवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रसारित होता है।
2. बीबीसी – प्रत्येक शनिवार और रविवार को अपराह्न 02.00 से 05.00 बजे तक विज्ञान, इतिहास, साहित्य और स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर अंग्रेजी में प्रसारण
3. एमएसएसआरएफ- एम.एस.स्वामिनाथन रिसर्च फाउण्डेशन- (हर दिन मौसम समाचार की घोषणा)

कोरोना वायरस जागरूकता-कार्यक्रम :

1. दिन भर कोविड-19 के प्रति जागरूकता पर माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण का प्रसारण हुआ।
2. 'मन की बात' कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी ने कोविड-19 के प्रति जागरुकता दी।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर माननीय प्रधान मंत्री का भाषण प्रसारित।
4. उपराज्यपाल माननीय किरण बेदी ने जनता को निर्देश दिया कि बिना उचित और पुख्ता कारण के बेवजह बाहर न निकलें। और उन्होंने सभी जनता को मास्क पहनने की सख्त सलाह दी।
5. कोविड 19 के प्रति जागरूकता के लिए माननीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के साक्षात्कार का प्रसारण किया गया।
6. पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन, इंडिया के अध्यक्ष डॉ. के. श्रीनाथ रेड्डी ने एक जागरूकता कार्यक्रम किया।
7. श्री सुरजीत रॉय, निदेशक, अप्रेंटिसशिप, एनएसडीसी ने कोविड-19 से संबंधित कार्यक्रम किया।
8. कंट्री प्रोग्राम मैनेजर सुश्री कांता सिंह ने कोविड 19 पर कार्यक्रम किया।
9. सुश्री निष्ठा सत्यम, राष्ट्र की उप प्रतिनिधि और प्रभारी अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र महिला भारत ने कोविड19 पर कार्यक्रम किया।
10. कोविड-19 के दौरान गर्भवती महिलाओं को स्तनपान एवं पोषण कार्यक्रम।
11. पुदुच्चेरी सरकार ने घोषणा की कि जनता स्वास्थ्य, स्वच्छता, सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनने, सैनिटाइज़र का उपयोग करने और अन्य विशेष घोषणाओं के संबंध में सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करे।
12. तमिलनाडु सरकार द्वारा दिए गए प्रोमो का भी प्रसारण किया गया।
13. पुदुवै वाणी ने भी जनता को कोविड-19 के संबंध में निर्देश दिए।
14. जिपमेर ने आम लोगों को यह कहते हुए सामान्य निर्देश दिया कि चिकित्सा आपात स्थिति को छोड़कर लोगों को अपने घरों में रहना चाहिए और अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलना चाहिए।
15. और उन्होंने महामारी के दौरान मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने, सामान्य भोजन खाने की आदतों, बाल सुरक्षा और गर्भावस्था महिलाओं की देखभाल के एहतियाती उपायों के संबंध में जागरूकता भी दी।
16. समुदाय के लोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम पर कठपुतली शो (ऑडियो) दिया गया।
17. डॉक्टरों ने कोविड-19 के प्रति जागरूक किया।
18. हर सोमवार और शुक्रवार को दोपहर 3.00 बजे प्रसारित होने वाले स्वास्थ्य कार्यक्रम की सामग्री के साथ "वाल्वोम् नलमै" के लिए जिपमर और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के लिए समझौता ज्ञापन हुआ है। इस कार्यक्रम का निर्माण डॉ. डी. निवेदिता द्वारा हुआ है और प्रोडक्शन: के. प्रगाश।
19. विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों और भारत के अन्य राज्य के छात्रों के लिए इंटर्नशिप। उन्हें विभिन्न समाज सेवा संगठनों के लिए कार्यक्रम तैयार करने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाता है।
20. विशेष लाइव कार्यक्रम तथा डिजिटल इंडिया प्रोमो।
21. स्वच्छ भारत प्रोमो।
22. अंतर्राष्ट्रीय "योग दिवस" कार्यक्रम।
23. विश्वविद्यालय परिसर में और उसके आसपास ओ.बी. रिकॉर्डिंग।

विशेष कार्यक्रम :

- स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम तैयार करना।
- कृषि पर जागरूकता कार्यक्रम तैयार करना।
- पर्यावरण हितैषी कार्यक्रम तैयार करना
- लिंग संबंधी मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना।
- जल-संरक्षण कार्यक्रम तैयार करना।

- राष्ट्रीय पहचान संबंधी कार्यक्रम तैयार करना।
- डिजिटल लेन-देन करने के लिए, मेकिंग इंडिया कार्यक्रम
- सभी प्रकार के पर्यावरण संबंधी कार्यक्रम तैयार करना।
- बच्चों के लिए प्रतियोगिता आधारित कार्यक्रम आयोजित करना। (सामान्य ज्ञान, खेल, इतिहास, अंग्रेजी, सरल गणित, भूगोल और किसी भी अन्य समाचार संबंधी कार्यक्रम आदि पर।)

5.29 रोजगार प्रकोष्ठ

समन्वयक : डॉ. एस.के.वी. जयकुमार

रोजगार प्रकोष्ठ की मुख्य जिम्मेदारियों में से एक है- कैंपस प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रेरित करना, प्रशिक्षित करना और तैयार करना। यह विश्वविद्यालय के छात्रों को उनके सफल करियर प्लेसमेंट के लिए परामर्श और मार्गदर्शन करने में एक बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम भूमिका निभाता है जो छात्रों के लिए अध्ययन के अकादमिक कार्यक्रम को पूरा करने और उपयुक्त रोजगार में प्रवेश के चरणों के बीच महत्वपूर्ण पडाव है।

2019-20 के दौरान विश्वविद्यालय विभागों के छात्रों के प्लेसमेंट^^ का विवरण

अवधि	विभाग का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	कंपनी जिसमें रोजगार मिली	वेतर पैकेज
2019-20	कंप्यूटार विज्ञान	एम.सी.ए.	टीसीएस, चेन्नै	3.53
	कंप्यूटार विज्ञान	एम.सी.ए.	सॉफ्टस्क्वेयर, चेन्नै	2.80
	कंप्यूटार विज्ञान	एम.सी.ए.	स्काई क्लाउड, चेन्नै	6.00
	कंप्यूटार विज्ञान	एम.एससी.कंप्यूटर विज्ञान	टीसीएस, चेन्नै	3.53
	कंप्यूटार विज्ञान	एम.टेक एनआईएस	केवीबी, करूर	6.00
	बैंकिंग प्रौद्योगिकी	एमबीए बीटी	एचडीएफसी बैंक, मुंबई	6.57
	बैंकिंग प्रौद्योगिकी	एमबीए बीटी	केवीबी, करूर	4.56
	बैंकिंग प्रौद्योगिकी	एमबीए बीटी	आईसीसी प्रु.चेन्नै *	7.50*
	मात्रात्मक वित्त	एम.एससी. मा.वि.	एचडीएफसी बैंक, मुंबई	6.57
	जैव प्रौद्योगिकी	एम.एससी. जैव.प्रौ.	जिफो आरएनडी, चेन्नै	3.70
	जैव रासायनिकी	एम.एससी. जैव.रा.	जिफो आरएनडी, चेन्नै	3.70
	सांख्यिकी	एम.एससी. सांख्यिकी	जिफो आरएनडी, चेन्नै	3.70
	फ्रांसीसी	एम.ए. फ्रांसीसी	डाटा मार्क, चेन्नै	8.00

* चूंकि यह बैंकिंग प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा आयोजित है, यह विवरण उसी विभाग के द्वारा दिया गया है।

^^ प्लेसमेंट विवरण केवल प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित साक्षात्कार और कुछ विभागों द्वारा सूचित विवरण पर आधारित होते हैं।

2019-2020 के लिए कार्य योजना :

प्लेसमेंट सेल की योजना अधिक संख्या में नियोक्ताओं को आमंत्रित करने की है। यदि पूर्णकालिक प्लेसमेंट अधिकारी उपलब्ध है, तो कंपनी के दौरे के लिए मानव संसाधन प्रबंधकों से व्यक्तिगत रूप से मिलने और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय से छात्रों की भर्ती के लिए विश्वविद्यालय को आमंत्रित करने की योजना है।

5.30 हिंदी कक्ष

समन्वयक का नाम : डॉ सी. जयशंकर बाबू

परिचय :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के उद्देश्य से 2004 के दौरान इस विश्वविद्यालय में हिंदी प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी थी। राजभाषा नीति का कार्यान्वयन एक संवैधानिक दायित्व है। हिंदी प्रकोष्ठ विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रसार को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करता है और भारत संघ की राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी

के प्रगतिशील उपयोग को सुनिश्चित करता है। समन्वयक की अध्यक्षता में, हिंदी प्रकोष्ठ राजभाषा शिक्षण-प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, संवैधानिक दायित्वों, राजभाषा अधिनियम, राजभाषा संकल्प, राजभाषा नियम, संसद की राजभाषा समिति और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की सिफारिसों के आधार पर भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेशों के संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन को सलाह देता है। राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के संबंध में निर्णय इस उद्देश्य के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति-यानी राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ओएलआईसी) द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे हैं। समिति का गठन वैधानिक अधिकारियों, निदेशकों, विद्यापीठाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों के बीच नामित सदस्यों के साथ किया जाता है। समिति के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति होते हैं और सदस्य सचिव हिंदी प्रकोष्ठ के समन्वयक होते हैं।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष : आचार्य गुरुमीत सिंह, कुलपति

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष : आचार्य राजीव जैन, निदेशक, संस्कृति और सांस्कृतिक संबंध

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य-सचिव : डॉ. सी. जयशंकर बाबू, समन्वयक, हिंदी प्रकोष्ठ

गतिविधियाँ :

- मय-समय पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित करना, जो भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रगतिशील प्रयोग की समीक्षा करती है।
- हिन्दी शिक्षण योजना के क्रियान्वयन में समन्वय।
- राजभाषा कार्यान्वयन के लिए दस्तावेजों का अनुवाद।
- हिन्दी कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
- हिंदी दिवस का पालन और हिंदी माह समारोहों का आयोजन।
- विश्व हिंदी दिवस का पालन
- मातृभाषा दिवस का पालन

हिंदी शिक्षण योजना :

हिंदी शिक्षण के अंतर्गत कक्षाओं के लिए नामांकित अभ्यर्थियों की संख्या :

पाठ्यक्रम	जनवरी-मई 2019	मई-दिसंबर 2019
प्रबोध	29	12
प्रवीण	12	--
प्राज्ञ	13	02

राजभाषा क्रियान्वयन समिति की बैठकें :

- पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 02.07.2019 को हुई, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. गुरमीत सिंह ने की।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में उपस्थिति :

हिंदी प्रकोष्ठ के समन्वयक और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव डॉ. सी. जया शंकर बाबू ने वर्ष के दौरान आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पुदुच्चेरी की बैठकों में भाग लिया।

• आयोजित बैठक में भाग लिया और अर्धवार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

• बैठक में भाग लिया जिसमें सदस्य अधिकारियों में राजभाषा के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। चूंकि केंद्रीय मंत्री की यात्रा के लिए उनके द्वारा तत्काल प्रोटोकॉल को पूरा किया जाना था, जिपमेर के निदेशक की विनति के अनुसार बैठक की अध्यक्षता भी की।

हिंदी माह :

माननीय कुलपति प्रो. गुरमीत सिंह के हिन्दी दिवस संदेश को विश्वविद्यालय के वेब पोर्टल में होस्ट किया गया। सितंबर और अक्टूबर 2019 के दौरान हिंदी माह मनाया गया। विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रगतिशील उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए संकाय-सदस्यों, संकाय-सदस्यों के बच्चों, छात्रों और शोधार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं।

2020-21 के लिए कार्य प्रणाली :

- राजभाषा कार्यान्वयन समिति- बैठकों का आयोजन
- ऑनलाइन कक्षाओं के लिए कर्मचारियों का नामांकन
- हिन्दी दिवस का आयोजन एवं हिन्दी माह की प्रतियोगिताएँ आयोजित करना।
- संकाय-सदस्यों के लिए कार्यशाला का आयोजन।
- विभिन्न संगठनों के राजभाषा कर्मचारियों के लिए ईडीपी/एमडीपी का आयोजन
- राजभाषा कार्यान्वयन के लिए वर्ड प्रोसेसिंग और आईसीटी अनुप्रयोगों पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ।

5.31 शैक्षणिक मल्टीमीडिया शोध केंद्र

विभागाध्यक्ष का नाम : **डॉ एस अरुलसेल्वन** (28.11.2019 तक)
डॉ. राधिका खन्ना (29.11.2019 से)

परिचय :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में ईएमआरसी 2012 में भारत में स्थापित नये मीडिया केंद्रों में से एक है। ईएमआरसी वीडियो उत्पादन सुविधाओं के लिए सुसज्जित अत्याधुनिक स्टूडियो के साथ अनुसंधान पर आधारित मल्टी-मोडल शिक्षण-अधिगम संसाधन बनाने में एक सक्रिय योगदानकर्ता है। यह अपनी स्थापना से शैक्षिक वीडियो वृत्तचित्रों, एनीमेशन फिल्मों, ई-व्याख्यानों, दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों, मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) कार्यक्रमों और विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रलेखन के उत्पादन में सक्रिय रूप से कार्यरत है।

इसने विभिन्न विषयों पर 65 से अधिक वृत्तचित्र, तीन एनीमेशन फिल्में और 15 ई-व्याख्यान इत्यादि का निर्माण किया है। ईएमआरसी ने 125 कार्यक्रम और 25 एमओओसी व्याख्यान भी रिकॉर्ड किए हैं। इसने विश्वविद्यालय गान के लिए एक संगीत-प्रधान वीडियो भी बनाया है। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के संकाय-सदस्यों के लिए एमओओसी के डिजाइन, विकास और वितरण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई है।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गुरमीत सिंह के पदभार ग्रहण करने के बाद ईएमआरसी को गति मिली है। संकाय सदस्यों को नये एमओओसी विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और छात्रों को स्वयं मंच के माध्यम से पेश किए गए एमओओसी के लिए नामांकन के लिए प्रेरित किया जाता है। ईएमआरसी पांडिचेरी विश्वविद्यालय को 'स्वयं' प्लेटफॉर्म पर छह स्नातक एमओओसी के विकास को मंजूरी दी गई है, जहाँ वे दुनिया भर में किसी भी शिक्षार्थी के लिए मुफ्त में ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

आयोजित विशेष कार्यक्रम :

2019-20 में पांडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित व्याख्यान, संगोष्ठियों और सम्मेलनों सहित 150 से अधिक शैक्षिक कार्यक्रमों के वीडियो प्रलेखन के लिए ईएमआरसी जिम्मेदार है। इसका एक यूट्यूब चैनल "एड्यूकैस्ट पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय" है, जिस पर दुनिया भर के छात्रों और शिक्षकों के बड़े शैक्षिक समुदाय के लाभ के लिए सभी वीडियो अपलोड किए जाते हैं जिसका लिंक इस प्रकार है: https://www.youtube.com/channel/UCQQiR-TmQGIuFKAr0apAwzw

ईएमआरसी शिक्षकों के लिए उनके विभिन्न अभिविन्यास और पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के संचालन में यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी), पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को मदद करता रहा है। ईएमआरसी ने शिक्षकों के स्टूडियो आधारित ई-कंटेंट विकास प्रशिक्षण के लिए अपनी सेवाओं की पेशकश की है। इसने सूक्ष्म शिक्षण की रिकॉर्डिंग के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के शिक्षक प्रतिभागियों की भी सहायता की है।

जैसे ही कोविड़ महामारी शुरू हुई, ईएमआरसी तेजी से हरकत में आई और कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के लिए जनहित में एक पूर्ण मल्टीमीडिया जागरूकता अभियान विकसित किया। लॉकडाउन अवधि के दौरान, पुदुच्चेरी और तमिलनाडु की आम जनता के बीच जागरूकता लाने के लिए कोविड़-19 के विभिन्न पहलुओं पर कोविड़ उपयुक्त व्यवहार सहित सार्वजनिक सेवा वीडियो और पोस्टर के निर्माण के लिए अनुसंधान और स्क्रिप्ट लेखन कार्य शुरू किया गया।

वर्ष 2020-21 के लिए कार्य-योजना :

ईएमआरसी अप्रैल 2020 से एमओओसी के क्षेत्रीय अनुवाद में सक्रिय रूप से शामिल है और इसने 11 स्नातक और 3 स्नातकोत्तर एमओओसी पाठ्यों का तमिल और तेलुगु में अनुवाद करना शुरू कर दिया है जिनका विवरण निम्न प्रकार से है:

1. कार्यात्मक खाद्य पदार्थ और न्यूट्रास्यूटिकल्स (पीजी)
2. एनिमेशन (पीजी)
3. डिजिटल मार्केटिंग (पीजी)
4. प्रशासन और सार्वजनिक नीति (यूजी)
5. सी प्रोग्रामिंग की कला (यूजी)
6. मानवाधिकार, अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून (यूजी)
7. बुनियादी मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाएं (यूजी)
8. खाद्य विज्ञान और प्रसंस्करण (यूजी)
9. खाद्य और पोषण (यूजी)
10. खाद्य संरक्षण प्रौद्योगिकी (यूजी)
11. एल्गोरिदम का डिजाइन और विश्लेषण (यूजी)
12. शिक्षा में आईसीटी कौशल (यूजी)
13. भारतीय प्रशासन (यूजी)
14. व्यक्तित्व विकास (यूजी)

यह नए एमओओसी के विकास और क्षेत्रीय भाषाओं में मौजूदा एमओओसी के अनुवाद के माध्यम से सभी शिक्षार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री बनाने के दृष्टिकोण और मिशन में योगदान करने जा रहा है।

यह केंद्र तमिल, अंग्रेजी और अन्य भारतीय भाषाओं में जन जागरूकता के लिए कई शैक्षिक फिल्में भी बनाने जा रहा है। इसकी शुरुआत कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जनहित में मल्टीमीडिया जागरूकता अभियान से हुई है। कोविड़-19 के विभिन्न पहलुओं पर कोविड़ उपयुक्त व्यवहार सहित जनता के बीच जागरूकता लाने के लिए वीडियो और पोस्टर बनाए जा रहे हैं।

चूंकि कोविड महामारी की शुरुआत के कारण ऑनलाइन और मिश्रित शिक्षण शिक्षा में एक बड़ा स्थान लेता है, ईएमआरसी अपने आईसीटी कौशल को बढ़ाने के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में संकाय शिक्षण के लिए कई प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करेगा। ई-लर्निंग और प्रौद्योगिकी सक्षम शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर कई कार्यशालाओं को डिजाइन और संचालित किया जाएगा जो कि शिक्षार्थी केंद्रित है। क्षमता निर्माण कार्यशालाओं में 'स्वयं' पर मॉड्यूल, ई-लर्निंग में भारत सरकार की पहल, एमओओसी को डिजाइन करने, विकसित करने और वितरित करने के लिए कौशल और विभिन्न ओपन सोर्स डिजिटल टूल्स और सॉफ्टवेयर के उपयोग के माध्यम से ऑनलाइन में सीखने की सुविधा होगी।

ईएमआरसी का उद्देश्य सार्थक और आवश्यक योगदान देना है क्योंकि भारत और दुनिया कोविड़ के भारी संकट से जूझ रहे हैं। यह विश्वास है कि यह सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और राष्ट्रीय शैक्षिक नीति (एनईपी) 2020 की पूर्ति के लिए शैक्षिक मीडिया और अनुसंधान के उपयोग को मजबूत करने की दिशा में अपनी सभी योजनाओं को ठोस कार्यों में परिवर्तित करेगा।

5.32 स्टार्ट-अप केंद्र

स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के तहत पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों के लाभ के लिए एक इंक्यूबेशन सुविधा बनाने का एक नया मिशन शुरू किया गया है। तदनुसार कार्यकारी परिषद की मंजूरी के बाद 23 मई 2019 को पीयूएसएच (पांडिच्चेरी यूनिवर्सिटी स्टेप-अप हब) के नाम से सेक्शन 8 नॉट-फॉर-प्रॉफिट कंपनी के रूप में एक स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) की स्थापना की गयी है। नवोन्मेषी विचारों का समर्थन करने और स्टार्ट-अप पहलों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक धन की आवश्यकता है और विभिन्न वित्त पोषण एजेंसियों से अनुमोदन की प्रतीक्षा है।

छात्रों और संकाय-सदस्यों के बीच उद्यमशीलता संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल सफलतापूर्वक बनायी गयी है, और इसका प्रमाण यही है कि विश्वविद्यालय के छात्रों, शोधार्थियों और संकाय-सदस्यों के द्वारा बीज अनुदान के लिए 15 नवीन प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये हैं।

29-07-2019 को एक गैर सरकारी संगठन एपीएससीसी (परिसरों और समुदायों में स्थिरता को बढ़ावा देने का संघ) और जलवायु लॉन्च पैड के साथ एक बूट शिविर का आयोजन किया गया था। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के उन्नीस प्रतिभागियों ने उक्त शिविर में भाग लिया और क्षेत्रीय स्तर पर अपने नवीन विचारों को प्रस्तुत किया। प्रदूषण-नियंत्रण एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी केंद्र के प्रमुख डॉ.एस.गजलक्ष्मी और उनकी टीम के अभिनव विचारों को क्षेत्रीय स्तर पर चुना गया था और आगे राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के बाद नीदरलैंड में वैश्विक स्तर पर ग्रैंड फिनाले में भाग लेंगे। .

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ने अपने विशाल परिसर में पीयूएसएच के तहत इंक्यूबेशन सुविधा विकसित करने के लिए 5000 वर्ग फुट की जगह और आवश्यक आधारभूत संरचना को आवंटित किया है। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के अनुभवी संकाय-सदस्य संभावित उद्यमशीलता परिणामों के रूप में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए नए नवीन विचारों का पोषण करने के लिए निदेशक मंडल और सलाहकार के रूप में कार्य करते हैं।

5.33 आईपीआर एवं पीएफसी केंद्र

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के संकाय-सदस्यों के द्वारा किया गया अकादमिक शोध उच्च एच-इंडेक्स के साथ 4831 प्रकाशनों के साथ सराहनीय रहा है। विश्वविद्यालय की उभरती हुई अनुसंधान और नवीन शिक्षण संस्कृति से समाज को लाभान्वित करने वाले नए विचारों, खोजों और नवाचारों के खजाने को सक्रिय रूप से तलाशने और प्रकाश में लाने की आवश्यकता है। इस दिशा में, विश्वविद्यालय ने बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के मामलों की देख-रेख के लिए एक अलग प्रकोष्ठ का गठन किया है और विश्वविद्यालय के हितधारकों द्वारा पेटेंट फाइलिंग को सक्षम बनाने और परिसर में आईपीआर संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए उचित मार्गदर्शन हेतु कुलपति की अध्यक्षता में एक पेटेंट सुविधा समिति (पीएफसी) का गठन किया है। पीएफसी ने समय-समय पर उपयुक्त संशोधनों के साथ विश्वविद्यालय के लिए एक आईपीआर नीति का मसौदा तैयार किया है और अपनाया है। इस केंद्र का अधिदेश आईपीआर जागरूकता पैदा करना, पेटेंट दाखिल करने को प्रोत्साहित करना, पेटेंट दाखिल करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना, आईपीआर के रखरखाव और पेटेंट किए गए पेटेंट के व्यावसायीकरण के लिए संकाय-सदस्यों को प्रोत्साहित करना है। पीएफसी की संरचना निम्नप्रकार से है:

पीएफसी सदस्य :

कुलपति	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	अध्यक्ष
कुलसचिव	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
वित्त अधिकारी	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
विद्यापीठाध्यक्ष	विधि विद्यापीठ, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
प्रो. एन. शक्तिवेल, आचार्य	जैव प्रौद्योगिकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. प्रताप कुमार शेट्टी, आचार्य	खाद्य विज्ञान & प्रौद्योगिकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
प्रो. सी. शिवशंकर, आचार्य	रसायन विज्ञान विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. पीटीवी. लक्ष्मी, आचार्य	जैवसूचना विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य

डॉ. एस. जयकुमार, आचार्य	पारिस्थितिकी & पर्यावरणीय विज्ञान विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. टी. चित्रलेखा, आचार्य एवं अध्यक्ष	कंप्यूटर विज्ञान विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. बी. मुहम्मद जफर अली, सह आचार्य	हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. एम. भानुमती, सह आचार्य	अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. के. सुरेश बाबू, सहायक आचार्य	नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. डी. भारती मोहन, सहायक आचार्य	भौतिकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
डॉ. एस. शिजिन्, सहायक आचार्य	वाणिज्य विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
प्रो. फैजन मुस्तफा, कुलपति	नलसार विधि विश्वविद्यालय	हैदराबाद सदस्य
डॉ. एस. पी. सुब्रमणियन्, सहायक नियंत्रक, पेटेंट एवं अभिकल्प	पेटेंट कार्यालय, चेन्नै	सदस्य
सहायक कुलसचिव	अभिनवीकरण कार्यक्रम/ स्टार्टप केंद्र & आईपीआर प्रकोष्ठ, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	सदस्य
संकाय-सदस्य	विधि विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	विशेष आमंत्रित
डॉ. मोहने कौमर, सहायक आचार्य	जैव सूचना विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	विशेष आमंत्रित
डॉ. एन. आर्मुगम्, आचार्य	जैव प्रौद्योगिकी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय	समन्वयक

प्रत्येक संकाय-सदस्य के द्वारा धारित पेटेंट का विवरण प्रस्तुत करने के लिए नीचे दिया गया एक प्रारूप तैयार किया गया और इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। हम चाहते हैं कि इसे विश्वविद्यालय के पेटेंट डेटाबेस में शामिल करने हेतु उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप के रूप में तुरंत संशोधित करें। अब तक 19 पेटेंट दाखिल किए जा चुके हैं। इसमें संप्रति वर्ष दाखिल करने के लिए अनुशंसित 4 नंबर शामिल हैं।

*****

अध्याय 6

छात्रों की सुविधाएँ एवं गतिविधियाँ

6.1 छात्रावास

विश्वविद्यालय के सभी छात्रावास मुख्य वार्डन, वार्डन, अनुभाग अधिकारियों तथा छात्रावास के कर्मचारियों के प्रशासनिक नियंत्रण में रहते हैं और आवाश के मामले में छात्रों के लिए 'घर से दूर एक और अपना घर'- जैसा अहसास दिलाते हैं। अच्छी तरह से निर्मित सभी कमरे छात्रों को रहने और अध्ययन करने की खास सुविधा देते हैं क्योंकि प्रत्येक विद्यार्थी को एक व्यक्तिगत खाट दी जाती है। एक सुंदर और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए छात्रावास के परिवेश को प्राकृतिक दृश्यों से सजाया गया है। छात्रों के लिए खेलने के विशाल मैदान भी उपलब्ध हैं। उनके स्वास्थ्य-लाभ के लिए लड़कों और लड़कियों के छात्रावासों में अच्छी तरह से सुसज्जित जिम स्थापित किए गए हैं। 24 घंटे काम करनेवाला हेल्थ केयर सेंटर, सभी छात्रों और कर्मचारियों के लिए उनकी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है।

6.2 आवास संबांधी डाटा

संप्रति पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के परिसर में तेईस छात्रावास मौजूद हैं, जिनमें से तेरह लड़कों के लिए, नौ लड़कियों के लिए और एक विदेशी छात्रों के लिए है। लडकों के तेरह छात्रावासों में, नौ स्नातकोत्तर छात्रों के लिए और चार शोधार्थियों के लिए हैं। नौ महिला विद्यार्थियों के छात्रावासों में से पांच स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए हैं और एक शोधार्थिनियों के लिए है। विदेशी छात्रों के लिए सारी सुविधाओं के साथ सुसज्जित छात्रावास 16 कमरों से युक्त है जो 32 छात्रों को समायोजित कर सकता है, जिसके लिए शुल्क संरचना अन्य छात्रावासों के शुल्क से अलग है। सभी 16 कमरे एटाच्ड बाथरूम के साथ वातानुकूलित हैं। विश्वविद्यालय में भर्ती हुए और पांडिच्चेरी से आने वाले छात्रों को 'पहले आयें और पहले पायें' के आधार पर वरीयता दी जाती है।

क्र.सं.	छात्रावास का नाम	स्थापित वर्ष	आवास का प्रकार	कमरों की संख्या	निवासियों की संख्या	अ.जा	अ. ज.जा.
	लडकों के छात्रावास						
1	पवेंदर भारतीदासन् छात्रावास	1990-91	सिंगल	62	54	23	0
2	सुब्रमणिय भारती छात्रावास	1990-91	सिंगल	62	46	18	6
3	कंबन् छात्रावास	1994-95	डबल	66	147	14	10
4	टैगोर छात्रावास	2001-02	डबल	66	179	17	21
5	कालिदास छात्रावास	2002-03	डबल	44	101	28	4
6	इलंगो अडिगल् छात्रावास	2006-07	डबल	74	144	23	10
7	कण्णदासन् छात्रावास वाल्मीकि छात्रावास	2007-08	डबल	80	226	32	15
8	कबीरदास छात्रावास	2007-08	डबल	81	226	24	21
9	एम.ए.के. आज़ाद छात्रावास	2008-09	डबल	80	226	36	19
10	एस. राधाकृषन् छात्रावास	2010-11	डबल	81	228	30	28
11	सी.वी. रामन् छात्रावास	2010-11	सिंगल & डबल	176	176	30	16
12	विदेशी-विद्यार्थी छात्रावास	2011-12	सिंगल	40	16	0	0
13	पोर्ट ब्लेयर छात्रावास		डबल	81	153	23	14
14	श्री अरबिंदो छात्रावास	2016-17	डबल	182	533	79	34
			कुल (ए)	**1175**	**2455**	**377**	**198**

क्र.सं.	छात्रावास का नाम	स्थापित वर्ष	आवास का प्रकार	कमरों की संख्या	निवासियों की संख्या	अ.जा	अ.ज. जा.
	लडकियों के छात्रावास						
1	कावेरी छात्रावास	1994-95	3 सीटर	76	209	34	28
2	गंगा छात्रावास	2006-07	3 सीटर	72	221	23	12

3	सरस्वती छात्रावास	1999-00	3 सीटर	33	87	12	5
4	यमुना छात्रावास	2002-03	3 सीटर	41	127	15	11
5	विमेन्स स्टडीज़ छात्रावास	1988-89	3 सीटर	18	0	0	0
6	कल्पना चाव्ला छात्रावास	2010-11	3 सीटर	73	229	22	16
7	मैडम क्यूरी छात्रावास	2011-12	सिंगल&डबल	226	279	31	5
8	नर्मदा छात्रावास	2016-17	3 सीटर	182	534	62	59
9	मैडम क्यूरी एनेक्स- छात्रावास	2016-17	2 सीटर	67	102	20	11
10	वाल्मीकि छात्रावास	2007-08	3 सीटर	80	223	31	13
			कुल (बी)	**868**	**2011**	**250**	**160**
			कुल योग (ए + बी)	**2043**	**4466**	**627**	**358**

6.3 छात्रावासों के वार्डन :

लडकों के छात्रावास :

डॉ. एस. सुडलै मुत्तु - मुख्य वार्डन
डॉ. पी. श्रीधरन् - उप मुख्य वार्डन, पीएच.डी. छात्रावास
डॉ. पी. बी. शंकर नारायण - उप मुख्य वार्डन, द्वितीय वर्ष छात्रावास
डॉ. अजीत जायसवाल - उप मुख्य वार्डन, प्रथम वर्ष छात्रावास
डॉ. इफ्तिखार आलम् - वार्डन, टैगोर छात्रावास
डॉ. संतोष मैथ्यू - वार्डन, कालिदास छात्रावास
डॉ. ए. प्रवीण - वार्डन, कंबन छात्रावास
डॉ. ए. रमेश नायुडु - वार्डन, कबीरदास छात्रावास
डॉ. एस. आई. हुमायून - वार्डन, एम.ए.के.ए. छात्रावास
डॉ. ए. प्रवीण - वार्डन, एस.आर.के. छात्रावास
डॉ. के.आर. राजा रविवर्मा - वार्डन, कण्णदासन् छात्रावास
डॉ. सि. सतीश कुमार - वार्डन, विदेशी छात्रावास
डॉ. प्रदीप कुमार परिडा - वार्डन, कण्णदासन् छात्रावास
डॉ. सी. सतीश कुमार - वार्डन, विदेशी-विद्यार्थी छात्रावास
डॉ. पी.बी. शंकर नारयण - वार्डन, इलंगो अडिगल् छात्रावास
डॉ. सी. सतीश कुमार - वार्डन, सी.वी. रामन् छात्रावास
डॉ. के. सुरेश जोसफ - वार्डन, सुब्रमणिय भारती छात्रावास
डॉ. जोसफ केन्नडी - वार्डन, भारतीदासन् छात्रावास
डॉ. पी.बी. शंकर नारयण - वार्डन, इलंगो अडिगल् भोजनालय
डॉ. अजीत जायसवाल - वार्डन, अमुदम् भोजनालय
डॉ. ए. जोसफ केन्नडी - वार्डन, न्यू मेगा भोजनालय
डॉ. सि. तिरुनावुक्करसु - वार्डन, श्री अरबिन्दो छात्रावास

लडकियों के छात्रावास :

डॉ. डी. सुल्ताना(06.02.2019 तक) - मुख्य वार्डन
डॉ. पीटीवी. लक्ष्मी(06.02.2019से) -
डॉ. एस. एन. फातिमा - वार्डन, सरस्वती छात्रावास
डॉ. एस. एन. फातिमा - वार्डन, विनेन्स स्टडी छात्रावास

डॉ. पि. सुजाता	-	वार्डन, गंगा छात्रावास
डॉ. मनीषा कुमारी	-	वार्डन, यमुना छात्रावास
डॉ. रेखा राणी वर्गीज़	-	वार्डन, मैडम क्यूरी छात्रावास
डॉ. रेखा राणी वर्गीज़	-	वार्डन, मैडम क्यूरी-एनेक्स छात्रावास
डॉ. एस. लसिता	-	वार्डन, कावेरी छात्रावास
डॉ. पी. सुजाता	-	वार्डन, कल्पना चाव्ला छात्रावास
डॉ. सुदेश पुंदिर	-	वार्डन, नर्मदा छात्रावास
डॉ. ई. श्री कला	-	वार्डन, वाल्मीकि छात्रावास

6.4 छात्रावास-भोजनालय (मेस)

छात्रावासों में भर्ती होने वाले विद्यार्थियों के लिए मेस में भोजन की व्यवस्था की गयी है। मेस का भोजन सभी हॉस्टलर्स के लिए अनिवार्य है। किसी भी परिस्थिति में संबंधित छात्रावास मेस के बाहर भोजन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शोधार्थियों को छोड़कर सभी मेस आउटसोर्स किये गये हैं। विश्वविद्यालय के छात्रों के उपयोग हेतु पांच अच्छी तरह से व्यवस्थित मेगा मेस (लड़कों के लिए तीन और लड़कियों के लिए दो) उपलब्ध हैं। छात्रावास के मेस अनुभवी और योग्य कैटरर्स द्वारा चलाए जाते हैं। मेस में माध्यमिक दरों पर भोजन मिलता है।

6.5 छात्रावास-शुल्क

प्रतिदेय जमा: छात्रावास में भर्ती के दौरान Rs.3000 / - (भारतीयों के लिए) की जमा राशि का भुगतान करना है। खाता स्थानांतरण / अकाउंट पेयी चेक के माध्यम से यह राशि छात्रावास खाली करने के बाद मूल चालान की प्राप्ति के अधीन देय होगी। यदि कोई बकाया हो तो कटौती के बाद राशि वापस दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में ओपन चेक जारी नहीं किया जा सकता। इसलिए छात्रों के लिए इंडियन बैंक -पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की शाखा में बैंक खाता खोलना अनिवार्य है।

गैर-प्रतिदेय जमा : कमरे का किराया हर साल शैक्षणिक अवधि की शुरुआत में जून / जुलाई में भुगतान किया जाना है:

- स्नातकोत्तर छात्रों के लिए- रू. 900/- प्रति वर्ष.
- पीएचडी शोधार्थियों के लिए- रू. 1800/- प्रति वर्ष
- सामान्य सुविधा-निधि - रू. 700/- प्रति वर्ष
- स्थापना शुल्क- रू. 300/- प्रति वर्ष
- आवेदन शुल्क (केवल प्रवेश के समय) – रू. 75/-

6.6 शुल्क रियायतें : अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों तथा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शुल्क की छूट है।

विश्वविद्यालय ने सभी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्रों और छात्राओं को छात्रावासों के लिए कमरे के किराए के भुगतान से छूट दी गयी है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने सभी दिव्यांग छात्रों को कमरे के किराए के भुगतान और छात्रावास के लिए मेस-शुल्क से छूट दी है।

6.7 सामान्य सुविधाएँ

छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में चौबीसों घंटे चिकित्सा की सुविधा प्रदान की गयी है। छात्रावासों से लेकर विभागों, पुस्तकालयों, कंप्यूटर सेंटर आदि में छात्रों की गतिशीलता के लिए, काम के दिनों में परिसर के भीतर बस की सुविधा है। सभी छात्रावासों को वाई-फाई कनेक्टिविटी भी दी गयी है ताकि सभी छात्र इंटरनेट का उपयोग कर सकें।

*****

अध्याय-7

छात्रों को वित्तीय सहायता

7.1 विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त अध्येता वृत्ति / छात्रवृत्ति

7.1.1 पीएच.डी. गैर नेट अध्येता वृत्ति

विश्वविद्यालय के पीएच.डी. कार्यक्रमों में भर्ती हुए मात्र पूर्णकालिक शोध-छात्र ही रू.8000/- प्रतिमाह के अध्येता वृत्ति और प्रतिवर्ष एक आकस्मिकता अनुदान के लिए पात्र होंगे।

7. 1.2 स्नातकोत्तर कोर्स/एम.एस.सी. और एम. ए. एकीकृत पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति

योग्यता छात्रवृत्ति

I. स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में उच्चतम प्रतिशत अंक प्राप्त करनवाले पहले तीन छात्र, प्रथम सत्र में क्रमशः रू.2000/-, रू.1,500/- और रू.1000/- प्रतिमाह योग्यता छात्रवृत्ति-पुरस्कार के पात्र होंगे। यह छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के आधार पर निश्चित होगी।

II. बाद के सेमेस्टर के लिए समान दर पर रू.2000/-, रू.1,500/- और रू.1000/- प्रतिमाह की योग्यता छात्रवृत्ति पहले तीन छात्रों को दी जाएगी जिन्हें पिछले सेमेस्टर में (एसजीपीए) उच्चतम अंक प्राप्त हुए हों।

साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति (एम.सी.एम)

विश्वविद्यालय की साध्य-सह-योग्यता छात्रवृत्ति (एम.सी.एम) के पुरस्कार के लिए प्रत्येक स्नातकोत्तर कार्यक्रम के 20% छात्र पात्र होंगे। छात्रवृत्ति प्रत्येक सेमेस्टर (एसजीपीए) में योग्यता और छात्र की माता-पिता की आय- इन दोनों के आधान पर देय है। माता-पिता की वार्षिक आय रू. 2,50,000/- (दो लाख पचास हजार रुपये मात्र) से अधिक नहीं होनी चाहिए। छात्रवृत्ति की राशि रू.750/- प्रतिमाह है। प्रथम सत्र में यह छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के आधार पर मंजूर की जायेगी।

इसके अतिरिक्त, छात्रवृत्ति के पुरस्कार के लिए उम्मीदवारों को निम्नलिखित शर्तों को भी पूरा करना होगा: (i) हर महीने कम से कम 70% की उपस्थिति होनी चाहिए। (ii) प्रत्येक सत्र के लिए पंजीकृत सभी पर्चों में उत्तीर्ण होना चाहिए। (iii) संबंधित विभागाध्यक्ष को उपर्युक्त i और ii में उल्लिखित शर्तों की पूर्ति को प्रमाणित करना होगा।

एम.एस.सी. समुद्री जीवविज्ञान और आपदा प्रबंधन के लिए छात्रवृत्ति

सभी चयनित छात्रों को पोर्ट ब्लेयर, अंडमान में इन पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने के लिए रू.1000/- प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

7.2 अन्य एजेंसियों के द्वारा देय अध्येता वृत्ति/ छात्रवृत्ति :

7.2.1 जूनियर रिसर्च अध्येता वृत्ति :

यू.जी.सी./सी.एस.आई.आर. की नेट परीक्षा में उत्तीर्ण सभी शोध-छात्र, दो वर्ष तक रू. 31,000/- प्रतिमाह की जूनियर रिसर्च अध्येता वृत्ति प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। यू.जी.सी./सी.एस.आई.आर. के द्वारा निर्धारित कुछ शर्तों को पूरा करने के बाद इस राशि को दो वर्ष के समाप्त होने पर रू. 35,000/- प्रतिमाह तक बढ़ाया जा सकता है । वे प्रतिवर्ष एक आकस्मिक अनुदान के लिए भी पात्र होंगे। किंतु यह अध्येता वृत्ति और आकस्मिक अनुदान यू.जी.सी./सी.एस.आई.आर. द्वारा अनुमोदन के अधीन हैं।

7.2.2 एन.बी.एच.एम. छात्रवृत्ति :

एन.बी.एच.एम. परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को नेशनल बोर्ड फॉर हायर मैथमैटिक्स, मुंबई (आण्विक ऊर्जा विभाग) के द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

7.2.3 भारत सरकार एस.सी/एस.टी/ओबीसी छात्रवृत्ति :

कई राज्य सरकारें एस.सी./एस.टी./ओबीसी समुदायों के छात्रों को भारत सरकार की छात्रवृत्ति प्रदान करती हैं।

7.2.4 राजीवगांधी राष्ट्रीय अध्येता वृत्ति/ मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येता वृत्ति :

वि.अ.आ. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति और ओ.बी.सी. शोध-छात्रों को राजीवगांधी राष्ट्रीय अध्येता वृत्ति प्रदान करता है और पीएच.डी. का अनुसंधान कार्य करनेवाले अल्पसंख्यक शोध-छात्रों को मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येता वृत्ति

प्रदान करता है। प्रति वर्ष उक्त अध्येता वृत्ति की आवश्यक योग्यता एवं इससे संबंधित अन्य विषयों की जानकारी वि.अ.आ. द्वारा दी जाती है।

7.2.5 इकलौती बेटी के लिए इंदिरा गांधी छात्रवृत्ति

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त योग्य छात्राओं को वि.अ.आ. के द्वारा इकलौती बेटी के लिए इंदिरागांधी छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

7.2.6 विश्वविद्यालय के रैंक होल्डर के लिए स्नातकोत्तर योग्यता छात्रवृत्ति :

विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक स्तर के रैंक धारक अपनी मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए इस छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं।

7.2.7 पुदुच्चेरी सरकार की अध्येता वृत्ति/ योग्यता छात्रवृत्ति एवं साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति:

विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित केंद्रशासित प्रदेश पुदुच्चेरी से संबंधित छात्रों को पुदुच्चेरी सरकार योग्यता छात्रवृत्ति एवं साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान करती है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एम.एससी. जैवप्रौद्योगिकी में प्रवेश प्राप्त दो पुदुच्चेरी निवासियों/ मूलवासी छात्रों को पुदुच्चेरी सरकार के द्वारा रू.3000/- प्रतिमाह वाले दो अध्येता वृत्ति प्रदान किये जाते हैं।

7.2.8 मदनजीत सिंग ग्रुप छात्रवृत्ति :

SAARC देशों के सदस्य देशों से हर वर्ष 8 छात्रों के लिए हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी में एम.टेक और हर वर्ष 16 छात्रों के लिए एम.ए. (दक्षिण एशियाई अध्ययन) का अध्ययन करने के लिए संपूर्ण छात्रवृत्तियों का प्रावधान है, जिनमें रहन-सहन (रू. 10,000/-), का खर्चा, विश्वविद्यालय के परिसर में निःशुल्क आवास एवं शिक्षण शुल्क शामिल हैं।

7.2.9 नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई.) :

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर. ई.) सी.जी.ई.टी. (हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकी केंद्र) को नोडल सेंटर के रूप में मान्यता दी और गेट/सीएसआईआर योग्यता से युक्त 15 छात्रों को एम.टेक. अध्येता वृत्ति तथा 5 शोधार्थियों को पीएच.डी अध्येतावृत्ति प्रदान करता है।

7.2.10 गेट छात्रवृत्ति :

वि.अ.आ. गेट परीक्षा में उत्तीर्ण एम.टेक छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है।

7.2.11 एम.टेक कंप्यूटेशनल बायोलोजी एवं एम.एससी. जैव प्रौद्योगिकी छात्रवृत्ति :

जीएटी-बी स्कोर के आधार पर प्रवेश प्राप्त छात्र डीबीटी अध्येतावृत्ति पाने के लिए योग्य हैं।

*****

अध्याय 8

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और महिला कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रावधान

8.1 परिचय

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिलाओं और शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणियों के कल्याण से संबंधित सरकारी/यूजीसी की सभी योजनाओं का संपूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 1987 में एक विशेष प्रकोष्ठ का सृजन किया गया था। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए सरकारी/यूजीसी की योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए यह प्रकोष्ठ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की शिकायतों का निवारण का कार्य भी करता है।

8.2 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ

समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित लोगों को उनकेलिए सरकार के माध्यम से उद्दिष्ट सुविधाएँ प्रदान करके उन्हें लाभान्वित करना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। आयोग ने कार्यान्वयन तंत्र की निगरानी करने और उसे मजबूत बनाने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ शुरू किया है, जो इस विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति समुदाय के कल्याण के लिए कार्यक्रमों की योजना बनाता है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के तहत शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति और कर्मचारियों की संख्या से संबंधित जानकारी तालिका 8.7 और 8.8 में दी गई है। यह प्रकोष्ठ यह पता लगाने का उपाय करता है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणियों के कल्याण से संबंधित विश्वविद्यालय की सभी योजनाएँ पूरी तरह से लागू हो रही हैं या नहीं।

8.3 आरक्षण

विश्वविद्यालय के द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के लिए क्रमशः15% और 7.5% के आरक्षण के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है।

8.4 अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति स्थायी समिति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु एक स्थायी समिति का गठन किया गया है। विश्वविद्यालय स्तर पर स्थायी समिति प्रत्येक वर्ष समय-समय पर बैठक का आयोजन करती है।

8.5 सुरक्षा उपाय

इस विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों तथा संबद्ध संस्थानों के प्राचार्यों को भर्ती और पदोन्नति के संबंध में भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये जाते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा इस संबंध में समय-समय पर प्राप्त अनुदेशों और दिशा-निर्देशों को संबद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को सख्त अनुपालन हेतु संप्रेषित किया जाता है।

8.6 प्रवेश

प्रतिवेदन की अवधि के दौरान इस विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतर्गत प्रथम वर्ष में 2994 छात्रों ने प्रवेश लिया था, जिनमें से 338 छात्र अनुसूचित जाति के हैं और 164 अनुसूचित जनजाति के हैं। विश्वविद्यालय में इनका कुल नामांकन क्रमशः 11.29% और 5.48% है। कम्युनिटी कॉलेज के कुल 1028 छात्रों में से 319 छात्र अनुसूचित जाति के हैं और 5 अनुसूचित जनजाति के हैं। कुल नामांकन में इनका प्रतिशत क्रमशः 31.03% और 0.48% है। संबद्ध कॉलेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 17688 छात्रों ने प्रवेश लिया था, जिनमें से 2055 (11.62%) छात्र अनुसूचित जाति और 116 (0.66%) छात्र अनुसूचित जनजाति के हैं (तालिका 8.1)।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदित, चयनित और प्रवेश-प्राप्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की संख्या तालिका 8.3 में दी गयी है। वर्ष 2019-2020 के दौरान सामुदायिक कॉलेजों और संबद्ध कॉलेजों में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के प्रवेशों का विवरण, विद्यानुशासनवार विवरण क्रमशः तालिका 8.5 और 8.6 में दिये गये हैं।

तालिका 8.1. पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के प्रवेश विवरण

क्र.सं	विवरण	प्रवेश-प्राप्त कुल छात्र	अ.जा.	अ.जा.%	अ.ज.जा	अ.ज.जा %
1.	विश्वविद्यालय के विभाग	2994	338	11.29	164	5.48
2.	संबद्ध संस्थान	17688	2055	11.62	116	0.66
3.	सामुदायिक कॉलेज	1028	319	31.03	5	0.48
	कुल	**21710**	**2712**	**12.49**	**285**	**1.31**

8.7 छात्रवृत्ति

संबंधित राज्य सरकारों ने छात्रवृत्ति संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति समुदाय के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार की छात्रवृत्ति के लिए मंजूरी दी है। इस छात्रवृत्ति में ट्यूशन फीस, परीक्षा शुल्क और अन्य अप्रतिदेय शुल्क की प्रतिपूर्ति शामिल है, इसके अलावा छात्रावासों द्वारा अनुमत दरों पर भोजनालय शुल्क भी शामिल है।

8.8 महिला विद्यार्थी

शैक्षणिक वर्ष 2019-2020 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय और कम्युनिटी कॉलेज में क्रमशः 2994 छात्रों और 1028 छात्रों को प्रवेश दिया गया था। इनमें से विश्वविद्यालय में 1394 और कम्युनिटी कॉलेज में 404 छात्राएँ थीं। इसका प्रतिशत कुल प्रवेशों में से क्रमशः 46.56% और 39.30% है। रिपोर्ट अधीन अवधि के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्राओं के प्रवेश के बारे में विवरण तालिका 8.2 दिया गया है। संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त 17,688 छात्रों में से 10,395 छात्राएँ थीं, जो प्रतिशत के रूप में देखा जाये तो कुल प्रवेशों में से 58.77% थीं। रिपोर्ट अधीन वर्ष में कुल प्रवेश में से महिला छात्राओं का कुल प्रतिशत 56.16% था।

तालिका 8.2 पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के विभागों / संबद्ध संस्थानों / सामुदायिक कॉलेजों में छात्राओं के प्रवेश संबंधी विवरण

क्र.सं	पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय की महिला छात्राएँ	प्रवेश प्राप्त कुल छात्रों की संख्या	प्रवेश प्राप्त महिला छात्राएँ	महिला छात्राएँ %
1.	विश्वविद्यालय के विभाग	2994	1394	46.56
2.	संबद्ध संस्थान	17688	10395	58.77
3.	सामुदायिक कॉलेज	1028	404	39.30
	कुल	**21710**	**12193**	**56.16**

तालिका 8.3 विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त अ.जा. / अ.ज.जा. के छात्रों का विवरण

पाठ्यक्रम	आवेदन प्राप्त		प्रवेश प्राप्त उम्मीदवार	
	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.ज.जा.
पीएच.डी.	679	229	30	12
एम.टेक.	105	17	10	3
एम.ए.	458	498	65	35
एम.एससी.	1217	619	91	50
एम.एससी. (एकीकृत)	1278	293	30	19
एम.बी.ए.	163	32	23	6
एम.सी.ए.	57	14	10	3
एम.कॉम.	131	100	25	12
अन्य	232	119	28	11
एड-ऑन पाठ्यक्रम	0	0	26	13
कुल	**4320**	**1921**	**338**	**164**

तालिका 8.4 विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त पुरुष / महिला छात्रों का विवरण

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	प्रवेश		
		पुरुष	महिला	कुल
1	स्नातकोत्तर	1320	1189	2509
2	स्नातकोत्तर डिप्लोमा	5	2	7
3	एड-ऑन पाठ्यक्रम	136	86	222
4	पीएच.डी.	139	117	256
	कुल	**1600**	**1394**	**2994**

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कम्यूनिटी कॉलेज

तालिका 8.5 PUCC, पुदुच्चेरी & माहे में प्रवेश प्राप्त छात्र-छात्राओं का विवरण

पाठ्यक्रम	प्रवेश प्राप्त छात्रों का विवरण	प्रवेश प्राप्त छात्राओं का विवरण	प्रवेश प्राप्त कुल छात्र	अ.जा. / अ.ज.जा. प्रवेश प्राप्त छात्र			
				अ.जा.		अ.ज.जा.	
				पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
बी.सी.ए.,	113	33	146	34	9	0	0
बी.एससी.,बायोकेमिस्ट्री	42	36	78	16	7	0	0
बी.बी.ए.	85	32	117	20	7	1	0
बी.कॉम (सामान्य)	34	17	51	11	4	0	0
बी.एससी.,विजुअल कम्यूनिकेशन	83	6	89	30	0	0	0
बी.वॉक. रेडियॉलोजी	39	19	58	11	9	0	0
बी.वॉक. कॉर्डियोलोजी	26	34	60	13	11	1	0
बी.वॉक. ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी	22	35	57	5	11	1	0
बी.वॉक. रीनल डायालसिस	26	32	58	10	11	0	1
बी.वॉक. ऑप्टोमेट्री टेक्नोलॉजी	18	40	58	6	16	0	0
बी.वॉक. टूरिजम & सर्विस इंडस्ट्री	35	11	46	8	3	0	0
बी.वॉक. सॉफ्टवेयर डेवलोपमेंट	23	12	35	5	1	0	0
पीजीडीवाई	3	9	12	0	0	0	0
एड.वॉक कॉर्डियाक लैब टेक्नोलॉजी	9	20	29	4	13	0	0
एड.वॉक ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी	16	22	38	8	11	0	0
बी.वॉक. फैशन टेक्नोलॉजी	4	9	13	0	0	0	0
बी.वॉक. जर्नलिजम & मास कम्यूनिकेशन	5	8	13	0	0	0	0
डी.एस.आई	18	14	32	7	2	1	0
डीएम.एल.टी.	11	13	24	9	6	0	0
डी.डी.डब्ल्यू.	12	2	14	1	0	0	0
कुल	**624**	**404**	**1028**	**198**	**121**	**4**	**1**

संबद्ध संस्थान

तालिका 8.6 सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेशप्राप्त अ.जा./अ.ज.जा. छात्रों का विवरण

क्र.सं	पाठ्यक्रम	पुरुष	महिला	कुल	अ.जा.		अ.ज.जा.	
					पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
1	स्नातकोत्तर	6564	8881	15445	792	1016	46	39
2	इंटिग्रेडेट	47	209	256	9	4	2	6
3	स्नातकोत्तर	621	1199	1820	81	132	2	20
4	एम.फिल.	7	40	47	0	4	0	0
5	पीएच.डी.	54	66	120	11	6	0	1
	कुल	**7293**	**10395**	**17688**	**893**	**1162**	**50**	**66**

तालिका 8.7 वर्ष 2019-2020 के लिए पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी के तहत शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधी विवरण

शिक्षण / गैर शिक्षण : प्रतिवेदित अवधि 2019-20 के दौरान कोई नयी भर्ती नहीं की गयी।

तालिका 8.8 वर्ष 2019-20 के लिए पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी के तहत शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों की संख्या का विवरण

शिक्षण

श्रेणी	कुल	अ.जा.	अ.ज.जा.	महिला
प्रोफेसर	118	24	0	27
रीडर / सह प्रोफेसर	49	10	0	11
सहायक प्रोफेसर	155	22	17	58
कुल	**322**	**56**	**17**	**96**

गैर-शिक्षण कर्मचारी

श्रेणी	कुल	अ.जा.	अ.ज.जा.	महिला
सांविधिक अधिकारी	4	1	0	1
समूह 'क' अधिकारी	29	6	0	6
समूह 'ख' अधिकारी	122	23	3	26
समूह 'ग' अधिकारी	184	33	19	28
समूह 'घ' अधिकारी	131	21	1	31
कुल	**470**	**84**	**23**	**92**

*****

अध्याय 9

केंद्रीय सुविधाएँ

9.1 आनंद रंगपिल्लै केंद्रीय पुस्तकालय

विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष	:	**डॉ.आर. संयुक्ता**
कार्य समय		:
सप्ताह के दिनों में	:	सुबह 8.30 से – रात 10.00 बजे तक
सप्ताहांत में		: सुबह 9.30 से – शाम 05.30 बजे तक
पुस्तकालय उपभवन - वाचनालय		:
सप्ताह के दिनों में	:	सुबह 8.30 से – मध्य रात्रि 12.00 बजे तक
सप्ताहांत में	:	सुबह 9.30 से – मध्य रात्रि 12.00 बजे तक

परिचय :

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय का केंद्रीय पुस्तकालय विश्वविद्यालय के मिशन को वैश्विक मानकों तक पहुंचने और छात्रों, शोधार्थियों, संकाय-सदस्यों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को संसाधनों की एक विशाल श्रृंखला प्रदान करने में मदद करते हुम सूचना के अमूल्य स्रोत प्रदान कर रहा है।

मुद्रापन संग्रह के अलावा, पुस्तकालय में बड़ी संख्या में डिजिटल लाइब्रेरी सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं जिसमें वाई-फाई परिसर सक्षम ई-संसाधन पहुंच, संस्थागत रिपोजिटरी, पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र, संयुक्त राष्ट्र रिपोजिटरी पुस्तकालय, अंडमान और कारैकाल परिसरों में ई-संसाधनों के लिए रिमोट लॉगिन एक्सेस शामिल हैं। इनके अलावा छात्रों के लिए समय-समय पर उत्पाद प्रस्तुतियों और नि: शुल्क परीक्षणों की व्यवस्था है, नवागंतुक छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम, छात्रों के लिए अर्न व्हाइल यू लर्न योजना का प्रावधान है और अन्य शैक्षणिक और सार्वजनिक पुस्तकालयों को सेवाओं का विस्तार भी पुस्तकालय के द्वारा प्रदान किया जाता है।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का नाम आनंद रंगापिल्लै के नाम पर रखा गया था, क्योंकि आनंद रंग रविचंद्रन, महान आनंद रंगपिल्लै के वंशजों में से एक थे, जिन्होंने पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय को 45 एकड़ जमीन दान में दी थी। प्रारंभ में पुस्तकालय राम इंटरनेशनल होटल, अन्ना सालै, पांडिच्चेरी में स्थापित किया गया था और फिर जुलाई 1990 में 31,304 वर्ग मीटर के कालीन क्षेत्र के साथ निर्मित वर्तमान भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। पुस्तकालय अपने दिव्यांग- अनुकूल आधुनिक आधारभूत संरचना (80,000 वर्ग फुट), पूरी तरह से वातानुकूलित, वाईफ़ाई सक्षम, आरएफआईडी प्रौद्योगिकी के साथ सक्रिय सेवाओं के बीच दृष्टिबाधित लोगों के लिए सेवाओं और इसके संग्रह के 24/7 रिमोट एक्सेस के लिए प्रसिद्ध है। यह आरएफआईडी प्रौद्योगिकी सेवा पुस्तकालय द्वारा अपने उपयोगकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली अनूठी सेवाओं में से एक है।

कार्यात्मक रूप से, पुस्तकालय में परिसंचरण अनुभाग, अधिग्रहण अनुभाग, वर्गीकरण अनुभाग, कैटलॉग अनुभाग, आवधिक अनुभाग, सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग, डिजिटल पुस्तकालय सेवा अनुभाग, संदर्भ अनुभाग, स्टैक क्षेत्र, थीसिस/लघु शोध-प्रबंध अनुभाग, संयुक्त राष्ट्र डिपॉजिटरी अनुभाग, लुई ब्रेल केंद्र, स्कॉलर हब, स्नातकोत्तर वाचन कक्ष, प्रतियोगी परीक्षा पुस्तक अनुभाग और चर्चा कक्ष इत्यादि उपस्थित हैं।

पुस्तकालय प्रणाली अपने उपयोगकर्ताओं को आईसीटी आधारित संसाधन भी प्रदान करती है, जैसे ई-बुक्स, ई-जर्नल, डेटाबेस। विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा सब्सक्राइब किए गए ई-संसाधनों में आईईईई, स्प्रिंगर, एएसएमई, एएससीई, प्रोक्वेस्ट, कैपिटलिन, शोधगंगा, शोधगंगोत्री, इनफ्लिबनेट आदि हैं और जे-गेट लाइब्रेरी सिस्टम द्वारा कई पत्र-पत्रिकाओं, शोध-पत्रिकाओं और समाचार पत्रों की सदस्यता ली गयी है। विभागों के पूरे शैक्षणिक समुदाय की आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए पुस्तकालय में पांच विद्यापीठ-पुस्तकालय हैं। सभी विषय क्षेत्रों पर 4.3 लाख से अधिक मुद्रित एवं ई-पुस्तकों का संग्रह विद्यमान है।

पुस्तकालय- परिसर में स्नातकोत्तर छात्रों और शोधार्थियों की सहायता के लिए और अधिक अधिगम-स्थानों का निर्माण करने के साथ-साथ अध्यापन और अनुसंधान में सक्रिय रूप से भाग लेने और संकाय सदस्यों की सहायता करने की योजना है। अब, केंद्रीय पुस्तकालय उस दिशा में आगे बढ़ रहा है और अधिगम-स्थान और संग्रह का निर्माण कर रहा है ताकि संकाय-सदस्य एवं छात्र अपने शिक्षण, अधिगम और अनुसंधान के कार्यों में पुस्तकालय-संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकें।

शिक्षण, अधिगम और अनुसंधान कार्यों के लिए विभिन्न पुस्तकालय संसाधनों के उपयोग के कारण, 7,067 प्रकाशनों (संचयी) के लिए 72,719 उद्धरणों के साथ उद्धरण सूचकांक 9.73 से बढ़कर 10.29 और एच-इंडेक्स 83 से 94 हो गया।

सदस्यता

पुस्तकालय में नामांकित सदस्यों की संख्या 2019-2020 में 3004 है।

पुस्तकों का संचयन

पुस्तकालय का कुल पुस्तक-संचयन (मुद्रित + ई पुस्तके) 4,40,874 तक बढ़ गया है। इनमें सामान्य आवंटन के तहत खरीदी गई पुस्तकें - 70, अन्य कार्यक्रम (यूजीसी-एसएपी, डीआरएस, डीएसटी-एफआईएसटी आदि) - 64 और मुफ्त में दी गयी पुस्तकें- 75 कुल मिलाकर 209 तथा 2019-2020 में 1,88,102 ई-पुस्तकों को सबस्क्राइब किया गया है।

पुस्तकालय का विवरण *31.03.2020 तक*				
1.	**पुस्तकालय का कुल संचयन (मुद्रित+ ई-संसाधन)**		(223251 + 217623)	**440874**
	क. <u>पुस्तकालय का कुल संचयन (मुद्रित)</u> पुस्तकों की कुल संख्या	214652	**223251**	
	पीएच.डी शोध प्रबंधों की कुल संख्या	779		
	एम.फिल शोध-निबंधों की कुल संख्या	4962		
	यू.एन.दस्तावेज	2858		
	ख. <u>कुल ई-संसाधन</u> ई- पुस्तकें	198102	**217623**	
	ई- जर्नल	17705		
	ई- डेटाबेस	11		
	ई- शोध-प्रबंध	1805		
2.	**कुल ई-जर्नल (मुद्रित + ई जर्नल)**		**(13110 + 17705)**	**30815**
	क. **<u>कुल जर्नल (मुद्रित)</u>** वर्तमान सदस्यता	शून्य	13110	
	राष्ट्रीय	शून्य		
	अंतर्राष्ट्रीय	शून्य		
	पुराने अंक	13110		

	ख. **कुल ई-जर्नल** ई-शोध सिंधु कन्सोर्टियम	7033	17705	
	पीयू सदस्यता	10672		
3.	ई संसाधनों की उपयोगिता :- **(जनवरी-दिसंबर 2019)**			**562733**
4.	**प्रकाशनों का विवरण स्त्रोत : कोपस (01.05.2020 को)**			
	क) प्रकाशनों की संख्या			7067
	ख) एच- इंडेक्स			94
	ग) साइटेशन इंडेक्स (सी.आई.)			10.29

वर्ष-वार जोडों के लिए कृपया "सांख्यिकी- एक परिदृष्टि" का अध्याय देखें।

2019-2020 के दौरान जोडी गयी पुस्तकों का विवरण

क्र.सं.	**जोडी गयी पुस्तकें**		**संख्या**	**2019-2020 में खरीदी गयी/ सदस्याता ली गयी**	**खर्च की गयी राशि**
1.	मुद्रित पुस्तकों की संख्या	सामान्य आबंटन	70	खरीदी गयीं	40,599/-
		अन्य & मुफ्त	139	खरीदी गयीं	2,99,774/-
2.	ई-पुस्तकों की संख्या		188102	सदस्यता-प्राप्त	4,59,734/-
3.	राष्ट्रीय& अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मुद्रित शोध पत्रिकाओं की संख्या		शून्य	--	-
4.	राष्ट्रीय& अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन शोध पत्रिकाओं की संख्या		10097	सदस्यता-प्राप्त	53,56,900/-
5.	डिजिटल डाटाबेसों की संख्या		6	सदस्यता-प्राप्त	92,96,603/-

वर्ष के दौरान खर्च की गयी राशि

क्र.सं.	**पुस्तक-संचयन**	**राशि**	**निधि का स्त्रोत**
1.	पुस्तकें	5,60,693/-	सामान्य आबंटन & अन्य कार्यक्रम
2.	सं.रा.सं. दस्तावेज (यूएन. डिपाजिटारी लाइसेंस फ्री)	शून्य	--
3.	इलैक्ट्रानिक्स जर्नल के पुराने अंक	शून्य	--
4.	मुद्रित शोधपत्रिकाएँ	शून्य	--
5.	मुद्रित शोधपत्रिकाएँ (ई-संसाधन)	1,51,13,237/-	पुनरावर्ती

6.	कोई अन्य	शून्य	--
	कुल	1,56,73,930/-	--

पुस्तकों तथा शोध पत्रिकाओं के लिए व्यय



व्यय (लाखों में)	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
पुस्तकें (मुद्रित)	शून्य	56.02	24.36	शून्य	5.60
ई-संसाधन	328.16	293.99	453.80	**37.81***	**151.13**
कुल	**328.16**	**350.01**	**478.16**	**37.81**	**156.73**

ई-संसाधनों की सदस्यता का नवीनीकरण (अनियमित अवधि)

ई-संसाधनों का उपयोग (उपयोग- सांख्यिकी)



ई-संसाधनों का उपयोग- सांख्यिकी	2015	2016	2017	2018	2019
ई शोध सिंधु : कंसोर्टियम (पूर्व वि.वि.अ.आ. इन्फोनेट सबस्क्रिप्शन)	716803	701651	677360	270383	263358
विश्व विद्यालय सदस्यता-प्राप्त	469917	401287	584435	1133964	299375

कुल	1186720	1102938	1261795	1404347	562733

आयोजित कार्यक्रम (पुस्तकालय की गतिविधियाँ)

- 05.11.2019 को सामाजिक विज्ञान और मानविकी के शोधार्थियों के लिए अनुसंधान कौशल पर कार्यशाला।
- 28 & 29 नवंबर 2019 को विज्ञान के शोधार्थियों के लिए अनुसंधान कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला।
- 04.03.2020 को ड्राइविंग नवाचार और अनुसंधान पर आईईईई कार्यशाला।
- 05.03.2020 को कारैकाल परिसर में अनुसंधान कौशल पर कार्यशाला।
- 11.03.2020 को साइफाइण्डर डेटाबेस पर प्रशिक्षण।
- 17.03.2020 को ईबीएससीओ ई-बुक अकादमिक संग्रह, अकादमिक खोज पूर्ण और ईबीएससीओ डिस्कवरी सेवाओं के ई-संसाधनों पर प्रशिक्षण।

ई-संसाधनों के नि:शुल्क परीक्षण :

- सेज वीडियो मीडिया, संचार और सांस्कृतिक अध्ययन संग्रह का नि:शुल्क परीक्षण (29.07.2019 - 28.08.2019)
- सेज वीडियो अपराध विज्ञान और आपराधिक न्याय संग्रह का नि:शुल्क परीक्षण (29.07.2019 -28.08.2019)
- सेज वीडियो का नि:शुल्क परीक्षण: परामर्श और मनोचिकित्सा (29.07.2019 - 28.08.2019)
- एमराल्ड ई-जर्नल्स संग्रह का नि:शुल्क परीक्षण (312 शीर्षक) (20.11.2019 - 31.12.2019)
- ईबीएससीओ अकादमिक खोज का नि:शुल्क परीक्षण पूर्ण (20.11.2019 - 31.12.2019)
- ईबीएससीओ ई-बुक अकादमिक संग्रह का नि:शुल्क परीक्षण (20.11.2019 - 31.12.2019)
- विली ब्लैकवेल प्रकाशन ईएसएस 908 संग्रह का नि:शुल्क परीक्षण (20.11.2019 - 31.12.2019)
- साइफाइण्डर का नि:शुल्क परीक्षण (25.11.2019 - 24.12.2019)
- रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (आरएससी) पत्रिकाओं का नि:शुल्क परीक्षण (27.11.2019 - 31.12.2019)
- स्कोपस डेटाबेस का नि:शुल्क परीक्षण (05.12.2019 - 31.12.2019)
- क्रेडो सामान्य संदर्भ प्रीमियम संग्रह का नि:शुल्क परीक्षण (09.01.2020 - 31.01.2020)

पुस्तकालय का पोर्टल

पोर्टल को लगातार अद्यतन बनाते हुए पुनः डिज़ाइन किया गया है और विक्रेताओं के द्वारा समय-समय पर घोषित निःशुल्क परीक्षणों के साथ अपने उपयोगकर्ताओं के लिए सभी संग्रह और डाटाबेस का एक्सिस अधिक आसान बना दिया गया है।

डिस्कवरी सेवा

डिस्कवरी सेवा की सुविधा विषय की त्वरित जानकारी और आसान पुनर्प्राप्ति के लिए है, जिससे उपयोगकर्ताओं के समय की बचत होगी। यह सेवा एक ही समय पर कई संसाधनों को खोजने की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अनेक विजेट और संबंधित लिंकों को एक्सिस प्रदान करती है। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय ऐसे बहुत कम विश्वविद्यालयों में से एक है जो इस सुविधा की सदस्यता लिये हुए हैं।

शोध-प्रबंध

इनफ्लिबिनेट साथ किये गये समझौता ज्ञापन के तहत सभी डिजिटलीकृत शोध-प्रबंधों को समय-समय पर शोध प्रबंधों का राष्ट्रीय संग्रह स्थल - 'शोध गंगा' में अपलोड किया जाता है।

यू.एन. डिपॉजिटरी

पुस्तकालय को संयुक्त राष्ट्र के दस्तावेजों और प्रकाशनों के वितरण हेतु भारत में उपलब्ध 16 डिपॉजिटरी पुस्तकालयों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है और न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र सचिवालय के डैग हैमरशोल्ड पुस्तकालय के साथ संयुक्त रूप से कार्यरत है। डिपॉजिटरी का कुल संग्रह 2858 है।

पुरस्कार और मान्यता

जून, 2019 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा @OUP लाइब्रेरी ट्विटर फीड के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में समृद्ध संग्रह और ख्याति के लिए पुस्तकालय को **सप्ताह का पुस्तकालय** पुरस्कार प्रदान किया गया।

ई-शोध सिंधु: कंसोर्टियम

ई-शोधसिंधु के रूप में इन्फोनेट, इंडेस्ट और एन-लिस्ट के कंसोर्टिया का विलयन जनवरी 2016 से परिचालित हो गया और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के पास स्तर-प्रथम के विश्वविद्यालयों को प्रदान किए गए संसाधनों तक एक्सिस है।

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय का दौरा करनेवाले प्रतिष्ठित आगंतुक

- श्री आडे सुकेंदर, इंडोनेशिया गणराज्य के महावाणिज्य दूत, मुंबई 05.04.2019
- लेस्त्यानी यिनारसिह, शिक्षा और सांस्कृतिक प्रभारी, इंडोनेशिया गणराज्य का दूतावास, नई दिल्ली 05.04.2019
- टंडिन वान्याचेन, भूटान के शिक्षक, दिनांक 26.04.2019
- सुश्री चेवांग डोमा, शिक्षक, भूटान दिनांक 26.04.2019
- सुश्री जमुना देवी.पी दिनांक 16.05.2019
- डॉ. सतबीर बेदी, आईएएस, अध्यक्ष, एनसीटीई, 02.07.2019
- श्री संदीप कुमार प्राण मंजरी, नेशनल बिजनेस हेड, आउटलुक ग्रुप, नई दिल्ली, 02.07.2019
- प्रो. इंद्रजीत सिंह सोढ़ी, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, श्रीपेरंबुदूर- 11.07.2019
- वरिष्ठ महाप्रबंधक और वैश्विक प्रमुख, टीसीएस सूचना संसाधन सुश्री संजुक्ता रे 21.08.2019
- डॉ. गोपकुमार वी., पुस्तकालयाध्यक्ष, गोवा विश्व विद्यालय, डॉ. सुभाष चव्हाण, निदेशक, नॉलेज रिसोर्स सेंटर, एसएनडीटी यूनिवर्सिटी, डॉ. अनिल चिकटे, पुस्तकालयाध्यक्ष, उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय-05.09.2019
- डॉ. जसपाल संधू, कुलपति, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर 15.09.2019
- श्री सुरेंद्र प्रसाद, सदस्य (शैक्षणिक परिषद - पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय) और मद्रास विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट सदस्य 14.11.2019
- डॉ. हेमलता रेड्डी, प्राचार्य, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय)- 02.12.2019
- डॉ. नीलू मदान, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डब्ल्यूयूएस स्वास्थ्य केंद्र, उत्तर परिसर, दिल्ली विश्वविद्यालय, 02.12.2019
- श्री अशोक कपूर, पूर्व विशेष सचिव, भारत सरकार, नयी दिल्ली 03.01.2020
- एयर मार्शल आर.सी. बाजपेयी, पीवीएसएम, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) 20.02.2020
- प्रो. के.आर.एस. साम्बशिव राव, कुलपति, मिजोरम विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) 25.02.2020

पुस्तकालय संकाय द्वारा व्यावसायिक भागीदारी

डॉ. आर. संयुक्ता, विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष

समितियों में सदस्य:

- 23.08.2019 को रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (आरएससी) का पुस्तकालय सलाहकार बोर्ड की सदस्या।
- 24.10.2019 को पुस्तकालय की स्थापना पर सलाह देने के लिए भारत के कुछ प्रमुख पुस्तकालयाध्यक्षों के बीच एक डिजिटल पुस्तकालय विकसित करने के लिए जियो संस्थान की समिति की सदस्या।

नियुक्ति समिति (बीओए) में भूमिका:

- 15.11.2019 को इंडियन मारिटाइम विश्वविद्यालय में उप पुस्तकालयाध्यक्ष पद की भर्ती के लिए गठित चयन समिति की सदस्य।
- 21.03.2020 को सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के पद को भरने के लिए तमिलनाडु राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, तिरुच्चिरापल्लि की चयन समिति के विशेषज्ञ।

आमंत्रित व्याख्यान:

- 06.06.2019 को यूजीसी-एचआरडीसी, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में अभिविन्यास कार्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- 12.07.2019 को प्रबंध-अध्ययन विभाग के एमबीए छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम
- 26.07.2019 को यूजीसी-एचआरडीसी, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कोर्स के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- क्लेरिवेट एनालिटिक्स द्वारा 1 अगस्त, 2019 को आयोजित वेब ऑफ साइंस लाइब्रेरियन फोरम इंडिया 2019 में "डिजिटल सूचना साक्षरता को बढ़ावा देने में लाइब्रेरियन की भूमिका" में आमंत्रित व्याख्यान
- पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय द्वारा 13 और 14 सितंबर, 2019 को आयोजित 'डिलिब एरा टे' पर दो दिवसीय संगोष्ठी के लिए आमंत्रित व्याख्यान - पुस्तकालय और सूचना पेशेवर डिकोडिंग और टेरेसिटी अभिविन्यास कार्यक्रम।
- 11.10.2019 को यूजीसी-एचआरडीसी, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कोर्स के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- 15 अक्टूबर, 2019 को कोयंबत्तूर में ईबीएससीओ सूचना सेवाओं द्वारा आयोजित "लंच एंड लर्न - प्रीमियर एकेडमिक एंड प्लेसमेंट रिसर्च सॉल्यूशंस फॉर द 21st सेंचुरी" के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- 21 अक्टूबर, 2019 को पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में "सामाजिक विज्ञान और कला और मानविकी में अनुसंधान के लिए सूचना स्रोत" के लिए आमंत्रित व्याख्यान
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के डॉ. माइकल केलर के साथ मिलकर डिजिटल पुस्तकालय की अवधारणा योजना तैयार करने के लिए अहमदाबाद में 24 और 25 अक्टूबर, 2019 को जियो इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।
- 21.11.2019 को यूजीसी-एचआरडीसी, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में अभिविन्यास कार्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- मद्रास स्कूल ऑफ सोशल वर्क, चेन्नई द्वारा आयोजित 22 नवंबर, 2019 को संकाय विकास कार्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान
- 25.11.2019 को यूजीसी-एचआरडीसी, मद्रास विश्वविद्यालय में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- लोयोला इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, चेन्नई द्वारा आयोजित 6 दिसंबर, 2019 को संकाय विकास कार्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- 9-11 दिसंबर, 2019 को आईआईटी, दिल्ली में यूनेस्को के सहयोग से भारत के राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एनडीएलआई), एनएमईआईसीटी परियोजना, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित "डिजिटल लाइब्रेरी डिजाइन के लिए ज्ञान इंजीनियरिंग (केईडीएल 2019)" पर 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने के लिए कुलपति द्वारा नामित।
- प्रबंध-अध्ययन विभाग, प्रबंधन विद्यापीठ, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 18.12.2019 को आईसीएसएसआर कार्यशाला आमंत्रित व्याख्यान।
- 19.12.2019 को एस.वी.विश्वविद्यालय, तिरुपति में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- 4 जनवरी, 2020 को डॉ. अम्बेडकर शासकीय विधि विद्यालय, पुदुच्चेरी द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान।
- 07.01.2020 को एनआईटीटीटीआर, चेन्नै द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम के लिए आमंत्रित व्याख्यान
- 08.01.2020 को केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अकादमिक लेखन, प्रकाशन और साहित्यिक चोरीन (प्लेगिएरज्म) की प्रवृत्तियों, प्रथाओं और मुद्दों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य भाषण और संसाधन व्यक्ति के रूप में आमंत्रित व्याख्यान
- 24.02.2020 को कांची मामुनिवर स्नातकोत्तर केंद्र, पुदुच्चेरी में आईक्यूएसी "साहित्यिक चोरी और अनुसंधान पर कार्यशाला" में मुख्य भाषण।
- 28.02.2020 को एम.ओ.पी. वैष्णव कॉलेज, चेन्नै द्वारा आयोजित एक विकसित तकनीकी वातावरण में अकादमिक अनुसंधान को फिर से व्यवस्थित करने पर "रिसर्च स्केप" संगोष्ठी में आमंत्रित व्याख्यान।

- 05.03.2020 को कराईकल सेंटर, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में "शोध कौशल" पर कार्यशाला में आमंत्रित व्याख्यान
- 12.03.2020 को हिंदी विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एमएचआरडी-एसपीएआरसी राष्ट्रीय कार्यशाला सह संकाय विकास कार्यक्रम में आमंत्रित व्याख्यान।

डॉ.यू.नागलिंगम्, उप पुस्तकालयाध्यक्ष

शोध आलेख का प्रकाशन :

- भारत में इंजीनियरिंग संस्थान: राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा आयोजित रैंकिंग का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन। जर्नल ऑफ इंडियन लाइब्रेरी एसोसिएशन, 55(4) अक्टूबर-दिसंबर 2019 पीपी.9-15

स्वयम् ऑनलाइन पाठ्यक्रम का प्रमाणन :

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 14 जुलाई 2019 को आयोजित चार क्रेडिट कोर्स - 'लाइब्रेरी ऑटोमेशन एंड डिजिटाइजेशन' का सफलतापूर्वक समापन।

आमंत्रित व्याख्यान :

- 06.03.2020 के दौरान दीवेनै अम्माल कॉलेज फॉर विमेन (स्वायत्त शासी) ('ए' ग्रेड और आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित के साथ एनएएसी द्वारा पुनः मान्यता प्राप्त) (ईएसएसके एजुकेशनल चैरिटीज की एक इकाई) विल्लुपुरम में रीडर्स एसोसिएशन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि।

जे. ओलिरवेल, कंप्यूटर/ सूचना वैज्ञानिक

आमंत्रित व्याख्यान:

- 5.11.2019 को आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अनुसंधान कौशल पर कार्यशाला (सामाजिक विज्ञान और मानविकी शोधार्थियों के लिए) में "साहित्यिक चोरी का पता लगाने के उपकरण" पर व्याख्यान दिया।
- 29.11.2019 को आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अनुसंधान कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला (विज्ञान अनुसंधान के शोधार्थियों के लिए) में "शोध-लेखन चोरी (प्लेगिएरिज्म) का पता लगाने के उपकरण" पर व्याख्यान।
- 24.02.2020 को कांची ममुनिवार गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट फॉर पोस्टग्रेजुएट स्टडीज एंड रिसर्च, लॉस्पेट, पुदुच्चेरी के आईक्यूएसी द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में "अनुसंधान में शोधलेखन-चोरी (प्लेगियारिज्म)"पर व्याख्यान।
- 5.03.2020 को पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के कारैकाल परिसर में आयोजित अनुसंधान कौशल पर कार्यशाला में"उद्धरण प्रबंधन उपकरण-मेंडेली, ज़ोटेरो, आदि" पर व्याख्यान।

डॉ. जी. शिवसुब्रमणियन्, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष:

प्रकाशित शोध-आलेख:

- विजयकुमार, पी., जी. शिवसुब्रमण्यन और सरस्वती राव, एम. (2019), "जर्नल का प्रकाशन आउटपुट, वेटरनरी वर्ल्ड (2008-2017): ए बिब्लियोमेट्रिक एनालिसिस" लाइब्रेरी फिलॉसफी एंड प्रैक्टिस (ई-जर्नल), 2400 http: //digitalcommons.unl.edu./libphilprac/2400
- विजयकुमार, पी., सरस्वती राव, एम. एंड जी. शिवसुब्रमण्यम "2008-2017 के दौरान भारत में ठोस अपशिष्ट अनुसंधान: एक ग्रंथ सूची विश्लेषण"(2019)। पुस्तकालय दर्शन और अभ्यास (ई-जर्नल), 571 http://digitalcommons.unl.edu./libphilprac/2571

शिबू के.एम., सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष :

अधिगृहीत शैक्षणिक योग्यता :

- भारत सरकार के कार्यक्रम, स्वयम् ऑनलाइन मोड के माध्यम से 3 जनवरी 2020 को "डेटाबेस और सामग्री संगठन" (4 क्रेडिट) 15-सप्ताह की अवधि के कार्यक्रम पर स्नातक पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।

प्रकाशित शोध-आलेख:

- नहीम, के.टी., शिवरामन, पी., और शिबू, के.एम. (2019) "वेक्टर कंट्रोल रिसर्च सेंटर (वीसीआरसी), पुदुच्चेरी, भारत की अनुसंधान उत्पादकता: एक साइंटोमेट्रिक विश्लेषण" जर्नल ऑफ नॉलेज एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, वॉल्यूम 9, नंबर 1, पीपी 19-28.

कार्यशाला का आयोजन (संचालक) :

- 05 नवंबर 2019 को सुबह 9.15 बजे से शाम 5.00 बजे तक पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के संकाय-सदस्यों और शोधार्थियों के लिए पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय द्वारा आयोजित "अनुसंधान कौशल पर एक दिवसीय कार्यशाला" के समन्वयक।

आमंत्रित व्याख्यान :

- 13.02.2020 को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), चेन्नई में सुबह 09.30 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक "ई-संसाधन और सोशल मीडिया लर्निंग" पर एफडीपी कार्यक्रम में "प्रभावी कक्षा शिक्षण के लिए सोशल मीडिया टूल्स का एकीकरण" विषय पर एक व्याख्यान दिया।
- 03.03.2020 को सुबह 09.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एनआईटीटीटीआर), चेन्नई में 'मल्टीमीडिया डेवलपमेंट' पर एफडीपी कार्यक्रम में "सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में मल्टीमीडिया सामग्री" विषय पर व्याख्यान दिया।
- 21 अक्टूबर 2019 को दोपहर 2.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक डीन छात्र और डीन अनुसंधान एवं पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नै के कार्यालयों द्वारा आयोजित "प्रशस्ति पत्र सूचकांक - पत्रिकाओं के लिए गुणवत्ता संकेतक" विषय पर "लिखें, उद्धृत करें और प्रकाशित करें- शोधार्थियों और सहायक आचार्यों के लिए प्रभाव कारक पत्रिकाओं में प्रकाशित होने के लिए कौशल" विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया।
- 24 जनवरी 2020 को सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक राजकीय कॉलेज मलप्पुरम में "अनुसंधान कौशल पर कार्यशाला" में "कॉलेज शिक्षकों और छात्रों के लिए अनुसंधान कौशल" विषय पर व्याख्यान दिया।
- 05 नवंबर 2019 को दोपहर 12.15 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय द्वारा आयोजित पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में "अनुसंधान कौशल पर एक दिवसीय कार्यशाला" में "प्रशस्ति पत्र सूचकांक, अल्टमेट्रिक्स, शैली नियमावली और लेखन सहायता उपकरण" विषय पर व्याख्यान दिया।
- 28 नवंबर 2019 को अपराह्न 3.15 बजे से शाम 5.00 बजे तक आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय द्वारा पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में आयोजित "अनुसंधान कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला" में "अनुसंधान में उद्धरण सूचकांक और अल्टमेट्रिक्स" विषय पर व्याख्यान दिया।
- 29 नवंबर 2019 को सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय द्वारा पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में आयोजित "शोध कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला" में "शोधकर्ताओं के लिए शैली नियमावली और लेखन सहायक उपकरण" विषय पर एक व्याख्यान दिया।
- पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय, कारैकाल परिसर द्वारा 05 मार्च 2020 को दोपहर 2.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक आयोजित "अनुसंधान कौशल पर एक दिवसीय कार्यशाला" में "उद्धरण प्रभाव, प्रेडेटरी जर्नल और पत्रिकाओं के मूल्यांकन उपकरण" विषय पर व्याख्यान दिया।

पुस्तकालय के कार्यक्रमों में सहभागिता :

- 23 अगस्त 2019 को कोलकाता में रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (आरएससी) द्वारा आयोजित "चौथे लाइब्रेरियन प्रशंसा दिवस" में भाग लिया।
- गुरुवार, 1 अगस्त 2019 को चेन्नै में क्लैरिवेट एनालिटिक्स द्वारा आयोजित "वेब ऑफ साइंस लाइब्रेरियन फोरम इंडिया 2019" में भाग लिया।

डॉ.पि. विजयकुमार, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष :

अधिगृहीत शैक्षणिक योग्यता :

- भारत सरकार के कार्यक्रम, स्वयम् ऑनलाइन मोड के माध्यम से 03.01.2020 को "लाइब्रेरी ऑटोमेशन एंड डिजिटाइजेशन" (4 क्रेडिट) 12-सप्ताह की अवधि के कार्यक्रम पर सर्टिफिकेट कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया।

शोध-आलेख प्रकाशन:

जर्नल:

- विजयकुमार, पी., शिवसुब्रमण्यम, जी., और सरस्वती राव एम (2019)। इंडियन जर्नल ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन का बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण। सूचना स्रोतों और सेवाओं के भारतीय जर्नल, 9(1), 122-127.
- विजयकुमार, पी., शिवसुब्रमण्यन, जी., और सरस्वती राव एम. (2019)। जर्नल 'वेटरिनरी वर्ल्ड' (2008-2017) का प्रकाशन आउटपुट: एक ग्रंथ सूची विश्लेषण। पुस्तकालय दर्शन और अभ्यास, 1-15। https://digitalcommons.unl.edu/libphilprac/2400
- विजयकुमार, पी., सरस्वती राव एम. और शिवसुब्रमण्यन, जी. (2019)। 2008-2017 के दौरान भारत में ठोस अपशिष्ट अनुसंधान: एक ग्रंथ सूची विश्लेषण। पुस्तकालय दर्शन और अभ्यास, 1-14। https://digitalcommons.unl.edu/libphilprac/2571
- विजयकुमार, पी., सरस्वती राव मन्ने और रविचंद्रन, पी (2019)। भारतीय प्रबंधन संस्थान कलकत्ता के अनुसंधान प्रकाशनों का एक ग्रंथ सूची विश्लेषण (2003-2017)। सूचना पुनर्प्राप्ति और प्रबंधन के अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 7(13A), 98-102

कान्फरेंस :

- पिट पिचप्पन, डेज़ी जैकब्स, विजयकुमार, पी. वैज्ञानिक पत्रों की सूचना घनत्व को मापना। में: 02-04 दिसंबर, 2019 के दौरान DIRF, बैंकॉक, थाईलैंड द्वारा आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी मेट्रिक्स (एस.टीमेट2019) पर पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही।

कार्यशाला का आयोजन: (समन्वयक)

- 28 और 29 नवंबर 2019 को पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के लिए आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित "अनुसंधान कौशल (विज्ञान अनुसंधान विद्वान) पर दो दिवसीय कार्यशाला" के समन्वयक।

आमंत्रित व्याख्यान :

- 5.11.2019 को आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अनुसंधान कौशल (सामाजिक विज्ञान और मानविकी अनुसंधान विद्वान) पर कार्यशाला में "उद्धरण प्रबंधन उपकरण-मेंडेली, ज़ोटेरो, आदि" पर व्याख्यान दिया।
- 28.11.2019 को आनंद रंगपिल्लै पुस्तकालय, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अनुसंधान कौशल (विज्ञान अनुसंधान विद्वान) पर दो दिवसीय कार्यशाला में "उद्धरण प्रबंधन उपकरण-मेंडेली, ज़ोटेरो, आदि" पर व्याख्यान दिया।
- 08.01.2020 को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीआर), चेन्नै द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम-189 "शिक्षा में इंटरनेट और मल्टीमीडिया" में "मेन्डली फॉर रेफरेंस मैनेजमेंट" और "जोटेरो फॉर रिसर्चर्स" पर व्याख्यान दिया।
- 11.02.2020 को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीआर), चेन्नै द्वारा आयोजित एफडीपी-219 "ई-संसाधन और सोशल मीडिया लर्निंग" में "मेन्डली फॉर रेफरेंस मैनेजमेंट" और "जोटेरो फॉर रिसर्चर्स" पर व्याख्यान दिया।
- 12.02.2020 को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीआर), चेन्नै द्वारा आयोजित एफ.डी.पी.-219 "ई-संसाधन और सोशल मीडिया लर्निंग" में "शिक्षण और सीखने के लिए उपयोगी उपकरण" और "ई-संसाधन और मुक्त प्रौद्योगिकी" पर व्याख्यान दिया।

- 27.02.2020 को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीआर), चेन्नै द्वारा एफ.डी.पी. - "मल्टीमीडिया डेवलपमेंट" में "मल्टीमीडिया सामग्री संदर्भ प्रबंधन के लिए ज़ोटेरो" पर एक व्याख्यान दिया।
- 05.03.2020 को कारैकाल परिसर, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अनुसंधान कौशल पर कार्यशाला में "उद्धरण प्रबंधन उपकरण-मेंडेली, ज़ोटेरो, आदि" पर व्याख्यान दिया।

ए. उमा स्वर्ण मंजरी, व्यावसायिक सहायक:

शोधार्थी फोरम में सहभागिता:

- 07.02.2019 को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, अन्नामलै विश्वविद्यालय द्वारा "नयी शिक्षा नीति 2019: एक प्रस्तावना" विषय पर शोधार्थी फोरम में भाग लिया।

उपरोक्त के अलावा, पुस्तकालय के निम्नलिखित संकाय सदस्यों ने भी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित 12 सप्ताह की अवधि का कार्यक्रम "लाइब्रेरी ऑटोमेशन एंड डिजिटाइजेशन" (4 क्रेडिट) पर स्वयं ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया :

क्र.सं.	पुस्तकालय संकाय-सदस्य का नाम	उत्तीर्णता प्राप्त वर्ष
1	के.टी. नहीम	जनवरी, 2020
2	सी. सुरेश	जनवरी, 2020
3	एम. सरस्वती राव	जुलाई, 2019
4	एल. कल्पना	जनवरी, 2020
5	एस.मनिकवेलौ	जनवरी, 2020
6	जि. मधुरांबिका	जनवरी, 2020
7	आर. रेणुका देवी	जनवरी, 2020
8	आर. राजेश	जनवरी, 2020
9	अकल्या एबिजीज़र	जनवरी, 2020
10	ए. राड्जाकौमारी	जनवरी, 2020
11	वि. वेलवने	जनवरी, 2020
12	जे. अरिवोलि	जनवरी, 2020

सांख्यिकी : एक परिदृष्टि

1. पुस्तकालय की सदस्यता (वर्षवार विवरण)



2. गेट -सांख्यिकी (संख्या के आधार पर)



3. पुस्तकों की लेन-देन : उपयोग की सांख्यिकी :



4. अनुसंधान-परिणाम : अनुसंधान प्रकाशन (वर्ष वार)



अनुसंधान प्रकाशनों के उद्धरण (साइटेशन)

साइटेशन / एच इंडेक्स 01.05.2020 तक	
प्रकाशन (पी)	7067
साइटेशन (सी)	72,719
साइटेशन इंडेक्स सी/पी	10.29
एच. इंडेक्स	94

9.2 कंप्यूटर केंद्र

परिचय : कंप्यूटर केंद्र की स्थापना 1992 में हुई थी, और केंद्रीय सुविधा के रूप में, यह विश्वविद्यालय के विभिन्न निदेशकों, विध्यापीठों, विभागों, केंद्रों और प्रशासनिक अनुभागों की कंप्यूटिंग और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

कार्य समय :

सोमवार से शुक्रवार तक : सुबह 9.30 से – शाम 5.30 बजे तक

छुट्टियों मे : सुबह 10.30 से – शाम 5.30 बजे तक

उद्देश्य / कार्य

1. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और अन्य संबंधित कार्यों के विकास को बढ़ावा देना।
2. विश्वविद्यालय के छात्रों, संकाय-सदस्यों और कर्मचारियों के लिए आईसीटी पर कार्यशालाओं / अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का आयोजन और संचालन करना।
3. इंटरनेट, वाइस और संबद्ध सेवाओं सहित कैंपस विस्तृत नेटवर्क की स्थापना, समन्वय, रखरखाव और प्रशासन करना।
4. विशेषज्ञता और सॉफ्टवेयर के आदान-प्रदान हेतु अन्य विश्वविद्यालयों के कंप्यूटर केंद्रों के साथ नेटवर्क बनाये रखना।
5. आईसीटी संसाधनों का उपयोग करते हुए क्षमता-वृद्धि में सहायता करना

गतिविधियाँ :

i. शैक्षिक

1992 में अपनी स्थापना के समय से लेकर कंप्यूटर केंद्र के कर्मचारी पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी विद्यापीठ में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्रों को नियमित कक्षाएं पढ़ा रहे हैं। यह केंद्र एम.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), एम.टेक. (नेटवर्क और इन्फर्मेशन सेक्यूरिटी), एम.सी.ए. और एमएससी (कंप्यूटर विज्ञान) के लिए परियोजना-मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

ii. प्रशिक्षण

2006 से भारत सरकार के केंद्र श्रम मंत्रालय के सहयोग से, सीओपीए व्यापार प्रत्याशियों को एक वर्ष शिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम (पीएएसएए) का आयोजन करता आ रहा है। अब तक केंद्र ने 10 दलों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर दिया। कफ्यूटर केंद्र के द्वारा इन प्रशिक्षुओं के लिए नियमित थियोरी और फील्ड प्रशिक्षण की कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। भारत सरकार

के श्रम मंत्रालय के तहत शिक्षुता प्रशिक्षण क्षेत्रीय निदेशालय (आरडीएटी), चेन्नई के निर्देश के अनुसार अखिल भारतीय व्यापार परीक्षा का आयोजन यहां किया जाता है। यह केंद्र प्लेसमेंट में पूर्व प्रशिक्षुओं की सहायता भी करता है।

iii. अनुसंधान

कंप्यूटर सेंटर द्वारा 24x7 के आधार पर प्रदान की जानेवाली कैंपस नेटवर्क, इंटरनेट, वेब, ई-मेल सेवाएँ पिछले एक दशक में विश्वविद्यालय के संकाय और विद्वानों की शोध गतिविधियों को बढ़ावा दे रही हैं।

कंप्यूटर केंद्र के कर्मचारी पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी विद्यापीठ के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के साथ अनुसंधान में सक्रिय रूप से शामिल हैं और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं / सम्मेलनों में शोध पत्र प्रकाशित किए हैं।

iv. समिति-सदस्यता

मैरी स्टान्सलास अशोक, सिस्टम प्रबंधक एवं प्रमुख *निम्नलिखित समितियों में सदस्या के रूप में सेवा करती हैं :*

i. आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी)
ii. तकनीकी समिति-कैंपस कनेक्ट
iii. प्रवेश समिति
iv. छात्र अकादमिक प्रबंधन प्रणाली (एसएएमएस) समिति
v. आईसीटी नीति
vi. विश्वविद्यालय की नयी वेबपोर्टल
vii. सूचना प्रौद्योगिकी समिति, जिपमेर

श्री के. पलनिवेल्, सिस्टम विश्लेषक

i. एम.टेक/ एम.बी.ए. कार्यक्रम समिति, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय
ii. अध्यक्ष, स्क्रुटिनाइजिंग समिति, स्नातक कार्यक्रम (बी.एस.सी. कंप्यूटर विज्ञान), तिरुवल्लुवर विश्वविद्यालय
iii. समन्वयक, 'कैंपस कनेक्ट' तकनीकी दल, कैंपस कनेक्ट परियोजना

श्री डबल्यू.जे. कालेशा, प्रोगामर

i. नोडल अधिकारी, केंद्रीय विश्वविद्यालय पोर्टल, (सीयूपी), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
ii. नोडल अधिकारी, केंद्रीय विश्वविद्यालय पोर्टल, (सीयूपी), मानव संसाधन विकास मंत्रालय

आधारभूत संरचना एवं सेवाएँ

कंप्यूटर केंद्र कलापेट में स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के साथ-साथ कारैकाल (पुदुच्चेरी से 160 किलोमीटर),पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) के विश्वविद्यालय ऑफ कैंपस केंद्रों में और लॉसपेट (पुदुच्चेरी) तथा माहे (केरल) में उपस्थित कम्युनिटी कॉलेजों में विभिन्न सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सिस्टम / परियोजनाओं / सेवाओं / आधारभूत संरचना की स्थापना की योजना, निष्पादन और समर्थन / निगरानी की गतिविधियों में एक प्रमुख भूमिका निभाता है।

i. कैंपस नेटवर्क

विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में सभी भवन, भवनों के मध्य आप्टिक फाइबर केबल (ओएफसी) के माध्यम से, भवनों के अंदर यूटीपी केबल या वायरलेस के द्वारा कैंपस नेटवर्क के साथ संबद्ध हैं। सभी कक्षाओं के कमरे, प्रयोगशालाएँ, संकाय / अधिकारी / कर्मचारी कक्ष, कार्यालय, अनुभाग, पुस्तकालय, छात्रावास, अतिथि गृह, कर्मचारी आवास-भवन (आंशिक रूप से), कैंपस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

वेब, ई-मेल, इंटरनेट, वॉयस, वायरलेस, बायोमेट्रिक उपस्थिति, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, ऑनलाइन सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन, शैक्षिक सॉफ्टवेयर का एक्सिस, लाइब्रेरी के ई-संसाधन इत्यादि कई सेवाएँ इस नटवर्क-प्लेट्फार्म पर प्रदान की जाती हैं। यह नेटवर्क विश्वविद्यालय के डिजिटल राजमार्ग के रूप में कार्य करता है। यह नेटवर्क सुरक्षा हेतु फोर्टिगेट यूटीएम का उपयोग करता है। अगस्त 2017 से, कोर इंट्रानेट लिंक को 1 जी से 10 जी तक अपग्रेड किया गया है।

ii. इंटरनेट लीज्ड लाइन्ज़ (आई.एल.एल.एस)

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में इंटरनेट सेवाओं के लिए एमएचआरडी की एनएमईआईसीटी योजना के तहत राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) से 1 जीबीपीएस लिंक

यह केंद्र विशेष रूप से केंद्रीय पुस्तकालय, जैव सूचना विज्ञान केंद्र, मीडिया सेंटर और परीक्षा विंग के लिए आधारभूत सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाएँ प्रदान करता है।

सर्वर स्थान सेवाएं केंद्रीय पुस्तकालय और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा जन संचार विभाग को प्रदान की जाती हैं, जहाँ उनके सर्वर सुरक्षित स्थान, निर्बाध बिजली आपूर्ति, शीतलन, इंटरनेट / इंट्रानेट कनेक्टिविटी आदि के परिचालन हेतु भौतिक रूप से कंप्यूटर सेंटर में रखे जाते है।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और जन संचार, केंद्रीय पुस्तकालय, पुदुवै वाणी (एफएम स्टेशन) और परीक्षा विंग विभाग जैसी इकाइयों के सार्वजनिक सर्वरों के लिए कंप्यूटर केंद्र द्वारा डीएनएस पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जाती है।

कारैकाल परिसर में 24 एमबीपीएस ब्रॉडबैंड कनेक्शन- बीएसएनएल से

पोर्ट ब्लेयर परिसर में 512 केबीपीएस वीएसएटी बीएसएनएल से

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालाय कम्युनिटी कॉलेज-लॉससेट परिसर में, 10 एमबीपीएस एनएमईआईसीटी के माध्यम से- बीएसएनएल से

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालाय कम्युनिटी कॉलेज- माहे परिसर में, 10 एमबीपीएस एनएमईआईसीटी के माध्यम से - बीएसएनएल से और इसकी क्षमता को 40 एमबीपीएस तक बढाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

iii. राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एन.के.एन.)

पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय देश के ऐसे बहुत कम संस्थानों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) के लिए 1 जीबीपीएस की कनेक्टिविटी प्रदत्त है, जो कि देश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को जोड़ने के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है। इस नेटवर्क पर वर्तमान में 150 एमबीपीएस इंटरनेट एक्सेस सक्षम हैं। पांडिच्चेरी विश्वविद्यालाय के परिसर में इसके संचालन और रखरखाव के लिए कंप्यूटर केंद्र ही ज़िम्मेदार है।

सभी प्रदत्त ऑनलाइन जर्नलों की उपलब्धता अब इस एनकेएन नेटवर्क की प्लेटफार्म पर संभव है। इंटरनेट एक्सिस के अलावा एनकेएन, देश भर में शैक्षणिक संस्थानों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है।

iv. वेब और ई-मेल सेवाएँ

विश्वविद्यालय का वेब पोर्टल अपने हितधारकों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यों और घोषणाओं (परिपत्र, सूचना इत्यादि) की जानकारी देता है। वेब पोर्टल पर प्रकाशित ई-परिपत्र, ई-मेल और अन्य सूचनाएँ विश्वविद्यालय को पर्यावरण-हित के कार्य करने, गम्यता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ अपनी गतिविधियों में दक्षता प्राप्त करने में सहायता करती हैं।

कंप्यूटर केंद्र ने विश्वविद्यालय के शिक्षक-समुदाय, अधिकारियों और शोधार्थियों को ई-मेल की सुविधा प्रदान की। यह सुविधा राष्ट्रीय एनआईसी क्लाउड के माध्यम से स्वीकृत है।

v. वीओआईपी इंटरकॉम

विश्वविद्यालय के परिसर-उपयोगकर्ताओं के लिए कैंपस नेटवर्क पर वॉयस ओवर आईपी (वीओआईपी) तकनीक का उपयोग करके इंटरकॉम की सुविधा प्रदान की जाती है जिससे पैर्लल वॉयस केबल नेटवर्क की स्थापना / रखरखाव की बचत होती है। अवया आईपी ऑफिस आर 630 सर्वर अवाया 1603 आईपी फोन 670 उपयोगकर्ताओं के लिए दिये गये हैं।

एनालॉग इंटरकॉम सिस्टम को वीओआईपी सिस्टम में स्थानांतरित करने का काम जारी है।

vi. इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली

परिसर में मुख्य द्वार और प्रशासनिक भवन में सीमित इलेक्ट्रॉनिक निगरानी सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। पुस्तकालय, पुस्तकालय उपभवन और यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र के भवनों में अपनी स्वयं की निगरानी प्रणाली उपलब्ध है। छात्रावास और परिसर के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ने का प्रस्ताव है।

बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली

कंप्यूटर केंद्र ने विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय कम्युनिटी कॉलेज- लॉससेट, पुदुच्चेरी पर बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (बीएएस) की स्थापना और एकीकरण की सुविधा प्रदान की। वर्तमान में सभी अनुबंध कर्मचारी, आउटसोर्स श्रमिक और सुरक्षा श्रमिक बीएएस के तहत नामांकित हैं।

vii. ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

कंप्यूटर केंद्र डेडिकेटेड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली या पीसी-आधारित कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम का उपयोग करते हुए आधिकारिक बैठकें, वार्षिक दीक्षांत समारोह, कार्यशाला, व्याख्यान, संगोष्ठी, भर्ती परीक्षाएँ/ साक्षात्कार इत्यादि के संचालन हेतु लाइव वेबकास्ट और ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आदि विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं का समर्थन करता है।

viii. सॉफ्टवेयर विकास / समर्थन

कंप्यूटर केंद्र अपने कम उपलब्ध मानव संसाधनों (जिसमें एक पूर्णकालिक प्रोग्रामर और अनुबंध पर दो तकनीकी कर्मचारी शामिल हैं) के ज़रिए लगातार विभिन्न कार्यों के कम्प्यूटरीकरण में विश्वविद्यालय समुदाय का समर्थन करता आ रहा है।

जानबूझकर केंद्र सभी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों के अभिकल्प, विकास और कार्यान्वयन हेतु केवल एफओएसएस का उपयोग करता है जिससे महत्वपूर्ण पूंजी लागत, पुनरावर्ती उन्नयन और रखरखाव लागतों को बचाया जा सके। तैनात सभी एप्लिकेशन संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहे हैं और पारदर्शिता, दक्षता, सटीकता तथा प्रशासन में सरलता लाने के संबंध में सहायक हैं।

कंप्यूटर केंद्र द्वारा किए गए सर्वोच्च प्रयासों के कारण विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर/ शोध कार्यक्रमों के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन प्रवेशों को वास्तविक रूप देना संभव हो गया है। कर्मचारी प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस), अवकाश प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) और शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) को केंद्र द्वारा विकसित अनुप्रयोगों के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है।

ix. विश्वविद्यालय प्रवेशों के लिए आनलाइन आवेदन

कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) विधियों का उपयोग करके प्रवेश परीक्षा आयोजित करने सहित प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन के लिए सेवा प्रदाता के चयन में कंप्यूटर केंद्र ने सहायता की। विश्वविद्यालय के प्रवेशों के साथ जुडी पूरी प्रक्रिया में भी इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, जैसे कि- प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदनों के डिजाइन/ परीक्षण /लॉन्च में सहायता, ऑनलाइन आवेदन शुल्क संग्रह/ निपटान, प्रवेश परीक्षा का आयोजन, परीक्षा-परिणामों का प्रकाशन, प्रवेश के लिए ऑनलाइन परामर्श, शुल्क संग्रह आदि।

विश्वविद्यालय के छात्रावास-प्रवेश भी शुल्क भुगतान सहित ऑनलाइन किया गया है।

सर्वोत्तम प्रथाएँ :

i. एफओएसएस और लाइसेंस प्राप्त सॉफ्टवेयर का प्रचार

कंप्यूटर केंद्र हमेशा जहां भी आवश्यक हो, केवल लाइसेंस प्राप्त सॉफ़्टवेयर के उपयोग को बढ़ावा देता है और साथ ही विश्वविद्यालय में मुफ़्त और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) के उपयोग को प्रोत्साहित करता है। माइक्रोसॉफ्ट कैंपस समझौते के तहत माइक्रोसॉफ्ट उत्पाद- जैसे डेस्कटॉप/ लैपटॉप / सर्वर आदि के लिए माइक्रोसाफ़्ट ऑपरेटिंग सिस्टम और एमएस ऑफिस के लाइसेंस प्राप्त उपयोग शामिल हैं। एसपीएसएस, सिस्टैट, क्वालकॉम सिम्युलेटर इत्यादि विशेष शैक्षणिक सॉफ्टवेयर को आवश्यकताओं के अनुरूप अनुशंसित और खरीद किया जाता है।

ऑपरेटिंग सिस्टम और एप्लिकेशन की आवश्यकताओं के लिए परिसर में एफओएसएस के उपयोग का जोरदार ढंग से बढ़ावा दिया जाता है। कई सौ पीसी लिनक्स ओएस पर चलते हैं और सर्वर -वेब, मेल, एलडीएपी, आदि एफओएसएस ऑपरेटिंग सिस्टम और टूल्स पर चलते हैं।

- अपाचे वेब सर्वर सेंट ओएस के साथ
- पोस्टफिक्स ई-मेल सॉफ्टवेयर सेंट ओएस के साथ
- एलडीएपी प्रमाणीकरण सेंट ओएस के साथ

- स्क्विड प्रॉक्सी सॉफ्टवेयर सेंट ओएस के साथ
- मूडल ई-लर्निंग सॉफ्टवेयर सेंट ओएस के साथ
- पीआरटीजी फ्रीवेयर
- ए-व्यू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरण - फ्रीवेयर
- एस ए एन (लिनक्स आधारित)
- डीएचसीपी (विंडोज़)
- छात्रों को दोनों प्लेटफार्मों में काम करने का विकल्प देने हेतु प्रयोगशाला में सारे सिस्टम पर दोहरी मोड ओएस उपलब्ध है।

ii. सोशल मीडिया का उपयोग

विश्वविद्यालय के विकास और लाभ हेतु सोशल मीडिया का जहाँ तक हो सके अधिक उपयोग किया जाये- कुलपति महोदय के इस विचार के अनुसार ही कंप्यूटर केंद्र ने दो ट्विटर खातें *PondicherryUniversityVC* और *GurmeetSinghVC* नामों से खोलकर उनका संचालन आरंभ कर दिया। इन ट्विटर खातों के लिए अच्छी खासी प्रतिक्रिया और फालोइंग प्राप्त हुए। इधर फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क का कार्य भी निर्माण की दिशा में है।

9.3 केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा

केंद्र के अध्यक्ष : डॉ. बालमणिमारन्

परिचय:

विज्ञान विद्यापीठों के शिक्षण और शोध में उत्कृष्टता के लिए अत्याधुनिक परिष्कृत उपकरणों, विभिन्न कार्यशालाओं और समर्थन-सुविधाओं की आवश्यकता होती है। ये उपकरण और सुविधाएं मूलभूत और अनुप्रयुक्त विज्ञान में विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी अनुसंधान एवं विकास करने में संकाय, शोधार्थियों और छात्रों की सहायता करती हैं। चूंकि शोधकर्ता वैयक्तिक तौर पर शोध उपकरणों के लिए भारी शोध-निधि लाने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, कुछ वर्ष पहले अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने हेतु सहयोग के आधार पर संसाधनों को समृद्ध करने के लक्ष्य के साथ निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पांडिच्चेरी विश्वविद्यालय में केन्द्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा (सीआईएफ) का आरंभ किया गया था-

1. एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के विज्ञान-विषयों में उच्च अनुसंधान के लिए तकनीकी आधारभूत संरचना को मजबूत बनाना और अकादमिक विद्यालयों और विभागों में सेवाएँ उपलब्ध कराना।
2. परिष्कृत उपकरणों के संचालन और रखरखाव में डेटा और प्रशिक्षित कर्मियों के अधिग्रहण में मार्गदर्शन देना।
3. इस क्षेत्र में हमारे विश्वविद्यालय तथा उससे संबद्ध संस्थानों, अन्य विश्वविद्यालयों और उद्योगों के छात्रों, शिक्षकों और तकनीकी कर्मियों के लिए विभिन्न स्पेक्ट्रोस्कोपिक और विश्लेषणात्मक तकनीकों के उपयोग और अनुप्रयोग पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम/कार्यशालाओं का आयोजन करना।

इसे यूजीसी के समर्थन से वर्ष1992 में यूनिवर्सिटी साइंस इंस्ट्रुमेंटेशन सेंटर (यूएसआईसी) के रूप में स्थापित किया गया था। वर्ष 1997 में, एक केंद्र के रूप में इसे विश्वविद्यालय द्वारा अवशोषित किया गया था। वर्ष 2006 में, यूएसआईसी का नाम केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा (सीआईएफ) के रूप में परिवर्तित किया गया था और भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान के विद्यापीठों से जोडा गया था। यह प्रबंधन सलाहकार समिति द्वारा शासित है जिसके अध्यक्ष कुलपति हैं, सभी विज्ञान विद्यापीठाध्यक्ष, सभी विज्ञान विषयों के विभागाध्यक्ष, बाहरी विशेषज्ञ सदस्य हैं तथा केंद्र प्रमुख सदस्य-सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आवश्यक वैज्ञानिक अभिकल्पों के लिए प्रमुख वैज्ञानिक उपकरणों और यांत्रिकी निर्माण कार्यों की इलेक्ट्रॉनिक सेवा आवश्यकताओं की पूर्ति केंद्रीय इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा द्वारा की जाती है।

सुविधा-केंद्र में उपलब्ध परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण :

केंद्र में कई मूल्यवान परिष्कृत उपकरण उपलब्ध हैं, जैसे- वाइब्रेटिंग नमूना चुंबकत्व मापी , प्रकाशमापी यूवी-वीआईएस-एनआईआर, मिड-आईआर और फार आईआर, स्पेक्ट्रोफ्लोरिमीटर, स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, वेव लेंग्त

डिस्पेर्सिव एक्स-रे फ्लोरोसेंस वर्णक्रममापी, ब्रॉडबैंड डिलेक्ट्रिक वर्णक्रम मापी, थर्मल विश्लेषण उपकरण , परमाणु चुंबकीय रिसोनेन्स वर्णक्रममापी, इलेक्ट्रॉन प्रोब माइक्रो विश्लेषक, जेटा साइज़र और भूतल क्षेत्र विश्लेषक, माइक्रोस्कोप के साथ संबद्ध लेजर कॉन्फोकल रामन वर्णक्रममापी, उच्च स्तरीय थिन लेयर क्रोमैटोग्राफ, सर्कुलर डिक्रोइज्म वर्णक्रममापी, फेमटो द्वितीय (अल्ट्रा-फास्ट) लेजर सिस्टम, भौतिक गुण-मापन प्रणाली, फास्ट प्रोटीन लिक्विड क्रोमैटोग्राफ, सेमी मैक्रो एलिमेंटल (सीएचएनएस) विश्लेषक, आयन क्रोमैटोग्राफ, फ्लोरोसेंस असिस्टेड सेल सॉर्टर और हाई रेजेल्युशन ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एचआरटीईएम) इत्यादि।

सुविधा-केंद्र में नमूने के उप-सूक्ष्म और नैनो कणों की तैयारी के लिए प्लेनेटरी माइक्रोमिल है और नमूने पर विकिरण एक्सपोजर के प्रभाव के अध्ययन हेतु गामा विकिरण स्रोत भी उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के सभी विज्ञान विभागों ने अपने शिक्षण और अनुसंधान की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में विश्लेषणात्मक सुविधा का उपयोग किया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध और गैर-संबद्ध, दोनों पार्श्ववर्ती शैक्षणिक संस्थानों ने व्यापक रूप से सुविधा-केंद्र का उपयोग किया है। इस क्षेत्र के अन्य विश्वविद्यालयों और अन्ना विश्वविद्यालय, आईआईटी-एम, आईआईएससी, बीएआरसी, सीएसआईआर-चेन्नै इत्यादि प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों ने भी अपने नमूनों का विश्लेषण करने में हमारे केंद्र का उपयोग किया है।

आयोजित कार्यक्रम

विश्वविद्यालय से संबद्ध और गैर-संबद्ध संस्थानों द्वारा शैक्षिक यात्राओं को पर्याप्त प्रोत्साहन दिया गया। शैक्षणिक यात्राओं के दौरान इन शैक्षणिक संस्थानों के कई छात्र/शोधार्थी और संकाय-सदस्य भी विश्लेषणात्मक उपकरणों के कामकाज के प्रदर्शन में भाग लेकर लाभान्वित हुए।

प्रतिवेदन की अवधि के दौरान जो गतिविधियाँ हुईं, उनका विवरण इस प्रकार है:

- 5 अप्रैल, 2019 को तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवारू से एम.टेक सामग्री विज्ञान के 22 छात्रों ने केंद्र का दौरा किया।
- 23 अक्टूबर 2019 को रसायन विज्ञान विभाग के अंतर्राष्ट्रीय तिल दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, सीआईएफ ने स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए वैज्ञानिक उपकरणों का प्रदर्शन आयोजित किया।
- 24 जनवरी 2020 को एमईएस कवीयम कॉलेज, वैलाचेरी, मालापुरम, केरल के लगभग 40 छात्रों और संकाय सदस्यों ने दौरा किया।
- 20 फरवरी 2020 को अधियामन आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, उत्तंगरै, तमिलनाडु के लगभग 100 छात्रों और संकाय सदस्यों ने दौरा किया।
- 28 फरवरी, 2020 को भौतिकी विभाग के विज्ञान दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, सीआईएफ ने स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए वैज्ञानिक उपकरणों का प्रदर्शन आयोजित किया।

उपयोगकर्ताओं की संख्या का विवरण (हिस्टोग्राम/उपकरण वार)

क्र.सं.	उपकरण का नाम	आंतरिक	बाहरी	कुल
1	स्कैनिंग इलेक्ट्रॉनिक माइक्रोस्कोप	175	41	216
2	फारियर ट्रांसफार्म इन्फ्रारेड वर्णक्रममापी	152	38	190
3	स्पेक्ट्रोफ्लोरि मीटर	92	105	197
4	परमाणु चुंबकीय रिसोनेन्स वर्णक्रम मापी	115	14	129
5	थर्मल विश्लेषक (टीजीडीटीए)	10	18	28
6	थर्मल विश्लेषक (डीएससी)	10	18	28
7	ब्रॉडबैंड डिलेक्ट्रिक वर्णक्रममापी	0	3	3
8	हाई पेरफारमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी	5	0	5
9	पार्टिकिल साइज विश्लेषक	71	10	81

10	डब्ल्यू डी-एक्सआरएफ वर्णक्रममापी	0	0	0
11	भूतल क्षेत्र विश्लेषक	19	0	19
12	माइक्रोस्कोप- संबद्ध लेजर कॉन्फोकल रामन वर्णक्रम मापी	98	47	145
13	सर्कुलर डिक्रोइज्म वर्णक्रममापी	10	1	11
14	उच्च स्तरीय थिन लेयर क्रोमैटोग्राफी	16	0	16
15	भौतिक गुण-मापन प्रणाली	4	24	28
16	फास्ट प्रोटीन लिक्विड क्रोमैटोग्राफी	1	0	1
17	यूवी-वीआईएस-एनआईआर वर्णक्रम मापी	123	96	219
18	सेमी मैक्रो मौलिक विश्लेषक	22	1	23
19	अयान क्रोमोटोग्राफी प्रणाली	18	0	18
20	हाई रेसेल्योशन ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप	29	6	35
21	अल्ट्रा फास्ट लेजर प्रणाली	5	0	5
22	फ्लोरोसेंस असिस्टेड सेल सोर्टर (एफएसीएस)	12	0	12
23	गामा चैंबर	6	0	6
24	प्लेनेटरी माइक्रो मिल	21	0	21
25	मैकानिकल अनुभाग	7	0	7
	कुल	**1021**	**422**	**1443**

अन्य समाचार :

2019-20 (1.4.2019 से 31.03.20) की अवधि के दौरान केंद्रीय इंस्ट्रूमेंटेशन सुविधा द्वारा विश्लेषण किए गए नमूनों की संख्या और विश्लेषण शुल्क द्वारा एकत्र राजस्व नीचे तालिका में दिखाया गया है।

क्र.सं.	उपकरण का नाम	विश्लेषित नमूनों की संख्या			जमा की गयी राशि
		आंतरिक	बाहरी	कुल	₹
अ) विश्लेषित नमूने जिनका प्रयोग हुआ					
1	स्कैनिंग इलेक्ट्रॉनिक माइक्रोस्कोप	922	186	1108	65,950
2	फारियर ट्रांसफार्म इन्फ्रारेड वर्णक्रममापी	2167	194	2361	24,000
3	स्पेक्ट्रोफ्लोरोमीटर (एमिशन वर्णक्रममापी)	2473	683	3156	93,650
